

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, सोमवार, 23 जून 2025 । वर्ष – 67 । अंक – 68 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59



ईरान का अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे हटना अमेरिका-इजराइल का भ्रम : फारूक पृष्ठ 2
■ ईरान पर हमला करके ट्रंप पूरी दुनिया को धमका रहे हैं
■ गांधीजी की दृष्टि और पश्चिम एशिया का संकट? पृष्ठ 6
■ ईरान को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत बचाव करने का अधिकार : पाक
■ कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ दो और सीमा चौकी बंद की पृष्ठ 7
पंत नंबर 5 पर लगातार कर रहे बेहतर प्रदर्शन : रवि शास्त्री पृष्ठ 8

## अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर किया हमला

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा, ईरान की अहम न्यूक्लियर साइट्स पूरी तरह से तबाह की

■ ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर की बमबारी
■ फोर्डो पर बमों की एक पूरी खेप गिरा दी गई



"हमलों का मकसद ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकना और दुनिया को परमाणु खतरों से बचाना था। यह हमला एक शानदार सैन्य सफलता रहा : डोनाल्ड ट्रम्प, राष्ट्रपति, अमेरिका

"ईरान को अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों के खिलाफ कार्रवाई करने और मुंह तोड़ जवाब देने का पूरा वैध अधिकार है। हमारे सभी विकल्प खुले हैं : अब्बास अराघची, विदेश मंत्री, ईरान

**वाशिंगटन**, 22 जून (एजेंसियां)। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमला किया है। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान हैं। ट्रम्प ने ईरान पर हमले के 3 घंटे बाद देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईरान की अहम न्यूक्लियर साइट्स पूरी तरह से तबाह कर दी गई हैं। फोर्डो पर बमों की एक पूरी खेप गिरा दी गई है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि अब उसे शांति कायम करनी चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे।

**इजराइल के 14 ठिकानों को निशाना बनाया**

अमेरिका के हमले के जवाब में ईरान ने इजराइल पर मिसाइलें दागीं हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स ने कहा कि उन्होंने इजराइल पर सबसे बड़ा अटैक किया है और 14 अहम ठिकानों को निशाना बनाया है। वहीं, टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, हाइफा और तेल अवीव के मिलिट्री और रिहायशी ठिकानों पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। इजराइल में अब तक 86 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। अमेरिका में जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ चीफ जनरल डैन केन ने कहा कि ईरान में चले ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' था। इसमें 125 से ज्यादा विमान शामिल थे। इसमें 7 स्टील्थ बी-2 बॉम्बर्स ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन किया : अराघची

**आज पुतिन से मुलाकात करेंगे ईरान के विदेश मंत्री**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी हमले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'ईरान को अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों के खिलाफ कार्रवाई करने और मुंह तोड़ जवाब देने का पूरा वैध अधिकार है। अपनी संप्रभुता, हितों और नागरिकों की रक्षा के लिए हमारे सभी विकल्प खुले हैं।' उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि उसने संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का खुला उल्लंघन किया है। उन्होंने आगे कहा कि आज सुबह जो कुछ हुआ, वह न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि इसके दूरगामी और खतरनाक परिणाम होंगे। संयुक्त

## अमित शाह ने किया राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विवि के अस्थायी परिसर और आई-हब का वर्चुअली उद्घाटन





**रायपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नवा रायपुर स्थित राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के अस्थायी परिसर तथा आई-हब रायपुर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के लिए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक दिन है। एनएफएसयू के अस्थायी परिसर के साथ-साथ नवा रायपुर में स्थायी परिसर के लिए भूमि पूजन एवं केंद्रीय फॉरेंसिक साइंस लैब की स्थापना की भी शुरुआत की गई है। कुल 268 करोड़ रुपये की लागत से ये संस्थान विकसित किए जा रहे हैं। अस्थायी परिसर में सत्र 2025-26 से बीएससी, एमएससी फॉरेंसिक साइंस, साइबर सिक्योरिटी, मनोविज्ञान, डिजिटल फॉरेंसिक एवं प्रोफेशनल डिप्लोमा कोर्सेस प्रारंभ हो जाएंगे। लगभग 180 छात्र पहले बैच में प्रवेश लेंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इन संस्थानों के निर्माण से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे मध्य भारत को आधुनिक न्याय प्रणाली और अपराध जांच में सशक्त आधार मिलेगा। नई फॉरेंसिक टेक्नोलॉजी, जैसे डीएनए फिंगरप्रिंटिंग, एलएसडी साइंस,

■ छत्तीसगढ़ के लिए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक दिन : गृहमंत्री

■ नक्सल विरोधी अभियान में सफलता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ सरकार की तारीफ की

साइबर सिक्योरिटी, बायोटेक्नोलॉजी और डिजिटल फॉरेंसिक अब स्थानीय स्तर पर सुलभ होंगी, जिससे जाँच प्रक्रिया तेज और सटीक होगी। उन्होंने बताया कि अब फॉरेंसिक जांच के लिए राजधानी या दिल्ली की आवश्यकता नहीं होगी, सारी जांच अटल नगर, नवा रायपुर में ही संभव होगी।

आई-हब की स्थापना को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म छत्तीसगढ़ के युवाओं को स्टार्टअप कल्चर से जोड़ने, तकनीकी सहायता देने, फंडिंग मुहैया कराने और मार्केटिंग एवं अनुबंध जैसी प्रोफेशनल सेवाएं देने में सहायक होगा। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे खुद उद्योगपति बनें, स्टार्टअप शुरू करें और राज्य के औद्योगिक विकास में भागीदार बनें। यह आई-हब, गुजरात के मॉडल पर आधारित है, और भविष्य में रायपुर से भी कई वैश्विक स्टार्टअप उभरने की संभावना है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक है क्योंकि आज एक साथ तीन महत्वपूर्ण संस्थानों की नींव रखी गई है जो प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनएफएसयू विश्व का पहला और एकमात्र विश्वविद्यालय है जो फॉरेंसिक साइंस, साइबर सुरक्षा, व्यवहार विज्ञान जैसे विषयों में अध्ययन के लिए पूर्णतः समर्पित है। इसका रायपुर परिसर नवा रायपुर को एक उभरते हुए राष्ट्रीय शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। यह संस्थान न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे मध्य भारत के लिए कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान का सशक्त आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने बंजारी, नवा रायपुर में विश्वविद्यालय के लिए 40 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई है और ट्रांजिट कैंपस को समय पर तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस कैंपस में फॉरेंसिक साइंस, डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी सहित विभिन्न विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### सार संक्षेप

**ईरान से 311 भारतीय नागरिकों को लेकर दिल्ली पहुंची उड़ान**

**नई दिल्ली।** इजरायल के साथ संघर्ष में उलझे ईरान में फंसे लोगों को निकालने के लिए शुरू ऑपरेशन सिंधु के तहत रविवार को 311 भारतीय नागरिकों को लेकर एक और विशेष उड़ान यहां पहुंची। मौजूदा उड़ान के साथ अब तक 1,428 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला जा चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ऑपरेशन सिंधु जारी है।

**मिस्र के विदेश मंत्री ने अपनी भारत यात्रा की स्थगित**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी एशिया में बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर, मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा स्थगित कर दी है। यह यात्रा सोमवार से शुरू होने वाली थी। इससे पहले, श्री अब्देलती फरवरी में भारत की यात्रा पर आने वाले थे लेकिन कुछ कारणों से उस दौरान भी यात्रा रद्द करनी पड़ी थी। श्री अब्देलती अपने प्रस्तावित नई दिल्ली दौरे के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात करने वाले थे।

**अत्याधुनिक युद्धपोत 'तमाल' नौसेना में होगा शामिल**

**नई दिल्ली।** रूस में निर्मित अत्याधुनिक बहुउद्देशीय स्टील्थ युद्धपोत आगामी एक जुलाई को भारतीय नौसेना में शामिल हो जाएगा। नौसेना ने रविवार को यह जानकारी दी। नौसेना के अनुसार इस युद्धपोत का निर्माण रूस के तटीय शहर कैलिनिनग्राद में यांतर शिपयार्ड में किया गया है जहां एक समारोह में औपचारिक रूप से इसे नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा। यह युद्धपोत रडार को धोखा देने वाली प्रणाली तथा आधुनिक हथियारों से लैस है। विदेशी सरजमीं से नौसेना में शामिल किया जाने वाला यह आखिरी युद्धपोत है।

**नवीन पटनायक की 'सर्वाइकल अर्थराइटिस' की सर्जरी सफल**

**मुंबई।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजद) के प्रमुख नवीन पटनायक की सर्वाइकल अर्थराइटिस की सर्जरी सफलतापूर्वक हो गई है। वे बेहतर इलाज के लिए मुंबई गए थे और उनका ऑपरेशन सफल रहा है। दरअसल, नवीन पटनायक की सर्जरी मशहूर सर्जन डॉ. रमाकांत पांडा की देखरेख में की गई। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, नवीन पटनायक का ऑपरेशन सफल रहा और वे अगले दो दिनों तक डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे।

**अहमदाबाद विमान हादसे के बाद डीजीसीए सख्त**

## उड़ान संचालन को लेकर दिशा-निर्देशों में किया संशोधन



**नई दिल्ली**, 22 जून (एजेंसियां)। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने प्रतिकूल मौसम के दौरान एयरलाइन के लिए अपने परिचालन दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। इनमें इस बात पर बल दिया गया है कि सुरक्षा को 'समय-सारिणी के पालन' से अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा पायलटों को अप्रत्याशित परिस्थितियों में उड़ानों का मार्ग बदलने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों को परिचालन परिपत्र जारी करते हुए डीजीसीए ने कहा कि पायलटों को दृश्य संकेतों और उपकरणों से जांच करनी चाहिए, ताकि सटीक दृष्टिकोण और लैंडिंग ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**चंडीगढ़ से लखनऊ जाने वाली इंडिगो फ्लाइट रद्द**

चंडीगढ़ से लखनऊ जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 146 को उड़ान भरने से पहले रोक दिया गया। फ्लाइट में लगभग 160 यात्री मौजूद थे। ये फ्लाइट रविवार सुबह 8:30 बजे चंडीगढ़ से लखनऊ के लिए रवाना होने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही इस फ्लाइट को रद्द कर दिया गया।

## बेटी, तुम आगे बढ़ो हम सब तुम्हारे साथ हैं : साय

**रायपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की बेटी और 12 बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी सॉफ्टबॉल खिलाड़ी शालू डहरिया के चेहरे पर उस वक्त मुस्कान की लहर दौड़ गई, जब



■ मुख्यमंत्री साय ने अंतरराष्ट्रीय सॉफ्टबॉल खिलाड़ी शालू डहरिया को वीडियो कॉल पर दी शुभकामनाएं

स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें वीडियो कॉल कर न सिर्फ शुभकामनाएं दीं, बल्कि उनके सपने को पूरा करने के लिए जरूरी आर्थिक मदद भी प्रदान किया।

शालू डहरिया का चयन 14 से 20 जुलाई को चीन के सिआन में होने वाली एशिया यूथ सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है छत्तीसगढ़ से इस ओपन टूर्नामेंट के लिए केवल दो महिला खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिनमें शालू डहरिया भी शामिल हैं। लेकिन इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## कोरोना से दो लोगों की मौत के बाद विभाग की बढ़ी चिंता

**संपर्क में आए लोगों की जांच शुरू**



**रायपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। लगभग 20 दिनों में कोरोना के मामले राजनांदगांव शहर में बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं एक पखवाड़े के भीतर ही दो लोगों की मौत ने चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना प्रोटोकॉल के तहत मृतकों का अंतिम संस्कार कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 27 लोगों की जांच में 6 पॉजिटिव और 2 लोगों की मौत कोरोना के गंभीर स्थिति को दर्शाता है, हलांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना पॉजिटिव जिन दो व्यक्तियों की मौत हुई है उन्हें पहले से ही अन्य बीमारियों से ग्रसित होना बताया जा रहा है।

बीते दिनों शहर में कोरोना पॉजिटिव एक बुजुर्ग की मौत होने के बाद अब लखोली क्षेत्र निवासी लगभग 58 वर्षीय एक व्यक्ति की शनिवार की रात कोरोना संक्रमण के बीच मौत हो गई है। चिकित्सकों के अनुसार मृतक को सांस लेने में तकलीफ थी वहीं उसे हार्ट और ब्लड प्रेशर की बीमारी थी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना पॉजिटिव दो मरीजों की मौत होने के बाद पॉजिटिव क्षेत्र में अन्य संदिग्ध अथवा मृतकों के संपर्क में आए लोगों की कोरोना जांच की जा रही है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेन्ड्री में कोविड आइसोलेशन वार्ड बना दिया गया है। जहां कोरोना ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**पहलगाम हमला**

## आतंकियों को पनाह देने वाले 2 लोग गिरफ्तार

### हमलावर आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू**, 22 जून (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 26 लोगों की जान लेने वाले इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों को शरण देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि बारामुल्ला पुलिस ने 21 जून को पट्टन इलाके में तलाशी अभियान के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके पास से आपत्तिजनक सामग्री के साथ जिंदा कारतूस बरामद किए।

एनआईए के अनुसार, बटकोट के परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क के बशीर अहमद जोथर ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है। उन्होंने यह भी पुष्टि की है कि हमलावर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे। एनआईए ने कहा कि परवेज और बशीर ने हमले से पहले हिल पार्क में एक मौसमी ढोक (झोपड़ी) में तीन सशस्त्र आतंकवादियों को जानबूझकर शरण दी थी। एजेंसी ने कहा कि दोनों लोगों ने आतंकियों को भोजन, आश्रय और रसद सहायता प्रदान की थी, जिन्होंने 22 अप्रैल को पर्यटकों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर चुन-चुन कर मार डाला, जिससे यह अब तक का सबसे भीषण आतंकी हमला बन गया। एनआईए ने दोनों को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया है और हमले के बाद दर्ज मामले आरसी-02/2025/एनआईए/जेएमयू की आगे की जांच कर रही है। मामले की जांच का जिम्मा संभालने वाली एनआईए ने 100 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नरसंहार में शामिल हो सकते हैं।

### चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग के बड़े कदम की तैयारी

## बिहार में घर-घर जाकर मतदाता सूची की होगी जांच

नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर चुनाव आयोग (ईसीआई) मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान घर-घर जाकर व्यापक सत्यापन अभियान चलाने पर विचार कर रहा है। यह कदम मतदाता सूचियों की स्पष्टता सुनिश्चित करने और फर्जी या अपात्र नामों को हटाने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है। चुनाव आयोग को लंबे समय से विभिन्न नागरिक संगठनों, राजनीतिक दलों और एजेंसियों की ओर से मतदाता सूची में नामों के अनुचित जोड़-घटाव को लेकर चिंता जताई जाती रही है। आयोग ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि केवल वैध और पात्र नागरिकों को ही मतदाता सूची में शामिल करना उसकी प्राथमिकता है।

भारत के संविधान का अनुच्छेद 326 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 16 इस संबंध में मतदाता पंजीकरण की पात्रता और अपात्रता को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, मतदाता सूची के निरंतर अद्यतन की आवश्यकता कई कारणों से होती है। विवाह, नौकरी, शिक्षा या पारिवारिक कारणों से लोग लगातार एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होते हैं। वर्ष 2024 में ही 46.26 लाख लोगों ने अपने पते में बदलाव किया, 2.32 करोड़ ने सुधार के लिए आवेदन दिया और 33.16 लाख ने पहचान पत्र बदलने का अनुरोध किया। मृतकों के नाम अक्सर परिवारजन द्वारा हटवाए नहीं जाते, जिससे सूची में त्रुटियां बनी रहती हैं। वहीं, 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं का नाम जोड़ना और नाम, फोटो, पता आदि में सुधार करना भी शामिल है। निर्वाचन आयोग ने हाल ही में प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की सीमा 1,500 से घटाकर 1,200 कर दी है।

## भाजपा सरकार में पुलिस का हो रहा राजनीतिक इस्तेमाल : अखिलेश



**लखनऊ**, 22 जून (देशबन्धु)। सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। सरकार पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। जब सरकार विपक्षी दलों के नेताओं पर झूठे मुकदमे कराएगी, फर्जी तरीके से फंसाएगी। फर्जी वोट डलवाएगी, चुनाव जीतने के लिए गलत तरीके प्रयोग करेगी तो पुलिस सही काम नहीं करेगी। यही वजह है कि महिलाएं भाजपा से दूरियां बना रही है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर महिला सुरक्षा के लिए बनाई गई 1090 सेवा को और मजबूत किया जाएगा। स्त्री समृद्धि सम्मान योजना लागू की जाएगी और समाजवादी पेंशन योजना की तरह महिलाओं को तीन हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी।

## 10 महीने से फरार केके श्रीवास्तव ईओडब्ल्यू की हिरासत में

**रायपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने केके श्रीवास्तव को रविवार तड़के भोपाल से हिरासत में लिया है। भोपाल के एमराल्ड होटल से श्रीवास्तव को ईओडब्ल्यू और रायपुर पुलिस की एक टीम ने पकड़ा है। टीम का नेतृत्व ईओडब्ल्यू कर रही थी। ब्यूरो में दर्ज शराब घोटाला, कोल लेवी घोटाला और अन्य मामलों में वांटेड था। रायपुर पुलिस के बाद ब्यूरो की टीम भी कई दिनों से उसके



■ भोपाल में पकड़ा गया, ब्यूरो के शराब घोटाले सहित 3 केस में भी नाम, रायपुर में दर्ज है करोड़ों की ठगी का मामला

पीछे पड़ी थी, जिसके बाद भोपाल में उसे पकड़ा गया है। केके श्रीवास्तव के खिलाफ रायपुर के तेलीबांधा थाने में भी करीब 10 महीने पहले ठगी की एफआईआर दर्ज हुई थी। तब से ही केके श्रीवास्तव फरार था।

केके श्रीवास्तव पर स्मार्ट सिटी के नाम पर टेंडर दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी करने का आरोप है। पिछले एक साल से केके श्रीवास्तव फरार चल रहा था। केके श्रीवास्तव को भूपेश बघेल ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**चेतावनी** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भरी हुंकार

## बारिश में भी पूरी ताकत से चलेगा एंटी-नक्सल ऑपरेशन

**रायपुर**, 21 जून (देशबन्धु)। देश-प्रदेश से मार्च 2026 तक लाल आतंक को खत्म करने का लक्ष्य लेकर चल रही केंद्र सरकार के कड़े रुख को एक बार फिर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहले बारिश में नक्सलियों को आराम मिल जाता था, लेकिन इस बार बारिश में नक्सलियों को सोने नहीं देंगे। बारिश में भी पूरी ताकत से छत्तीसगढ़ में एंटी-नक्सल ऑपरेशन चलेगा।

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले डेढ़ सालों में विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने दिन दूनी रात चौगुनी प्रगति की है। मगर छत्तीसगढ़ में विष्णु देव की सरकार और गृह मंत्री विजय शर्मा की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जो एक रुके हुए नक्सल विरोधी अभियान को द्रुत गति से चलाया और छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने की दिशा में आगे बढ़े। इन दोनों नक्सल विरोधी अभियान को धार दी, बल्कि समय-समय पर मार्गदर्शन दिया, पुलिस का हौसला बढ़ाया, मैं भारत सरकार की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा को बहुत-बहुत साधुवाद देना चाहता हूं।*



***31 मार्च 26 तक नक्सल मुक्त होगा देश***- *मैंने छत्तीसगढ़ में, इसी नवा रायपुर में, अटल नगर में कहा था कि 31-3-26 तक यह देश नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। आज मैं फिर यह बात विश्वास के साथ दोहराना चाहता हूं कि जिस तरह से सुरक्षाबलों ने पराक्रम किया है, सूचना एजेंसियों ने सटिक रणनीति बनाई है, हम इस लक्ष्य को सिद्ध करके रहेंगे।*

*आज छत्तीसगढ़ वासियों को कहकर जाता हूं, कि हर बार बारिश में नक्सली थोड़ा आराम कर लेते थे, लेकिन इस बार बारिश में भी हम उनको सोने नहीं देंगे। और 31 मार्च के लक्ष्य को हम आगे बढ़ाएंगे।*

***सरेंडर के लिए नहीं मिलेगा इससे अच्छा मौका***-*इसके साथ गृह मंत्री ने नक्सलवाद के रास्ते पर भटककर चले गए युवाओं से अपील की कि विष्णु देव सरकार ने बहुत लुभावनी आत्मसमर्पण नीति बनाई है। आइए हथियार डाल दिजिए, और नए छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में जुड़ जाइए इससे अच्छा सरेंडर करने का मौका कभी नहीं मिलेगा। कोई चर्चा की* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# देश

उवाच

भाजपा सरकार के नौ साल के शासन में जनता के लिए कोई काम नहीं हुआ। भाजपा केवल झूठ बोलती है और उनके शासन में थानों और तहसीलों में भ्रष्टाचार चरम पर है। सपा, पीडीए और सवर्ण वर्ग को साथ लेकर अगले चुनाव में प्रदेश में सरकार बनाएंगी।

-शिवपाल सिंह यादव, सपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 28.0 |
| मुंबई | 30.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 29.0 |

# ईरान का अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे हटना अमेरिका-इजराइल का भ्रम : फारूक अब्दुल्ला

## अमेरिका द्वारा ईरान की तीन परमाणु सुविधाओं पर किए गए हमलों को लेकर की तीखी प्रतिक्रिया

**श्रीनगर,**22 जून (देशबन्धु)। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच जारी तनाव और अमेरिका द्वारा ईरान की तीन परमाणु सुविधाओं पर किए गए हमलों को लेकर नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका और इजराइल यह सोचते हैं कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे हट जाएगा, तो यह उनकी भूल है।

### मुस्लिम देशों की चुप्पी पर भी जताई नाराजगी

फारूक अब्दुल्ला ने कहा अगर वे सोचते हैं कि ईरान अपने मकसद से पीछे हट जाएगा, तो वे भ्रम में हैं। ईरान करबला को नहीं भूला है, और वह इसे दूसरी करबला मानता है। वे अपनी गर्दनें कटा लेंगे, लेकिन झुकेंगे नहीं। उन्होंने अमेरिका और इजराइल पर ईरान में शासन परिवर्तन की कोशिशों को लेकर भी सवाल खड़े किए। वे वहां सत्ता परिवर्तन चाहते हैं, लेकिन क्या उसके बाद हालात बेहतर होंगे? अमेरिका और इजराइल का पुराना मकसद रहा है कि वे ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे, लेकिन ईरान अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटेगा। जब भारत पर इस युद्ध के असर को लेकर सवाल किया गया,



**ईरान करबला को नहीं भूला है और वह इसे दूसरी करबला मानता है वह अपनी गर्दनें कटा लेंगे लेकिन झुकेंगे नहीं : फारूक अब्दुल्ला**

तो फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि तेल की सप्लाई अधिकतर उन्हीं देशों से होती है। अगर युद्ध की वजह से वह बंद हो गई तो भारत की अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ेगा। यह मत भूलिए, पैसा हर वक्त नहीं रहता।

**तीसरे विश्व युद्ध की ओर जा रहे ट्रंप**

डोनाल्ड ट्रंप को लेकर अब्दुल्ला ने कहा कि जिससे उम्मीद थी कि वह युद्ध रोकने के लिए दखल देगा, वह खुद हमले कर रहा है। अमेरिका पहले ही रूस के खिलाफ जंग में शामिल है, अब ईरान के खिलाफ भी। इसका सीधा मतलब है कि अमेरिका दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की तरफ ले जा रहा है। फारूक अब्दुल्ला ने इस पूरे घटनाक्रम पर मुस्लिम देशों की चुप्पी पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आज अमेरिका ईरान पर हमला कर रहा है और बाकी के मुस्लिम देश चुप हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि उनकी बारी भी आएगी। अमेरिका उन्हें भी खत्म कर देगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अभी हाल ही में पाकिस्तान के फील्ड मार्शल को बुलाया था। उन्होंने कहा कि अमेरिका कभी भारत से दोस्ती दिखाता है तो कभी पाकिस्तान के करीब जाता है। इसके आगे उन्होंने कहा कि पता नहीं अमेरिका करना क्या चाहता है? उन्होंने मुस्लिम देशों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आज अमेरिका ईरान पर हमला कर रहा है तो कल तुम्हारे देश पर भी हमला करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अपने निजी स्वार्थ के लिए गाजा पर हमले करवाए।

उन्होंने कहा कि हमले कोई भी करवाए, लेकिन इस हमले में हजारों की संख्या में नागरिक ही मारे जा रहे हैं। इसके आगे उन्होंने कहा कि जो हाल गाजा का था, अब वही हाल ईरान का है. ईरान में ही हजारों की संख्या में लोग मर रहे हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि अमेरिका और इजराइल का हमेशा से यही इरादा रहा है कि वह ईरान को न्यूक्लियर बम नहीं बनने देगें।

### ईरान पर अमेरिका का हमला दुर्भाग्यपूर्ण : मनोज झा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने ईरान पर अमेरिकी हमले को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर अपनी राय स्पष्ट करने की मांग की है। राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि जिस तरह से अमेरिका ने ईरान पर हमला किया है, इस पूरी घटना को मैं बहुत दुर्भाग्यपूर्ण मानता हूं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के बयान का सार यह है कि यह गलत है और पूरी तरह से आक्रामकता का कार्य है। पाकिस्तान को निशाने पर लेते हुए राजद सांसद ने कहा कि दुर्भाग्य की बात यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल पुरस्कार देने के लिए हमारा पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान पहल कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस वैश्विक उथल-पुथल के दौर में भारत का रुख स्पष्ट होना चाहिए।

## मुर्शिदाबाद में डंपर ने मारी ट्रैक्टर को टक्कर, पांच की मौत





**मुर्शिदाबाद,** 22 जून (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक सड़क हादसा सामने आया है, जहां दुर्घटना में पांच तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। मृतकों में चार महिलाएं भी शामिल हैं। मामला मुर्शिदाबाद के कंडी इलाके का है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में सवार तीर्थयात्री कंडी से बरहामपुर जा रहे थे, तभी तीर्थयात्रियों से भरा ट्रैक्टर कंडी थाना के गोकर्ण इलाके में एक डंपर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चार महिला तीर्थयात्रियों समेत कुल पांच लोगों की मौत हो गई। पता चला है कि ट्रैक्टर में 23 तीर्थयात्री सवार थे, जो बाली ग्राम मंदिर के धार्मिक तालाब में स्नान कर लौट रहे थे, तभी एक डंपर के साथ हुई टक्कर में पांच लोगों की जान चली गई, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में ट्रैक्टर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मध्य पूर्व में बिगड़ते हालात के बीच हवाई क्षेत्र बंद

## चेन्नई लौटा ब्रिटिश एयरवेज का विमान

**चेन्नई,** 22 जून (आईएएनएस)। अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण मिडिल ईस्ट के एयर स्पेस को अचानक बंद कर दिया गया है, जिसके बाद लंदन जाने वाली ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट को रविवार सुबह चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपातकालीन वापसी करनी पड़ी। फ्लाइट बीए276 चेन्नई से सुबह 6.24 बजे रवाना हुई थी। यह फ्लाइट अपने निर्धारित समय सुबह 5.35 बजे से लगभग एक घंटा पीछे थी। इस फ्लाइट में 247 पैसेंजर्स और 15 क्रू मेंबर्स सवार थे। विमान बेंगलुरु को पार कर अरब सागर के ऊपर से गुजर रहा था। तभी पायलट को तत्काल सूचना मिली कि मिडिल ईस्ट एयरस्पेस के प्रमुख हिस्सों को बंद कर दिया गया है। इसके चलते लंदन के लिए नियोजित उड़ान मार्ग दुर्गम हो गया है। एयरस्पेस बंद करने की खबर कथित तौर पर ईरानी ठिकानों पर रात भर अमेरिकी सैन्य हमलों के बाद आई, जिसके बाद क्षेत्रीय अधिकारियों ने एहतियातन नागरिक उड़ानों को रोक दिया। अलर्ट की सूचना मिलने पर, फ्लाइट क्रू ने तुरंत चेन्नई और लंदन दोनों एयर ट्रैफिक कंट्रोल सेंटर से संपर्क किया। अधिकारियों ने एयरक्राफ्ट को चेन्नई लौटने का निर्देश दिया। विमान सुबह करीब 10 बजे चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतरा। विमान में सवार सभी 262 लोग सुरक्षित हैं। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यात्रियों को लाउंज और आस-पास के होटलों में ठहराने के लिए व्यवस्था की गई थी। ब्रिटिश एयरवेज ने एक बयान में विमान की वापसी की पुष्टि करते हुए कहा कि वह आगे की यात्रा के लिए मौजूद विकल्पों को तलाशा जा रहा है। एयरलाइन ने यात्री सुरक्षा को सबसे बड़ी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि वैकल्पिक मार्गों की पुष्टि होने या प्रभावित हवाई क्षेत्र के फिर से खुलने के बाद आगे की जानकारी साझा की जाएगी। रीजनल एयरस्पेस बंद होने के चलते चेन्नई से खाड़ी देशों के लिए कई फ्लाइट्स भी देरी से रवाना हुईं। कुवैत, दोहा, दुबई, शारजाह और अबू धाबी जाने वाली उड़ानों में काफी देरी हुई।





## सार संक्षेप

### बारामूला में आपत्तिजनक सामग्री रखने के मामले में संदिग्ध गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने रविवार को एक तलाशी अभियान के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर उसके पास से आपत्तिजनक सामग्री जब्त की। पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर बारामूला के सरिवारपोरा पट्टन इलाके के न्यू कॉलोनी में मोहम्मद मकबूल डार उर्फ जावेद डार के घर छापेमारी की। यह कार्रवाई 2024 में दर्ज गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धाराओं से जुड़ी प्राथमिकी के तहत हुई। तलाशी के दौरान, प्रतिबंधित संगठन जम्मू-कश्मीर नेशनल फ्रंट के पोस्टर और एके-47 के 20 कारतूस बरामद किए गए।

### पटवारी ने की सागर के पीड़ित परिवार से चर्चा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सागर जिले के रहली क्षेत्र में एक युवक की हत्या के मामले में फोन पर पीड़ित परिवार से चर्चा कर घटना के संबंध में जानकारी हासिल की और परिजनों को ढांढस बंधाया। प्रदेश कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि पटवारी ने मोबाइल फोन के जरिए मृत युवक के पिता से चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### मेघालय में मानसिक विक्षिप्त की पीट-पीटकर हत्या

**शिलांग।** मेघालय के पश्चिमी गारो हिल्स जिले के मोरासुती गांव में एक व्यक्ति पर कथित रूप से कुल्हाड़ी से हमला करने के आरोप में एक मानसिक विक्षिप्त की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह जानकारी पुलिस ने रविवार को दी। मृतक की पहचान अमीनुल इस्लाम के रूप में हुई है, जबकि घायल की पहचान फुलबहार शेख के रूप में हुई है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। शेख को फिलहाल असम के गुवाहाटी स्थित एक अस्पताल में उसके घावों का इलाज कराने के लिए भर्ती किया गया है।

### रांची में भाकपा माले राज्य कमिटी की बैठक आज से

**रांची।** भाकपा (माले) की झारखंड राज्य कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 23-24 जून 2025 को रांची स्थित विधानसभा क्लब (पुराना भवन) में आयोजित होगी। इस आशय की जानकारी पार्टी के राज्य सचिव कामरेड मनोज भक्त ने दी। उन्होंने बताया कि यह बैठक हाल में संपन्न पार्टी सम्मेलन में लिए गए निर्णयों को लागू करने के लिए आयोजित हो रही है।

## बंगाल की खाड़ी में 29 मछुआरों को सुरक्षित बचाया गया

**कोलकाता,** 22 जून (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के सुंदरबन इलाके में बंगाल की खाड़ी में खराब मौसम के कारण मछली पकड़ने वाले दो ट्रॉलर पलट गए जिसके बाद साथी मछुआरों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 29 लोगों को बचा लिया। यह जानकारी पुलिस और मछुआरा समुदाय संगठन ने रविवार को दी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को कुछ ही घंटों के अंतराल पर दो मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर पलट गए थे। एफबी शकीला नामक ट्रॉलर में 13 मछुआरे सवार थे जो सुबह करीब नौ बजे जम्बूद्वीप के निकट पलट गया। मछुआरे तड़के नामखाना से मछली पकड़ने के लिए गहरे समुद्र में गए थे और लहरों के कारण ट्रॉलर की लकड़ी का फर्श टूट गया हालांकि, सभी लोगों को दूसरे ट्रॉलर के मछुआरों ने बचा लिया गया। पलटे हुए ट्रॉलर के सभी 13 लोगों को साथी मछुआरों ने अशांत पानी से बाहर निकाला। साथी मछुआरों का ट्रॉलर डूबते हुए ट्रॉलर के बहुत करीब था। बंगाल की खाड़ी के केंडो द्वीप के पास मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर एफबी मां दुर्गा के पलटने से 16 मछुआरे डूबने लगे जिन्हें दूसरे ट्रॉलर के मछुआरों ने बचा लिया। सभी मछुआरों को बाद में मेडिकल जांच के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। कुछ घंटों के अंदर ट्रॉलरों के पलटने से मछुआरा समुदाय में दहशत फैल गई, जिनका एकमात्र पेशा मानसून के मौसम में आजीविका के लिए समुद्र में जाना है।



**खराब मौसम के कारण पलट गए थे दो मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर**

# लालू बने रहेंगे राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष

■ राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए आज करेंगे नामांकन दाखिल ■ पांच जुलाई को आरजेडी का राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा चुनाव

**पटना,** 22 जून (देशबन्धु)। बिहार की राजनीति में एक बार फिर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने रविवार को मीडिया को जानकारी दी कि पार्टी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी, और 5 जुलाई को चुनाव होगा। दरअसल, यह चुनाव सिर्फ एक औपचारिकता भर लग रहा है, क्योंकि पार्टी के भीतर लालू यादव को फिर से अध्यक्ष बनाए जाने पर सर्वसम्मति है। सिद्दीकी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर लालू प्रसाद यादव ही रहेंगे। पूरी पार्टी की इच्छा है कि वही पार्टी का नेतृत्व करें। वह सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। जब उनसे लालू यादव के स्वास्थ्य को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यह कोई बड़ी चिंता की बात नहीं है।



काम आज भी लालू के दिशा-निर्देश में हो रहा है और आगे भी होता रहेगा। पार्टी में उनकी भूमिका अहम है, और वह पहले की तरह सक्रिय रहेंगे, उन्होंने स्पष्ट किया। राजद के वरिष्ठ नेता जगदानंद सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर दी जा सकने वाली जिम्मेदारी को लेकर भी सिद्दीकी ने प्रतिक्रिया दी। वहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को इतना मजबूर कर देंगे कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमारे हर वादे, योजना, विजन और सोच की नकल करेंगे। कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को अब हर महीने 400 रुपये की जगह 1100 रुपये पेंशन मिलेगी। यादव ने लिखा, हम निरंतर कह रहे है कि हम राजग सरकार को इतना मजबूर कर देंगे कि नीतीश कुमार हमारे हर वादे, योजना, विजन और सोच की नकल करेंगे।

### लालू यादव के अनुभव का लाभ उठाएगी पार्टी : सिद्दीकी



पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा कि यह पूरी तरह पार्टी का आंतरिक मामला है। लेकिन यह जरूर कहना चाहूंगा कि जगदानंद सिंह हमारे सुख-दुख के साथी हैं। पार्टी उनके अनुभव का लाभ उठाएगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लालू यादव को पुन: अध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी को एक स्थिर नेतृत्व मिलेगा, खासकर 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों से पहले। तेजस्वी यादव भले ही चेहरा हों, लेकिन संगठनात्मक फैसलों में अब भी लालू यादव की भूमिका निर्णायक बनी हुई है। राजद इस समय गठबंधन की राजनीति के साथ-साथ अपने संगठन को भी मजबूत करने में जुटी है। ऐसे में नेतृत्व का स्पष्ट और अनुभवी चेहरा पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को एकजुट रखने में मदद करेगा।

# गरीबों के लिए साढ़े तीन साल में 29 लाख इंदिराम्मा घर बनाएगी तेलंगाना सरकार

## योजना के लाभार्थियों को घर की मंजूरी के दस्तावेज किए वितरित

**नालगोंडा,** 22 जून (एजेंसियां)। तेलंगाना सरकार गरीबों के लिए अगले साढ़े तीन वर्षों में 20 लाख इंदिराम्मा घरों का निर्माण करेगी। राज्य के राजस्व, आवास और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने रविवार को नालगोंडा जिले के नकीरेकल निर्वाचन क्षेत्र के मिनी स्टेडियम में आयोजित एक बैठक में इसकी घोषणा की। उन्होंने इस दौरान यहां इस योजना के लाभार्थियों को घर की मंजूरी के दस्तावेज वितरित किए। उन्होंने कहा कि योजना का पहला चरण पहले से ही 4.5 लाख घरों के निर्माण के साथ चल रहा है।

सरकार ने प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में 3,500 घरों के निर्माण का लक्ष्य रखा है। राज्य की भूमि नियमितीकरण पहल भू भारती को लेकर उन्होंने कहा कि राजस्व शिकायत बैठकों के दौरान राज्य भर से 8.6 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों को राहत प्रदान करने के लिए 15 अगस्त तक सभी वैध आवेदनों का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कलेक्टरों को लाभार्थियों का पारदर्शी चयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, जिसमें वे लोग भी शामिल हैं जिनके घर पहले स्वीकृत हो चुके थे लेकिन अधूरे रह गए। एक बार लाभार्थियों को उनके घर की मंजूरी मिल जाने के बाद उन्हें 30 दिनों के भीतर निर्माण शुरू करना होगा और बिलों का भुगतान चार किस्तों में किया जाएगा। स्टील, सीमेंट और अन्य निर्माण सामग्री की लागत को विनियमित करने के लिए मंडल स्तर पर मूल्य नियंत्रण समितियों की स्थापना की गई है।



### 400 से 600 वर्ग फीट के बीच होगा प्रत्येक घर

राज्य के राजस्व, आवास और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने भू भारती के माध्यम से भूमि संबंधी विवादों का पूर्ण समाधान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी पात्र गरीब परिवारों को इंदिराम्मा योजना के तहत घर दिए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक घर 400 से 600 वर्ग फीट के बीच होगा।

## रायगढ़ में तालाब में डूबकर तीन लोगों की मौत

**रायगढ़,** 22 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के तटीय जिले रायगढ़ में बेंस गांव में मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक खेत के तालाब में तैरते समय एक ही परिवार के तीन सदस्यों की डूबने से मौत हो गई। तीन किशोर शनिवार रात जिले के अलीबाग तालुका में पेजारी-नागोथाने रोड पर बेंस सिद्धार्थ नगर गांव के अंतर्गत आने वाले एक खेत के तालाब में तैरने गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद नागोथाने पुलिस स्टेशन की टीम घटनास्थल पर पहुंची। उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की और देर रात उन्हें तालाब से बाहर निकाला। पुलिस उन्हें स्थानीय अस्पताल ले गई लेकिन इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गई।

# केन्या व मेडागास्कर का दौरा करेंगे रक्षा राज्य मंत्री

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ केन्या और मेडागास्कर की आधिकारिक यात्रा करेंगे। भारत और केन्या समुद्री पड़ोसी देश हैं। दोनों देशों के बीच समकालीन संबंध उच्च स्तरीय दौरे, मजबूत व्यापार और निवेश से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा केन्या से चिकित्सा पर्यटन और गहरे जनसंपर्कों द्वारा भी दोनों देशों के मजबूत संबंध चिह्नित होते हैं। दोनों देशों की औपनिवेशिक संघर्ष की साझा विरासत भी है।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल 23 से 26 जून तक केन्या और मेडागास्कर की यात्रा पर रहेगा। रक्षा राज्य मंत्री इस दौरे के पहले चरण में 23 जून को ताइता-तवेटा काउंटी में स्मारक स्तंभ (भारत और केन्या के शहीद सैनिकों के सम्मान में समर स्मारक) के संयुक्त अनावरण के लिए केन्या की यात्रा करेंगे। संजय सेठ दूसरे चरण में 26 जून को एंटानानारिवो में मेडागास्कर की स्वतंत्रता की 65वीं वर्षगांठ और मालागासी सशस्त्र बलों के गठन के समारोह में भाग लेने के लिए मेडागास्कर का दौरा करेंगे। भारत और केन्या समुद्री पड़ोसी राष्ट्र हैं। दोनों देशों के बीच समकालीन संबंधों की विशेषता उच्च स्तरीय आदान-प्रदान, मजबूत व्यापार एवं निवेश, केन्या से चिकित्सा मूल्य यात्रा और व्यापक जनसंपर्क हैं।



■ **23 से 26 जून तक यात्रा पर रहेगा भारतीय प्रतिनिधिमंडल**

**विवाद** अमरनाथ यात्रा को लेकर राज्य सरकार और उपराज्यपाल के बीच तनातनी

# व्यवस्था उमर सरकार के हवाले व सुरक्षा उप राज्यपाल के पास

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 22 जून (देशबन्धु)। इस बार जिस अमरनाथ यात्रा पर कश्मीर की अर्थ व्यवस्था और पर्यटन का दारोमदार बताया जा रहा है उस पर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। विवाद का कारण यह है कि इस यात्रा को डबल इंजन की व्यवस्था से जूझना होगा। इसके लिए अगर व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी उमर सरकार के ऊपर है तो सुरक्षा का भार उप राज्यपाल प्रशासन के पास। यह पूरी तरह से सच भी है।**

इसे मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी स्वीकार किया है। जिनका कहना था कि अमरनाथ यात्रा के लिए उनकी सरकार ने सभी आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध कर दिया है, लेकिन सुरक्षा की जिम्मेदारी राजभवन और उपराज्यपाल की है। वे अमरनाथ यात्रा पर आतंकी खतरे के संदर्भ में कहते थे कि उन्होंने सुरक्षा का इंतजाम किया होगा। दरअसल गंदरबल में पत्रकारों के साथ बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा था कि आने वाले श्रद्धालु शांत और विश्वासपूर्ण वातावरण में अपनी यात्रा पूरी कर सुरक्षित अपने घरों को लौटेंगे। पूरा कश्मीर उनके स्वागत के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर में कानून व्यवस्था और सुरक्षा मामलों की जिम्मेदारी उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पास है। जम्मू कश्मीर पुलिस मौजूदा परिस्थितियों में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है। सुरक्षा मामलों में मौजूदा निर्वाचित सरकार की कोई भूमिका नहीं है। अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा तीन जुलाई से शुरू हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्वाचित सरकार की हमारी जो जिम्मेदारी थी, उसके मुताबिक बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा, स्वच्छता, खाद्य सामग्री, परिवहन समेत सभी प्रबंध किए जा चुके हैं।



■ **नए विवाद के चलते मझदार में फंसी पवित्र अमरनाथ यात्रा**

पिछले दिनों उप राज्यपाल मनोज सिन्हा इसके प्रति स्पष्ट कर चुके हैं कि प्रदेश में सिर्फ पुलिस ही उनके अधिकार में है। तो ऐसे में क्या अन्य केंद्रीय सुरक्षा बल और सेना की तैनाती का जिम्मा और उनकी सेवाएं किसके पास रहेंगें यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। नतीजा यह है कि पहले ही इस बार हेलिकाप्टर सेवा को अमरनाथ यात्रा में निरस्त कर खतरे के प्रति चेताया जा चुका है और अब अमरनाथ यात्रा एक नए विवाद से घिर गई है। थोड़े दिन पहले इस बार की यात्रा अवधि को लेकर जो विवाद पैदा हुआ था वह भी अभी तक ठंडा नहीं हुआ है। वहीं दूसरी ओर सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की तथा आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों का आकलन किया। सेना के रविवार को बताया कि सेना प्रमुख ने कश्मीर दौरे के दौरान सुरक्षा हालात, ऑपरेशनल स्थिति और रणनीतिक पहलुओं की जानकारी ली। आधुनिक तकनीकों के उपयोग को लेकर एक प्रदर्शन भी किया गया। गौरतलब है कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा इस साल तीन जुलाई से शुरू होगी और आठ अगस्त को समाप्त होगी। यह यात्रा घाटी की सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौतियों में से एक मानी जाती है। इस बार यात्रा केवल 37 दिनों की होगी, जो पिछले साल की 52 दिनों की यात्रा से कम है। यात्रा से पहले 22 अप्रैल को हुये आतंकवादी हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय की मौत के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास सतर्कता बरती जा रही है।

देशबन्धु | रायपुर, सोमवार, 23 जून, 2025

### मेरे लिए सफलता-असफलता एक समान : कंवर ढिल्लों

**मुंबई।** अभिनेता कंवर ढिल्लों ने स्टार प्लस के लोकप्रिय टीवी शो 'उड़ने की आशा' में निभाए किरदार को अपने करियर का बेहतरीन अनुभव बताया है। उन्होंने कहा कि इस शो ने उन्हें एक कलाकार के रूप में काफी कुछ नया सीखने की प्रेरणा दी जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया। अभिनेता ने प्रसिद्धि और सफलता-असफलता पर भी बात की। उन्होंने बताया कि वह सफलता और असफलता को समान रूप से लेते हैं। टीवी शो में कंवर ने अपने किरदार सचिन देशमुख के बारे में बताया कि मैंने शो के लॉन्च के समय कहा था कि यह मेरे करियर का सबसे बेहतरीन शो होगा और मैं आज भी इस बात पर कायम हूं। भारतीय टेलीविजन पर ऐसे किरदार कम ही मिलते हैं।

# स्वाद बढ़ाने के साथ विकारों को दूर भगाने में सहायक हींग

## काली खांसी, अस्थमा, अल्सर, मिर्गी, पेट दर्द जैसी समस्याओं में लाभकारी

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। जब बात घरेलू नुस्खों और पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा की आती है, तो हींग का नाम सबसे ऊपर आता है। यह खाने के स्वाद को बढ़ाने के साथ-साथ कई विकारों को दूर भगाने में सहायक मानी जाती है।

हींग में औषधीय गुण होते हैं जो पेट से जुड़ी समस्याओं जैसे अपच, गैस और पेट दर्द में राहत देते हैं। छोटी सी हींग दादी-नानी की ऐसी 'दवा' है जिसमें सेहत का खजाना छिपा है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन (एनएलएम) के एक अध्ययन के अनुसार, हींग का उपयोग पारंपरिक रूप से काली खांसी, अस्थमा, अल्सर, मिर्गी, पेट दर्द, पेट फूलना, ब्रोंकाइटिस, आंतों को नुकसान पहुंचा रहे बैक्टीरिया, ऐंठन, कमजोर पाचन और इन्फ्लूएंजा जैसी कई दिक्कतों को ठीक करने में किया जाता है।



**हींग का वानस्पतिक नाम फेरूला ऐसाफोइटिडा**

हींग का वानस्पतिक नाम फेरूला ऐसाफोइटिडा है, जो भारत के दक्षिण प्रांत में पाई जाती है। भारत में हींग का आयात मुख्य रूप से अफगानिस्तान से किया जाता है, कुछ मात्रा में उज्बेकिस्तान और ईरान से भी हींग आयात होती है।

चरक संहिता में इसे पाचन में सुधार करने, गैस और सूजन को कम करने और अपच जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए उपयोगी माना जाता है। जिन लोगों को भूख नहीं लगती या जिन्हें भोजन पचाने में समस्या होती है, उनके लिए हींग अत्यंत उपयोगी है।

चुटकी भर हींग का इस्तेमाल दांतों में हो रहे दर्द से आराम दिलाने में भी किया जाता है। दांत दर्द होने पर हींग में कपूर मिलाकर दर्द वाली जगह पर लगाने से आराम मिलता है। घरेलू नुस्खों की बात करें तो कान में भी तिल के तेल में हींग पकाकर उस तेल की बूंदें कान में डालने से दर्द कम होता है।

रोजाना दाल, कढ़ी और सब्जियों में हींग डालने से भोजन आसानी से पचता है। शोध बताते हैं कि हींग शरीर में इंसुलिन बढ़ाकर ब्लड शुगर को कम करने में सहायक होती है।

हींग में कौमारिन नामक तत्व मौजूद होता है जो खून को पतला करने और जमने से बचाता है। यह बढ़े हुए ट्राइग्लिसराइड और कोलेस्ट्रॉल को कम कर उच्च रक्तचाप घटाता है। छाछ या भोजन के साथ हींग खाने से पेट की गैस, हैजा और पेट दर्द में राहत मिलती है। हींग में ऐसी ताकत होती है जो कैंसर बढ़ाने वाले सेल को रोकती है।

प्रसव के बाद हींग लेने से गर्भाशय साफ होता है और पेट संबंधी परेशानी नहीं होती। माइग्रेन और सिरदर्द में आधा कप पानी में हींग मिलाकर पीने से आराम मिलता है, लेकिन शिशुओं या फिर किसी भी तरह की एलर्जी से जूझ रहे लोगों को इसके इस्तेमाल से पहले चिकित्सकीय सलाह जरूर लेनी चाहिए।

# आयुर्वेद की अमूल्य विरासत गुग्गुल

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। दुनियाभर में पेड़-पौधों की कई ऐसी प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनका आयुर्वेद में एक अहम स्थान है। इन्हीं में से एक है गुग्गुल, जिसे आयुर्वेद में 'गुग्गुलु' भी कहते है। इसे संस्कृत में 'गुग्गुलु', 'महिषाक्ष' और 'पद्मा' जैसे नामों से भी जाना जाता है। इसके सेवन से अनेकों लाभ मिलते हैं।



आयुर्वेद के अनुसार, यह कोमीफोरा मुकुल नामक पौधे से प्राप्त होता है। इसका उपयोग वात, पित्त और कफ तीनों दोषों को संतुलित करने के लिए किया जाता है। लेकिन, यह विशेष रूप से वात दोष को शांत करने के लिए उपयोगी है।

चरक और सुश्रुत संहिता में गुग्गुलु का उल्लेख मिलता है, जिसके अनुसार, इसका इस्तेमाल कई रोगों के उपचार में किया जाता है। चरक संहिता में गुग्गुलु को मोटापे को कम करने में कारगर बताया गया है। वहीं सुश्रुत संहिता में इसका उल्लेख सर्जरी के संदर्भ में है,जहां इसे विभिन्न प्रकार के रोगों के उपचार में उपयोगी बताया गया है।

सुश्रुत संहिता में गुग्गुलु का उपयोग 1120 बीमारियों और 700 से अधिक औषधीय पौधों के साथ कई समस्याओं में किया जाता है। चरक संहिता में इसके बारे में कहा गया है, गुग्गुलुं वातरक्तघ्नं मेहशोथहरं शुभं। जिसका अर्थ है गुग्गुल गठिया और मूत्रविकारों को दूर करने में श्रेष्ठ है।

इसमें विटामिन, एंटीऑक्सिडेंट, क्रोमियम जैसे कई तत्व पाए जाते हैं। इसी वजह से इस औषधि का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाता है। यह कान से आने वाली दुर्गंध को भी कम करने में यह सहायक है। इतना ही नहीं, इसे खट्टी डकार, पेट के रोग, एनीमिया, बवासीर और जोड़ों के दर्द में राहत देता है।

गुग्गुल में वात को संतुलित करने का गुण होता है, जो जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करने में मदद करता है, जैसे कि ऑस्टियोआर्थराइटिस। यह गुग्गुल पाचन में सुधार करने के साथ कब्ज, एसिडिटी जैसी समस्याओं से भी राहत दिलाता है। कांचनार गुग्गुल ग्रंथि रोगों, विशेषकर थायरॉइड व पीसीओडी जैसी स्थितियों में अत्यधिक लाभकारी मानी गई है।


आयुर्वेद में 'गुग्गुल' को शरीर से जुड़े कई इलाज के लिए रामबाण इलाज माना गया है। 'गुग्गुल' गोंद की तरह होता है, जिसकी तासीर गर्म और कड़वी होती है। ये अल्सर, बदहजमी, पथरी, मुंहासे, बवासीर के साथ ही खांसी, आंख संबंधी समस्याओं को भी दूर करने में सहायक है।

# महिलाओं के लिए विशेष लाभकारी बद्ध कोणासन

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। भारतीय योग पद्धति के पास कई समस्याओं का इलाज है। योगासन शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित करने का एक प्रभावी और सरल माध्यम है। ऐसा ही एक आसन है बद्ध कोणासन, जो न केवल शरीर को लचीला बनाता है, बल्कि मानसिक शांति भी देने में सक्षम है।

बद्ध कोणासन, जिसे तितली आसन या बटरफ्लाई पोज भी कहते हैं, जिसमें दोनों पैरों के तलवों को आपस में जोड़कर बैठा जाता है। यह आसन जांघों और घुटनों को खोलने में मदद करता है और वहां से संबंधित समस्याओं को खत्म करने में कारगर है।

बद्ध कोणासन के नियमित अभ्यास से शारीरिक लचीलापन, मानसिक शांति और आंतरिक ऊर्जा में वृद्धि होती है। यह आसन आजकल की जीवनशैली के हिसाब से और भी कारगर है। यह तनाव और शारीरिक समस्याओं से निपटने का प्रभावी और सरल तरीका है। इसके अलावा, यह आसन रक्त संचार को बेहतर बनाता है और शरीर में ऊर्जा का संचार करता है। भारत सरकार के महिला एवं बाल



**मन को शांत तो तन को रखता है स्वस्थ**

विकास मंत्रालय के अनुसार, बद्ध कोणासन महिलाओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी है क्योंकि यह मासिक धर्म की समस्याओं को कम करता है और प्रजनन अंगों को स्वस्थ रखता है। इसके साथ ही यह जांघों और कमर की मांसपेशियों को भी लचीला बनाता है। यह आसन गर्भावस्था के दौरान भी उपयोगी हो सकता है, जिससे कमर और जांघों की मांसपेशियां लचीली बनती हैं।

बद्ध कोणासन के नियमित अभ्यास से कई फायदे मिलते हैं। यह ध्यान और श्वास पर केंद्रित होता है, जो मन को शांत करता है। यह आसन रीढ़ को सीधा रखने में मदद करता है, जिससे पीठ दर्द में राहत मिलती है।

बद्ध कोणासन का एक प्रमुख लाभ यह है कि यह ध्यान और श्वास पर केंद्रित होता है। गहरी सांस लेने और मन को शांत करने की प्रक्रिया तनाव और चिंता को कम करती है। यह मानसिक स्थिरता प्रदान करता है और आधुनिक जीवनशैली में व्यस्तता के बीच मन को सुकून देता है। हालांकि, हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि बद्ध कोणासन का अभ्यास सही तकनीक के साथ करना जरूरी है। कूल्हों, घुटनों या रीढ़ में चोट की स्थिति में विशेषज्ञ की सलाह लेनी चाहिए। शुरुआती लोगों को धीरे-धीरे और कम समय के लिए अभ्यास शुरू करना चाहिए, ताकि शरीर को आसन की आदत हो सके।

# नशे के खिलाफ छेड़ी मुहिम, 'ड्रग्स मुक्त भारत' संकल्प के साथ साइक्लोथॉन का आयोजन

**मुंबई,** 22 जून (एजेंसियां)। रविवार की सुबह मुंबई की सड़कों पर एक अनोखा नजारा देखने को मिला, जब सैकड़ों लोग साइकिलों पर सवार होकर नशे के खिलाफ एकजुट हुए। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) मुंबई और ग्रेटर मुंबई पुलिस की संयुक्त पहल से आयोजित साइक्लोथॉन ने नशीली दवाओं के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

'ड्रग्स मुक्त भारत' अभियान बांद्रा रिक्लेमेशन बस स्टेशन से शुरू होकर जुहू बीच पर खत्म हुआ। सुबह 7 बजे साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाने के लिए बड़े-बड़े दिग्गज जुटे। नवल बजाज (एडीजी, एटीएस),शारदा निकम (आईजी, एएनटीएफ), अमित घावटे



(अतिरिक्त निदेशक, एनसीबी मुंबई), नवनाथ धवले (डीसीपी, एएनसी) और डॉ. दीपशिखा बिड़ला (सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ इंडिया पोस्ट), मुंबई नॉर्थ डिवीजन और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, मुंबई यूनिट और एंटी नारकोटिक्स सेल, मुंबई पुलिस के कर्मचारियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। लोहा फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस साइक्लोथॉन में हर उम्र के लोग शामिल हुए। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने साइकिल थामकर नशे के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। मार्ग को खास तौर पर यातायात और सुरक्षा को ध्यान में रखकर चुना गया था, जिससे प्रतिभागियों को कोई असुविधा न हो। बांद्रा से जुहू तक की सैर न सिर्फ सेहत के लिए अच्छी थी, बल्कि एक सामाजिक संदेश भी दे रही थी। जुहू बीच पर कार्यक्रम का समापन हुआ, जहां आम नागरिकों और अधिकारियों ने आपस में विचार साझा किए। प्रतिभागियों ने कहा कि ऐसे आयोजन हमें याद दिलाते हैं कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति की जिंदगी नहीं, बल्कि पूरे समाज को बर्बाद करता है। हम सबको मिलकर इसे रोकना होगा। एनसीबी के इस प्रयास ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों को उजागर किया और एक स्वस्थ, नशामुक्त जीवनशैली को बढ़ावा दिया।

# मृत क्रू मेंबर सिंगसन को लेकर निकिता रावल ने किया खुलासा, रियलिटी शो के लिए दिया था ऑडिशन

**मुंबई,** 22 जून (एजेंसियां)। अभिनेत्री और निर्माता निकिता रावल ने हाल ही में अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वाली क्रू मेंबर लम्नुंथेम सिंगसन के बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा किया। निकिता ने बताया कि 26 वर्षीय लम्नुंथेम ने हाल ही में अपकमिंग रियलिटी शो के लिए ऑडिशन दिया था। 'गरम मसाला' फेम अभिनेत्री निकिता ने दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विमान हादसे की खबर ने मुझे झकझोर दिया। इतने मासूम लोगों की जान जाना दुखद है। जब मैंने हादसे के डिटेल्स और मृतकों की सूची देखी, तो लम्नुंथेम का नाम और तस्वीर देखकर मुझे याद आया कि वह मेरे रियलिटी शो के ऑडिशन के लिए आई थीं। निकिता ने आगे कहा कि उनकी आंखों में गजब का उत्साह और सकारात्मकता थी। वह जिंदगी में कुछ बड़ा करना चाहती थी। यह हादसा जिंदगी की अनिश्चितता दिखाता है। 15 दिन पहले वह शो का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित थी और आज वह हमारे बीच नहीं हैं। मैं स्तब्ध हूं। मेरी प्रार्थना है कि ऐसा हादसा फिर कभी न हो। मृतकों की आत्मा को शांति मिले और उनके परिवारों को यह दुख सहने की ताकत मिले। बता दें कि 12 जून को एयर इंडिया का



प्लेन हादसे का शिकार हो गया। इस फ्लाइट एआई-171 में 241 लोग सवार थे। अहमदाबाद में टेकऑफ के तुरंत बाद प्लेन क्रैश हो गया। इस हादसे में 240 लोगों के साथ ही लम्नुंथेम सिंगसन की जान चली गई। उनके पार्थिव देह को इंडिगो फ्लाइट से अहमदाबाद से दीमापुर लाया गया, जहां परिवार, समुदाय के लोग और अधिकारी उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।

# मिडिल क्लास फैमिली का कम हुआ थिएटर जाना : सोनाक्षी सिन्हा

**मुंबई,** 22 जून (एजेंसियां)। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की अपकमिंग फिल्म 'निकिता रॉय' सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार है। इस बीच अभिनेत्री ने कहा कि परिवारों के लिए मनोरंजक फिल्मों की कमी नहीं है, लेकिन टिकटों की बढ़ती कीमतें और घर पर उपलब्ध कंटेंट सिनेमाघरों से दूर रख रहा है। 'अकीरा' और 'दबंग' फेम एक्ट्रेस ने स्पष्ट किया कि परिवारों के लिए मनोरंजक फिल्में बनना बंद नहीं हुई हैं, बल्कि सिनेमाघरों का अनुभव अब आम परिवारों के लिए महंगा हो गया है। उन्होंने कहा कि परिवारों की कहानियों की कमी नहीं है। बस परिवार सिनेमाघर जा नहीं रहे। फिल्में और पारिवारिक कहानियां बन रही हैं, लेकिन कंटेंट के कई ऑप्शन ओटीटी के रूप में उपलब्ध हैं।

सिनेमाघरों का खर्च आम परिवारों के लिए बहुत ज्यादा हो गया है। यही वजह है कि लोग कम जा रहे हैं। लेकिन, कहानियां और फिल्में मौजूद हैं। सोनाक्षी ने अपनी फिल्म 'निकिता रॉय' के बारे में बताया कि यह एक ऐसी फिल्म है, जो परिवार और दोस्तों के साथ सिनेमाघर में देखने का शानदार अनुभव देगी। उन्होंने कहा कि यह फिल्म रोमांच और मनोरंजन से भरी है। यह दोस्तों और परिवार के साथ देखने के लिए बिल्कुल सही है। 38 वर्षीय अभिनेत्री ने एक अच्छी कहानी के बारे में भी अपनी राय दी। उन्होंने कहा कि आजकल लोगों का ध्यान जल्दी भटक जाता है। कहानी ऐसी होनी चाहिए, जो शुरू से ही दर्शकों को बांधे रखे। चाहे वह थ्रिलर हो, ड्रामा हो या इमोशनल भावनात्मक जुड़ाव जरूरी है, ताकि दर्शक अंत तक उसके साथ बंधे रहें।



'निकिता रॉय' में सोनाक्षी के साथ परेश रावल, अर्जुन रामपाल और सुहैल नायर मुख्य भूमिकाओं में हैं। कुश सिन्हा की पहली निर्देशित यह फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# खलनायक से राजनेता तक, इंडस्ट्री पर 'राज' करने वाले 'बब्बर'

**मुंबई,** 22 जून (एजेंसियां)। 23 जून 1952 को उत्तर प्रदेश के टुंडला में जन्मे राज बब्बर का सोमवार को 72वां जन्मदिन है। अभिनय की दुनिया में खलनायक से लेकर नायक तक का सफर तय करने वाले राज ने न केवल सिल्वर स्क्रीन पर, बल्कि राजनीति के मैदान में भी अपनी गहरी छाप छोड़ी। वह खलनायक, नायक और राजनेता तीनों ही किरदार में सफल रहे।



बचपन से ही स्टेज पर अपनी अदाकारी का जादू बिखेरने वाले राज बब्बर ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) से अभिनय की बारीकियां सीखी और फिर बॉलीवुड में कदम रखा। उनकी जिंदगी का यह सफर उतार-चढ़ाव, विवादों और उपलब्धियों से भरा रहा।

साल 1977 में राज बब्बर की पहली फिल्म 'किस्सा कुर्सी का' रिलीज हुई। लेकिन, उन्हें असली पहचान मिली उसी साल बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'इंसाफ का तराजू' से। इसमें उनके किरदार ने दर्शकों के बीच विशेष छाप छोड़ी। इस नकारात्मक भूमिका ने उन्हें रातोंरात चर्चा में ला दिया। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 1980 के दशक में 'प्रेम गीत', 'निकाह', 'उमराव जान', 'आज की आवाज' और 'अगर तुम ना होते' जैसी फिल्मों ने उन्हें रोमांटिक और संजीदा अभिनेता के रूप में पेश किया।

साल 1981 में रिलीज हुई 'उमराव जान' में उनके 'फैज अली' के किरदार को आज भी याद किया जाता है। 1990 की सनी देओल स्टारर 'घायल' में उन्होंने बड़े भाई की भूमिका निभाकर फिर से अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की। 'बॉडीगार्ड', 'साहब बीवी और गैंगस्टर 2', 'बुलेट राजा' जैसी फिल्मों में उनके किरदारों ने साबित कर दिया कि वह हर तरह के रोल में फिट बैठ सकते हैं। उनकी फिल्मोग्राफी में रुदाली, 'मजदूर', 'जख्मी औरत', 'वारिस', 'संसार', 'पूनम', 'याराना', 'जीवन धारा', 'झूठी' और 'तेवर' जैसी फिल्में शामिल हैं, जो उनकी अभिनय की गहराई को शानदार अंदाज में पेश करती हैं। राज बब्बर की निजी जिंदगी भी उनकी फिल्मों की तरह चर्चा में रही। साल 1975 में उन्होंने थिएटर आर्टिस्ट नादिरा जहीर से शादी की, जिनसे उनकी बेटी जूही बब्बर और बेटा आर्य बब्बर हैं। लेकिन, 1982 में फिल्म 'भीगी पलकें' के सेट पर उनकी मुलाकात अभिनेत्री स्मिता पाटिल से हुई, जिसके बाद दोनों के बीच प्यार का रिश्ता बना, जो परवान चढ़ा। यह रिश्ता उस समय सुर्खियों में आया, क्योंकि राज शादीशुदा थे। फिर क्या था साल 1983 में राज और स्मिता ने शादी कर ली और 1986 में उनके बेटे प्रतीक बब्बर का जन्म हुआ। लेकिन, नियति को कुछ और मंजूर था। प्रतीक के जन्म के कुछ ही दिनों बाद स्मिता का निधन हो गया। यह राज के लिए गहरे सदमे की तरह था। बाद में वह नादिरा के पास लौट आए और परिवार को फिर से जोड़ा। उनके बेटे प्रतीक ने हाल ही में शादी की है, जिसमें उन्होंने अपने पिता राज को न बुलाने का फैसला लिया। उन्होंने बताया भी कि यह फैसला मां (स्मिता) के घर में शादी होने के कारण लिया गया, क्योंकि नादिरा और स्मिता के बीच की जटिलताओं को ध्यान में रखा गया।

# आईसीएमआर ने किए सस्ते और पीओसी टेस्ट किट तैयार

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने सस्ते और सरल पॉइंट-ऑफ-केयर (पीओसी) टेस्ट किट तैयार किए हैं, जिससे देश में हीमोफीलिया ए, वॉन विलेब्रांड रोग (वीडब्ल्यूडी) और सिकल सेल रोग (एससीडी) जैसे जेनेटिक ब्लड डिसऑर्डर की पहचान आसान और किफायती बन गई है।

महंगे टेस्ट और स्पेशलिटी हॉस्पिटल की कमी की वजह से इन गंभीर रक्तस्रावी बीमारियों की अक्सर पहचान समय पर नहीं हो पाती है। देश में हीमोफीलिया ए से करीब 1,36,000 लोग प्रभावित हैं, लेकिन इनमें से बहुत कम का इलाज या इसके लिए रजिस्ट्रेशन हो पाता है।

वहीं, देश के कुछ क्षेत्रों में वॉन विलेब्रांड रोग 12,000 लोगों में से एक को प्रभावित करता है, रिसर्च से पता चलता है कि जेनेटिक ब्लीडिंग डिसऑर्डर में इसकी व्यापकता 10 प्रतिशत है।

सिकल सेल रोग खासकर जनजातीय आबादी में ज्यादा पाया जाता है। इसके 57 प्रतिशत रोगी जनजातीय लोग हैं, हालांकि गैर-जनजातीय आबादी में इसकी व्यापकता 43 प्रतिशत है।



आईसीएमआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोहेमेटोलॉजी (एनआईआईएच) ने हीमोफीलिया ए और वीडब्ल्यूडी के लिए पीओसी टेस्ट किट तैयार किए हैं, जिसका इस्तेमाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर भी हो सकता है। इस किट की लागत मात्र 582 रुपए है, जबकि मौजूदा लैब टेस्ट की कीमत 2,086 रुपए हैं।

महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में आईसीएमआर-सेंटर फॉर रिसर्च, मैनेजमेंट एंड कंट्रोल ऑफ हीमोग्लोबिनोपैथीज (सीआरएमसीएच) की निदेशक डॉ. मनीषा मडकाइकर ने बताया कि हमारे पास अब कई टेस्ट हैं, जो भारत में बने हैं और ब्लड डिसऑर्डर का इलाज कर सकते हैं। यह ऐसी चीज है जिस पर हम सभी को गर्व होना चाहिए।

- जेनेटिक ब्लड डिसऑर्डर की आसानी से होगी पहचान
- सस्ते फिंगर-प्रिक टेस्ट से लेकर जेनेटिक स्तर के टेस्ट शामिल
- किट्स की कीमत 50 रुपए से भी कम
- राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन के तहत सात करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग में होगी महत्वपूर्ण भूमिका

उन्होंने बताया कि इस किट से 83,000 से अधिक अज्ञात मामलों का पता लगाया जा सकता है, जिससे हेल्थ सिस्टम को 42 करोड़ रुपए की बचत हो सकती है।

ये किट नेशनल हेल्थ प्रोग्राम में पीएचसी स्तर पर शामिल किए जा रहे हैं, जिससे रक्त से जुड़े रोगों का शुरुआती उपचार संभव होगा। विश्व हीमोफीलिया महासंघ ने भी इन किट्स को अन्य देशों में उपयोग के लिए खरीदने में रुचि दिखाई है।

सिकल सेल रोग के खिलाफ लड़ाई में आईसीएमआर-एनआईआईएच और छत्तीसगढ़ के सीआरएमसीएच को नए डायग्नोस्टिक किट्स की जांच और मंजूरी का जिम्मा सौंपा गया है। अब तक 30 किट्स को मंजूरी दी गई है, जिनमें सस्ते फिंगर-प्रिक टेस्ट से लेकर जेनेटिक स्तर के टेस्ट शामिल हैं। इन किट्स की कीमत 50 रुपए से भी कम है, जो राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन के तहत सात करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

डॉ. मडकाइकर ने कहा कि पहले केवल दो महंगे पीओसी टेस्ट उपलब्ध थे, लेकिन अब स्वदेशी कंपनियों ने सस्ते और प्रभावी टेस्ट विकसित किए हैं, जो भारत में रक्त रोगों की पहचान को आसान और सुलभ बना रहे हैं।

देशबन्धु

रायपुर, सोमवार 23 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## ईरान पर अमेरिकी हमला

डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेताओं के हाथ में सत्ता आ जाने का कितना खतरनाक अंजाम होता है, इसका उदाहरण रविवार को फिर से दुनिया ने देख लिया। इजरायल और ईरान के बीच पिछले 10 दिनों से चल रहे युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा। ईरान के फोर्डो, नतांज और एस्फहान इन तीन परमाणु संयंत्रों पर अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने बम गिराए और वापस लौट गए। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित करते हुए इस अभियान को एक 'शानदार सफलता' बताया। साथ ही उम्मीद जताई कि उनका यह कदम एक स्थायी शांति का रास्ता खोलेगा, जिसमें ईरान के पास परमाणु शक्ति बनने की संभावना नहीं रहेगी।

अभी गुरुवार तक ट्रंप कह रहे थे कि वो दो हफ्ते तक विचार करेंगे, इसके बाद कोई फैसला लेंगे। इससे पहले कनाडा से लौट कर ट्रंप ने ईरान को बिना शर्त समर्पण करने कहा था। ट्रंप को लगा होगा कि ऐसी घुड़की काम कर जाएगी, लेकिन ईरान की तरफ से सुप्रीम नेता अयातुल्लाह अली खामनेई ने भी बता दिया कि ईरान सरेंडर करने वाली कौम नहीं है। खामनेई ने यह भी कहा कि मुझे मारकर भी अमेरिका को कुछ हासिल नहीं होगा, क्योंकि ये युद्ध ईरान की सेना, उसके युवा लड़ रहे हैं। खामनेई को ऐसा वक्तव्य शायद इसलिए देना पड़ा क्योंकि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुलेआम उन्हें मारने की धमकी दी। दुनिया में बहुत से बड़े युद्ध हुए हैं, लेकिन किसी देश के नेता ने दुश्मन देश के नेता को हत्या की धमकी दी हो, इसके उदाहरण कम हैं। युद्ध में एक देश, दूसरे देश को मात देने की बात करता है, गुंडों की तरह हत्या की नहीं। मगर अमेरिका और इजरायल ये दोनों इस समय पूरे दुनिया में अपनी गुंडागर्दी चलाते दिख रहे हैं और इनकी वजह से फिर विश्व युद्ध का खतरा खड़ा हो गया है।

विडंबना ये है कि ट्रंप और नेतन्याहू कहते हैं कि शक्ति से ही शांति आएगी। यानी अब विश्वशांति की परिभाषा भी इनके हिसाब से लिखी जाए, ऐसा माहौल बनाया जा रहा है। इसके बाद अगर ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार मिल भी जाए, तो क्या आश्चर्य। जब शांति के तकाजे बदल रहे हैं तो फिर गुंडों को ही रक्षक और शांतिदूत माना जाएगा।

दुख की बात ये है कि इस पूरे प्रकरण में भारत की भूमिका दुनिया की निगाह में संदिग्ध हो रही है। नरेन्द्र मोदी से पहले किसी प्रधानमंत्री ने अमेरिका या इजरायल के खिलाफ इस तरह की असमर्थता नहीं दिखाई कि उनके गलत फैसलों पर कुछ न बोलें, पीड़ितों के साथ खड़े न हों। शनिवार को कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने मोदी सरकार को आगाह किया था कि अब भी देर नहीं हुई है, इजरायल के खिलाफ आवाज उठाना चाहिए। वहीं रविवार को फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि आज ईरान की बारी है, कल हमारी होगी। लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक प्रधानमंत्री का कोई आधिकारिक बयान इस पर नहीं आया है। जबकि भारत स्थित ईरानी दूतावास और इजरायली दूतावास अपने-अपने देशों का पक्ष रख रहे हैं। ट्रंप को नोबेल पुरस्कार देने की सिफारिश करने वाला पाकिस्तान भी अमेरिका के हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए उसकी निंदा कर रहा है, लेकिन हमारा नेतृत्व अभूतपूर्व तरीके से चुप है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी फ़ैसले से संघर्ष बढ़ने पर 'अराजकता का सिलसिला' शुरू हो सकता है क्योंकि मध्य पूर्व पहले से ही 'तनाव की स्थिति' में है। लेकिन ट्रंप की धमकी है कि जरूरत पड़ी तो इस तरह के हमले और किए जाएंगे। दरअसल इस हमले के बाद भी ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दागी हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए ने बताया है कि ईरान के तीन परमाणु ठिकानों, जिनमें फ़ोर्दो भी शामिल है, पर हुए हमलों के बाद अभी तक वहां के आसपास के इलाक़े में रेडिएशन बढ़ने की कोई ख़बर नहीं है। इसका मतलब ये है कि अमेरिका जो नुकसान पहुंचाना चाहता था, वह ईरान को नहीं पहुंचा है। तो अब सवाल है कि क्या अमेरिका फिर से कोई नया हमला करेगा। हालांकि अब ट्रंप अपनी मनमानी जारी रख पाएंगे, इसमें संदेह है क्योंकि अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी के बिना किया गया हमला अब ट्रंप को भारी पड़ सकता है।

ट्रंप को उम्मीद है कि अमेरिकी हमलों से ईरान बातचीत की मेज़ पर ज्यादा रियायतें देने को मजबूर होगा। लेकिन ऐसा लगता नहीं कि अब ईरान अमेरिका से बातचीत को तैयार होगा। वैसे ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में कोई नया युद्ध शुरू न करने पर गर्व किया था और इस बार चुनाव प्रचार में ट्रंप ने उन पूर्व राष्ट्रपतियों की आलोचना की, जिन्होंने अमेरिका को विदेशी युद्धों में झोंक दिया। बराक ओबामा के लिए उन्होंने कहा था कि बातचीत से मुद्दों को सुलझाने का कौशल उनमें नहीं है, इसलिए अमेरिका को युद्ध में झोंक दिया। अब ट्रंप क्या खुद के लिए ऐसा कह पाएंगे।

अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश माना जाता है, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियारों के बड़े जखीरे के अलावा दुनिया के तमाम शक्तिशाली हथियार और सैन्य उपकरण हैं। अमेरिकी जनता के टैक्स का बड़ा हिस्सा सैन्य संसाधन पर खर्च होता है। यह सब अमेरिका इसलिए करता है ताकि दुनिया पर उसका दबदबा बना रह सके। जिन देशों के पास प्राकृतिक संसाधन हैं, लेकिन वे आर्थिक या सैन्य शक्ति संपन्न नहीं हैं, उन्हें अपने चंगुल में फंसा कर मुनाफा कमाना पूंजीवादी अमेरिका को बहुत अच्छे से आता है। अमेरिका की सत्ता की डोर सीधे-सीधे बड़े कारोबारियों, हथियारों के व्यापारियों के हाथ में है। इसलिए ट्रंप को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में अपनी सेना के साथ, सेना के साजो सामान की भी तारीफ करनी पड़ी। यानी युद्ध का मामला विशुद्ध व्यापारिक है, यह जाहिर हो चुका है। मगर इस बार ईरान पर वार कर ट्रंप ने अपनी सत्ता दांव पर लगा दी है।

# ईरान पर हमला करके ट्रंप पूरी दुनिया को धमका रहे हैं

यह दुनिया ऐसे ही चलती है। ताकतवर की दुनिया। 12 हजार किलोमीटर दूर ईरान पर हमला करके अमेरिका कहता है अब शांति होगी। अगर दुनिया खामोश रही तो वह गजा के बाद ईरान में भी मौत की शांति पैदा कर देगा।

ईरान पर पहले इजराइल ने हमला किया। और जवाब देने को जुर्रत (दुस्साहस) मानते हुए फिर अमेरिका ने। इस धमकी के साथ कि तबाह कर देगा अगर समर्पण नहीं किया तो। संयुक्त राष्ट्र ने बड़े कड़े शब्दों में विरोध किया। अमेरिकी हमले की निंदा की। मगर वह तो गजा पर इजरायली हमले की भी की थी। हमले रोकना तो दूर वहां इजराइल ने भयंकर नरसंहार किया। 50 हजार से ज्यादा तो केवल बच्चों और महिलाओं को मारा है। कुल मरने वालों की तादाद 60 हजार से ऊपर है।

संयुक्त राष्ट्र के कहने से कुछ नहीं हो रहा। जिस विश्व शांति के लिए इसका गठन हुआ था सैकंड वर्ल्ड वार के बाद वह अर्थहीन हो गया। अमेरिका और इजराइल ने दुनिया को फिर एक बड़े युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया। भारत पहले ऐसे में उपयोगी भूमिका निभाता था। मगर बेवजह खुद को विश्व गुरू, विश्व गुरू कहकर हमारे प्रधानमंत्री ने अपनी व्यक्तिगत छवि कितनी उभारी पता नहीं मगर देश की छवि वह 2014 से पहले सम्मान वाली नहीं रहने दी।

अब सबकी नजर चीन और रूस पर है। यह दोनों महाशक्तियां चाहें तो अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हो रहे हमलों को रुकवा सकते हैं। मगर आप अगर पिछले दो सालों को देखें तो इन दोनों ने कोई बड़ा कदम नहीं उठाया है। मूल मुद्दा गजा में नरसंहार रोकने का था। वहां के बच्चों और नागरिकों के दवा, दूध, खाने पर इजराइल द्वारा लगाई गई बंदियों को हटाने का था। मगर यह मानवीय मदद भी कोई नहीं कर पाया।

असली सवाल फिलिस्तीन के स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व का तो बहुत पीछे चला गया। दो साल में इजराइल ने ऐसा जुल्म ढाया कि आज सबसे पहले सब यही मांग कर रहे हैं कि बच्चों को दूध दवाएं मिल सकें। अस्पतालों और नागरिकों पर हमले बंद हों। मगर यह करने के बदले इजराइल ने सीधे ईरान पर हमला करके इशु डाइवर्ट कर दिया। आज फिलिस्तीन, गजा का नरसंहार पृष्ठभूमि में चला गया। सबसे बड़ा सवाल यह आ गया कि अमेरिका के युद्ध में कूद जाने के बाद दुनिया किसी बड़े खतरे की तरफ न बढ़ जाए।

अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला करके परमाणु रिसाव और परमाणु युद्ध के खतरों को बढ़ावा दे दिया। ईरान ने अमेरिका के हमले के बाद अपने पलटवार और तेज कर दिए हैं। इजराइल पर मिसाइल हमले तो तेज किए ही अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी हमला करने की घोषणा की है।



शकील अख्तर

> **अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला करके परमाणु रिसाव और परमाणु युद्ध के खतरों को बढ़ावा दे दिया। ईरान ने अमेरिका के हमले के बाद अपने पलटवार और तेज कर दिए हैं। इजराइल पर मिसाइल हमले तो तेज किए ही अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी हमला करने की घोषणा की है। ईरान पिछले दस दिन में अपनी ताकत से ज्यादा लड़ा।**

ईरान पिछले दस दिन में अपनी ताकत से ज्यादा लड़ा। इसके पीछे इतना समर्थन इसीलिए है। इजराइल को पहली बार अपने घर में हमलों का स्वाद चखना पड़ा। वह कह रहा कि उसके नागरिकों पर हमले हुए, अस्पताल पर हुए। लेकिन वह यह भूल गया कि उसने गजा में कितने अस्पतालों पर बम गिराए। मासूम बच्चों तक की हत्या की। लेकिन उस समय उसे युद्ध के नियम याद नहीं आए। आज कह रहा है कि अन्तरराष्ट्रीय समुदाय को देखना चाहिए कि हमारे नागरिक क्षेत्रों पर कैसे हमले हो रहे हैं।

युद्ध में सेना सेना से लड़ती है। नगरिकों से नहीं। हमारी सेना ने जब पाकिस्तान की आतंकवादी हरकतों का जवाब दिया तो उसने केवल वहां के आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया। सैन्य ठिकानों को भी नहीं, नागरिक क्षेत्रों का तो सवाल ही नहीं उठता। मगर पाकिस्तान ने जवाब में पुंछ में हमारे नागरिक क्षेत्रों के साथ धार्मिक स्थानों पर भी हमला किया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वहां जाकर गुरुद्वारों, मंदिर, मदरसों में पाकिस्तान द्वारा की गई गोलाबारी को खुद आंखों से जाकर देखा। गोलाबारी से मारे गए लोगों के परिवारों से मिले उन्हें सांत्वना दी। प्रधानमंत्री मोदी को भी जाना चाहिए था। वे नहीं गए।

तो हमला नागरिकों पर नहीं होता है। मगर इजराइल ने पहले गजा में फिर ईरान में किया। इजरायल, पाकिस्तान दोनों का अपराध एक जैसा है। मौसेरे भाई। और अमेरिका इन दोनों का सरपरस्त। इन दोनों के पास परमाणु हथियार हैं। और दोनों ही भरोसेमंद नहीं। मगर इनसे कभी कुछ नहीं कहता। लेकिन ईरान से कहता है कि तुम परमाणु हथियार बना रहे हो इसलिए तुम पर हमला किया। दोहरे मापदंड। हर लड़ाई उसने ऐसे ही लड़ी है। कोरिया में, वियतनाम में, इराक में अफगानिस्तान में। लंबी लिस्ट है और ज्यादातर में उसने मुंह की खाई है। इस बार ईरान में भी उसके लिए स्थिति साजगार नहीं हैं।

अमेरिका ने सोचा था इजराइल के हमले से ही डर कर ईरान हथियार डाल देगा। मगर उसने इजराइल को कड़ा जवाब दिया। और अमेरिका के हमले के बाद इजराइल पर और मिसाइलें मार रहा है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि अमेरिका के मुकाबले ईरान के पास हथियार और दूसरे साजो सामान नहीं है। मगर हौसले से उसने जो लड़ाई लड़ी उसकी वजह से उसे भारी नैतिक समर्थन मिल रहा है।

हालांकि यह सच्चाई है कि आज की लड़ाई जमीन पर नहीं आसमान में हो रही है और वहां आधुनिक तकनीक और विज्ञान ही सब कुछ है। अभी भारत-पाक संघर्ष से पहले किसने सोचा था कि लड़ाइयां ऐसी होंगी। पैदल सेना कहीं होगी ही नहीं। मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल पहली बार इसी में देखा गया। रूस और युक्रेन के युद्ध में भी यही हो रहा था। अब इजराइल ईरान और फिर अमेरिका ईरान युद्ध ने बता दिया कि भविष्य के युद्ध इंसान की शारीरिक शक्ति से नहीं दिमागी शक्ति से ही लड़े जाएंगे।

दूसरी एक बात यह भी साफ हो गई कि कागजी संगठन वास्तविक समस्या में कोई मदद नहीं करते। 57 इस्लामिक देशों का संगठन है इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईएस)। जो घोषित तौर पर कहता है मुस्लिम देशों की आवाज। मगर न वह गजा पर इजराइल के अमानवीय अत्याचारों पर कुछ कर पाया और न ईरान पर इजराइल और फिर अमेरिका के हमले के बाद।

याद सब रूस और चीन को कर रहे हैं कि उनका रिएक्शन क्या होता है? वह किस तरह अमेरिका की दादागिरी के खिलाफ खड़े होते हैं। इस्लामिक देशो में तो पाकिस्तान ने अपने एयरबेस अमेरिका को ईरान पर हमला करने के लिए दे दिए। सउदी अरब न गजा के मामले में कुछ बोला न इजराइल के ईरान के हमले पर। बाकी भी सभी बड़े देश या तो तटस्थ हैं या अमेरिका के साथ। और अमेरिका के साथ क्या, इजराइल के ईरान पर हमले को दस दिन से ज्यादा हो गए मगर किसी मुस्लिम देश ने खुल कर ईरान का साथ नहीं दिया। उल्टे इजराइल जो मिसाइलें ईरान पर गिरा रहा है वह ईराक, सीरिया, जार्डन लेबनान की वायुसीमा से होती हुई जाती हैं। इन्होंने अपना वायुमार्ग इजराइल के लिए बंद नहीं किया।

तो ईरान का मामला अब किस दिशा में जाता है देखना होगा। रुस और चीन बड़े देश हैं। उनका कोई भी रुख हो उनके अस्तित्व पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। मगर इस्लामिक देशों के लिए एक बड़ा सबक है। देखना है वे इसे कैसे समझते हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# गांधीजी की दृष्टि और पश्चिम एशिया का संकट?

**■ अरुण कूमार डनायक**

फिलिस्तीन का मुद्दा धर्म, भूमि और पहचान से जुड़ा सौ साल पुराना मुद्दा है। इज़राइल-ईरान तनाव के साथ यह वैश्विक चिंता का विषय बन गया है, जिसके अमेरिका, रूस और चीन जैसी शक्तियों की भागीदारी से महायुद्ध में बदलने की आशंका है। यह संकट वैश्विक व्यवस्था, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को चुनौती देता है। इसका समाधान युद्ध नहीं, बल्कि संवाद, सहयोग और गांधीवादी अहिंसा में निहित है।

दक्षिण अफ्रीका में रहते हुए गांधीजी के हर्मन कैलनबैक, हेनरी पोलक और जोसेफ रॉयड्स जैसे अनेक यहूदियों से मैत्रीपूर्ण संबंध बने थे। गांधीजी ने 'हरिजन' में 26 नवंबर 1938 को यहूदियों की समस्या पर लिखते हुए स्पष्ट किया था कि वे यहूदियों के साथ हो रहे अन्याय को गहराई से समझते हैं। उन्होंने कहा था, 'यहूदियों को अपने अधिकार के लिए हिटलर के खिलाफ संघर्ष अवश्य करना चाहिए, लेकिन अहिंसा के रास्ते पर चलकर।'

गांधीजी चाहते थे कि यहूदियों के साथ उसी भूमि पर न्यायसंगत व्यवहार हो, जहां वे जन्मे, पले और विकसित हुए हैं। गांधीजी मानते थे कि यहूदियों का फिलिस्तीन पर दावा नैतिक रूप से उचित नहीं, क्योंकि वह भूमि अरबों की है। यहूदियों की वापसी ऐतिहासिक गलतियों के आधार पर न्यायसंगत नहीं कही जा सकती। उन्होंने यह भी जोड़ा कि बाइबल या धर्मशास्त्रों के आधार पर किसी भूमि पर दावा करना आधुनिक राजनीति में उचित नहीं है।

> **गांधीजी की सोच के आलोक में इज़राइल-फिलिस्तीन और इज़राइल-ईरान संघर्ष का दीर्घकालिक समाधान इन सिद्धांतों में निहित है—साझा सह-अस्तित्व की भावना, जहां यहूदी, अरब और फारसी समुदाय साझा इतिहास व संस्कृति को अपनाएं; युद्धोन्माद के बजाय अहिंसक संवाद और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता को प्राथमिकता दी जाए; तथा धर्म और राष्ट्रवाद से ऊपर उठकर मानवीय सहिष्णुता और करुणा को पुर्नस्थापित किया जाए।**

यह वक्तव्य गांधीजी की उस मूल सोच को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें वे धर्म या इतिहास के आधार पर भूमि के स्वामित्व को अस्वीकार करते हैं। उन्होंने अरबों के अधिकार को प्राथमिकता दी और यहूदियों से आग्रह किया कि वे अरबों के साथ अहिंसा और सहयोग के आधार पर सह-अस्तित्व का मार्ग अपनाएं।

गांधीजी ने इज़राइल के गठन से पहले फिलिस्तीन में चल रहे यहूदी आतंकवाद की निंदा की थी, इसे नैतिक पतन बताया। उन्होंने कहा था कि हिंसा से प्रतिशोध न्याय नहीं होता और आतंकवाद किसी धर्म या उद्देश्य को पवित्र नहीं करता। वे मानते थे कि यहूदियों को केवल उसी पर संतोष करना चाहिए जिसे वे अपने ईश्वर यहोवा से विरासत में प्राप्त मानते हैं। उन्हें अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए न तो ब्रिटिश सत्ता पर निर्भर रहना चाहिए, न ही अमेरिकी समर्थन की आस रखनी चाहिए।

गांधीजी के अनुसार, न्याय का मार्ग आत्मनिर्भरता, नैतिक बल और आपसी सौहार्द के आधार पर ही टिकाऊ हो सकता है। गांधीजी ने अरबों को यह संदेश दिया था कि वे धैर्य, संयम और अहिंसा का मार्ग न छोड़ें। उन्होंने अरबों से आग्रह किया था कि यहूदियों से उनका विरोध अस्मिता के आधार पर हो, घृणा के आधार पर नहीं। यह एक संतुलित दृष्टिकोण था, जिसमें संघर्ष का समाधान नैतिक आधार पर खोजा गया।

गांधीजी ने ईरान को भारत का आत्मीय व सांस्कृतिक मित्र माना था और दोनों देशों के संबंधों को सांस्कृतिक व आध्यात्मिक आधार पर परिभाषित किया था। 'जेंद-अवेस्ता' (पारसी धर्म का प्रमुख ग्रंथ है जिसमें पारसी धर्म के संस्थापक पैगंबर जरथुस्त्र की शिक्षाओं और सिद्धांतों का संग्रह है) जैसे ग्रंथों में निहित समन्वय को वे सम्मान का प्रतीक मानते थे। जनवरी 1948 की एक प्रार्थना सभा में व्यक्त ये विचार प्रेम और भाईचारे को सच्चे धार्मिक मूल्य के रूप में प्रस्तुत करते हैं। गांधीजी का दृष्टिकोण भारत-ईरान संबंधों को शांति और सहयोग के आधार पर मजबूत करने की प्रेरणा देता है। वे पश्चिम एशिया के साथ भारत के संबंधों को महत्वपूर्ण मानते थे और इसे एशियाई एकता के प्रतीक के रूप में देखते थे।

वर्ष 2024 में इज़राइल के लेबनान और गाजा में हवाई हमले और ईरान के प्रॉक्सी संगठनों (जैसे हिजबुल्लाह) के जवाबी हमलों ने तनाव बढ़ाया है। साइबर युद्ध और सामरिक धमकियां क्षेत्र को अस्थिर कर रही हैं। इज़राइल का यहूदी राष्ट्रवाद, सुरक्षा के नाम पर सैन्य कार्रवाइयां और ईरान की धार्मिक कट्टरता व प्रॉक्सी युद्ध गांधीजी की संवाद, सह-अस्तित्व और सत्याग्रह की नैतिक दृष्टि के विपरीत हैं। इस संघर्ष में मानवीयता को सबसे अधिक क्षति पहुंच रही है।

गांधीजी की सोच के आलोक में इज़राइल-फिलिस्तीन और इज़राइल-ईरान संघर्ष का दीर्घकालिक समाधान इन सिद्धांतों में निहित है—साझा सह-अस्तित्व की भावना, जहां यहूदी, अरब और फारसी समुदाय साझा इतिहास व संस्कृति को अपनाएं; युद्धोन्माद के बजाय अहिंसक संवाद और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता को प्राथमिकता दी जाए; तथा धर्म और राष्ट्रवाद से ऊपर उठकर मानवीय सहिष्णुता और करुणा को पुर्नस्थापित किया जाए।

भारत, जो बुद्ध और गांधी की धरती है और आज एक उदीयमान वैश्विक शक्ति है, उसकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह इज़राइल-फिलिस्तीन और इज़राइल-ईरान जैसे संघर्षों में शांतिपूर्ण समाधान का मार्ग प्रशस्त करे। इन जटिल मुद्दों को केवल सामरिक या धार्मिक चश्मे से देखना एक सीमित दृष्टिकोण है। भारत को चाहिए कि वह मध्यपूर्व के देशों के बीच संवाद, न्याय और अहिंसा का सेतु बने।

विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या और लोकतंत्र के रूप में ख्यात भारत की जिम्मेदारी बनती है कि वह 'संयुक्त राष्ट्र संघ,' 'ब्रिक्स,' 'जी-7' व 'जी-20,' 'शंघाई सहयोग संगठन' जैसे मंचों पर हथियारों की होड़ और सैन्य आक्रामकता का स्पष्ट विरोध करे। हाल के वर्षों में भारत की कुछ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मतदान से अनुपस्थिति उसकी नैतिक और लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं कही जा सकती।

भारत को तटस्थता से ऊपर उठकर शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, संवाद और न्याय के पक्ष में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। भारत को चाहिए कि वह केवल रणनीतिक संतुलन बनाए रखने तक सीमित न रहे, बल्कि संवाद, न्याय और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पक्ष में स्पष्ट व सक्रिय भूमिका निभाए—ताकि वह केवल एक क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक नैतिक नेतृत्व का प्रतीक बन सके।

भारत और ईरान के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध गांधीजी के विचारों से प्रेरित रहे हैं। ऐसे में भारत का कर्तव्य है कि वह ईरान को अलग-थलग करने के प्रयासों में भागीदार बनने के बजाय उसे संवाद और सहयोग की प्रक्रिया में सहभागी बनाए। महात्मा गांधी हमें एक व्यापक नैतिक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं, जिसमें सत्य, अहिंसा, समता और सह-अस्तित्व जैसे मूल्यों के आधार पर समाधान की तलाश की जाती है। आज का विश्व यदि गांधीजी के उस नैतिक चश्मे से इन समस्याओं को देख सके, तो न केवल फिलिस्तीन बल्कि पूरा पश्चिम एशिया एक बार फिर शांति, सहयोग और मानवता की राह पर लौट सकता है।

**(लेखक व सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)**



## ललित सुरजन की कलम से

### कविता:अमेरिका को फिर अमेरिका बनने दो

*- लैंगस्टन ह्यूज़*
*(1902-1967)*
*विख्यात अफ्रीकी-अमेरिकी कवि*

*ओह! अमेरिका को फिर बनने दो*
*अमेरिका*
*वह धरती जो अभी तक*
*बन नहीं पाई है,*
*लेकिन जिसे बनना ही चाहिए- वह धरती*
*जहाँ हर मनुष्य हो स्वाधीन*
*वह धरती जो मेरी हो*
*गरीब की, आदिवासी की, नीग्रो की*
*हाँ, वह धरती हो मेरी,*
*मैं, जिसने बनाया अमेरिका,*
*बनाया अमेरिका*
*जिसके स्वेद और लहू ने,*
*जिसके विश्वास और पीड़ा ने,*
*मशीन पर चले जिसके हाथ,*
*बरसात में चला जिसका हल,*
*वही लौटा कर लाएगा हमारा सुनहरा स्वप्न।*
*मुझे परवाह नहीं, तुम मुझे गालियाँ दो,*
*किसी भी भाषा में पुकारो,*
*स्वाधीनता की इस्पाती चादर पर*
*दाग नहीं पड़ेंगे,*
*हमारी ज़िंदगी को चूस लिया*
*जिन्होंने जोंक बन कर,*
*उनसे वापिस लेना ही है*
*हमें हमारी धरती*
*अमेरिका!*
*हाँ, सचमुच*
*मैं साफ-साफ कहता हूँ,*
*अमेरिका मेरे लिए कभी*
*अमेरिका नहीं था,*
*लेकिन मैं शपथ लेता हूँ*
*अमेरिका होगा।*
*खूनी गिरोहों के विध्वंस और*
*मौत के नाच के बावजूद,*
*बलात्कार, झूठ, कदाचार,*
*षड़यंत्र और रिश्वत की सड़न के बाद भी,*
*हम, जो जन हैं, लौटा कर लाएंगे*
*धरती, खदान, वृक्ष, नदियाँ,*
*पहाड़ और अंतहीन मैदान और*
*हरियाली के सारे दृश्य*
*हाँ, वे सारे दृश्य*
*और अमेरिका को फिर बनाएंगे।*

***रूपांतर- ललित सुरजन***

https://lalitsurjan.blogspot.com/2020/11/blog-post.html

## गुरुवाणी विचार

### बिलावल महला 9

हरि के नाम बिना दुख पावै
भक्ति बिना सहसा नहीं चूके
गुरु के ऐह भेद बतावै (रहाओ
कहा भोग तीरथ बरत कीये, राग सरण नहां आवे
जोग जग निहफल तहि मानयो डो प्रभु जस विसरावै
मान मोह दोनो कौ परहरि, गोविंद के गुण गावै
कहो नानक ऐह विध को प्राणी, जीवन मुक्त कहावै।

इस शब्द द्वारा नौवें नानक गुरु तेगबहादुर जी फरमा रहे हैं कि हमें हरि के नाम सिमरन बिना कभी सुख प्राप्त नहीं हो सकता। हमेशा दुखों की प्राप्ति होती रहेगी। हम चाहे कितने भी कर्मकांड करते रहें, तीर्थों में जाकर स्नान करते रहें सब व्यर्थ है अगर हमने परमात्म चिंतन नहीं किया। साध संगत मैं जाकर कथा कीर्तन श्रवण नहीं किया और उस पर अमल नहीं किया।

गुरवाणी में कहा गया है कि तुम्बी (सूखी लौकी) को पूरे तीर्थों में स्नान करा कर लाया जाए तो भी उसका कड़ुआपन खत्म नहीं होता। यथा-

लौकी अठसठ तीरथ नावै, कौड़ापन तोन जावै। एवं
हिरदे कपट मुख गियानी,
झूठे कहा बिलौवस पानी।

फिर गुरुदेव फरमा रहे हैं कि बिना हरि भजन के हमारी शंकाओं का समाधान नहीं हो सकता। यह गूढ़ रहस्य की बात है इसलिए हरि परमात्मा का सिमरन करते रहना चाहिए। अगर हम मन की बातों में ही चलते रहे तो फिर हमारा इस संसार समुद्र से पार उतरना असंभव है क्योंकि मन तो हर वक्त पांच बटमारों (काम, क्रोध,लोभ, मोह, अहंकार) के अधीन रहता है और यह बटमार उसे प्रभु सिमरन से हमेशा दूर करने में ही लगे रहते हैं और सांसारिक सुख-सुविधाओं में विषय विकारों में ही उसे लगाये रखते हैं। अतएव हमें मन के उलट काम करना पड़ेगा क्योंकि मन कभी नहीं चाहेगा कि अमृतवेले उठ कर स्नान धियान कर प्रभु सिमरन करूं। साध संगत में जाकर कीर्तन, कथा श्रवण करूं परन्तु हमें ये सब करना पड़ेगा क्योंकि बिन हरि भजन नहीं छुटकारा। हमें ऐसे भले लोगों की संगत करनी है जो फूल की तरह कांटों के बीच भी खिलकर भी प्रसन्न रहता है और मीठी सुगंधी प्रदान करता रहता है और टूटने के बाद भी श्रीहरि के चरणों में या किसी के गले का हार बन जाता है। हमें ज्ञानी लोगों की संगत करनी चाहिए जो अधिक पाकर भी कभी गर्व नहीं करते।

हमें हर वक्त यथा शक्ति दूसरों की भलाई ही करनी चाहिए। तीर्थों में स्नान करने, व्रत रखने से कुछ होने वाला नहीं है अगर हमने प्रभु चिंतन में मन नहीं लगाया तो हमारा तीरथ व्रत करना सब व्यर्थ है। गुरवाणी में कहा गया है कि अगर तीर्थ स्नान करने से मन का मैल उतर सकता तो पानी में रहने वाले मेंढक, मछली अन्य जीव जन्तुओं की मुक्ति हो जाती।

तीरथ नहाये न उतरस मैल,
करम धरम सब हऊमें फैल।

इसी प्रकार व्रत करते रहें, तपस्या में जुड़े रहें परन्तु मन सांसारिक चिंताओं में ही डूबा रहे तो भी हमें परमात्मा मिलने वाला नहीं है-

कहां भयो जो दोऊ लोचन मूंद के।
बैठ रहियो बक धियान लगाओ।।

इसलिए हर वक्त प्रभु कीरत का बखान करते रहो। हाथों से अपना सांसारिक काम करते रहो क्योंकि उदर पोषण के लिए भी जरूरी है परन्तु मन को प्रभु चरणों में हर वक्त लगाये रहो। झूठे सांसारिक मोहपाश में मत बंधे रहो।

**-इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### इजरायल-ईरान युद्ध में अमेरिका का दखल द्यईरान के फोर्दो,नातंज और इस्फ़हान में हमला

ईरान-इजरायल और अमेरिका के ट्रायंगल ने नया मोड़ ले लिया है। इजरायल-ईरान युद्ध के तनाव को अमेरिका की एंट्री ने और बढ़ा दिया है। इजरायल ईरान के भीषण युद्ध में जहां इसराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान सहित ईरान के सत्ता प्रमुख अयातुल्लाह खेमनेई को खत्म करने की ठान ली है। वहीं ईरान ने जवाबी हमले में तेल अबीब के गैस और तेल के ठिकानों सहित स्टॉक एक्सचेंज, अस्पताल सहित अनेक नागरिक केंद्रों को बर्बाद कर दिया है। ईरान की टारगेटेड मिसाइल को इजरायल रोक पाने में असफल रहा है। वैसे अब इजरायल के पास ईरान को रोकने के लिए उतने अस्त्र-शस्त्र शेष नहीं बचे क्योंकि विगत एक साल से ज्यादा उसकी लड़ाई हमास, हिजबुल और हूती विद्रोहियों के साथ गजा पट्टी तथा फिलिस्तीन पर चल रही है। अब इजरायल में वह दम-खम नहीं रहा जिसके लिए वह जाना जाता है। जबकि ईरान के पास अभी सैकड़ों मिसाइल्स का भंडार बचा हुआ है जिसके दम पर वह इजरायल के शहरों में ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। इजरायल ने इन परिस्थितियों में अमेरिका से ईरान पर हमले की गुजारिश भी की थी, और अमेरिका ने बीती रात अपने सबसे खतरनाक एयर स्ट्राइकर से ईरानी परमाणु ईंधन केंद्रों जिनमें प्रमुख फोर्दो,नतांज और इस्फ़हान हैं जिनके गहरे बंकरों में वह परमाणु ईंधन छुपा कर रखता है पर हमला कर दिया है। समाचार एजेंसी के अनुसार इनमें एक फोर्दो सबसे बड़ा परमाणु ईंधन भंडारण जो पूरी तरह तबाह हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले की पुष्टि भी कर दी है उन्होंने अपने मीडिया हैंडल में लिखा है कि हमने इन तीन परमाणु भंडारण केंद्र में हमले कर उसे तबाह करने की कोशिश की है और हमारे दोनों फाइटर प्लेन सुरक्षित वापस अमेरिका आ चुके हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि हमले हो सकते हैं इजरायल के प्रधानमंत्री ने कहा कि शांति का रास्ता हमले से होकर जाता है। हीरा की सट्टा प्रमुख ने इसके जवाब में कहा है कि हमले रुकेंगे नहीं और अब शांति प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि मिडिल ईस्ट में इजरायल के अलावा किसी के पास परमाणु बम नहीं है। वैसे तो घोषित तौर पर इजरायल के पास भी परमाणु बम नहीं है पर रक्षा विशेषज्ञ बताते हैं कि इजरायल ने परमाणु बम बना लिया है एवं वह इस दुनिया के सामने इसकी घोषणा नहीं करता है। इन परिस्थितियों में ईरान अमेरिका तथा इजरायल के सामने अलग-थलग पड़ गया है। इसका एक बड़ा कारण मिडिल ईस्ट में शिया तथा सुन्नी समुदाय का आंतरिक विरोध भी है।

इन परिस्थितियों के परिणामस्वरुप यदि ईरान इजरायल पर हमले जारी रखता है तो इजरायल,अमेरिका,यूरोपीय देश और नाटो संगठन ईरान के विरुद्ध हमले करने से पीछे नहीं हटेगें जो किसी भी विश्व युद्ध से कम नहीं होगा। इजराइल ईरान और अमेरिका के युद्ध में मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण भारत के लिए एक कठिन परीक्षा की घड़ी होगी। भारत के संबंध ईरान से बहुत पुराने हैं और वह ईरान से क्रूड ऑयल भी आयात करता है दूसरी तरफ भारत के इजरायल से बड़े अच्छे मैत्रीपूर्ण संबंध रहे है अब भारत को किसी एक देश को समर्थन देना राजनीतिक तौर पर बहुत कठिन एवं असमंजस वाला होगा। दोनों के बीच युद्ध और बढ़ता है तो मिडिल ईस्ट में बड़ी संख्या में रहने वाले भारतीय प्रवासियों तथा ईरान से आने वाले क्रूड ऑयल के मार्ग पर भी बाधा उत्पन्न हो सकती है जिससे पेट्रोल-डीजल भारत में महंगे होकर इस महंगाई और बढ़ सकती है। इसका असर देश की आवश्यक वस्तुओं पर भी पड़ सकते हैं। इसलिए बेहतर यह होगा कि भारत इजरायल-ईरान युद्ध विराम के प्रयासों को बढ़-चढकर समर्थन प्रदान करे।

**-संजीव ठाकुर**

## इजरायली सेना ने गाजा से तीन मृत बंधकों का शव लौटाया

**तेल अवीव,** 22 जून (एजेंसियां)। इजरायली सेना ने एक विशेष अभियान के दौरान गाजा पट्टी में मिले तीन मृत बंधकों के शव वापस लौटा दिए हैं। यह जानकारी इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने रविवार को दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि इज़रायली सुरक्षा एजेंसी (आईएसए) और इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) द्वारा चलाए गए एक विशेष अभियान में बंधकों ओफ्रा केदार, योनातन समेरानो और स्टाफ सार्जेंट शे लेविंसन के शव कल गाजा पट्टी से बरामद किए गए। इजरायली सेना ने कहा कि वे सभी सात अक्टूबर 2023 को इज़रायल पर हमास के हमले के दौरान मारे गए थे। सात अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी की ओर से इजरायल पर अभूतपूर्व रॉकेट हमला किया गया।

### पाकिस्तान ने की अमेरिकी हमले की निंदा, बोला

# ईरान को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत बचाव करने का अधिकार

■ **तनाव बढ़ने से क्षेत्र व उससे बाहर गंभीर हानिकारक प्रभाव पड़ने की आशंका**

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने ईरान पर अमेरिकी हवाई हमले की निंदा की है। क्षेत्र में तनाव बढ़ने की आशंका जताते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान के पास आत्मरक्षा का अधिकार है।

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने रविवार को अपने बयान में कहा कि इजरायल के बाद अमेरिका की ओर से ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी पर किए हमलों की पाकिस्तान निंदा करता है। हम इस क्षेत्र में तनाव के और बढ़ने की आशंका से बेहद चिंतित हैं। हम दोहराते हैं कि यह हमले अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों का उल्लंघन करते हैं। ईरान को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत खुद का बचाव करने का वैध अधिकार है।

बयान में आगे कहा गया कि ईरान के खिलाफ चल रहे आक्रमण के कारण तनाव और हिंसा में वृद्धि बेहद परेशान करने वाली है। तनाव बढ़ने से क्षेत्र और उससे परे गंभीर रूप से हानिकारक प्रभाव पड़ेंगे। हम लोगों



के जीवन और संपत्तियों का सम्मान करने और संघर्ष को तुरंत खत्म करने की अनिवार्य आवश्यकता पर जोर देते हैं।

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और उद्देश्यों के अनुरूप संवाद और कूटनीति ही इस क्षेत्र में संकट का समाधान निकालने का एकमात्र व्यावहारिक मार्ग है। अमेरिका ने भारतीय समय के अनुसार रविवार सुबह 4.30 बजे ईरान के तीन प्रमुख न्यूक्लियर साइट्स पर हमला किया। इनमें फोर्डो, नतांज और एस्फाहान शामिल हैं। इस हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान पिछले 40 साल से अमेरिका के खिलाफ काम कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि हमले के पीछे का मकसद ईरान की न्यूक्लियर एनरिचमेंट कैपेसिटी को बर्बाद करना था। पाकिस्तान का यह बयान इसलिए हैरान करने वाला है क्योंकि एक दिन पहले ही उसने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की वकालत की थी।

## आईडीएफ ने जो शुरू किया उसे अमेरिका ने अंजाम तक पहुंचाया : नेतन्याहू



**तेल अवीव।** अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख न्यूक्लियर साइट्स फोर्डो, नतांज और एस्फाहान पर हमला कर तबाह करने का दावा किया है। पूरा अपडेट राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में दिया। इस एयर स्ट्राइक के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका को अपना करीबी मित्र बताया। हिब्रू भाषा में जारी वीडियो स्टेटमेंट में इजरायली पीएम ने कहा कि इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने जो शुरू किया उसे अमेरिका ने अंत तक पहुंचाया।बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने संघर्ष की शुरुआत से ही ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी तबाह करने का वादा पूरा कर दिया है। अमेरिका ने ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी के खिलाफ वह काम पूरा किया है, जिसे आईडीएफ ने 13 जून को शुरू किया था। नेतन्याहू ने कहा कि ऑपरेशन की शुरुआत में, मैंने आपसे वादा किया था कि ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी को किसी न किसी तरह से तबाह कर दिया जाएगा। यह वादा पूरा किया गया है। इजरायली पीएम ने अमेरिकी प्रेसिडेंट से टेलीफोन पर हुई।

## भयानक खतरे से निपटने के लिए हमने एक टीम के रूप में किया काम : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान की न्यूक्लियर साइट्स पर हमला किया है। इस हमले के कुछ घंटों बाद ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और इजरायली सेना को अमेरिका के साथ काम करने के लिए धन्यवाद दिया। शनिवार (अमेरिकी समय) को हमलों के कुछ ही घंटों बाद ट्रंप ने मीडिया को संबोधित किया। ट्रंप ने नेतन्याहू (उन्हें उनके उपनाम 'बीबी' से पुकारते हुए) के प्रति आभार जताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री बीबी नेतन्याहू को धन्यवाद और बधाई देना चाहता हूं। हमने एक टीम के रूप में काम किया, जैसा शायद पहले कभी किसी टीम ने नहीं किया। हम इजरायल के लिए इस भयानक खतरे को मिटाने के लिए बहुत आगे बढ़ चुके हैं। मैं इजरायली सेना को उनके शानदार काम के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका ने ईरान में तीन न्यूक्लियर साइट्स पर बमबारी की है। इसके साथ ही उन्होंने तेहरान को चेतावनी दी है कि जब तक वह इजरायल के साथ अपना संघर्ष खत्म नहीं करता, तब तक वह और सटीक हमले करेगा। इन टारगेटेड लोकेशन में अत्यधिक सुरक्षित फोर्डो, नतांज और एस्फाहान न्यूक्लियर फैसिलिटी शामिल हैं।

# कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ दो और सीमा चौकी बंद की



■ **दोनों आसियान सदस्य देशों के बीच चल रहा सीमा विवाद**

**नोम पेन्ह,** 22 जून (एजेंसियां)। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने रविवार को कहा कि थाईलैंड के साथ दो और सीमा चौकियों को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि दोनों आसियान सदस्य देशों के बीच कुछ समय से सीमा विवाद चल रहा है। श्री मानेट ने कहा कि थाई सेना ने शनिवार रात कंबोडिया के ओद्दार मीन्चे प्रांत के गवर्नर को रविवार से चौब कोरकी सीमा चौकी बंद करने के अपने एकतरफा निर्णय की जानकारी दी। श्री मानेट ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि मैं गवर्नर से सहमत हूं कि हम उस सीमा चौकी को भी स्थायी रूप से बंद कर देंगे। मैंने गवर्नर को थाई पक्ष को यह भी सूचित करने का निर्देश दिया कि कंबोडिया ने आज से चौब कोरकी सीमा चौकी के साथ-साथ चोआम में एक और सीमा चौकी को भी बंद करने का निर्णय लिया है। कंबोडियाई प्रधानमंत्री ने कहा कि सात जून से थाई सेना ने दोनों देशों के नागरिकों पर पड़ने वाले इसके नकारात्मक प्रभावों पर उचित विचार किए बिना ही कंबोडिया एवं थाईलैंड के बीच सीमा चौकियों को एकतरफा रूप से बंद कर दिया।

श्री मानेट ने कहा कि कंबोडिया का कभी भी यह इरादा नहीं था कि वह दोनों देशों के नागरिकों के लिए कठिनाई उत्पन्न करे, जिन्हें सीमा चौकियों का उपयोग करने की आवश्यकता होती है। फिर भी अगर थाई सेना कंबोडिया पर दबाव डालने के लिए इस तरीके का उपयोग करना जारी रखती है तो कंबोडिया किसी भी समय इसका जवाब दे सकता है।

## संयुक्त राष्ट्र ने की शांति सैनिकों पर हुए घातक हमले की कड़ी निंदा

**याउंडे,** 22 जून (एजेंसियां)। मध्य अफ्रीकी गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र (संरा) शांति मिशन ने देश के उत्तर में गश्ती दल पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है जिसमें एक जाम्बियाई शांति सैनिक भी मारा गया।



संयुक्त राष्ट्र की बहुआयामी एकीकृत स्थिरीकरण मिशन के तहत सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक (मिनस्का) में गश्त कर रही टीम पर अज्ञात बंदूकधारियों ने हमला कर दिया। इस हमले में दो जांबियन शांतिरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें एक की बाद में मौत हो गई। बयान में कहा गया कि साल 2025 की शुरुआत से मिनस्का गश्त दलों पर यह तीसरा घातक हमला है।

मिशन प्रमुख वैलेंटाइन रुगवाबीज़ा ने चेतावनी दी कि ऐसे हमले अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध अपराध माने जा सकते हैं। उन्होंने सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक की सरकार से अपील की कि हमलावरों की पहचान कर उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाए। हाल के महीनों में देश में सुरक्षा हालात बिगड़े हैं। फरवरी और मार्च में हुए अलग-अलग हमलों में एक ट्यूनीशियाई तथा एक केन्याई शांतिरक्षक की भी मौत हो गई।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ **बेजान दारूवाला**

ग्रह स्थिति : सोमवार 23 जून, 2025 आषाढ़ कृष्ण पक्ष 12

### राशिफल

मेष - पारिवारिक और ऑफिस के मैटर्स पर आप सामंजस्य रखेंगे, तो संघर्ष कम होगा। वाणी पर संयम रखना हितकर होगा, अन्यथा किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। मित्रों से लाभ प्राप्त होगा।

वृषभ - दृढ़ विचारों के कारण अपने काम को अच्छी तरह से कर सकेंगे। आपकी कलात्मकता अधिक निखरेगी। आप नए वस्त्र, अलंकार, सौंदर्य प्रसाधन और मनोरंजन के पीछे धन खर्च करेंगे। परिवार में शांति और मेल-जोल बना रहेगा।

मिथुन - आज संयमित व्यवहार आपको बहुत सी तकलीफों से बचा लेगा। आपके व्यवहार के कारण गलतफहमी हो सकती है। शारीरिक पीड़ा के कारण मानसिक अस्वस्थता की अनुभूति होगी।

कर्क - आकस्मिक धन प्राप्ति का लाभ होगा। आज का दिन अत्यंत रोमांचक और आनंदप्रद बना रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यापारियों को मुनाफा वाले सौदे होंगे। पुत्र और पत्नी से लाभ होगा।

सिंह - आज का दिन नौकरी और व्यवसाय के लिए लाभदायक है। अपने काम से सभी को प्रभावित करेंगे। दृढ़ता और आत्मविश्वास के कारण अपने काम को अच्छी तरह से पूरा कर सकेंगे। अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे।

कन्या - आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा। चिंता के कारण मानसिक परेशान रहेंगे। शारीरिक रूप से स्फूर्ति का अभाव रहने से थकान और अशक्ति का अनुभव होगा, इससे काम में भी मन नहीं लगेगा।

तुला - आपको अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना होगा। कटुवाणी और खराब व्यवहार के कारण विवाद या मतभेद हो सकता है। उग्र स्वभाव और खर्च पर अंकुश रखें। आपके विरोधी अधिक सक्रिय बनेंगे।

वृश्चिक - आज आपका दिन आनंद और मौज-मस्ती से भरपूर रहेगा। दोस्तों का साथ मिलेगा। नए वस्त्र और आभूषण पहनने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही आप स्वादिष्ट भोजन प्रवास और मनोरंजन का आनंद लेंगे।

धनु - नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा और लाभदायक लग रहा है। आपको वित्तीय लाभ हो सकता है। सहकर्मी और सेवकों से सहायता मिलेगी। सभी काम में सफलता और प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे।

मकर - आज आप मानसिक रूप से काफी अशांत और असमंजस में रहेंगे। आप कोई भी ठोस निर्णय नहीं ले पाएंगे, जिससे तनाव में रहेंगे। भाग्य आज आपके साथ नहीं रहेगा, इससे आपको काफी निराशा का अनुभव होगा।

कुंभ - अत्यधिक संवेदनशील होने के कारण आज आप मानसिक बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। इस कारण जिद्दीपन आएगा। सार्वजनिक रूप से मानहानि न हो, इसका ध्यान रखें।

मीन - आज का दिन महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए शुभ है। विचारों में दृढ़ता रहेगी, काम अच्छी तरह से पूरे होंगे। सृजनात्मक और कलात्मक शक्ति में वृद्धि होगी। दोस्तों या परिजनों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1661 -सम्राट चार्ल्स द्वितीय का पुर्तगाल की राजकुमारी से विवाह हुआ और पुर्तगाल ने दहेज के तौर पर बम्बई को ब्रिटेन को सौंप दिया।

1757 -पलासी की लड़ाई में अंग्रेजों के हाथों सिराजुद्दौला की हार और वह ऊंट पर बैठकर निकल भागा।

1761 -मराठा शासक पेशवा बालाजी बाजी राव का निधन।

1810 -बाम्बे के डंकन डॉक का निर्माण कार्य पूरा।

1868 -क्रिस्टोफर एल शोल्स को टाइपराइटर के लिए पेटेंट मिला।

1953 -जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का कश्मीर में एक अस्पताल में निधन।

1960 -जापान और अमेरिका के बीच सुरक्षा समझौता।

1980 -पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के छोटे पुत्र संजय गांधी की विमान दुर्घटना में मौत।

1985 -एयर इंडिया का एक यात्री विमान आयरलैंड तट के करीब हवा में दुर्घटनाग्रस्त। सभी 329 यात्रियों की मौत।

1992 -न्यूयॉर्क के अपराध जगत के सरगना और क्षेत्र के सबसे बड़े माफिया परिवार के प्रमुख गोत्ती को धोखाधड़ी और हत्या के पांच मामलों में उम्रक़ैद की सजा सुनाई गई।

1994 -संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने दक्षिण अफ्रीका की सदस्यता को मंजूर किया।

1994 -उत्तरी कोरिया द्वारा परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाने की घोषणा।

1996 -शेख हसीना वाजिद ने बंगलादेश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

2008 -टायर बनाने वाली देश की प्रमुख कम्पनी जेके टायर इण्डिया लिमिटेड ने मैक्सिको की टायर कम्पनी टोर्नल एवं उसकी सहायक कम्पनियों का 270 करोड़ डालर में अधिग्रहण किया।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**अमेरिका ने ईरान के ...**

शामिल हुए। बी-2 बॉम्बर्स ने इन विमानों ने ईरान की फोर्डो और नतांज परमाणु साइटों पर करीब 1400 किलो के भारी बम गिराए। वहीं, इस्फहान पर टॉमहॉक मिसाइलें दागी गईं। जनरल केन ने बताया कि इस मिशन में धोखे की रणनीति भी अपनाई गई। कुछ बमवर्षक विमानों को प्रशांत महासागर की ओर भेजा गया, ताकि ईरान को लगे कि हमला उधर से होगा, जबकि असली हमला दूसरी दिशा से किया गया।

**अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय कानून का ...**

प्रत्येक सदस्य देश को इनका विरोध करना चाहिए। अराघची ने कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने के लिए मॉस्को जाएंगे। उन्होंने कहा, रूस ईरान का मित्र है। हम सोमवार को वह रूस से राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बैठक करेंगे।

**प्रधानमंत्री मोदी की तत्काल शांति बहाली की अपील**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से फोन पर बात की। पीएम मोदी ने मसूद पेजेशकियन के साथ मौजूदा स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और चिंता व्यक्त की। उन्होंने तत्काल तनाव को कम करने के लिए सभी मामलों को कूटनीति के जरिए सुलझाने और क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा बहाल करने की अपील की।

**अमित शाह ने किया ...**

और अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित होंगे। साइबर क्राइम, सड़क दुर्घटना विश्लेषण, मादक पदार्थों की जांच जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण से राज्य की कानून व्यवस्था को बल मिलेगा।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं अरुण साव, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, निदेशक आसूचना ब्यूरो तपन कुमार डेका, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, परिसर निदेशक एनएफएसयू गांधीनगर के प्रोफेसर डॉ एसओ जुनारे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

**उड़ान संचालन को लेकर...**

आकलन सुनिश्चित हो सके, तथा बारिश में या गीली हवाई पट्टी पर रात्रि परिचालन के दौरान होने वाले दृश्य भ्रम से निपटा जा सके। यह सर्कुलर हाल ही में केदारनाथ क्षेत्र में हुई हेलिकॉप्टर दुर्घटनाओं और श्रीनगर जा रही एक इंडिगो फ्लाइट में गंभीर टर्बुलेंस की घटना के बाद आया है।

परिचालन संबंधी अनिश्चितता पर जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव का हवाला देते हुए डीजीसीए ने उड़ान चालक दल को अत्यधिक सतर्कता बनाए रखने की सलाह दी है, 'जिसमें समय-सारिणी के पालन पर सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**बेटी, तुम आगे बढ़ो ...**

भागीदारी के लिए आवश्यक 1.70 लाख रुपए की फीस उनके लिए एक बड़ी बाधा बन गई थी।आर्थिक रूप से साधारण परिवार से आने वाली शालू के पिता प्राइवेट सुरक्षा गार्ड हैं और माँ एक छोटे से ब्यूटी पार्लर का संचालन करती हैं। बावजूद इसके शालू ने आठवीं कक्षा से सॉफ्टबॉल खेलना शुरू किया और अब तक एक गोल्ड मेडल सहित 12 बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने शालू डहरिया को वीडियो कॉल कर कहा बेटी, तुम आगे बढ़ोज हम सब तुम्हारे साथ हैं। छत्तीसगढ़ को तुम पर गर्व है। अच्छा खेलो, मेरी शुभकामनाएं तुम्हारे साथ हैं। देश और प्रदेश का नाम रोशन करो। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार बेटियों को केवल प्रोत्साहित नहीं करती, बल्कि ज़रूरत पड़ने पर उनके सपनों को पंख देने के लिए भी हमेशा तत्पर रहती है।

**संवेदनशीलता की मिसाल बनी यह पहल**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के दिशानिर्देश पर त्वरित अमल करते हुए जांजगीर चांपा कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने शालू को ?1.70 लाख की सहायता राशि का चेक सौंपा और प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। शालू की माता श्रीमती अल्का डहरिया ने मुख्यमंत्री श्री साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी की संवेदनशील पहल और आर्थिक सहायता से मेरी बेटी को अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय की यह पहल बताती है कि सरकार सिर्फ योजनाओं की घोषणा तक सीमित नहीं, ज़रूरत की घड़ी में हाथ पकड़कर साथ निभाने वाली साथी है। बेटियों के सपनों को साकार करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

**कोरोना से दो लोगों की ...**

प्रोटोकॉल के तहत मरीजों का उपचार किया जा रहा है। कोरोना संक्रमित मरीज की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत होने के बाद पीपीई किट पहनकर उनके शव का कोरोना प्रोटोकॉल के तहत अंतिम संस्कार किया गया। प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों के सामने आने के दौरान ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया गया था और लोगों को सतर्कता बरतते हुए कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने कहा गया है । वही सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ होने पर कोरोना की जांच करने की सलाह दी गई है। इस मामले में सीएमएचओ डा. नेतराम नवरत्न ने बताया कि दोनों ही मृतक अन्य बीमारियों से पीड़ित थे, संपर्क में आये लोगों की जांच की जा रही है। अभी कोरोना पॉजिटिव 4 एक्टिव मरीज है।

**10 महीने से फरार ...**

का करीबी माना जाता है। तेलीबांधा थाना में केके श्रीवास्तव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। श्रीवास्तव को लेकर ईओडब्ल्यू की टीम रायपुर के लिए रवाना हो गई है और देर रात रायपुर पहुंचेगी।

केके श्रीवास्तव पर आरोप है कि उसने भूपेश बघेल की सरकार में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में काम दिलाने के नाम पर दिल्ली की रावत एसोसिएट्स कंपनी से 15 करोड़ की ठगी की। रावत एसोसिएट्स के मालिक ने ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया कि श्रीवास्तव ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर कंपनी से 7 अलग-अलग बैंक खातों में 15 करोड़ रुपये जमा करवाए। रावत एसोसिएट्स कंपनी हाइवे कंस्ट्रक्शन और सरकारी ठेके निर्माण से जुड़ी काम करती है।

केके श्रीवास्तव की मुलाकात कंपनी के डायरेक्टर से 2023 में आध्यात्मिक गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णन के माध्यम से हुई थी। श्रीवास्तव ने खुद को भूपेश बघेल का करीबी बताते हुए ठेका दिलाने के नाम पर 15 करोड़ रुपये लिए, लेकिन काम नहीं दिलाया। पिछले एक साल से फरार श्रीवास्तव पुलिस और जांच एजेंसियों को चकमा देता आ रहा था। वह अपने फोन और लोकेशन को बदलता रहता था और देश के विभिन्न हिस्सों में रहकर छिपा था।

ईडी ने भी के.के. श्रीवास्तव के खिलाफ पीएमएलए के तहत जांच शुरू की है। श्रीवास्तव पर आरोप है कि उन्होंने एक ठेके का आश्वासन देकर 15 करोड़ रुपये की ठगी की, साथ ही दिल्ली-मुंबई में फर्जी खातों के जरिए 500 करोड़ रुपये से अधिक का संदिग्ध लेनदेन किया। इतनी बड़ी रकम के ट्रांजेक्शन के संबंध में दावा किया जा रहा है कि भूपेश बघेल सरकार के दौर पर हुए घोटालों की ही यह रकम है।

फिलहाल केके श्रीवास्तव के खिलाफ अभी सिर्फ रायपुर पुलिस ने ही एफआईआर दर्ज की है। बाकी ईओडब्ल्यू अन्य मामलों की जांच कर रही है। ब्यूरो की जांच में यह खुलासा हुआ है कि श्रीवास्तव ने तीन-तीन करोड़ रुपये के तीन चेक जारी किए थे, जिन्हें स्टॉप पेमेंट के कारण रद्द कर दिया गया। इसके अलावा, श्रीवास्तव पर धोखाधड़ी के दस्तावेज तैयार करने के भी आरोप हैं। जिनमें छत्तीसगढ़ सरकार और ग्लोमैक्स इंडिया के नाम से फर्जी एग्रीमेंट शामिल थे। केके श्रीवास्तव की गिरफ्तारी के बाद इस ठगी से जुड़े मामले में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। ईओडब्ल्यू सोमवार को केके श्रीवास्तव को स्पेशल कोर्ट में पेश कर रिमांड की मांग कर सकती है। रिमांड मिलने के बाद श्रीवास्तव से पूछताछ में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं।

**बारिश में भी पूरी ताकत से ...**

आवश्यकता नहीं है। सरकार पर भरोसा करिए, हथियार डालिए, और मेनस्ट्रीम में जुड़ जाइए।और छत्तीसगढ़ की विकासयात्रा में आप अपने आप जुड़ जाएंगे ढेर सारे लोगों ने हथियार डाले हैं, उनका सामाजिक जीवन में मन से स्वागत करता हूं। विश्वास दिलाता हूं कि केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है, उन वादों को पूरा करेंगे, और उससे अधिक भी आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।

## सुडोकू 6952

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 6 | | | | | |
| 7 | | 3 | | | 1 | 8 | | 5 |
| | 5 | | | 8 | 4 | | | |
| | | 2 | | | | | 5 | 4 |
| | | 6 | | | | 9 | | |
| 4 | 7 | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | 9 | | | 1 | |
| 1 | | 9 | 8 | | | 3 | | 7 |
| | | | | | 3 | | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6952

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. विष्णु की माला. झंडा, चिन्ह, विजय माल
३. पारा
५. रचना, बनावट, उत्पादन
६. सूर्यपुत्री, यमुना
७. मूर्ख, नादान, अविवेकी (उर्दू)
९ .सहायता(उर्दू)
१०. झुका हुआ गिरा हुआ, पिछड़ा हुआ, विनीत
१२. पाचनशक्ति(उर्दू)
१३. कोमल, नरम
१४. बूढ़ा आदमी
१६. देखना, एकटक देखना
१८. शीतल और मंद वायु
२०. राजा सगर के साठ हजार पुत्रों को शाप देकर भस्म कर देने वाले एक मुनि, भूरा, बादामी
२१. बुद्धिमानी
२३. अंधकार से दूर करने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. पृथ्वी और यमलोक के बीच एक पौराणिक नदी
२. यंत्रयोग से बंधा हुआ, ताला लगाया हुआ जकड़ा हुआ बंद किया हुआ
३. युद्धभूमि में होने वाली आवाज
४. चार दिशाओं में से एक
५. धन सुख, स्वादिष्ट भोजन, ईश्वर की देन(उर्दू)
८. बेकार काम करना, वक्त बरबाद करना (मुहावरा)
१०. अपवित्र, नापाक
११. कमल
१२. स्थिति, दशा(उर्दू)
१३. शिकार, आखेट
१४. वर्षा करने वाला, मेघ
१५. अज्ञानता(उर्दू)
१७. भैंस का नर बच्चा
१८. वृद्धि करना
१९. रचनाकार
२२. गन्ना

### वर्ग पहेली-6951

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ इ | बा | २ र | त | ■ | ■ | ३ प | र | ४ जी | वी |
| ष्ट | ■ | ह | ■ | ५ स | वा | ल | ■ | व | ■ |
| ६ दे | व | ना | ग | री | ■ | ७ ट | मा | ट | ८ र |
| व | ■ | ■ | ■ | ९ सृ | ज | न | ■ | ■ | वि |
| ■ | १० अ | भि | ११ शा | प | ■ | ■ | १२ नि | शां | त |
| ■ | र्ज | ■ | बा | ■ | १३ वि | ध | वा | ■ | न |
| १४ व | न | १५ वा | सी | ■ | र | ■ | १६ स | १७ म | य |
| श | ■ | रां | ■ | १८ अं | त | १९ र | ■ | हे | ■ |
| २० व | र्षां | ग | ■ | ब | ■ | २१ ज | ला | श | २२ य |
| र्ची | ■ | २३ ना | फ | र | मा | नी | ■ | ■ | क्ष |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### नासा ने टाल दी एक्सिओम 4 मिशन की लॉन्चिंग

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। नासा ने एक्सिओम मिशन 4 को एक बार फिर टाल दिया है। ये मिशन पोलैंड और हंगरी के साथ-साथ भारत के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है। इसमें भारत अपना अंतरिक्ष यात्री भी भेजेगा, जिसके लिए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को चुना गया है। इसके पहले भी अलग-अलग वजहों से मिशन को कई बार टाला जा चुका है। एक्सिओम मिशन 4 पूरी तरह से निजी मिशन है, जिसे एक्सिओम स्पेस, नासा और स्पेसएक्स मिलकर संभाल रहे है। भारत भी इस मिशन पर 550 करौड़ रुपए खर्च कर रहा है।

एक्सिओम मिशन-4 को इस बार टालने की वजह इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के रूसी मॉड्यूल ज्वेज्दा में एयर लीक की समस्या है, जिससे प्रेशर सिग्नेचर की स्थिति बन गई थी। मरम्मत के बाद वहां से आ रहे डेटा को रिव्यू करने के लिए अधिक समय की जरूरत है, जिसके कारण फिर से मिशन को टाला गया है। इसके पहले 22 जून को लॉन्चिंग तय की गई थी, लेकिन नासा लॉन्चिंग से पहले मिशन और अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से पूरी संतुष्टि चाहता है। नई तारीख की घोषणा जल्द की जाने की उम्मीद है।

# खेल जगत

## शुक्ल ने अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप का किया शुभारंभ

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रविवार को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप का शुभारंभ किया। 'नशा छोड़ो-खेल-खेलो' थीम पर आधारित इस चैम्पियनशिप का आयोजन हिमाचल प्रदेश प्रोफेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। श्री शुक्ल ने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रहे राजा वीरभद्र सिंह की याद में इस चैम्पियनशिप का आयोजना करवाना उनके प्रति लोगों की सच्ची श्रद्धांजलि है। दूरदर्शिता और समर्पण भाव से परिपूर्ण उनका जीवन, प्रदेश के लोगों को पीढ़ी दर पीढ़ी प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वह हिमाचल के दूरदर्शी नेता होने के साथ-साथ राजनीति के दिग्गज थे जिन्होंने हिमाचल प्रदेश के समग्र विकास में अमूल्य योगदान दिया।



# पंत नंबर 5 पर लगातार कर रहे बेहतर प्रदर्शन : रवि शास्त्री

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध हैं और उन्होंने नंबर 5 पर उनकी निरंतरता की सराहना की।

भारत के उप-कप्तान ने अपना सातवां टेस्ट शतक और इंग्लैंड में तीसरा शतक लगाया, जो किसी भी मेहमान विकेटकीपर द्वारा बनाया गया सर्वश्रेष्ठ है। अब वह भारत के लिए विकेटकीपर के रूप में सबसे अधिक टेस्ट शतकों का रिकॉर्ड रखते हैं, जो एमएस धोनी के छह शतकों से आगे निकल गए हैं। शास्त्री ने बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा कि सबसे पहले, वह कमाल के हैं। मैंने पहले दिन भी ऐसा देखा। और मुझे जो दिखा, वह पसंद आया। क्योंकि वह बाकी खिलाड़ियों से



अलग हैं। वह अपनी शर्तों पर खेलते हैं। कई बार, वह नंबर गेम खेलते हैं। कई बार, वह वही करते हैं जो उनका मन कहता है। मेरे लिए ऋषभ पंत ऐसे ही हैं। उन्होंने कहा कि यह एक पैकेज है। टेस्ट मैच में यह बेहद खतरनाक हो सकता है। और मुझे लगता है कि जब से वह नंबर पांच पर आया है, तब से वह बेहद लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 134 रनों की शानदार पारी खेली और कप्तान शुभमन गिल के साथ 209 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी में भी शामिल रहे, जिन्होंने टेस्ट कप्तानी की अपनी पहली पारी में 147 रन बनाए, जो इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर भी है। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने पंत की मौजूदगी और मैच की किसी भी स्थिति पर उनके प्रभाव पर प्रकाश डाला। उदाहरण के लिए, यदि आप तीस रन पर तीन विकेट खो चुके हैं, तो आप किसी और को भेजने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। लेकिन उसके साथ, वह इतना आक्रामक है कि वह खेल का रुख बदल सकता है। और फिर, आप जानते हैं, दूसरों के लिए इसका अधिकतम लाभ उठाना। इसे देखने का दूसरा तरीका यह है कि क्या उसे आज जैसा मंच मिला है।

## पंत ने टेस्ट मैच में शतक बनाने का रिकॉर्ड तोड़ा



**लीड्स।** इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में अपना सातवां टेस्ट शतक लगाने वाले विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि उन्होंने शुरू में तीन जश्न मनाने के तरीकों पर विचार किया था, लेकिन आखिरकार उन्होंने एक जाना-पहचाना तरीका चुना - फ्रंट हैंडस्प्रिंग। पंत ने आश्चर्यजनक 134 रन बनाए और अब भारत के लिए विकेटकीपर के रूप में सबसे अधिक टेस्ट शतक बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है, उन्होंने दिग्गज एमएस धोनी के छह शतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। यह पंत का इंग्लैंड में तीसरा टेस्ट शतक भी था - जो एक बड़ी उपलब्धि है, देश में किसी भी अन्य मेहमान विकेटकीपर के नाम एक से अधिक टेस्ट शतक नहीं है। पंत ने तीसरे दिन के खेल से पहले भारत के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के साथ बातचीत में कहा कि मेरे दिमाग में तीन जश्न थे - आंख पर ओके का संकेत (जो फुटबॉलर डेले एली करते हैं), दूसरा 'बल्लेबाज को बोलने दें'।

## जसप्रीत बुमराह भारत के सर्वकालिक महानतम तेज गेंदबाज हैं : रवि शास्त्री

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत के पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बताया है। भारत-इंग्लैंड के बीच लीड्स में टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला जारी है है। मैच के दूसरे दिन बुमराह ने 12 ओवरों में 48 रन देकर तीन शिकार किए, जबकि भारतीय गेंदबाजी लाइन-अप के शेष खिलाड़ी उनका साथ देने में नाकाम रहे। रवि शास्त्री ने 'स्काई स्पोर्ट्स' के साथ बातचीत में कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि वह भारत के सबसे महान तेज गेंदबाज हैं। मैंने कपिल देव के साथ खेला है, लेकिन यह खिलाड़ी अलग है। वह किसी भी सर्फेस पर, किसी भी फॉर्मेट में किसी भी विपक्षी टीम को ध्वस्त कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता था कि मैल्कम मार्शल सबसे बेहतरीन गेंदबाज थे, जो बल्लेबाज को पढ़कर उसे सेट करते थे, लेकिन बुमराह उनसे ज्यादा पीछे नहीं हैं। जहां मैंने बुमराह को बेहतर होते देखा है, वह है नई गेंद से स्विंग हासिल करना। जब वह नई गेंद से स्विंग कराने लगते हैं, तो दुनिया का कोई भी बल्लेबाज उन्हें आसानी से नहीं खेल सकता।

# भारत बनाम इंग्लैंड: सचिन तेंदुलकर से आगे निकले जो रूट

### रूट भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट एक 'अनूठे रिकॉर्ड' के मामले में सचिन तेंदुलकर से आगे निकल चुके हैं। रूट भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट इतिहास में इंग्लैंड की सरजमीं पर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। जो रूट ने भारत के खिलाफ इंग्लैंड में कुल 16 टेस्ट खेले हैं, जिसकी 26 पारियों में उन्होंने 72.81 की औसत के साथ 1602 रन जड़े। जो रूट ने इंग्लैंड की सरजमीं पर भारत के विरुद्ध अपना पहला टेस्ट जुलाई 2014 में खेला था। पहली ही पारी में उन्होंने नाबाद



154 रन जड़े थे। भारत के खिलाफ अपने ही देश में रूट सात टेस्ट शतक लगा चुके हैं। इंग्लैंड की सरजमीं पर भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के दौरान सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों के मामले में जो रूट सचिन तेंदुलकर को पछाड़कर नंबर-1 बन चुके हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ उसी की सरजमीं पर 17 टेस्ट की 30 पारियों में 54.31 की औसत के साथ 1575 रन जड़े थे।

■ भारत के खिलाफ अपने ही देश में रूट सात टेस्ट शतक लगा चुके हैं

इस लिस्ट में राहुल द्रविड़ तीसरे स्थान पर हैं। द्रविड़ ने भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के दौरान इंग्लैंड में कुल 1376 रन जड़े, जबकि एलेस्टेयर कुक 1196 रन बनाकर चौथे स्थान पर मौजूद हैं। लिस्ट में पांचवें नंबर पर सुनील गावस्कर का नाम है, जिन्होंने 1152 रन जड़े हैं। हेडिंग्ले में खेले जा रहे (इस सीरीज का) पहले टेस्ट मैच की बात करें, तो पहली पारी में टीम इंडिया 471 रन पर सिमट गई।

## बेन डकेट ने पोप के नाबाद शतक की सराहना की

**लीड्स।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट के दूसरे दिन ओली पोप के नाबाद शतक की सराहना की। उन्होंने स्वीकार किया कि दबाव में ओली को शतक बनाते देख उनके रोंगटे खड़े हो गए थे। पोप भारत के खिलाफ सीरीज में दबाव में आए थे, भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब रिकॉर्ड के बाद तीसरे नंबर पर उनके स्थान को लेकर संदेह था और जिम्बाब्वे के खिलाफ 171 रन की पारी से भी उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। कई लोग तो यह भी सुझाव दे रहे थे कि जैकब बेथेल को उनकी जगह लेनी चाहिए, खासकर इस सर्दी में होने वाली एशेज को देखते हुए। पोप ने अपना नौवां टेस्ट शतक मनाया, उन्होंने जसप्रीत बुमराह की इन-सीमर को लेग साइड की ओर इनसाइड एज करके 125 गेंदों में 13 चौकों की मदद से 100 रन बनाए, जबकि इंग्लैंड एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के पहले टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप्स तक 49 ओवर में 209/3 पर पहुंचकर भारत से 262 रन पीछे है। डकेट ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा कि मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे। आप एक रन पर आउट हो जाते हैं और वह आकर सारा दबाव अपने ऊपर ले लेता है और तेजी से रन बनाता है।

# भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने डेविड लॉरेंस को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांधी

**लीड्स।** भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के तीसरे दिन पूर्व इंग्लिश तेज गेंदबाज डेविड लॉरेंस को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांधी, जिनका शनिवार को निधन हो गया था। रविवार को तीसरे दिन खेल शुरू होने से पहले दोनों टीमों और दर्शकों ने लॉरेंस को श्रद्धांजलि दी । बीसीसीआई ने एक्स पर पोस्ट किया, दोनों टीमें इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेविड 'सिड' लॉरेंस को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांध रही हैं, जिनका दुखद निधन हो गया है। मोटर न्यूरॉन डिजीज (एमएनडी) से जूझने के बाद लॉरेंस का 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लॉरेंस परिवार की ओर से ग्लूस्टरशायर द्वारा साझा किए गए एक बयान में कहा गया, हमें बहुत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि डेव लॉरेंस एमबीई का निधन मोटर न्यूरॉन बीमारी से



उनकी बहादुरी भरी लड़ाई के बाद हुआ है।'सिड क्रिकेट के मैदान पर और उसके बाहर एक प्रेरणादायक व्यक्ति थे और उनके परिवार के लिए तो यह और भी प्रेरणादायक था, जो उनके निधन के समय उनके साथ थे। 1988 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद, लॉरेंस ने 1988 और 1992 के बीच पाँच टेस्ट खेले, जिसमें उन्होंने 18 विकेट लिए, जिसमें 1991 में द ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ़ एक प्रसिद्ध पांच विकेट हॉल शामिल था - उसी पारी में उन्होंने महान विव रिचर्ड्स को आउट किया था।

■ मोटर न्यूरॉन डिजीज से जूझने के बाद लॉरेंस का 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

1992 में वेलिंगटन, न्यूज़ीलैंड में एक टेस्ट मैच के दौरान घुटने में लगी एक भयानक चोट के कारण उनका अंतरराष्ट्रीय करियर दुखद रूप से समाप्त हो गया। 2023 में, उन्हें मोटर न्यूरॉन बीमारी का पता चला, जो एक जीवन को छोटा करने वाला न्यूरोलॉजिकल विकार है, जो मांसपेशियों की कमजोरी का कारण बनता है जो कुछ महीनों या वर्षों में खराब हो जाता है।

28 जनवरी, 1964 को जन्मे लॉरेंस ने 1981 में ग्लूस्टरशायर के लिए मात्र 17 वर्ष की आयु में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने ग्लूस्टरशायर के लिए 170 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें 31.27 की औसत से 477 विकेट लिए, जिसमें वारविकशायर के खिलाफ 47 रन देकर 7 विकेट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी शामिल है। 16 साल के करियर में, वे अपनी निडर तेज गेंदबाजी के लिए क्लब आइकन बन गए। वनडे क्रिकेट में, उन्होंने 110 मैचों में 148 विकेट लिए, जिसमें 1991 में संयुक्त विश्वविद्यालय एकादश के खिलाफ 20 रन देकर 6 विकेट शामिल हैं - जो ग्लूस्टरशायर के 50 ओवर के इतिहास में तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# मांजरेकर ने बुमराह की तुलना रिचर्ड हेडली से की

**लीड्स,** 22 जून (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने जसप्रीत बुमराह की हर बार आक्रमण पर आने पर विकेट चटकाने की उनकी क्षमता की प्रशंसा की और भारतीय तेज गेंदबाज की तुलना न्यूजीलैंड के महान गेंदबाज रिचर्ड हेडली से की, जो 400 टेस्ट विकेट तक पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे। शुभमन गिल के करियर के सर्वश्रेष्ठ 147 और ऋषभ पंत के आश्चर्यजनक 134 रन (इस प्रारूप में उनका सातवां शतक) के बाद जब भारत 113 ओवर में 471 रन पर आउट हो गया, तो इंग्लैंड को खतरनाक बुमराह से निपटना पड़ा, जिन्होंने 3-45 विकेट लिए। लेकिन ओली पोप और बेन डकेट ने दूसरे विकेट के लिए 122 रन जोड़कर इंग्लैंड की पारी को कुछ हद तक सामान्य बना दिया और मेजबान टीम ने दिन का खेल 209/3 पर समाप्त किया, जो भारत से 262 रन पीछे था। हमने अब तक मैच में चार शतक देखे हैं-तीन भारत से और एक इंग्लैंड से - लेकिन कौन सा गेंदबाज वास्तव में खास रहा है? मेरे लिए, यह सिर्फ बुमराह है। फिर भी, हर बार जब



वह आक्रमण पर आता है तो विकेट लेने की उसकी क्षमता ही सबसे अलग है। एक गेंदबाज जो दिमाग में आता है, जो अकेले ही इस तरह का प्रभाव डालता है, वह है सर रिचर्ड हैडली। वह अपेक्षाकृत कमजोर आक्रमण वाली न्यूजीलैंड टीम के लिए खेला, लेकिन हर बार जब वह आया, तो आपको लगा कि विकेट नजदीक है। दोनों के बीच आम बात महारत है - जब मैंने हैडली को करीब से देखा, तो मुझे लगा कि वह अपने काम का सच्चा मास्टर है। मांजरेकर ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि मुझे बुमराह के साथ भी यही लगता है। जबकि डकेट 62 रन पर आउट हो गए, पोप ने अपनी सामान्य नर्वस शुरुआत से उबरते हुए 13 चौकों की मदद से अपना नौवां टेस्ट शतक बनाया।

## सार संक्षेप

### एमएलसी 2025: मिशेल ओवेन का अर्द्धशतक

**नई दिल्ली।** मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 11वें मैच में वाशिंगटन फ्रीडम ने एमआई न्यूयॉर्क के खिलाफ 2 विकेट से जीत हासिल की। इसी के साथ फ्रीडम ने सीजन में अपनी तीसरी जीत दर्ज की है, जिसके साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, तीसरी हार के साथ एमआई न्यूयॉर्क चौथे पायदान पर है। डलास में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई न्यूयॉर्क ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट खोकर 188 रन बनाए। टीम को क्विंटन डी कॉक और मोनांक पटेल ने शानदार शुरुआत दिलाई। इस सलामी जोड़ी के बीच 6.1 ओवरों में 70 रन की साझेदारी हुई। मोनांक ने 20 गेंदों में 32 रन जड़े। इस दौरान उन्होंने पांच चौके लगाए। इसके बाद क्विंटन डी कॉक ने कप्तान निकोलस पूरन के साथ दूसरे विकेट के लिए 44 रन जोड़े। क्विंटन डी कॉक इस पारी में अर्धशतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज रहे। उन्होंने 34 गेंदों में 2 छक्कों और सात चौकों की मदद से 55 रन की पारी खेली। निकोलस पूरन 30 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए, जबकि माइकल ब्रेसवेल ने 24 गेंदों में तूफानी 42 रन बनाए।

### मामेलोडी सनडाउन्स को हराकर डॉर्टमुंड ग्रुप एफ में शीर्ष पर

**सिनसिनाटी।** बोरूसिया डॉर्टमुंड फीफा क्लब विश्वकप में रोमांचक मुकाबले में मामेलोडी सनडाउन्स को हराकर ग्रुप 'एफ' में शीर्ष पर पहुंच गया है। टीक्यूएल स्टेडियम में शनिवार रात खेले गये ग्रुप एफ के मुकाबले में डॉर्टमुंड ने मामेलोडी सनडाउन्स पर 4-3 से रोमांचक जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में सनडाउन्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11वें मिनट गोल किया। इसके पांच मिनट बाद डॉर्टमंड के फेलिक्स नेमेचा ने सनडाउन्स के गोलकीपर रॉनवेन विलियम्स की गलती का फायदा उठाते हुए गोलकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद डॉर्टमंड की ओर से 34वें मिनट में जूलियन ब्रांट के सटीक क्रॉस से सेरहो गुइरासी ने एक क्लोज-रेंज हेडर लगाकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। जॉब बेलिंगैहेम ने हाफटाइम से ठीक पहले अपना पहला गोल किया। 59वें मिनट में खुलिसो मुडाऊ ने गोलकर डॉर्टमंड की बढ़त को 4-1 कर दिया।

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम आज मंगोलिया से भिड़ेगी

**चियांग माई (थाईलैंड),** 22 जून (एजेंसियां)। भारतीय सीनियर महिला टीम सोमवार को ग्रुप बी मुकाबले में मंगोलिया की टीम के खिलाफ एएफसी एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

चियांग माई स्टेडियम की 700वीं वर्षगांठ पर 70वीं रैंकिंग वाली भारतीय महिला टीम 126 रैंकिंग पर काबिज मंगोलिया की टीम से मुकाबला करेगी। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में भारतीय फुटबॉल की टीम का कार्यक्रम इस प्रकार है। भारतीय टीम 23 जून को मंगोलिया, 29 जून को तिमोर लेस्ते, दो जुलाई को इराक और पांच जुलाई को मेजबान थाईलैंड से मुकाबला करेगी। भारतीय टीम के सभी मुकाबले चियांग माई स्टेडियम खेलें जायेंगे। केवल ग्रुप विजेता ही मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे।

एएफसी महिला एशियाई कप 2026 फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 के लिए क्वालीफायर के रूप में भी काम करेगा। एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए भारत की 23 सदस्यीय टीम इस प्रकार है।

# कनाडा ने हासिल किया टी-20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफिकेशन

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। कनाडा ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप-2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अमेरिका क्वालीफायर में कनाडा ने बहामास के खिलाफ जीत हासिल करके टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की है, जो मौजूदा अभियान में उनकी लगातार पांचवीं जीत है। आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप अमेरिका रीजन फाइनल-2025 में 21 जून को कनाडा और बहामास के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें कनाडा ने सात विकेट से जीत दर्ज की। किंग सिटी में खेले गए इस मैच में बहामास की टीम महज 57 रन पर सिमट गई थी, जिसके बाद कनाडा ने महज 5.3 ओवरों में सात विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली। कनाडा ने अब तक अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं। टीम प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान पर है। 18 जून को एक अन्य मुकाबले में भी कनाडा की टीम बहामास के खिलाफ डकवर्थ लुईस नियम के तहत 10 विकेट से जीत दर्ज कर चुकी थी। इसके अलावा उसने बरमूडा को 110 रन, केमैन आइलैंड पर 59 रन से जीत दर्ज की थी। एक अन्य मुकाबले में कनाडा ने केमैन आइलैंड के खिलाफ 42 रन से मैच जीता था।



■ कनाडा ने अब तक अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं

यह दूसरी बार होगा, जब कनाडा, भारत में किसी विश्व कप में हिस्सा लेगा। इससे पहले वनडे विश्व कप-2011 में भी यह देश भाग ले चुका है, जो भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। कनाडा 20 टीमों के आयोजन के लिए पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी 10 टीमों की लिस्ट में शामिल हो गया है। इसमें सह-मेजबान भारत और श्रीलंका भी हैं। अन्य योग्य टीमों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त राज्य अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान शामिल हैं। टी20 विश्व कप-2026 के लिए अभी 7 अन्य टीमों का चयन होना है, जिन्हें अगले कुछ महीनों में अलग-अलग क्वालीफायर टूर्नामेंट्स के जरिए जगह बनाने का मौका मिलेगा।

## साइकिल का एक पैडल भी भारत को फिटनेस का पावरहाउस बना रहा है : मनसुख मांडविया

नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसियां)। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि साइकिल का एक पैडल भी भारत को फिटनेस का पावरहाउस बना रहा है। डॉ. मांडविया ने आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस रविवार की साइकिलिंग और भी खास है। देश भर में छह हजार से अधिक स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए और 10 लाख से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक लोगों ने इसमें भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत फिट इंडिया एक आंदोलन बन गया है। जब हम साइकिल में एक पैडल भी आगे बढ़ाते हैं, तो हम भारत को फिटनेस पावरहाउस बना रहे होते हैं। कल के योग से लेकर आज साइकिलिंग और



■ योग से लेकर साइकिलिंग और ओलंपिक दिवस तक यह फिटनेस क्रांति हर भारतीय को जोड़ रही

कल के ओलंपिक दिवस तक यह फिटनेस क्रांति हर भारतीय को जोड़ रही है। कार्यक्रम में अभिनेत्री और हाल ही में फिट इंडिया की एंबेसडर बनीं मिया मेलजर, ओलंपियन रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी, पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल, ताइक्वांडो चैंपियन रोडाली बरुआ और भारतीय अभिनेत्री मधुरिमा तुली शामिल हुई।

# भारतीय जूनियर पुरुष टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर 3-1 से जीत दर्ज की

**बर्लिन,** 22 जून (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बर्लिन के टीसी 1899 ब्लाउ वीस स्टेडियम में 4 राष्ट्र टूर्नामेंट में अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 3-1 से जीत दर्ज की।

भारत के लिए शारदानंद तिवारी (15%), सौरभ आनंद कुशवाहा (36%) और आमिर अली (43%) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए एकमात्र गोल ओलिवर विल (55%) ने किया। भारत ने मैच की शुरुआत दमदार तरीके से की और 15वें मिनट में शारदानंद तिवारी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। पहले हाफ के बाकी समय में दोनों टीमों ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन कोई भी टीम फिर से गतिरोध को नहीं तोड़ पाई और भारत मामूली बढ़त के साथ दूसरे हाफ में पहुंच गया।

4 राष्ट्र हॉकी टूर्नामेंट



■ भारत, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन - पूल चरण में एक-एक बार आमने-सामने होंगी

भारत ने तीसरे क्वार्टर में लगातार दो गोल करके अपनी लय बनाए रखी। 36वें मिनट में सौरभ आनंद कुशवाहा ने ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर को छकाते हुए महत्वपूर्ण फील्ड गोल करके भारत की बढ़त को और मजबूत किया। कुछ ही क्षणों बाद, 43वें मिनट में, आमिर अली ने विजयी टीम के लिए एक और फील्ड गोल करके भारत को जीत के और करीब पहुंचा दिया।मैच के अंतिम क्वार्टर में, ऑस्ट्रेलिया ने भी पांच मिनट शेष रहते ओलिवर विल के फील्ड गोल की बदौलत गोल करने में सफलता पाई, लेकिन वे दो और गोल नहीं कर पाए और भारत ने मुकाबला जीत लिया। टूर्नामेंट में राउंड-रॉबिन प्रारूप है, जिसमें भाग लेने वाली चार टीमें - भारत, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन - पूल चरण में एक-एक बार आमने-सामने होंगी। ग्रुप मैचों के अंत में शीर्ष दो टीमें फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि शेष टीमें तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्लेऑफ में भाग लेंगी। भारत का अगला मुकाबला 24 जून को इसी स्थान पर स्पेन से होगा।

## एफआईएच महिला प्रो लीग : मेजबान बेल्जियम से 0-2 से हारा भारत, नौवें स्थान पर खिसका भारत

**एंटवर्प,** 22 जून (एजेंसियां)। एम्ब्रे बॉलेनघिएन (40%) और लिएन हिलवार्ट (43%) के गोलों की मदद से बेल्जियम ने रविवार को एंटवर्प में भारतीय महिला हॉकी टीम के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की। इस जीत ने सुनिश्चित किया कि बेल्जियम एफआईएच महिला प्रो लीग में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर मौजूद नीदरलैंड और अर्जेंटीना के बाद तीसरे स्थान पर बना हुआ है। शनिवार की 1-5 की पराजय के बाद, भारत ने इस क्वार्टर की शुरुआत पिछले हार की निराशा को दूर करने के स्पष्ट इरादे के साथ आक्रामक खेल दिखाते हुए की। उन्होंने अच्छी गति से जगह बनाने की कोशिश की। उन्होंने क्वार्टर की शुरुआत में एक पीसी भी जीता, लेकिन गोल नहीं कर पाए। इस बीच, पहले हूटर के लिए छह मिनट बचे थे, एक रक्षात्मक त्रुटि ने बेल्जियम को मैच का पहला पीसी दिलाया। मेजबान टीम के धीमे प्रयास के कारण अंपायर ने पेनल्टी स्ट्रोक दिया। लेकिन भारत द्वारा एक अच्छे वीडियो रेफरल से पता चला कि यह ज्योति की स्टिक थी, और वीडियो अंपायर ने इसे लॉन्ग कॉर्नर करार दिया। दूसरे क्वार्टर में भारतीय हमलावरों ने कुछ बहादुरी से बढ़त हासिल की, जो तेजी और जोश के साथ आगे बढ़े।



## सुडोकू 6952 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 4 | 5 |
| 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 8 | 2 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 4 | 8 | 9 | 7 | 2 |
| 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 3 |
| 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 2 | 5 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 9 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 6 | 9 |

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 3.27 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.93 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.38 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.16 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.97 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 1.79 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.55 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.35 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.16 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.95 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,691 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,06,775 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# देश में तेल व गैस खोज बढ़ाने की लिए एक मिलियन स्क्वायर किमी बेसिन खोला : पुरी

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने भारत के 3.5 मिलियन स्क्वायर किलोमीटर के तलछटी बेसिन में से एक

■ **घरेलू उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा**
■ **आयात पर कम होगी निर्भरता**

मिलियन स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र को तेल एवं गैस खोज के लिए खोल दिया है, जो पहले हाइड्रोकार्बन खोज के लिए प्रतिबंधित था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण अब इस पूरे 'नो-गो' क्षेत्र को खोल दिया गया है, जिससे घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी।

उन्होंने आगे कहा कि खोज और उत्पादन को नियंत्रित करने के लिए नए कानून के साथ-साथ तेल और गैस खोज और उत्पादन (ईएंडपी) क्षेत्र में व्यापार को आसान बनाने की दिशा में कई उपाय किए गए हैं।

मोदी सरकार ने देश में तेल और गैस की खोज में तेजी लाने के लिए पहले की नई खोज और लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) को



**अगले दो दशकों में दुनिया की ऊर्जा मांग में 25 प्रतिशत की वृद्धि भारत से होगी : हरदीप सिंह पुरी**

ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) से बदल दिया है। ओएएलपी के जरिए सरकार की कोशिश तेल और गैस क्षेत्र में जटिलताएं कम करना भी है।

मंत्री ने कहा कि ओएएलपी की नौंवी बोली के तहत इन नए खोले गए क्षेत्रों के लिए लगभग 38 प्रतिशत बोलियां आईं, जबकि ओएएलपी दसवीं बोली के अगले दौर में यह आंकड़ा बढ़कर 75 प्रतिशत हो सकता है। उन्होंने बताया कि ओएएलपी की दसवीं बोली प्रक्रिया भारत का अब तक का सबसे बड़ा राउंड है, जिसमें देश के 13 तलछटी बेसिनों में तेल और गैस खोज के लिए 25 ब्लॉकों की पेशकश की गई है, जो 1,91,986.21 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले हुए हैं। केंद्रीय ने बताया कि इनमें से छह हाइड्रोकार्बन खोज ब्लॉक भूमि पर हैं, छह अपतटीय उथले पानी में हैं, एक गहरे पानी में है, तथा 12 अत्यंत गहरे पानी वाले क्षेत्रों में हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगले दो दशकों में दुनिया की ऊर्जा मांग में 25 प्रतिशत की वृद्धि भारत से होगी।

## अमेरिका के ईरान पर हमले से कच्चे तेल की कीमतों में हो सकता है इजाफा



**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ गया है और इससे कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा हो सकता है, जो कि इस महीने पहले ही 20 प्रतिशत के करीब बढ़ चुकी हैं।

आखिरी कारोबारी सत्र में बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का फ्यूचर्स लगभग 77 डॉलर प्रति बैरल पर था और अब अमेरिका के मध्य पूर्व संघर्ष में हस्तक्षेप करने के कारण कच्चा तेल एक और उछाल के लिए तैयार है। माना जा रहा है कि मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष का सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई से तेल आपूर्ति पर असर पड़ सकता है, जिससे कीमतों में भारी उछाल आएगा। शिपिंग पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि हूती विद्रोहियों ने पहले ही चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया तो वे जहाजों पर अपने हमले फिर से शुरू कर देंगे। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है, और तेल की कीमतों में उछाल से देश के तेल आयात बिल में वृद्धि हो सकती है और मुद्रास्फीति की दर बढ़ सकती है, जिससे आर्थिक विकास को नुकसान पहुंच सकता है। विदेशी मुद्रा के बड़े पैमाने पर आउटफ्लो से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में भी कमजोरी आ सकती है। एमके ग्लोबल की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान प्रतिदिन लगभग 3.3 मिलियन बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है और लगभग 1.5 एमबीपीडी का निर्यात करता है, जिसमें चीन 80 प्रतिशत भागीदारी के साथ मुख्य आयातक है। ईरान होर्मुज स्ट्रेट के उत्तरी किनारे पर भी है, जिसके माध्यम से दुनिया में 20 एमबीपीडी से अधिक कच्चे तेल का व्यापार होता है।

## सोना की कीमतों में इस हफ्ते हुई गिरावट

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। सोना खरीदारों के लिए खुशखबरी है। इस हफ्ते सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है, जिससे सोने के दाम एक बार फिर से 99,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के नीचे आ गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 98,691 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 99,058 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 367 रुपए की कमी को दर्शाता है।



■ **हाल के दिनों में वैश्विक घटनाक्रम से सोने व चांदी की कीमतों में हुए उतार-चढ़ाव**

22 कैरेट सोने का दाम कम होकर 90,404 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 90,737 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 74,294 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 74,018 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। वहीं, समीक्षा अवधि में चांदी की कीमत 608 रुपए बढ़कर 1,06,775 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,06,167 रुपए प्रति किलो थी। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 रुपए प्रति किलो का ऑल-टाइम हाई बनाया था। हाल के दिनों में ऐसे कई वैश्विक घटनाक्रम हुए हैं, जिन्होंने सोने और चांदी की कीमतों को उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। इनमें ईरान-इजरायल के बीच बढ़ता हुआ संघर्ष शामिल है, जिसमें अब अमेरिका के शामिल हो जाने से यह और व्यापक हो सकता है। अमेरिका की ओर से ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी के बाद माना जा रहा है कि सुरक्षित निवेश समझे जाने के कारण सोने की कीमतों में आने वाले समय में इजाफा देखने को मिल सकता है।

# निवेशकों से धोखाधड़ी के चलते सेबी ने 2 ऑपरेटर्स को किया प्रतिबंधित, 4.83 करोड़ रुपए लौटाने का दिया आदेश

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने दो ऑपरेटर्स शिवप्रसाद पट्टिया और अलकेश नरवरे को निवेशकों से धोखाधड़ी करने के चलते तीन साल के लिए बाजार से बैन कर दिया गया है।

सेबी के आरोपों के मुताबिक, इन दोनों ऑपरेटर्स ने बिना लिक्विडिटी वाले स्टॉक ऑप्शंस में आर्टिफिशियल तरीके से वॉल्यूम को पैदा करके निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की।

नियामक ने दोनों ऑपरेटर्स को 45 दिनों के भीतर 4.83 करोड़ रुपए लौटाने का आदेश दिया है। शिवप्रसाद पट्टिया और अलकेश नरवरे पर सेबी एक्ट, 1992 के सेक्शन 15एचए के तहत कैपिटल मार्केट रेगुलेटर ने 25-25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। सेबी ने आदेश में कहा कि दोनों को इस आदेश की तारीख से तीन साल की अवधि के लिए प्रतिभूति बाजार तक पहुंचने



और प्रतिभूतियों (म्यूचुअल फंड की इकाइयों सहित) को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से खरीदने, बेचने या अन्य लेनदेन करने या किसी भी तरह से प्रतिभूति बाजार से जुड़ने से प्रतिबंधित किया गया है। इसके अतिरिक्त, उन्हें अपने म्यूचुअल फंड, शेयर, प्रतिभूतियों सहित संपत्तियों को डीमैट और भौतिक रूप में बेचने (केवल पैसा लौटाने के उद्देश्य को छोड़कर) से रोक दिया गया है। एनएसई को निवेशकों से कई शिकायतें मिली हैं, जिसमें कहा गया कि उन्होंने कुछ व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्यों के साथ

**इन दोनों ऑपरेटर्स ने बिना लिक्विडिटी वाले स्टॉक ऑप्शंस में आर्टिफिशियल तरीके से वॉल्यूम को पैदा करके निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की : सेबी**

एल्गो/सॉफ्टवेयर ट्रेडिंग के लिए अपने क्रेडेंशियल्स को अच्छे मुनाफे के लालच में साझा किया था, लेकिन बाद में उनके ट्रेडिंग खातों में ट्रेड किए गए, जिसके परिणामस्वरूप लाखों का नुकसान हुआ।

सेबी ने निवेशकों के ऑनलाइन ट्रेडिंग किट के कथित दुरुपयोग में पटिया और नरवारे के नेतृत्व वाली संस्थाओं के एक समूह की जांच की, जिसमें एल्गो/सॉफ्टवेयर-आधारित ट्रेडिंग से गारंटीड रिटर्न का वादा किया गया और अवैध 'आउट ऑफ द मनी' (ओटीएम) स्टॉक ऑप्शंस में धोखाधड़ी और हेरफेर करने वाले ट्रेडों को अंजाम दिया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य अनजान निवेशकों/शिकायतकर्ताओं से फंड को उनके द्वारा नियंत्रित या प्रबंधित फ्रंट संस्थाओं में स्थानांतरित करना था।

सेबी ने आरोप लगाया कि एक योजना तैयार की गई थी जिसके तहत ऑपरेटरों ने निवेशकों को बाजार में निवेश करने के लिए लुभाने के लिए कॉल करने वालों को नियुक्त किया और गारंटीड रिटर्न का वादा किया। निवेशकों को इन कॉल करने वालों से लगातार कॉल और संदेश मिले। कॉल करने वालों ने एल्गो ट्रेड या स्वचालित सॉफ्टवेयर ट्रेड के माध्यम से गारंटीड लाभ के बहाने निवेशकों से संपर्क किया। ऑपरेटरों ने निवेशकों को विश्वास में लेने के बाद, उनके लॉग-इन क्रेडेंशियल प्राप्त किए और फिर स्टॉक ऑप्शन पर इस तरह से दांव लगाया कि निवेशकों को प्रीमियम का नुकसान उठाना पड़ा।

### सार संक्षेप

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 698.9 अरब डॉलर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी इजाफा होने से 13 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 698.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 696.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 13 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 589.4 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 42.8 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 86.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 8.5 करोड़ डॉलर चढ़कर 18.8 अरब डॉलर हो गया।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र एफडी पर दे रहे सबसे अधिक ब्याज

**नई दिल्ली।** फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) एक लोकप्रिय निवेश का विकल्प है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि एफडी में निवेश कभी डूबता नहीं और एक निश्चित समय बाद आपको ब्याज के साथ आपकी पूरी रकम वापस मिल जाती है। इस महीने के शुरुआती हफ्ते में आरबीआई द्वारा रेपो रेट घटाए जाने के बाद, हाल के दिनों में कई सरकारी बैंकों ने एफडी की ब्याज दरों में बदलाव किया है। आज हम आपको एफडी पर सबसे अधिक ब्याज देने वाले सरकारी बैंकों के बारे में बताने जा रहे हैं। सरकारी बैंकों में बैंक ऑफ महाराष्ट्र फिक्स्ड डिपॉजिट पर सबसे अधिक ब्याज ऑफर कर रहा है। बैंक द्वारा 366 दिनों की एफडी पर 7.15 प्रतिशत की ब्याज दी जा रही है। वहीं, एक साल के लिए 6.25 प्रतिशत, 3 साल के लिए 6.3 प्रतिशत और 5 साल के लिए 6.25 प्रतिशत की ब्याज दर बैंक ऑफर कर रहा है। इंडियन ओवरसीज बैंक 444 दिनों की एफडी पर 7.10 प्रतिशत की ब्याज दर ऑफर कर रहा है।

## अप्रैल में ईपीएफओ से जुड़े रिकॉर्ड 19.1 लाख नए सदस्य

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अप्रैल 2025 में अपने रिटायरमेंट फंड में 19.1 लाख नए सदस्य जोड़े, जो पिछले साल के अप्रैल महीने की तुलना में 1.17 फीसदी ज्यादा है। रविवार को जारी डेटा के मुताबिक, इस दौरान नए रोजगार के अवसरों की वजह से सदस्यों की संख्या में अच्छी-खासी बढ़ोतरी देखी गई। ईपीएफओ के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 में करीब 8.49 लाख नए सब्सक्राइबर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया, जो मार्च 2025 के मुकाबले 12.49 फीसदी ज्यादा है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा कि नए सब्सक्राइबर्स की संख्या में यह उछाल बढ़ते रोजगार के अवसरों को दर्शाता है। खास बात यह है कि 18 से 25 साल की उम्र के युवा इस बार सबसे ज्यादा संगठित क्षेत्र की नौकरियों में शामिल हुए।

# आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

-साप्ताहिक समीक्षा-

**मुंबई,** 22 जून (एजेंसियां)। इजराइल-ईरान तनाव के बावजूद निवेशकों के स्थानीय कारकों को प्राथमिकता देने की बदौलत हुई लिवाली से बीते सप्ताह डेढ़ प्रतिशत से अधिक उछले घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह वैश्विक और स्थानीय स्तर पर जारी होने वाले आर्थिक आंकड़ों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1289.57 अंक अर्थात 1.6 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 82408.17 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 393.8 अंक यानी 1.6 प्रतिशत उछलकर 25112.40 अंक पर पहुंच गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिडकैप 201.02 अंक अर्थात 0.44 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 45480.26 अंक और स्मॉलकैप 991.77 अंक यानी 1.9 प्रतिशत का गोता लगाकर 52378.52 अंक पर आ गया।

■ **सेंसेक्स 1.6 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 82408.17 अंक रहा**
■ **निफ्टी 1.6 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 25112.40 अंक पर रहा**

विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार ने इस सप्ताह मजबूती के साथ समापन किया, जबकि मध्य-पश्चिम में जारी तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में



आई तेजी के कारण सप्ताह के मध्य में बाजार में अस्थिरता देखी गई थी। बावजूद इसके, निवेशकों ने घरेलू कारकों को प्राथमिकता देते हुए सकारात्मक रुख बनाए रखा।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा परियोजना वित्तपोषण के मानदंडों में ढील दिए जाने से विशेष रूप से वित्तीय शेयरों को समर्थन मिला। साथ ही, केंद्रीय बैंक के निरंतर नरम रुख और संभावित ब्याज दरों में कटौती के संकेत ने बाजार की धारणा को और मजबूत किया। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में भारतीय मौद्रिक नीति एक स्थिर शक्ति के रूप में उभर रही है। सप्ताह की शुरुआत में भू-राजनीतिक तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया, जिससे मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं गहराई। हालांकि, सप्ताह के उत्तरार्द्ध में इन कीमतों में तेजी की रफ्तार थम गई, जिससे कीमतों में दीर्घकालिक उछाल की आशंका कुछ हद तक कम हो गई।

फार्मास्युटिकल क्षेत्र पर भी निवेशकों की नजर रही क्योंकि नए टैरिफ प्रस्तावों ने इस क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है। उधर, अमेरिका की संभावित सैन्य भागीदारी को लेकर मध्य-पश्चिम संकट पर अटकलों ने भी बाजार को अस्थिर किया लेकिन वैश्विक नेताओं द्वारा कूटनीतिक संयम बरतने और हस्तक्षेप को दो सप्ताह तक स्थगित करने के निर्णय से निवेशकों को राहत मिली।

इसके अलावा, पारस्परिक शुल्कों पर 90-दिवसीय रोक की अवधि समाप्ति की ओर बढ़ रही है, जिससे आने वाले दिनों में व्यापार वार्ताओं की गतिविधियों पर बाजार की पैनी नजर बनी हुई है। आगामी सप्ताह में भारत के पीएमआई आंकड़े, अमेरिका की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) रिपोर्ट और पीसीई आंकड़े जैसे प्रमुख आर्थिक संकेतक घरेलू और वैश्विक दृष्टिकोण को प्रभावित कर सकते हैं।

बीते सप्ताह बाजार में दो दिन तेजी जबकि तीन दिन गिरावट रही। विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार दो दिन की गिरावट से उबरकर सोमवार को सेंसेक्स 677.55 अंक की छलांग लगाकर 81,796.15 अंक और निफ्टी 227.90 अंक उछलकर 24946.50 अंक पर पहुंच गया। इजराइल और ईरान में लगातार बढ़ रहे तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तेहरान खाली करने की अपील से विश्व बाजार में आई गिरावट से सहमे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स 212.85 अंक लुढ़ककर 81,583.30 अंक और निफ्टी 93.10 अंक टूटकर 24853.40 अंक पर बंद हुआ।

## मध्य पूर्व के बड़े हिस्से में उड़ान भरने से बच रही एयरलाइंस, लागत में हो रहा इजाफा

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। अमेरिका की ओर से रविवार को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए जाने के बाद से मध्य पूर्व में हवाई यातायात को चुनौतियों का समाना करना पड़ा है। बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के कारण एयरलाइंस अब इस क्षेत्र के हवाई क्षेत्र के बड़े हिस्से से उड़ान भरने से बच रही हैं, जिसके कारण उड़ानों में देरी हो रही है, उड़ान का समय बढ़ रहा है और लागत बढ़ रही है।



■ **हमलों से मध्य पूर्व क्षेत्र में बनी हुई है तनावपूर्ण स्थिति**

फ्लाइट ट्रैकिंग सर्विस फ्लाइटरडार24 के अनुसार, कमर्शियल विमान ईरान, इराक, सीरिया और इजरायल जैसे देशों के ऊपर से उड़ान भरने से बच रहे हैं और अपना मार्ग परिवर्तित कर रहे हैं। इसके बजाय, वे कैस्पियन सागर, मिस्र या सऊदी अरब जैसे सुरक्षित क्षेत्रों से होकर लम्बे रास्ते अपना रहे हैं। इस बदलाव के कारण ईंधन की खपत बढ़ रही है और उड़ान संचालन महंगा हो रहा है। फ्लाइटरडार24 के द्वारा सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर शेयर की गई पोस्ट में कहा गया कि अमेरिकी हमलों के बाद कमर्शियल विमान उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में उड़ान भरने से बच रहे हैं, पिछले सप्ताह लागू किए गए हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों का पालन कर रहे हैं। मध्य पूर्व क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, क्योंकि मिसाइल और ड्रोन हमले बढ़ रहे हैं।

# खाद्य तेलों में उबाल, मूंग दाल, चीनी सस्ती व अन्य जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की जबरदस्त तेजी के साथ ही स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में उबाल आ गया जबकि आवक बढ़ने से मूंग दाल और चीनी सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा सप्ताहांत पर 140 रिंगिट उबलकर 4067 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 6.9 सेंट की बढ़ोतरी लेकर 55.22 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में जबरदस्त तेजी रही। इससे सरसों तेल 183 रुपए, मूंगफली तेल 366 रुपए, सूरजमुखी तेल 512 रुपए, सोया रिफाइंड 329 रुपए, पाम ऑयल 667 रुपए और वनस्पति तेल के भाव 233 रुपए प्रति क्विंटल उछल गए।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17948 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14102 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13333 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। **दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मूंग दाल में 250 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9350-9450, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रही।

# भारत की ऊर्जा क्षमता 10 वर्षों में 56 प्रतिशत बढ़कर 476 गीगावाट हुई

**नई दिल्ली,** 22 जून (एजेंसियां)। भारत की ऊर्जा क्षमता का पिछले 10 वर्षों में बढ़ती मांग, बुनियादी ढांचे के विकास और पारंपरिक एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के लिए मजबूत नीतिगत समर्थन के कारण जोरदार विस्तार हुआ है।

रविवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश में कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता 2015-16 में 305 गीगावाट से 56 प्रतिशत बढ़कर जून 2025 तक 476 गीगावाट हो गई है। देश में बिजली उत्पादन 2015-16 में 1,168 बिलियन यूनिट (बीयू) से बढ़कर 2024-25 में अनुमानित 1,824 बीयू हो गया है। वहीं, बिजली की कमी 2013-14 में 4.2 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 0.1 प्रतिशत पर आ गई है। इसके अलावा, इस अवधि के दौरान 2.8 करोड़ से अधिक घरों का विद्युतीकरण किया गया और प्रति व्यक्ति बिजली की खपत में 45.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत की कुल स्थापित बिजली क्षमता 476 गीगावाट है, जिसमें 240 गीगावाट थर्मल, 110.9 गीगावाट सौर और 51.3 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल हैं।



■ **वैश्विक प्राथमिक ऊर्जा खपत में भारत की हिस्सेदारी 2035 तक दोगुनी होने का अनुमान**

सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में, भारत ग्लोबल एनर्जी ट्रांजिशन में एक केंद्रीय भूमिका निभाता है। इसकी ऊर्जा मांग प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज दर से बढ़ने की उम्मीद है, जो निरंतर आर्थिक विकास से प्रेरित है। परिणाणस्वरूप, वैश्विक प्राथमिक ऊर्जा खपत में भारत की हिस्सेदारी 2035 तक दोगुनी होने का अनुमान है।

पिछले ग्यारह वर्षों में, भारत ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत प्रगति की है। सीओपी26 में की गई प्रतिबद्धता के अनुरूप, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय अक्षय ऊर्जा (एमएनआरई) 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोतों से 500 गीगावाट स्थापित बिजली क्षमता हासिल करने के लिए मजबूत प्रयास कर रहा है। जून 2025 तक देश ने गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोतों से 235.7 गीगावाट की ऊर्जा क्षमता हासिल कर ली है, जिसमें 226.9 गीगावाट अक्षय ऊर्जा और 8.8 गीगावाट परमाणु ऊर्जा शामिल है।

## क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई का निर्वाचन 25 को

**भिलाईनगर,** 22 जून (देशबन्धु)। क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर पंजीयन नंबर 9687 के 17 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हो गया। पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव 17 सदस्यीय कार्यकारिणी 25 जून बुधवार को किया जायेगा। इस चुनाव में चुनावा अधिकारी के रुप में अरविंद कुमार सिंह व बद्री सिंह ने बताया कि क्षत्रिय कल्याण सभा के 17 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव विगत दिवस संपन्न हो गया है चुनाव अधिकारी के अनुसार बुधवार 25 जून को संध्या 6 बजे से कार्यकारिणी एवं पदाधिकारीयों का चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होगी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि चुनाव को लेकर तैयारी शुरु कर दी गई है। वही समाज के लोगों में चुनाव को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। चुनाव लड़ने वाले अपने समर्थको से मिलना शुरु कर दिया है।

## स्कूटी से निकले विधायक लाखों के निर्माण कार्य का शुभारंभ



**भिलाईनगर,** 22 जून (देशबन्धु)। आज रविवार वैशाली नगर स्थित कालीबाड़ी मंदिर प्रांगण में मां काली की पूजा अर्चना कर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने स्कूटी से अपनी वार्ड भ्रमण यात्रा का शुभारंभ किया। यहां से सर्वप्रथम उस वार्ड में पहुंचे जहां से वो अब भी पार्षद हैं। राम नगर में वरिष्ठ नागरिकों के साथ आज उन्होंने सड़क किनारे 50 लाख की लागत से फुटपाथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में लगे लोगों को आवश्यक निर्देश भी दिए। राम नगर से सुंदर नगर वार्ड का भ्रमण करते हुए विधायक रिकेश स्कूटी से जवाहर नगर वार्ड पहुंचे और यहां निगम की जमीन पर स्थापित लगभग एक दर्जन विभिन्न समाज के मंदिरों और सम्पूर्ण स्थल का निरीक्षण किया। विधायक के पहुंचते ही दर्जन भर विभिन्न समाज के प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे। श्री सेन ने श्री मंकिनम्मा मंदिर, रेणुका एलम्मा देवी मंदिर, नुकाम्बिका देवी, विराट पोतुलूरी वीर ब्रम्हेंद्र स्वामी मंदिर और मां सिन्धु पाटरानी मंदिर में दर्शन कर तेलुगू, उत्कल, वैश्य, चित्रगुप्त, यदुवंशी, कसौंधन वैश्य समाज प्रतिनिधियों सहित लगभग 9 समाज के स्थापित मंदिर और परिसर का दौरा किया। उन्होंने सर्व समाज प्रतिनिधियों से चर्चा की। इस दौरान इस स्थल को देव धाम के रूप में डेव्हलप करने विधायक की इच्छाशक्ति पर सर्व समाज ने हर्ष जताया। समाज प्रतिनिधियों ने बताया कि उनके सभी सामाजिक आयोजन मंदिर प्रांगण में ही होते हैं। सड़क न होने से बरसात के समय यहां मैदान और परिसर में पानी का जमाव होने से मंदिर तक पहुंचने काफी दिक्कत होती है। विधायक ने इस स्थल पर सभी मंदिरों के लिए सीमेंटेड पहुंच मार्ग, ट्यूबलर पोल से स्ट्रीट लाईट सहित समुचित प्रकाश व्यवस्था का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थल उपलब्धता के आधार पर बहुत जल्द यहां डोम शेड निर्माण का प्रस्ताव वो भेज रहे हैं। डोम शेड और मंच निर्माण होने से सभी समाज जो कि आपसी सहयोग से यहां पूजा अर्चना सहित सामाजिक कार्यक्रम करता रहा है। उसके टेंट आदि का प्रतिवर्ष लगने वाले खर्च की बचत होगी। श्री सेन ने कहा कि वर्षों से यहां स्थापित मंदिर प्रांगण वैशाली नगर विधानसभा का देव धाम ही है इसलिए यहां वाशरूम सहित अन्य व्यवस्थाएं वो करने जा रहे हैं ताकि विभिन्न समाज के लोग अपने पारिवारिकए सामाजिक कार्यक्रम इसी स्थल पर कर सकें। इस स्थल पर सभी समाज का सिद्ध मंदिर है। यहां कई वर्षों से लगभग 9,10 विभिन्न समाज के धार्मिक आयोजन होते हैं। उन सबके भगवान के मंदिर यहां पर हैं। इस परिसर में कच्चा रास्ता है। पानी भर जाने से श्रद्धालुओं के लिए बड़ा मुश्किल हो जाता है और कई दुर्घटनाएं भी होती हैं। इसलिए यहां नाली का निर्माण, विद्युत पोल, सीमेंटेड पहुंच मार्ग, वॉशरूम बनाते हुए सभी समाज के मंदिर और प्रांगण को एक समान रूप में विकसित कर इसे देव धाम की तरह डेवलप किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने इसके पूर्व भी स्कूटी से विभिन्न बार्डो का भ्रमण किया। जिस दौरान उन्होंनें विभिन्न बार्डो की समस्या का निराकरण भी किया। इस बार आज रविवार को वार्डो के लोगों से मुलाकत कर लोगों की समस्या सूनी। विधायक रिकेश सेन ने लोगों से आव्हान किया कि कोई भी विकास कार्य की का निरीक्षण करे, ताकि लोगों के पैसे का सही उपयोग हो सके।

## पूर्व ओएसडी के नेतृत्त में टप्पा तालाब की सफाई



**भिलाईनगर,** 22 जून (देशबन्धु)। तीन सप्ताह पूर्व संकल्प पर्यावरण संरक्षण समिति, स्थानीय पार्षद देवकुमारी भल्लावी, आजाद चौक के युवाओं ने टप्पा तालाब बचाने का संकल्प लिया। इस संकल्प के आधार पर हर रविवार सुबह श्रमदान का संकल्प लिया गया था। तीसरे सप्ताह इस अभियान से छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी रहे मनीष बंछोर, भिलाई चरोदा निगम के सभापति कृष्णा चन्द्राकर, जैन संगठन भिलाई 3 के सुमित जैन, गुलाब सीरिया, पीताम्बर सोनी सहित समिति और आजाद चौक के सभी साथी, एनडीएच टीवी की टीम शामिल हुई। इस अवसर पर पूर्व एसडीओ मनीष बंछोर ने तालाब को पुनर्जीवित करने का बेहतर प्लान बताया। वहीं नगर पालिका परिषद भिलाई-चरोदा के सभापति कृष्णा चन्द्राकर ने निगम प्रशासन की तरफसे 50 लाख की घोषणा की। आश्वासन दिया कि बरसात के बाद तालाब का काम शुरू हो जाएगा। फिर भी हमारा प्रयास जनजागरूकता का है। अभियान निरंतर जारी रहेगा

## विधायक देवेन्द्र ने जनता दरवार में सुनी समस्या



**भिलाईनगर,** 22 जून (देशबन्धु)। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव अपने क्षेत्र की जनता से मिलते रहे है और उनकी समस्याओं का समाधान करते है। रविवार को भी विधायक देवेंद्र यादव ने अपने सेक्टर 5 स्थिति निवास स्थान में लोगों से भेट मुलाकात की। इस दौरान एचएलसीएल सेक्टर 6 के लोग भी विधायक के पास पहुंचे। लोगों ने विधायक को बताया कि उनके क्षेत्र में बिजली की बड़ी समस्या है। आए दिन बार.बार बिजली गुल होता है। बार.बार शिकायत के बाद भी बिजली को सुधार नहीं जाता। कई दिन 12 घंटे 24 घंटे तक भी लाइट गोल रहता है। इस वजह से क्षेत्र के लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की समस्याओं को सुनकर विधायक देवेंद्र यादव ने लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। इनके अलावा छावनी और खुर्सीपार क्षेत्र से भी सैकड़ो की संख्या में लोग आए। जिन्होंने विकास कार्य और विभिन्न सुविधाओं की मांग की और अपनी.अपनी समस्याएं भी विधायक देवेंद्र यादव को बताई।कुछ युवा साथी भी विधायक देवेंद्र यादव से मिलने पहुंचे जिन्होंने बताया कि महेंद्र कर्मा यूनिवर्सिटी बस्तर में भर्ती प्रक्रिया में बड़ी गड़बड़ी की गई है। इस वजह से योग्य उम्मीदवारों को जगह नहीं मिल पा रही है। रायपुर से कबीर पंथी का एक प्रतिनिधि मंडल विधायक देवेंद्र यादव से मिलने आया था। कई लोग राशन कार्ड की मांग लेकर पहुंचे। कुछ लोग अपने बच्चों के एडिमशन के लिए मदद की गुहार लगाई। कई लोगों के बेहतर इलाज के लिए मदद की। अस्पताल प्रबंधन को फोन कर लाइनअप किया और बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए। जिन्होंने अपनी परेशानी विधायक को बताई।

## ललित कला अकादमी के सदस्य मिले सांसद विजय से



**भिलाईनगर,** 22 जून (देशबन्धु)। ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर की स्थापना के लिए सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के कलाकार मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। अपने नीज निवास में मिलने आए कलाकारों से चर्चा करते हुए सांसद ने कहा कि राज्य में केन्द्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय का एक भी संस्थान नहीं है। यदि रीजनल सेन्टर बनता है तो इससे छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति का व्यापक विकास होगा। वे मुख्यमंत्री से कहेंगे कि विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में शामिल किए गए मोदी की गारंटी के स्वरूप में इस वादे को भी शीघ्र पूरा करवायें। सांसद से मुलाकात के दौरान ललित कला अकादमी संस्कृति मंत्रालय भारत सरकारए नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ.अंकुश देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे।

## भिलाई 3 के मंगल भवन में वृक्षारोपण



**भिलाईनगर,** 22 जून (देशबन्धु)। नगर निगम भिलाई चरोदा द्वारा योग शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी वर्ग के महिला एवं पुरूषों ने योग के आसनों का अभ्यास किया साथ ही योग के महत्व पर योग गुरूओं द्वारा बताये गये महत्वपूर्ण बिंदुओं को आत्मसात किया। हमारे देश के इस प्राचीन विद्या से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभ को आज सारे विश्व ने सम्मान दिया है। योग से ना केवल रोगो पर ही नियंत्रण प्राप्त किया जा सकता है वरन भागदौड़ भरी आज के समय की दिनचर्या में ये मानसिक शांति और एकाग्रता प्राप्त करने में भी सहायक है। योग से निरोग के मूल मंत्र के साथ भिलाई 03 के मंगल भवन में योग प्रशिक्षुओं द्वारा शिविर में आये लोगों को अलग अलग योग आसनों के माध्यम से अभ्यास कराया। योग गुरू सुषमा बेपारी एवं कुमारी श्रद्धा बेपारी ने मंच से विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन कर शिविर में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सुबह 6 बजे से लेकर 7 बजे तक चले शिविर के उपरांत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत मंगल भवन परिसर में नये पौधो को रोपित किया गया। आज के कार्यक्रम में निगम के नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा, वरिष्ट भाजपा पार्षद फिरोज फारूखी, संजय ठाकुर, रवि नाहर, जयसवाल शामिल हुये। साथ ही भिलाई-3 के अनुविभागीय दंडाधिकारी महेश सिंह राजपूत, तहसीलदार भिलाई 03 पवन सिंह राजपूत सहित निगम की ओर से सहायक अभियंता आलोक पसीने, सहाअभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता हेमंत साहू, उपअभिता मुकेश रात्रे, उपअभियंता मुकेश चंद्राकर उपअभियंता वैभव त्यागी, उपअभियंता केहर कुमार मरकाम, आयुक्त के स्टेनों चेतन देवांगन, सहायक लेखाधिकारी अजय वर्मा, सहायक ग्रेड 1 राजू वर्मा, सहायक ग्रेड 2 यशवंत ठाकुर, सहायक ग्रेड 3 अविनाश चंद्राकर, जनसंपर्क प्रभारी विकास त्रिपाठी, सहायक ग्रेड 3 मुकेश यादव, टाईम कीपर श्यामता साहू, समयपाल राजेश अचिया, सहायक ग्रेड 3 पुरेन्द्र वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मेडिकर स्टोर में मारपीट करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**भिलाईनगर,** 22 जून (देशबन्धु)। लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला परिसर में धन्वंतरी मेडिकल स्टोर में वीति रात्रि दवा लेने में हुई देरी के बाद एक व्यक्ति ने मेडिकल कर्मचारी से बहस करने के बाद पिटाई शुरू कर दी। यही नहीं उसने पेटीएम का स्वैप मशीन भी तोड़ दिया और वहां से फरार हो गया। सुपेला पुलिस जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात लगभग 10 बजे एक महिला धन्वंतरी मेडिकल स्टोर में दवा लेने पहुंची। दवा देने में देरी होने पर कुछ ही देर में एक व्यक्ति वहीं पहुंचा और गाली गलौच करते हुए मेडिकल के कर्मचारी से मारपीट की। कर्मचारी बार बार मना करता रहा लेकिन उसे मारता रहा। कुछ देर बाद मेडिकल स्टोर के काउंटर रखी पेटीएम की स्वैप मशीन को भी तोड़ दिया। पीडित मेडिकल कर्मी ने इसकी सूचना सुपेला पुलिस को दी। घटना की सूचना के बाद सुपेला पुलिस मौके पर पहुंची और मेडकल स्टोर में लगे सीसी टीवी फुटेज चेक किया। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। वहीं इधर मेडिकल स्टोर के कर्मचारी हर्ष ने कहा कि जिस समय महिला आई थी उस समय पहले से तीन चार ग्राहक थे जिन्हें वे दवा दे रहे हैं। थोड़ी देर रुकने कहा तो उसने फोन कर अज्ञात व्यक्ति को बुला लिया है। हर्ष ने बताया कि मारपीट करने वाला कौन इसका पता पुलिस लगा रही है।

## सभी इकाइयों, विभागों और खदानों में योग का आयोजन

**भिलाईनगर,** 22 जून (देशबन्धु)। संयंत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस संयंत्र के ओर हैंडलिंग प्लांट, सिंटर प्लांट-3, सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग, ब्लास्ट फर्नेस-8ए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, स्टील मेल्टिंग शॉप-3, राजहरा खदान, डीएवी स्कूल राजहरा तथा रावघाट माइंस सहित विविध विभागों, शॉपस, स्कूलों, कार्यालयों और खदानों में योग सत्रों और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के तहत व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संतुलन के अंतर्संबंध को रेखांकित किया गया। मुख्य समारोह भिलाई निवास के बहुद्देश्यीय सभागार में संपन्न हुआ।



जिसमें निदेशक तकनीकी परियोजनाएं एवं कच्चा माल तथा निदेशक प्रभारी अतिरिक्त प्रभार भिलाई इस्पात संयंत्र मनीष राज गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं एस. मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन ए. के.चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन, पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक खदान, बिपिन कुमार गिरी, कार्यपालक निदेशक संकार्य, राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. एम्. रविंद्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक रावघाट अरुण कुमार तथा अध्यक्ष सेफी एवं ओए एन. के. बंछोर, महासचिव ओए परविंदर सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में योग गुरुओं के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुई। जिसके पश्चात अनुभवी योग प्रशिक्षकों रणवेश सरकार एवं जी. पी. सिंह के निर्देशन में सुव्यवस्थित योग सत्र आयोजित किया गया। उन्होंने विभिन्न आसनों और प्राणायामों का प्रदर्शन करते हुए योग की मूलभूत विधियों को समझाया। मुख्य अतिथि मनीष राज गुप्ता ने सत्र के समापन में योग प्रशिक्षकों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने योग को दैनिक जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया और इसे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य बताया। अंत में प्रतिभागियों द्वारा योग को जीवनशैली में अपनाने की सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः 7 बजे रोज गार्डन में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 60 कर्मचारियों ने भाग लिया, जो स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को उजागर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी ने की। इस सत्र का आयोजन महाप्रबंधक एस.आर.शेंडे, द्वारा किया गया। जिन्होंने स्वयं योगाभ्यास का नेतृत्व करते हुए प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों और प्राणायाम की विधियों का अभ्यास कराया।

## अलग-अलग कुएं में दो शव, पुलिस जांच में जुटी मिले

**भिलाईनगर,** 22 जून (देशबन्धु)। जिले के अमलेश्वर थाना क्षेत्र में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब यहां के दो अलग अलग कुओं से बच्चे व महिला की लाशें मिली। रविवार सुबह जैसे ही इसकी जानकारी पुलिस को लगी तत्काल मौके पर पहुंचे। एसएसपी विजय अग्रवाल ने घटना स्थल का मुआयना किया। फिलहाल पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार घटना पाटन ब्लॉक के अमलेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया की है। बताया जा रहा है कि गांव की कुछ महिलाएं कुएं से पानी लेने कुएं के पास पहुंची तो उन्हें अजीब सी बदबू आई। इसके बाद गांव वाले जमा हुए और देखा कि कुएं में कुछ भारी भरकम चीज है। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर अमलेश्वर पुलिस पहुंची और कुएं से एक शव बाहर निकाला। लगभग 12 से 13 साल के बच्चे का शव था। अभी एक शव की शिनाख्ती का प्रयास किया जा रहा था कि कुछ दूरी पर एक और कुएं भी लाश मिली। इसे बाहर निकाला गया जो कि किसी महिला का है। महिला ने सलवार सूट पहना हुआ था। बताया जा रहा है कि किसी ने दोनों शवों को कपड़े से बांधकर व बोरे में भरकर कुएं में फेंक दिया। शव बाहर न निकले इसके लिए बोरे में पत्थर में बांधे। इसके बाद भी शव पानी से बाहर आ गए। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से शवों की शिनाख्ती का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। दोनों ही शव अलग अलग कुएं में थे जो आपस में लगभग 35-40 मीटर की दूरी पर है। ग्रामीणों का कहना था कि दोनों इस गांव के नहीं है। बहरहाल थाना अमलेश्वर में मर्ग कायम कर शव पहचान पहचान की जा रही है। शिनाख्ती के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आस-पास सीसी कैमरे की भी जांच कर रही है। इस घटना की जानकारी मिलते ही आस-पास क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

## साहू समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित



**भिलाईनगर,** 22 जून (देशबन्धु)। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा नई दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक एवं आमसभा का आयोजन पटना में किया जा रहा है। जिसमें प्रदेशभर से साहू समाज के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इसी क्रम में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती स्वाति साहू ने भी इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक की अध्यक्षता महाराष्ट्र सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर ने की। श्रीमती साहू ने मंच पर पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। श्रीमती साहू ने कहा कि अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक प्रगति का सशक्त मंच है। आज जब युवा पीढ़ी अपनी पहचान और भूमिका को लेकर सजग हो रही है। ऐसे में इस संगठन से जुड़कर हम सामाजिक जागरूकता और सशक्तिकरण की दिशा में मील के पत्थर रख सकते हैं। बैठक में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक समावेशिता, संगठन की रणनीतियाँ और राजनीतिक सहभागिता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का समापन एकता, समानता और प्रगति के संकल्प के साथ हुआ, जो समाज के लिए संवाद और दिशा दोनों का संकेत बना। इस अवसर पर छत्तीसगढ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ एवं कसडोल विधायक संदीप साहू, राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं डीन डा. नारायण साहू. पूर्व विधायक धनेंद्र साहू. पूर्व विधायक प्रीतम साहू. पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ममता साहू, रामगोपाल साहू, प्रदेश कार्यकारी संयोजक विष्णु राम साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक पवन साहू, सहसंयोजक देवेंद्र कुमार साहू, स्वाति साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## योग से स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करें:यादव



**भिलाईनगर,** 22 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद अहिवारा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में डी ए वी स्कूल अहिवारा में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को योग के महत्व से अवगत कराना एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे किया गया। जिसमें जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व प्रांत संघ चालक छत्तीसगढ़ बिसरा राम यादव, अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा समस्त पार्षद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप अभियंता कर्मचारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन जिसमें प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाएं कराई गईं। कार्यक्रम में स्कूलों के छात्र-छात्राओं व स्कूल स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## महिलाओं के अधिकारों-स्वास्थ्य जागरूकता पर कार्यशाला



**भिलाईनगर,** 22 जून (देशबन्धु)। नई उड़ान जन सेवा संस्थान ने भिलाई में महिलाओं के कानूनी अधिकारों और यौन जनित रोगों पर आयोजित की कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं के कानूनी अधिकारों, उनके संरक्षण, और यौन जनित रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने विशेषज्ञ, अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। छत्तीसगढ़ एड्स कंट्रोल सोसाइटी के डिप्टी डायरेक्टर विक्रांत वर्मा और ट्रेनिंग ऑफिसर श्रीमती भाग्यश्री वर्मा ने महिलाओं को यौन जनित रोगों और एचआईवी, एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने रोकथाम, उपचार और जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने नई उड़ान जन सेवा संस्थान के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए इसके समग्र विकास के लिए बधाई दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिवक्ता दीपमाला व उमा भारती ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों, जैसे कि घरेलू हिंसा से संरक्षण, संपत्ति अधिकार,और कार्यस्थल पर सुरक्षा से संबंधित कानूनों पर विस्तार से जानकारी दी। विभाग के अधिकारियों ने महिलाओं के सशक्तिकरण, सरकारी योजनाओं और उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कुसुम नागर ने 2022 में बुद्धदेव कामस्कर केस के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला के समापन पर उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने संस्था के प्रयासों की सराहना की और प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में चन्दा गुप्ता, परमेश्वरी पंडित, सीमा गुप्ता, रिया मेश्राम, मिली शर्मा, जमुना निषाद, विकास मेश्राम, लक्ष्मण वर्मा, आशा चेलकए तारिणी वर्माए गायत्री मिश्रा और अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

# सोनासिल्ली के बच्चों ने रच रहे इतिहास गांव में स्वच्छता अभियान की कर रहे पहल

## नन्हे हाथों में रांपा धमेला, ग्राम को स्वच्छ बनाने का संकल्प, बने प्रेरणा स्रोत



**राजिम, 22 जून (देशबन्धु)।** समीपस्थ ग्राम सोनासिल्ली ब्लाक फिंगेश्वर के छोटे छोटे स्कूली बच्चों ने मिसाल कायम की है। इन बच्चों ने 6-7 बच्चों का समूह बनाकर हर रविवार छुट्टी के दिन पढ़ाई के साथ-साथ गांव की सफाई में जुट जाते हैं। बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी से एक ही कलर की टी-शर्ट खरीदी और पिछले एक साल से स्वच्छता अभियान में जुट गए।

उनका लक्ष्य है कि गांव को बीमारियों और गंदगी से मुक्त किया जाए। इन बच्चों की मेहनत और सोच ने उन्हें गांव के ही नहीं, युवाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बना दिया है। सोनासिल्ली के ये नन्हे सिपाही सच्चे अर्थों में स्वच्छता के असली दूत बन चुके हैं। यहां सोनासिल्ली गांव के नन्हे बच्चों के इस अद्भुत स्वच्छता अभियान से एक सामाजिक बदलाव की शुरुआत की हैरू

**6-से 12 साल के है ये बच्चे:** सोनेसिल्ली गांव के ये बच्चे 6 से 12 साल की उम्र के हैं, जो पास के सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं।ये बच्चे खुद ही टोली बनाकर सफाई अभियान की योजना बनाते हैं। गांव की गलियों, नालियों, स्कूल परिसर और सार्वजनिक स्थलों की सफाई करते हैं। कचरे को इकट्ठा कर सही स्थान पर निस्तारित करते हैं।

पत्थरों और कूड़े से पटी नालियों को खोलना, झाड़ियों को काटना, और गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना इनका उद्देश्य है। उनके इस कार्यका स्कूल के शिक्षक, गांव के बुजुर्ग और अभिभावक भी इन बच्चों के समर्पण की सराहना कर रहे हैं।

**पूरा गांव एक स्वच्छता मॉडल गांव के रूप में जाना जाए:** यदि स्थानीय प्रशासन और पंचायत सहयोग करें तो इस अभियान को और व्यापक स्तर पर फैलाया जा सकता है। बच्चों का सपना है कि पूरा गांव एक दिन स्वच्छता मॉडल गांव के रूप में जाना जाए।

सोनासिल्ली गांव के ये बच्चे 6 से 12 साल की उम्र के हैं, जो पास के सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। ये बच्चे खुद ही टोली बनाकर सफाई अभियान की योजना बनाते हैं। हर रविवार सुबह गांव के अलग-अलग हिस्सों की सफाई करते हैं।

# गैल इंडिया द्वारा बिछाई जा रही गैस पाइपलाइन से क्षेत्र के किसान परेशान



**पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढे कई महीनों से खुले पड़े हैं**

**सिमगा, 22 जून (देशबन्धु)।** गैल इंडिया कंपनी के द्वारा बिछाई जा रही गैस पाईप लाईन से क्षेत्र के सैकड़ों किसान परेशान है। पाईपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढे कई महीनों से पड़े हैं खुले।

मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के नागपुर से लेकर ओड़िशा के झाड़सुगुड़ा तक गैस पाईपलाइन बिछाने का कार्य गैल इंडिया कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। पाईपलाईन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे कई महीनो से खुले पड़े हैं। जिससे क्षेत्र के किसानों को कृषि कार्य करने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के साथ ही ग्रामीणों के मन में हमेशा भय बना रहता है कि ग्राम के छोटे-छोटे बच्चें खेलते हुए कहीं उन गड्ढों में न गिर जाए और कहीं कोई बड़ी घटना न घट जाए। ग्राम कामता के ग्रामीणों ने बताया कि हमनें भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के समक्ष अपने इस समस्या को रख चुके हैं। जिस पर उन्होंने कंपनी प्रबंधन से बातकर खोदे गए गड्ढों को शीघ्र भरने की बात की थी। लेकिन महीनों बीत चुका है उसके बावजूद भी गड्ढों को भरा नहीं जा रहा है। ग्राम कामता के प्रभावित किसानों जिनमें महेंद्र साहू सीताराम साहू रोहित साहू खोरबाहरा ध्रुव भूखन ध्रुव दौलत साहू रघुनंदन साहू भुखऊ ध्रुव वेदराम वर्मा ताकेश्वर ध्रुव अहिल्याबाई महेंद्र वर्मा ने कहा कि कृषि कार्य हमारे सिर पर है और हमारे खेतों में खोदे गए गड्ढों के मिट्टी मलमा ऐसे ही पड़े हुए हैं। जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

इस संबंध में गेल इंडिया कंपनी के सुपरवाइजर संजय शर्मा से दूरभाष से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि कार्य प्रगति पर है। जल्द ही गड्ढों को भरा जायेगा।

# बैकुंठ सीमेंट में योग दिवस मनाया गया



**तिल्दा नेवरा, 22 जून (देशबन्धु)।** भारतीय खान ब्यूरो के तत्वाधान में अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स की सेंचुरी सीमेंट लाइमस्टोन माइंस में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक भव्य और उत्साहपूर्ण योग किया गया माइनिंग के साइडिंग में चित्रकूट नामक स्थान पर योगमय वातावरण में देखने को मिला, जिसमें सभी ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय खान नियंत्रक प्रेम प्रकाश के मार्गदर्शन में सामूहिक प्रार्थना से हुआ उन्होंने प्रारंभिक व्यायामों से योग सत्र की शुरुआत करवाई। आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के शिक्षक आशीष अग्रवाल ने विविध योगासनों का अभ्यास करवाया।

संयंत्र प्रमुख पवन कुलकर्णी ने योग के शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक लाभों को रेखांकित करते हुए दैनिक जीवन में इसे अपनाने की प्रेरणा दी।

इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय खान नियंत्रक प्रेम प्रकाश, आरएमजी डी.दास, यूनिट हेड पवन कुलकर्णी, देबाशीष रॉय चौधरी और प्रबीर चट्टोपाध्याय एफएच (एचआर), राजीव सिंघल एफ.एच (टेक.), सुनंदा बसु एफएच (एफ एंड सी), अशोक कुमार सिन्हा एफएच (खान), आरपीएस भाटिया डीएच (खान), प्लांट के वरिष्ठ अधिकारी, एबीपीएस स्कूली बच्चे, ऑफिसर व स्टाफ और कर्मचारी उपस्थित थे।

# नशे के खिलाफ खरोरा पुलिस ने चलाया अनोखा अभियान



**खरोरा, 22 जून (देशबन्धु)।** खरोरा नगर के वार्ड क्रमांक 08 में लगातार शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की बिक्री की शिकायत के चलते आज खरोरा थाना प्रभारी श्री दिपक पासवान व्दारा वार्ड वासियों के साथ बैठक की गई। इस दौरान थाना प्रभारी श्री पासवान ने लोगों से चर्चा कर उक्त वार्ड में हो रहे अवैध शराब एवं गाँजा की बिक्री रोकने सहित उक्त वार्ड को अपराध मुक्त कर एक आदर्श वार्ड बनाने की दिशा में जन जागरूकता लाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने मादक पदार्थों के अवैध बिक्री में संलिप्त लोगों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुवे कहाँ की इन कामों में लगे लोगों को सुधरने का ये अंतिम अवसर हैं इसके बाद चेतावनी नहीं सीधा कार्यवाही होगा। इस दौरान भाजपा नेता विकास ठाकुर ने कहाँ की आसानी से नशीले चीजों की उपलब्धता ही नशा का मुख्य कारण हैं। इससे विशेषकर युवा वर्ग नशे के गिरफ्त में आ रहे हैं। इससे घर परिवार उजड़ रहा हैं, बच्चों पर विपरीत असर पड़ रहा हैं कई प्रकार के अपराध और घटनाएँ भी बढ़ रही हैं। इसे रोकने के लिए नशे करने वालों और नशे का समान बेचने वालों पर नकेल कसना ज़रूरी हैं। वार्ड पार्षद तामेश्वर मरकाम ने कहाँ की नशे का व्यापार करने वाले लोग सरकार की योजनाओं के लाभ लेकर कुछ छोटा मोटा काम कर सम्मान से अपना जीवन बसर कर सकते हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से खरोरा थाना प्रभारी दीपक पासवान, पुर्व पार्षद तोरण ठाकुर, भाजपा नेता विकास ठाकुर, पार्षद तामेश्वर मरकाम, अशोक मरकाम, भोला यादव, अमृत पटेल, राजकुमार पटेल, पुनम चौहान, संगीता फुटान, सुशीला यादव, नेहा साहू, रजिया पटेल, रमेश साहू, मीनू चंद्राकर, पुनम चौहान, प्रिति अंजना चौहान आदि लोगों सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं थाना स्टाफ़ उपस्थित थें।

# वीरांगना महारानी दुर्गावती के शहादत दिवस मनाने बैठक



**बागबाहरा, 22 जून (देशबन्धु)।** 22 जून को जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर जी/जिलाध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज जिला महासमुंद मनराखन ठाकुर जी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय महासमुंद के गोंडवाना भवन में महारानी दुर्गावती जी के शहादत दिवस कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा सुनिश्चित करने को लेकर विशेष बैठक आहुत की गई थी।

विदित हो कि 24 जून को वीरांगना महारानी दुर्गावती जी के शहादत दिवस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन को आमंत्रित किया गया था किन्तु समयाभाव की वजह से माननीय मुख्यमंत्री जी का आगमन नहीं हो पा रहा है। इसके लिए आयोजन समिति की ओर से समाज जनों को खेद प्रगट करते हैं, निश्चित ही आगामी समय में पुन: समय निकाल कर माननीय महोदय जी का पदार्पण होगा। उक्त बैठक में उपस्थित समाज प्रमुख जनों के सर्व सम्मति से सहमति जताई गई कि 24 जून को शहादत दिवस कार्यक्रम को पूजन वंदन व माल्यार्पण कर सामान्य रूप से शांति व्यवस्था और पूर्ण सादगी के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है, साथ ही समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों एवं जिला मुख्यालय क्षेत्र के समाज बंधु एवं भगिनी जनों की गरिमामयी उपस्थिति अनिवार्य हो। यह कार्यक्रम पूर्णत: आदिवासी ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ जिला महासमुंद/सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद एवं शासकीय अनुसूचित जनजाति अधिकारी/कर्मचारी सेवक संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा।*

आहुत बैठक में जिलाध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ जिला महासमुंद मनराखन ठाकुर जी, जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज/उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर जी सहित संरक्षक फूलसिंह ध्रुव जी, सचिव राजकुमार ध्रुव जी, अध्यक्ष गण - तुलाराम सोरी जी, शिव सोरी जी, मदन ध्रुव जी, भुनेश्वर ध्रुव जी, सनकादिक ध्रुव जी, अनूप ध्रुव जी, सरजू कुंजाम जी, मूरत ध्रुव जी, गणेश ध्रुव जी, घांसीराम ध्रुव जी, राधेश्याम ध्रुव जी, जयलाल ध्रुव जी, यादराम ध्रुव जी, सहदेव ध्रुव, पुष्पेंद्र ध्रुव जी, श्याम ध्रुव जी, एस पी ध्रुव जी, डमरूधर मांझी जी, महिला प्रभाग श्रीमति डेजीरानी नेताम जी, श्रीमती सावित्री ध्रुव जी, युवा/युवती प्रभाग - सुश्रीश्रद्धा ध्रुव, सुरेंद्र ठाकुर, ओमप्रकाश नेताम, ओमप्रकाश छेदईहा, टोपेश ध्रुव सहित अधिक संख्या में समाज प्रमुख एवं सामाजिक कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# वार्ड-15 में चावल उत्सव का आयोजन



**बागबाहरा, 22 जून (देशबन्धु)।** शहर मंडल अंतर्गत बागबाहरा के वार्ड क्रमांक 15 में स्थित राशन दुकान में चावल उत्सव का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में डिंपल डाली ध्रुव (मंडल अध्यक्षा), प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्षा अलका चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष आबिद खान, रूपेश प्रेम साहू, महामंत्री अतुल गंडेचा, पार्षद सविता दीवान, अनीता अजीत तांडी, मदनलाल देवांगन, मोतीलाल पुजारा, अजीत टांडी, योगेश चिन्दा, मीडिया प्रभारी डेविड साहू, सेल्समैन रवि मधुकर और वार्ड नंबर 14 एवं 15 के अनेक राशन लाभार्थी शामिल हुए।

# नुवोको विस्टास आरसमेटा इंटक यूनियन के नए पदाधिकारियों का गठन



**दिलीप कुमार वर्मा बने इंटक यूनियन अध्यक्ष**

**तिल्दा नेवरा, 22 जून (देशबन्धु)।** नुवोको विस्टास कोर्प लिमिटेड सीमेंट प्लांट आरसमेटा गोपाल नगर जिला जांजगीर चांपा के सीमेंट प्लांट व पेकिंग प्लांट के श्रमिको ने इंटक यूनियन मे नए पदाधिकारियों का गठन किया गया है।

जिसमे छत्तीसगढ़ के मजदुर नेता दिलीप कुमार वर्मा को अध्यक्ष बनाया है साथ ही उपाध्यक्ष व्यास नारायण रात्रे, महासचिव पुरुषोत्तम राय, सलाहकार चिंतामणि डोंगरे, चितेंद्र वर्मा, थनवार वर्मा, राधे श्याम भतपहरे, संरक्षक तिजराम राठिया, कोषाध्यक्ष लाल जी लहरिया, सचिव जमुना प्रसाद ओगरे, कार्यकारिणी सदस्य इतवारी खड़ेकर, जगमोहनेस्वर रात्रे, जोगेंद्र ओगरे, शत्रुहन बंजारे, अजीत सोनवानी, नरेश बंजारे, कोमल खंडेकर, राजेश नायक संघ मे है।

श्रमिक संघ इंटक के अध्यक्ष दिलीप कुमार वर्मा ने बताया की श्रमिको के साथ बहुत ही शोषण किया जा रहा है पूरे महीना श्रमिको को काम नही दिया जा रहा है कारखाना अधिनियम 1948 का पालन नही किया जा रहा है संयंत्र अपनी मनमानी कर रहा है कंपनी अपने अड़ियल रैवये को नही सुधारा तो बहुत जल्द ही हड़ताल किया जाएगा जिसमे छेत्रीय संघो का समर्थन लिया जा रहा है।

**आवश्यकता है**

सेल्समेंन 07 पद, सर्विस एग्जीक्युटीव 02 पद, फ्रेशर भी अप्लाई कर सकते है।

**पता:- अर्जुन मोटर्स बलौदाबाजार, सारंगढ, मो.नं. 9752840019, 9304507001,**

**मिलने का दिनांक 23.06.2025 समय 11 बजे से शाम 6 बजे तक।**

**सर्व संबंधित सूचना**

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुधा अग्रवाल ग्राम सुहेला को जिला स्तरीय पर्यावरण संघात निर्धारण प्राधिकरण (डीईआईएए) बलौदाजार द्वारा दिनांक 14.02.2017 को खसरा क्रमांक 103/7, 103/8, 103/11, 103/15, 103/16, 103/23 कुल रकबा 2.33 हे. में 10121.5 टन प्रतिवर्ष पत्थर उत्खनन के लिये पर्यावरणीय स्वीकृत प्रदान की गयी थी वर्तमान में महालक्ष्मी माइंस एण्ड मिनरल पार्टनर प्रो. शिरोमणी आजादी एवं सुमन सोनु शर्मा द्वारा संचालित किया जा रहा है। उक्त परियोजना से संबंधित दस्तावेज एवं स्वीकृत पत्र की प्रति (डीईआईएए) बलौदाबाजार कार्यालय में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति/संगठन इसे भारत सरकार की पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट www.enviromentclearance.nic.in/delau.aspx पर देख सकते है। यह सूचना जनहित में प्रसारित की जा रही हैं।

**प्रस्तुतकर्ता-शिरोमणी आजादी, सुमन सोनु शर्मा**

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, जिला-दुर्ग**

**रा.प्र.क्र./ ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन नम्बर 202506100400286/अ-2/2024.25**

**पक्षकार का नाम यादवेन्द्र सिंह**

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका यादवेन्द्र सिंह आ./पति श्रीकांत सिंह निवासी घासीदास नगर नंदनी रोड द्वारा ग्राम बोरई, प.ह.न.01, तहसील व जिला दुर्ग खसरा नं. 1743, रकबा 0.0470 हे. (51344 वर्ग फीट) प्रयोजन औद्योगिक प्रयोजन अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु छ.ग. भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैए जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 19 जून 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मोहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग**

**न्यायालय तहसीलदार गीदम में मामला क्रमांक: 202501160100007**

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

**ईश्तहार**

विषय-अ-19 (4) सन् 2024-2025
वाद भूमि, तहसील-गीदम ग्राम-हाउरनार
प.ह.नं. 00017,गीदम, दिनांक 19.06.2025
आवेदक-श्री त्रिलोक सुराना पिता/पति/विभाग श्री रतनलाल सुराना पता निवासी गीदम तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा
क्रमांक/600/रीडर/तह./2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री त्रिलोक सुराना पिता स्व. रतनलाल सुराना उम्र 45 वर्ष जाति जैन निवासी गीदम तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा के द्वारा ग्राम हाउरनार प.ह.नं. 20 स्थित स्वामित्व भूमि खसरा नंबर 5/44, 5/47, 5/3/1, 5/4 रकबा क्रमश: 0.12 हे., 0.04 हे., 0.38 हे., 0.032 हे. भूमि स्थित है, उक्त भूमि में ये प्रभावित भूमि खसरा नंबर 5/4 रकबा 0.320 हे. में से रकबा 0.1260 हे. में दो स्थानों पर अस्थाई सड़क एवं नाली निर्माण में प्रभावित भूमि के समतुल्य मूल्य की भूमि अदला-बदली हेतु मांग की गई है।

इस संबंध में हल्का पटवारी गीदम द्वारा शासकीय भूमि का विवरण प्रस्तुत किया गया है जिसकी जानकारी निम्नानुसार है- ग्राम हाउरनार तहसील गीदम स्थित स्वामित्व भूमि खसरा नंबर 5/4 रकबा 0.32 हे. में से रकबा 0.126 हे. में अस्थाई सड़क व नाली निर्माण में प्रभावित हुआ है के समतुल्य मूल्य की भूमि अदला बदली हेतु मांग की गयी है। उक्त भूमि का राजस्व निरीक्षक के गणना पत्रक में मूल्यांकन 631502.00 (छै लाख इक्कातिस हजार पांच सौ दो रूपया मात्र) है। गीदम स्थित शासकीय भूमि नजूल मद में खसरा नंबर 391 में से रकबा 0.2311 हे. खसरा नंबर 342 में से रकबा 0.2311 हे. ख्सरा नंबर 939 में से रकबा 0.2311 हे. खसरा नंबर 925/1 में से रकबा 0.1740 हे. भूमि जिनका सभी व शासकीय मूल्य आवेदक के प्रभावित भूमि का मूल्य 631502.00 (छै लाख इक्कातिस हजार पांच सौ दो रूपया मात्र) के बराबर है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेशी कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 19.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार गीदम**

**न्यायालय नायब तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**क्रमांक/173/ना.तह./वा./2025**
**बलौदाबाजार दिनांक 12.06.2025,**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोविन्द प्रसाद वर्मा पिता सम्मेलाल वर्मा जाति कुर्मी निवासी ग्राम रवान तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक की पौत्र कान्हा वर्मा पिता शत्रुहन वर्मा का जन्म दिनांक 17.07.2009 को ग्राम रवान में हुआ था। जिसका जन्म पंजीयन नही होने के कारण ग्राम पंचायत रवान में पंजीयन किये जाने का निवेदन किया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति करना हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 27.06.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील

**नायब तहसीलदार बलौदाबाजार**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक: 20/06/2025**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती अहिल्या पति श्री रमाशंकर भगत निवासी सरगुजा छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम नवागांव पटवारी हल्का नम्बर 15 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 105/5 रकबा 0.0464 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 28.05.2025 के परिपालन में दिनांक 02.07.2025 को समय 01 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 15 के नवागांव में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

सील

**राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक: 20/06/2025**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सावित्री भगत पति श्री धनीराम भगत निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम नवागांव पटवारी हल्का नम्बर 15 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 105/3 रकबा 0.0589 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 28.05.2025 के परिपालन में दिनांक 02.07.2025 को समय 01 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 15 के नवागांव में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

सील

**राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक: 20/06/2025**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मनीषा तिग्गा पति श्री डी.डी. तिग्गा निवासी सरगुजा छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम नवागांव पटवारी हल्का नम्बर 15 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 105/4, 108/5 रकबा 0.0464, 0.0735 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 28.05.2025 के परिपालन में दिनांक 02.07.2025 को समय 01 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 15 के नवागांव में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

सील

**राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, उप तहसील सारागांव जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. /ब-121/वर्ष 2024-25**
**सारागांव दिनांक 06/06/2025**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दियाल दास पिता बुधियार निवासी ग्राम दोन्देकला, उप तहसील सारागांव जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मेरी माता पितरबाई की मृत्यु दिनांक 31/01/2010 ग्राम दोन्देकला घर में हुआ है जिसका पंजीयन नहीं हो पाया है। आवेदक द्वारा रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) को पंजीयन हेतु आदेश जारी करने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 23/06/2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी उप तहसील सारागांव**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-09, ग्राम लाभांडी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

**दिनांक 19.06.2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री गौतमचंद धाड़ीवाल पिता श्री महावीर चंद धाड़ीवाल पता सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम लाभांडी प.ह.नं. 65 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 387/7 रकबा 0.044 हैं. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर (छ.ग.) के ज्ञापन क्रमांक /क/वाचक/अति.तह./2025, रायपुर के आदेश दिनांक 09.06.2025 के परिपालन में दिनांक 26.06.2025 को समय 12.00 बजे पश्चात् किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक, समय तक पटवारी हल्का नं. 65 के लाभांडी स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है, म्याद पश्चात् किसी भी प्रकार की दावा, आपत्ति आदि पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

सील

**राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-09**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SABANA PARVEEN W/O MOHAMMAD AMIN resident of H NO 219 SHITALA PARA KANKER (C.G.) have changed my old name SABANA PARVEEN W/O MOHAMMAD AMIN so in future I should be recognized by my new name that is SHABANA PARVIN W/O MOHAMMAD AMIN in all Government and other documents.

**SHABANA PARVIN**
H NO 219 SHITALA PARA
KANKER (C.G)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KOYENA GHOSH D/O KUMAR SHANKAR GHOSH resident of A-03, PLATINUM VILLA, ROW HOUSE, GREEN EARTH CITY, NEAR HDFC BAKN, AMLESHWAR, AMLESER, PO. SANKRA DIST DURG (C.G) 491111 have changed my old name KOYENA GHOSH D/O KUMAR SHANKAR GHOSH so in future I should be recognized by my new name that is KOYENA GHOSH SINGH W/O ABHISHEK SINGH in all Government and other documents.

**KOYENA GHOSH SINGH**
A-03, PLATINUM VILLA, ROW HOUSE, GREEN EARTH CITY, NEAR HDFC BAKN, AMLESHWAR, AMLESER, PO. SANKRA DIST DURG (C.G.) 491111

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ आगमन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर किया स्वागत

रायपुर, 22 जून (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ आगमन पर आज स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।



इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक धर्मलाल कौशिक, किरण देव, अमर अग्रवाल, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब , मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह उपस्थित थे।

# दक्षता के लिए 42 पंचायत सचिवों के तबादले

- जिला पंचायत ने लिया फैसला, 5 साल से जमे सचिव हटाए गए
- सचिव संघ ने जताया विरोध, कलेक्टर से करेंगे मुलाकात
- जनपद सीईओ की अनुशंसा के बगैर तबादले से नाराजगी
- जनवरी में भी हुआ था 27 सचिवों का तबादला

**दंतेवाड़ा,** 22 जून (देशबन्धु)। प्रशासन ने एक लंबे समय बाद पंचायत सचिवों के थोक में तबादले किये हैं। एक ही जगह पर पांच वर्ष या उससे अधिका समय तक जमे सचिवों को हटाया गया है। 42 सचिवो के तबादले हुए हैं। पंचायत सचिव संघ ने इसका विरोध किया है और कलेक्टर से मुलाकात कर अपना पक्ष रखने की बात कही है।

जिला पंचायत की ओर से जानकारी दी गई है कि प्रशासनिक पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने हेतु 42 पंचायत सचिवों का स्थानांतरण किया गया है। यह निर्णय उन सचिवों के लिए लिया गया है जो 5 साल या अधिक समय से एक ही पंचायत क्षेत्र में पदस्थ थे। बताया गया है कि अनेक सचिवों की पदस्थापना अवधि अत्यधिक लंबी रही है — उदाहरण स्वरूप, कुछ सचिव 27 वर्षों से, कुछ 20 वर्षों से, और कुछ 14 वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत थे। यह स्थिति प्रशासनिक दृष्टिकोण से अनुकूल नहीं थी। कार्य संस्कृति में सक्रियता लाने, जवाबदेही सुनिश्चित करने और सुशासन की भावना को मजबूती देने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया।



इधर इन तबादलों को लेकर विरोध भी शुरू हो गया है। इस मामले में पंचायत सचिव संघ ने असंतोष जताया है। इस तबादले के विरोध में संघ के पदाधिकारी कलेक्टर से मुलाकात करने की तैयारी में हैं। सचिव संघ के जिलाध्यक्ष भरत हपका, संरक्षक पीलूराम डेगल, जिला सचिव गंगाराम भास्कर ने बताया कि पंचायत सचिवों की नियुक्ति और सेवा शर्तों के प्रावधान का उल्लंघन कर नियम विरूद्ध तबादले किए गए हैं, जबकि संबंधित जनपद पंचायतों के सीईओं की अनुशंसा पर ही तबादला करने का नियम है। इसी तरह पंचायत सचिवों को आपस में काफी दूर-दूर स्थित ग्राम पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है, जो अव्यवहारिक है। बार-बार तबादले से प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लक्ष्य को पूरा करने में अनावश्यक देरी होती है, जबकि आवास निर्माण में देरी को लेकर सचिवों को सस्पेंड करने में देरी नहीं की जाती है। पंचायत सचिव संघ ने इस मामले में उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

सचिव संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि दिव्यांग सचिवों को सुविधायुक्त व आसान जगहों पर करने के नियम के विपरीत कटेकल्याण ब्लॉक के ग्राम बेंगलूर में पदस्थ सचिव ईश्वर अलामी को दूरस्थ ग्राम पंचायत माहरा करका में पदस्थ करने के साथ ही ग्राम पंचायत बड़े बेड़मा का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। इसके पूर्व इसी वर्ष 5 जनवरी को भी जिले के कुल 27 पंचायत सचिवों का एकमुश्त ट्रांसफर कर दिया गया था। इसी बीच पंचायत चुनाव की मतदाता सूची और बूथ की व्यवस्था जैसे काम में व्यस्त होने की वजह से अधिकारियों के मौखिक निर्देश पर पंचायत सचिव अपनी नई पंचायतों में समय पर ज्वाइनिंग नहीं कर सके। शासन का काम करने के चलते ज्वाइनिंग में देरी हुई थी, इसके बाद भी दंतेवाड़ा ब्लॉक के एक पंचायत सचिव को सस्पेंड कर दिया गया, और गीदम ब्लॉक के 10 पंचायत सचिवों की सेवा में 10-10 दिन का ब्रेक इन सर्विस घोषित कर दिया गया, जो पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में पंचायत सचिवों के साथ पहली बार हुआ है। पंचायत सचिव संघ ब्रेक इन सर्विस की सजा स्थगित करने और निलंबित पंचायत सचिव को नि:शर्त बहाल कने की मांग करता आ रहा है।

# सुकमा के सभी शिक्षण संस्थान होंगे तम्बाकू मुक्त

## जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की अनूठी पहल

**सुकमा,** 22 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुकमा जिले में शिक्षा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाया गया है। तम्बाकू मुक्त शिक्षा मिशन के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी, सुकमा द्वारा एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों को शत-प्रतिशत तम्बाकू मुक्त बनाना है। इस अभियान के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विद्यार्थियों ने गाँवों और नगरों में हाथों में तख्तियाँ लेकर रैली निकाली और आमजन को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। रैली के दौरान बच्चों ने जनसमुदाय से तम्बाकू का सेवन न करने की अपील की। विश्व योग दिवस के अवसर पर, 21 जून को जिलेभर में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहाँ बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को च्तम्बाकू से मुक्त जीवन की शपथज्ञ दिलाई गई। इन आयोजनों के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाई गई, बल्कि बच्चों में सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का संकल्प भी लिया गया। जी.आर.मण्डावी जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि तम्बाकू के खिलाफ यह मुहिम निरंतर चलती रहे और सुकमा जिले को पूर्ण रूप से तम्बाकू मुक्त बनाया जा सके।



# छाल रेंज में पहुंचा 18 हाथियों का झुंड

**रायगढ़,** 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला में हाथियों की मौजूदगी है। शनिवार की देर शाम छाल रेंज में 18 हाथियों का झुंड सड़क पर आ गया था। जिसका वीडियो भी सामने आया है। वही रात में हाथी एक कच्चे घर के दीवार को भी ढहा दिया। जिसके नुकसान का आंकलन विभाग द्वारा किया जा रहा है।

धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज में 18 हाथी का दल 477 आरएफ में विचरण कर रहा है। जहां शनिवार की देर शाम को वह दल बरभौना से एडू जाने वाले रास्ते में आ गया। जब इसकी जानकारी ग्रामीणों को लगी, तो उसे देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और हाथियों के झुंड का वीडियो भी बनाया। बताया जा रहा है कि यह हाथी दल रात होने के बाद कुरकुट व मांड नदी को पार कर खरसिया रेंज के देहजरी गांव में पहुंच गए। खरसियां रेंजर संतोष कांत ने बताया कि रात में करीब 11 बजे हाथी तेंदूपत्ता गोदाम, कृष्णा नगर बस्ती में विचरण करते रहे। इसके बाद देर रात फिर से हाथियों का दल नदी पार कर छाल रेंज में पहुंच गया।



■ मकान के दीवार को गिराया

खाने की तालाश में हाथी विचरण करते हुए छाल रेंज के पुसल्दा गांव तक पहुंचे। जहां कर्मीपारा मोहल्ला में रहने वाला नरेश राठिया के कच्चे घर के एक दीवार को ढहा दिया। हाथी आने की जानकारी होने के बाद ग्रामीण घर से बाहर निकल चुके थे। इससे कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीण व वनअमला हो-हल्ला करने लगे। जिससे हाथी जंगल की ओर चले गए।

छाल वन परिक्षेत्र रेंजर चंद्रविजय सिंह सिदार ने बताया कि हाथियों पर लगातार निगरानी की जा रही है। हाथी रोड पर आ गए थे। जिसकी जानकारी लगने के बाद ग्रामीणों को दूर रहने कहा गया और आसपास के गांव में मुनादी कराया गया है। हाथी ने एक कच्चे घर के दीवार को ढहाया है, जिसके नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

# धाराशिव में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष से छावनी में तब्दील हुआ गांव

- इस्तेमाल किये गए तलवार और धारदार हथियार

**जांजगीर चांपा,** 22 जून (देशबन्धु)। जिले के धाराशिव गांव में शनिवार बीती रात को दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस खूनी संघर्ष में तलवार और धारदार हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया। जिसमें एक युवक की गर्दन कट गई है, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाय गया है। वहीं घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है।

जानकारी के मुताबिक ये घटना आज दोपहर 12 बजे की है। पुरानी चुनावी रंजिश को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। दोनों ओर से हथियार निकल गए और तलवारबाजी तक हो गई।

इस मारपीट में दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायलों को तत्काल उपचार के लिए सिम्स और अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गांव में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया गया है। फिलहाल गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो। पुलिस दोनों पक्षों से घटना के विषय में पूछताछ कर रही है और मामले की तफ्तीश जारी है। पुलिस ने कहा है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**NECC**

| 23.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 543 | 85 | 165 |
| चिल्हर | 6.75 | 100 | 190 |

डिलीवरी 558 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

चंगू- गर्लफ्रेंड बनाने के लिए क्या-क्या चाहिए?
मंगू- मुझे तो यही पता है कि आधार कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड और एटीएम ही होता है।

संपादकीय

## नियमित हो योगाभ्यास

पिछले कुछ वर्षों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस दिन देश-दुनिया में व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से बड़ी तादाद में लोग योगाभ्यास करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर प्रारम्भ किये इस दिवस को मनाने की परम्परा लगभग एक दशक पुरानी हो चली है। हर राज्य में शासकीय स्तर पर भी यह दिवस मनाया जाता है। इसमें राज्य के मुख्यमंत्रियों से लेकर मंत्री, अफसर, पार्टी कार्यकर्ता-नेता, छात्र, युवा आदि सभी भाग लेते हैं।

इस साल भी यह दिवस शनिवार को राज्य भर में मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न परिसरों, प्रांगणों, सभागारों, खुले मैदानों, पार्क, बाग-बगीचों में लाखों की संख्या में लोग इकट्ठे हुए थे जिन्होंने या तो किसी योग गुरु के मार्गदर्शन में अथवा स्वत:स्फूर्त योगाभ्यास किया था। इस मौके पर हुए मुख्य अतिथियों के भाषणों में योग को स्वस्थ जीवन की कुंजी बतलाया गया जो है भी। निरोगी रहने की सैकड़ों साल पुरानी भारतीय परम्परा को लोकप्रिय बनाने का श्रेय तो पीएम को जाता है लेकिन यह पाया जाता है कि आज भी यह दैनिक जीवन का हिस्सा बहुत कम लोगों के लिये है। ज्यादातर लोग योग दिवस के ही अवसर पर यानी साल में एक ही दिन इसका अभ्यास करते हैं।

ऐसा इसलिये कहा जा सकता है क्योंकि जब इस दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास होता है तो साफ पता चलता है कि बहुत से लोग या तो केवल इसी दिन दिखावे के तौर पर कहें अथवा देखादेखी या दबाव में योग मुद्राएं करते हैं। यदि वे साल भर नियमित तौर पर करते रहते तो उन्हें योग करने में जो कठिनाई होती दिखती है वह न होती। बहुतों के शरीरों को देखकर भी इस बात का अंदाजा लग जाता है कि वे इसके आदी नहीं है। हालांकि ऐसे लोगों को चाहिये कि वे उतने ही आसन आदि करें जितना वे कर सकते हैं। शरीर को ऐसा कष्ट न दें जो वे सहन न कर सकें।

छत्तीसगढ़ सहित देश भर से इस मौके पर होने वाले सामूहिक योगासनों के आयोजनों को देखें तो इस बात की ज़रूरत महसूस होती है कि अधिकतम लोगों द्वारा अब तक इसे दैनंदिन का हिस्सा नहीं बनाया गया है। प्रदेश में बड़े पैमाने पर लोग अनियमित रक्तचाप, हृदय रोगों, मधुमेह, थायराइड जैसी तकलीफों को झेल रहे हैं। इतना ही नहीं, ऐसे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। साफ है कि ऐसा इसीलिये है कि वे नियमित योगासनों, प्राणायाम आदि से अभी भी दूर ही हैं।

सरकार को चाहिये कि वर्ष में केवल एक दिन की बजाय इसे नियमित रूप से करने हेतु वह लोगों को प्रेरित करे। यह तभी सम्भव है जब सभी शहरों, कस्बों, गांवों में रोजाना योग करने के लिये सुविधाजनक स्थान उपलब्ध हों। समाज के प्रमुख लोग यदि नियमित योगाभ्यास करें तो अन्य प्रेरित होंगे।

# आदिवासी समाज की आवाज को दबाने का हो रहा है प्रयास

## स्थानीय मुद्दों को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने रखी ज्वलंत मुद्दों पर अपनी बात



**सुकमा,** 22 जून (देशबन्धु)। सर्व आदिवासी भवन सुकमा में सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता करते हुए आरोप लगाते हुए कहा कि बस्तर अंचल के विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता के साथ उठाने वाले समाज व संगठन को दबाव डाल कर कुचलने का प्रयास किया जा रहा है ऐसा प्रतीत होता है। जैसे हाल ही में तेंदूपत्ता बोनस घोटाले के संबंध में आवाज उठाने वाले पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के घर में छापा मारा गया, यह कार्रवाई आवाज उठाने वाले दबाने के लिए की गई। सब जानते हैं जो शिकायतकर्ता है, उसी के ऊपर कार्यवाही करना गलत है। प्रेस वार्ता दौरान राजूराम नाग, वेको हुंगा, सोयम भीमा, लच्छू कश्यप, कोसा मड़कम, रमेश नाग, कवासी मुन्ना, सुनील सोडी, सुकालू बघेल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष उमेश सुंडाम ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर की परिस्थितियों को जब समाज चिन्तन करता है तो सामान्य प्रतीत नहीं होता, कहीं न कहीं बस्तर के ज्वलंत मुद्दों पर बात करने वाले, या काम करने वालों को दबाया जा रहा है। उन्हें शासन प्रशासन से अपनी बात रखते के लिए रोका जा रहा है। सामाजिक कार्य करने वाले लोगों को दबाने की कोशिश की जा रही है। पेसा कानून और वन अधिकार कानून के प्रावधान अनुसार बस्तर में क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। नगरनार का निजीकरण कर के बस्तर को बड़ी कॉम्पनियों के हवाले करने का प्रयास किया जा रहा है। बैलाडिला की पहड़िया और बस्तर के सभी जिला की खदानों को निजी हाथों में दे कर जो लोहा 70 साल में निकाला जाना था वह 10 साल में ही निकाल लिया जा रहा है। आश्रम शाला, छात्रावास में लगातार आदिवासी लड़कियों के साथ बलात्कार और लैंगिक उत्पीड़न की घटनाएं हो रही है। बस्तर की जंगल जमीन को बिना विधिवत अधिग्रहण किए विकास के काम के लिए ले लिया जा रहा है जिससे बस्तर के जंगल में बहुत तेजी से कमी आई है।

### शिक्षा पर उठे सवाल

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष उमेश सुंडाम ने प्रेस वार्ता में शिक्षा पर सवाल उठाते हुए कहा कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया जिस तरह से किया जा रहा है। उससे शालाओं में विषयवार शिक्षकों की पदस्थापना नहीं हो पा रही है जिससे आदिवासी अंचल में शिक्षा की गुणवत्ता की कल्पना हम कैसे कर सकते हैं? बच्चों की संख्या के आधार पर नहीं अपितु कक्षा और विषयवार शिक्षकों की पदस्थापना की जाए। वैसे भी बस्तर जैसे शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े क्षेत्र को ज्यादा ध्यान देना चाहिए। युक्तियुक्तकरण खामियां सामने आ रही है इसको लेकर भी जल्द आवाज उठाई जाएगी।

### अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई की मांग

सुकमा कोया कुटमा समाज जिला अध्यक्ष ने विष्णु कवासी ने कहा कि बस्तर में आदिवासियों की एवं गैर आदिवासियों की जमीनों पर राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत के साथ ही भूमाफियों का गिरोह हड़प रहे हैं। इसके प्रमाण जगदलपुर शहर में भी आपके मीडिया के माध्यम से उजागर हुए हैं। ऐसे मामलों में भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है तथा बकावंड बस्तर ब्लॉक में आदिवासी जमीनों लीज पर लेकर अवैध कब्जा किया जा रहा है। भू माफियाओं पर नियंत्रण के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में विधानसभा के द्वारा भू माफी नियंत्रण अधिनियम पारित करना जरूरी है क्योंकि भू राजस्व संहिता की प्रावधानों के तहत नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में बांग्लादेशी अवैध घुसपैठियों के द्वारा यहां की प्राकृतिक संसाधन के साथ-साथ मानवीय संसाधनों पर भी अवैध हड़पांतरण चल रहा है। इस मामले को लेकर समाज द्वारा 56 सालों से लगातार आवाज उठाते आ रहा है लेकिन इस पर कोई कार्यवाही प्रशासन नहीं करती है। हम आज भी इस पर मांग करते हैं कि अवैध घुसपैठियों की पूरी जांच करके उनको वापस भेजा जाए। हम सर्व आदिवासी समाज के मुखिया होने नाते शासन प्रशासन से इन मुद्दों पर साफ साफ़ बात करना चाहते हैं, हमें चिंता हैं पर हम इन विषयों पर चिन्तन मनन कर रहे हैं।

पूर्व मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी को लेकर उठाए सवाल

ध्रुवा समाज संभागीय उपाध्यक्ष राजू राम नाग ने पूर्व मंत्री कवासी लखमा के गिरफ्तारी लेकर उठाए सवाल सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बस्तर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और पूर्व मंत्री कवासी लखमा को जिस तरह से गिरफ्तार करके जेल में रखा गया है। यह प्रतीत होता है कि बस्तर के बुलंद आदिवासी आवाज को दबाने का कहीं प्रयास तो नहीं है? चूंकि लखमा अपने मंत्रित्वकाल में संभाग के सभी समुदाय के उत्थान के लिए कार्य किए हैं। विभिन्न मामलों में कैद बंदियों के मामलों को समाप्त करते हुए न्यायालय से उन्हें बरी करवाया। बस्तर में वर्षों से बंद पड़े स्कूलों को उनके प्रयास से पुन: शुरू किया गया। विशेष पिछड़ी जनजाति के बच्चों को कवासी लखमा के प्रयास से एमबीबीएस में प्रवेश दिलवाया गया। स्थानीय भर्ती के मुद्दे पर अपने ही सरकार से लड़ते रहे। जल, जंगल, जमीन को बचाने के विभिन्न आंदोलनों का उन्होंने मुखरता से नेतृत्व किया है। बस्तर के विभिन्न जन मुद्दों को प्रखरता से विधानसभा में उठाते रहे हैं ऐसे जनप्रतिनिधि को जेल में बंद करना कहीं न कहीं समाज के लिए चिंता का विषय है।

# एनसीसी बालिका कैडेट्स का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर परचनपाल कन्या परिसर में आरंभ



**जगदलपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। बस्तर संभाग के पांच जिलों के 550 एनसीसी बालिका कैडेट्स का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन एनसीसी परचनपाल के कमान अधिकारी कैंप कमांडेंट कर्नल सी दास गुप्ता डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अरुण कांडपाल व सूबेदार मेजर धर्मेंद्र सिंह की अगुवाई में 22 जून से 1 जुलाई 2025 तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में किया जा रहा है। इस शिविर में कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ देश प्रेम, सेवा भाव, प्राकृतिक आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, साइबर क्राइम और यातायात नियमों की जानकारी भी दी जाएगी।

# सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में मनाया गया योग दिवस



**जगदलपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में योगाभ्यास करवाया गया। सरस्वती शिशु मंदिर के पांच आधारभूत विषयों में तो योग शिक्षा सम्मिलित है ही। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों ने विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष आदरणीय कुंवर राज बहादुर सिंह राणा, संस्था के सचिव एवं व्यवस्थापक डॉ. प्रतीक लागू, बी. एड. कॉलेज के प्राचार्य ईश्वर प्रसाद तिवारी एवं सरस्वती शिशु मंदिर कंगोली के उपप्राचार्य अनिल श्रीवास सहित विद्यालय एवं महाविद्यालय के समस्त आचार्य दीदी भी सम्मिलित रहे।

# शहीद पार्क के सामने से चोरी हुए मोटर सायकल के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। शहीद पार्क के सामने से 21जून को चोरी हुई मोटर सायकल की चोरी को 24 घण्टे के अंदर आरोपी के साथ बरामद करने में बस्तर पुलिस को मिली सफलता। विदित हो कि प्रार्थी चमरा बघेल ने रिपोर्ट दर्ज कराया की शहीद पार्क जगदलपुर के सामने से शनिवार को मो.सा. स्प्लेण्डर क्र.सी.जी. 17 के.व्ही 4837 किमती 90,000/-रू. को चोरी कर ले गया है जिसका रिपोर्ट दर्ज कराया था। जिस पर थाना प्रभारी कोतवाली भोलासिंह राजपुत के नेतृत्व में टीम गठित कर, आरोपी का पता-तलाश किया जा रहा था, पता-तलाश दौरान सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से संदिग्ध आरोपी कृष सोनी निवासी महारानी वार्ड 14 बंगालीपारा थाना कोतवाली जगदलपुर, से पुछताछ कर आरोपी के कब्जे से जप्त मोटर सायकल बरामद कर, 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा।

# कांवड़ यात्रा को वृहद और भव्य रूप से मनाने की योजना



**जगदलपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल जगदलपुर की बैठक विभाग मंत्री रवि ब्रहमाचारी, जिलाध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता और नगर अध्यक्ष पवन राजपूत एवं नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर की उपस्थिति में आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन के विस्तार और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। विभाग मंत्री रवि ब्रहमाचारी ने पदाधिकारियों को संगठन के नियमों का पालन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने वार्ड स्तर तक बजरंग दल की टोलियों का गठन करने और प्रत्येक हिंदू परिवार तक संगठन के उद्देश्य को पहुंचाने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता ने बताया कि आगामी समय में संगठन के सदस्यों को नए दायित्व सौंपे जाएंगे और उन्हें संगठन के नियमों और कार्यों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने गौ रक्षा और लव जिहाद जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अभियान चलाने की घोषणा की, जिसमें सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपनी सक्रिय भागीदारी देंगे। नगर अध्यक्ष पवन राजपूत ने बताया कि आने वाले सावन सोमवार से होने वाली काँवड़ यात्रा के लिए सभी वार्डों में बैठकों और जनसंपर्क अभियानों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष काँवड़ यात्रा को और भी वृहद और भव्य रूप से मनाने की योजना है। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और आगामी कार्यक्रमों की पारीदृश्य तैयार करना था। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और आगामी कार्यों के लिए तैयार रहने का संकल्प लिया। बैठक का संचालन नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर ने किया और सभी कार्यकर्ताओं से संगठन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आग्रह किया। इसके अलावा, नगर संयोजक भवानी सिंह चौहान, साप्ताहिक मिलन प्रमुख योगेश, रैली सुरक्षा प्रमुख शुभम सिंह, अखाड़ा प्रमुख शत्रुघ्न, नगर सह गौ रक्षा प्रमुख सुदेश, सह विद्यार्थी प्रमुख पवन राजा, सह सप्ताह मिलन प्रमुख अभिषेक साहू, तमिश राव कशी चालकी सहित सभी बजरंगी उपस्थित रहे।

**विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल जगदलपुर की बैठक संपन्न**

# गायत्री परिवार की उपजोन स्तरीय संगोष्ठी में शामिल हुए बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा व बीजापुर के प्रतिनिधि






**जगदलपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। सतयुग, द्वापर युग, त्रेतायुग में अलग अलग विरोधी ताकतों से निपटने के लिए अलग अलग श ?क्तियों का प्रयोग किया गया था। वर्तमान में कलयुग चल रहा है। इस कलयुग में आसुरी व असामाजिक ताकत से निपटने के लिए संघ या संगठन की शक्ति जरुरी है। हमें संगठित होकर इसका मुकाबला करना है यह कहना था सांसद महेश कश्यप का। महेश कश्यप गायत्री श ?क्तिपीठ के तत्वावधान में हुए एक जोन स्तरीय संगोष्ठी को संबो ?धित कर रहे थे। सांसद कश्यप ने कहा कि गायत्री परिवार का संगठन बेहद श ?क्तिशाली है। सत्ता, प्रशासन व आ ?र्थिक संगठन बिखर सकते हैं। यह आध्या ? ?त्मिक संगठन नहीं टूटेगा। गायत्री परिवार के तत्वावधान में रविवार को बालाजी मंदिर के कल्याण मंडप में एक जोन स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। इस संगोष्ठी को हरिद्वार से आए केंद्रीय प्रतिनि ?धि सुखदेव सिंह निर्मलकर, परमेश्वर साहू, लेखराम साहू, आदर्श वर्मा व मुख्य ट्रस्टी जयश्री श्रीवास्तव ने भी संबो ?धित किया। संगोष्ठी में शामिल परिजनों ने बताया कि आगामी वर्ष माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी है। इसलिए इसे आयोजित करने रुपरेखा तैयार की जा रही है।

**कलयुग में आसुरी व असामाजिक ताकत से निपटने के लिए संघ या संगठन की शक्ति जरुरी : महेश कश्यप**

### त्रिवेणी साधना का वर्ष है 2026

गोष्ठी का संबो ?धित करते सुखदेव सिंह निर्मलकर ने कहा कि आने वाले साल माता भगवती देवी शर्मा जन्म शताब्दी, अखंड ज्योति प्रज्वलन की जन्म शताब्दी व मह ?र्षि अरविंद की जन्म शती है। इसलिए यह साल त्रिवेणी साधना का वर्ष है। हमें इसे नवयुग के आगमन के तौर पर मनाना है। बैठक में आनंद राम साहू, विकास श्रीवास्तव, निलेश सिंह ठाकुर, गीता शर्मा, सुप्रिया श्रीवास्तव, शारदा पटेल, मीना माथुर, राजीव निगम, उत्तम शर्मा, निशा डडसेना सहित जगदलपुर उपजोन के बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा व बीजापुर के प्रतिनि ?धि बड़ी संख्या में शामिल हुए थे।

# नगर सैनिक चयन परीक्षा में 5128 में से 5030 अभ्यर्थी हुए शामिल





**जगदलपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा रविवार को महिला एवं पुरुष नगर सैनिकों के चयन हेतु परीक्षा का आयोजन किया गया। शहर के 14 केन्द्रों में आयोजित इस परीक्षा में बस्तर जिले से पंजीकृत 5128 अभ्यर्थियों में से 5030 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 98 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा के संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर मायानन्द चन्द्रा को नोडल अधिकारी रहे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ होमगार्ड के 1715 महिला नगर सैनिकों छात्रावास ड्यूटी हेतु तथा 500 नगर सैनिकों के जनरल ड्यूटी हेतु रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष 2024 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा 4 संभागीय केंद्र रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अम्बिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें पूरे प्रदेश स्तर पर पात्र 20,137 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिये चयनित किया गया था। निर्धारित तिथि अनुसार 22 जून को इन अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में 5030 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और सभी अभ्यर्थी का शारीरिक परीक्षण हो चुका है। शहर में 14 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे, जिसमें पीजी कॉलेज धरमपुरा, सक्सेस कॉन्वेंट स्कूल, दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय, एमएलबी स्कूल, बस्तर हाईस्कूल, कन्या क्रमांक-2, आत्मानंद स्कूल धरमपुरा, विवेकानंद स्कूल, आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल रेलवे कॉलोनी, महिला पॉलिटेक्निक, भगतसिंह स्कूल, बाल विहार स्कूल, विद्यापति अकादमी तथा निर्मल विद्यालय शामिल हैं।

महिला नगर सैनिक भर्ती के लिए रविवार 22 जून को जगदलपुर में आयोजित लिखित परीक्षा में अव्यवस्था हावी रही। दूधमुहे बच्चों और परिजनों के साथ शहर पहुंची उम्मीदवार परीक्षा केंद्र के लिए भटकती रहीं। बाहर से आई महिला उम्मीदवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। महिला नगर सैनिक भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता में पास हो चुकी सभी महिला अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा रविवार को 22 जून को आयोजित की गई थी। लिखित परीक्षा में शामिल होने दूर दराज के गांवों से बड़ी संख्या में महिला उम्मीदवार एक दिन पहले से ही जगदलपुर आ गईं थीं। ज्यादातर महिलाएं दूधमुहे बच्चों और पतियों के साथ आईं थीं। परीक्षा देने के समय बच्चे को उनके पिता और परिजन संभलते नजर आए उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचने और हॉल में जाने में बड़ी दिक्कत हुई। भरी बरसात में बस्तर की बेटियां परेशान हलाकान होती रहीं, उनकी खैर खबर लेने वाला कोई नहीं था। इसे लेकर महिला उम्मीदवारों और उनके परिजनों में भारी नाराजगी देखी गई।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सहज योग संस्था द्वारा कुंडलिनी जागरण और आत्म साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन



**जगदलपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, सहज योग संस्था द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुंडलिनी जागरण और आत्म साक्षात्कार पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह कार्यक्रम जगदलपुर शहर के अलग अलग जगहों एवं विद्यालयों में संपन्न हुई जिसमें स्कूली बच्चों, शिक्षकों एवं आम लोगों ने भाग लिया और सहज योग के माध्यम से आंतरिक शांति और आत्म-जागरूकता का अनुभव किया। सहज योग की संस्थापक, श्री माताजी निर्मला देवी के सिद्धांतों और शिक्षाओं पर आधारित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को ध्यान और योग के माध्यम से >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# वन क्षेत्र से अतिक्रमणकारियों को हटाया गया



**सुकमा,** 22 जून (देशबन्धु)। रविवार को सुकमा वन परिक्षेत्र अंतर्गत रिज़र्व फारेस्ट सुकमा व गीदम में वन परिक्षेत्र अधिकारी सुकमा और उनकी टीम ने अतिक्रमण कर रहे अतिक्रमणकारियों को समझाइश देकर अतिक्रमण हटाया। सुकमा वन परिक्षेत्र अधिकारी गुरुवचन सिंह ने बताया कि वन परिक्षेत्र सुकमा के बीट सुकमा के कक्ष क्रमांक आरएफ/162 एवं बीट गीदम के कक्ष क्रमांक आरएफ/119 में किए गए अतिक्रमण स्थल का मुख्य वन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# लखमा व कुंजाम पर कार्रवाई, बस्तर को दबाने की साजिश

- राज्य सरकार पर जमकर बरसा सर्व आदिवासी समाज
- शिक्षा के क्षेत्र में युक्तियुक्तकरण को ठहराया गलत



**दंतेवाड़ा,** 22 जून (देशबन्धु)। सर्व आदिवासी समाज ने आज पत्रकार वार्ता में बस्तर से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। पदाधिकारियों ने कहा कि बस्तर में परिस्थितियां लगातार विषम होती जा रही है इस परिस्थिति में आदिवासी समाज की कुछ चिंताएं उभर कर सामने आ रही हैं। बस्तर अंचल के विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता के साथ उठाने वाले समाज व संगठन को दबाव डाल कर कुचलने का प्रयास किया जा रहा है ऐसा प्रतीत होता है। जैसे हाल ही में तेंदूपत्ता बोनस घोटाले के संबंध में आवाज उठाने वाले पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के घर में छापा मारा गया,यह कार्रवाई आवाज उठाने वाले दबाने के लिए की गई। सब जानते हैं। जो शिकायतकर्ता है, उसी के ऊपर कार्यवाही करना। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया जिस तरह से किया जा रहा है उससे शालाओं में विषयवार शिक्षकों की पदस्थापना नहीं हो पा रही है जिससे आदिवासी अंचल में शिक्षा की गुणवत्ता की कल्पना हम कैसे कर सकते हैं ? बच्चों की संख्या के आधार पर नहीं अपितु कक्षा और विषयवार शिक्षकों की पदस्थापना की जाए। वैसे भी बस्तर जैसे शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े क्षेत्र को ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

बस्तर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और पूर्व मंत्री कवासी लखमा को जिस तरह से गिरफ्तार करके जेल में रखा गया है यह प्रतीत होता है कि बस्तर के बुलंद आदिवासी आवाज को दबाने का कहीं प्रयास तो नहीं है ? चूंकि श्री लखमा अपने मंत्रित्वकाल में संभाग के सभी समुदाय के उत्थान के लिए कार्य किये हैं, विभिन्न मामलों में कैद बंदियों के मामलों को समाप्त करते हुए माननीय न्यायालय से उन्हें बरी करवाया। बस्तर में वर्षों से बंद पड़े स्कूलों को उनके प्रयास से पुनः शुरू किया गया। विशेष पिछड़ी जनजाति के बच्चों को कवासी लखमा जी के प्रयास से एमबीबीएस में प्रवेश दिलवाया गया। स्थानीय भर्ती के मुद्दे पर अपने ही सरकार से लड़ते रहे। जल, जंगल, जमीन को बचाने के विभिन्न आंदोलनों का उन्होंने मुखरता से नेतृत्व किया है। बस्तर के विभिन्न जन मुद्दों को प्रखरता से विधानसभा में उठाते रहे हैं ऐसे जनप्रतिनिधि को जेल में बंद करना कहीं न कहीं समाज के लिए चिंता का विषय है ? बस्तर की परिस्थितियों को जब समाज चिन्तन करता है तो सामान्य प्रतीत नहीं होता, कहीं न कहीं बस्तर के ज्वलंत मुद्दों पर बात करने वाले, या काम करने वालों को दबाया जा रहा है। उन्हें शासन प्रशासन से अपनी बात रखते के लिए रोका जा रहा है। सामाजिक कार्य करने वाले लोगों को दबाने की कोशिश की जा रही है।

पेशा कानून और वन अधिकार कानून के प्रावधान अनुसार बस्तर में क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। नगरनार का निजीकरण कर के बस्तर को बड़ी कॉम्पनियों के हवाले करने का प्रयास किया जा रहा है। बैलाडिला की पहड़ियों और बस्तर के सभी जिला की खदानों को निजी हाथों में दे कर जो लोहा 70 साल में निकाला जाना था वह 10 साल में ही निकाल लिया जा रहा है। आश्रम शाला / छात्रावास में लगातार आदिवासी लड़कियों के साथ बलात्कार और लैंगिक उत्पीड़न की घटनाएं हो रही है। बस्तर की जंगल जमीन को बिना विधिवत अधिग्रहण किए विकास के काम के लिए ले लिया जा रहा है जिससे बस्तर के जंगल में बहुत तेजी से कमी आई है। बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में बांग्लादेशी अवैध घुसपैठियों के द्वारा यहां की प्राकृतिक संसाधन के साथ-साथ मानवीय संसाधनों पर भी अवैध हड़पांतरण चल रहा है इस मामले को लेकर समाज द्वारा 5-6 सालों से लगातार आवाज उठाते आ रहा है लेकिन इस पर कोई कार्यवाही प्रशासन नहीं करती है हम आज भी इस पर मांग करते हैं कि अवैध घुसपैठियों की पूरी जांच करके उनको वापस भेजा जाए। पत्रवार्ता में समाज के अध्यक्ष सुरेश कर्मा व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# कुसुम सोनवानी को पंख खेल उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित



**बिलाईगढ़** 21जून(देशबंधु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में बिलाईगढ़ की होनहार खिलाड़ी कुसुम सोनवानी को राज्य के प्रतिष्ठित बंसल न्यूजज्पंख खेल उपलब्धि पुरस्कारज्ज से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें खेल जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन और उपलब्धियों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के करकमलों से प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुसुम सोनवानी को ?50,000 की प्रोत्साहन राशि का चेक भी सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने की, साथ ही मंच पर उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव विशेष रूप से उपस्थित रहे।कुसुम सोनवानी की इस शानदार उपलब्धि पर बिलाईगढ़ क्षेत्र सहित पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से प्रहलाद कैवर्त, यशपाल यादव, राजकुमार जांगड़े,अरुण कुमार टण्डन, त्रिलोक हरिप्रिय,महेंद्र कुमार मरावी, गोविंद अजय,रामेश्वर प्रसाद अजय, पंचराम साहू, सुरेश कुमार, आपुर बंजारे, ललिता सोनवानी, रेवती,कौशिल्या, खुलेश, खुशबू सोनवानी, एवं उनका पूरा परिवार शामिल रहा। यह सम्मान न केवल कुसुम सोनवानी के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह समूचे बिलाईगढ़ क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। खेल के क्षेत्र में निरंतर मेहनत और समर्पण से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।

# करें योग रहे निरोग योग से सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार : योग गुरू पंचराम साहू



**सिमगा**, 22 जून (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न शासकीय संस्थानों सहित सार्वजनिक स्थानों पर योग के साथ ही पौधा रोपण किया गया। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिमगा के सांस्कृतिक भवन में प्रातः 7 बजे जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास योग गुरु पंचराम साहू के द्वारा योग विभिन्न आसन कराया गया तथा उसके लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। हमें प्रतिदिन प्रातः योगाभ्यास करना चाहिए।

इस अवसर पर भाजपा मडंल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर पार्षद रूझून सोनकर परदेशी सोनकर विष्णु जायसवाल एसडीएम अंशुल वर्मा सीएमओ दुलेश्वर सार्वा सी ई ओ अमित दुबे परीक्षित चतुर्वेदी अभिजीत अवस्थी नीरज शर्मा योगेश ताम्रकार परस पाटकर माया सलूजा जितेंद्र भोसले सहित नगरपालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

# बाल मित्रों ने शिक्षा को बनाया जन आंदोलन: कलेक्टर

- बाल मित्रों के चिंतन शिविर में कुणाल दुदावत
- शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों को स्कूल लाने में अहम भूमिका
- 67 पंचायतों में संचालित हो रही बाल मित्र फेलोशिप



**दंतेवाड़ा,** 22 जून (देशबन्धु)। प्रशासन (शिक्षा विभाग) एवं बचपन बनाओ संस्था के तकनीकी सहयोग से संचालित बालमित्र कार्यक्रम का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन नन्हे परिंदे परिसर में किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित विशेष सत्र में कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला शिक्षा अधिकारी एस. के. अंबस्ता एवं जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत करते हुए बचपन बनाओ संस्था के संचालक प्रणीत सिम्हा ने बालमित्र कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य और अब तक की उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया। पिछले एक वर्ष के दौरान बालमित्रों द्वारा ग्राम स्तर पर कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ संचालित की गईं। इनमें समुदाय के पालकों के साथ संवाद कार्यक्रम, शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों की पहचान हेतु घर-घर सर्वेक्षण तथा उन्हें पुनः स्कूल से जोड़ने का प्रयास, पढ़ाई के प्रति बच्चों की रुचि बढ़ाने हेतु सामुदायिक पुस्तकालयों में नियमित गतिविधियाँ, तथा स्कूल और पराऊ (गांवों) में लाइब्रेरी की किताबों के साथ रचनात्मक सत्रों का संचालन शामिल है।

कलेक्टर श्री दुदावत ने बालमित्रों की इस मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़ने की दिशा में बालमित्रों का योगदान अत्यंत सराहनीय है। उनका कार्य शिक्षा को जन आंदोलन का रूप देने वाला है। उन्होंने सभी बालमित्रों को उनके फेलोशिप के एक वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दीं और भविष्य में और अधिक ऊर्जा व समर्पण के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। बता दें कि बालमित्र कार्यक्रम एक दो-वर्षीय फेलोशिप है, जो जिले के 67 ग्राम पंचायतों में संचालित हो रहा है। यह कार्यक्रम युवाओं के नेतृत्व विकास को केंद्र में रखते हुए समुदाय आधारित शिक्षा, बाल अधिकारों की समझ, रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देता है।

चिंतन शिविर के दौरान बालमित्रों ने अपने अनुभव साझा किए, चुनौतियों और सफलताओं पर चर्चा की, साथ ही भविष्य की योजनाओं और सामुदायिक शिक्षा को लेकर नवाचारों पर विचार विमर्श भी किया। यह कार्यक्रम जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक अभिनव पहल के रूप में उभर रहा है, जहाँ युवा स्वयं नेतृत्व करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन की भूमिका निभा रहे हैं।

## योग दिवस पर विधायक रोहित साहू ने किया पौधारोपण, दिया पर्यावरण



## संरक्षण का संदेश

गरियाबंद, 22 जून (देशबन्धु)। शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम के बाद राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, राजिम विधायक रोहित साहू सहित अन्य अतिथियों ने गरियाबंद इंडोर स्टेडियम परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान विधायक रोहित साहू ने स्वयं पौधा लगाकर उसमें जल अर्पित किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा, स्वच्छ व शुद्ध वातावरण और भावी पीढ़ियों के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से भी पौधा रोपण और उसकी देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और

# उत्कृष्ट सेवा पर गाईड और रेंजर्स को राज्यपाल पुरस्कार

- राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ ने की समीक्षा
- दंतेवाड़ा में स्काउट एवं गाइड का बेहतर संचालन




**दंतेवाड़ा,** 22 जून (देशबन्धु)। भारत स्काउट एवं गाइड, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में जिला दंतेवाड़ा में वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव तथा राज्य महिला आयोग सदस्य श्रीमती ओजस्वी मण्डावी उपस्थित रहीं।

बैठक की अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त (स्काउट), श्यामलाल शोरी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती लता मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी एम.के. अंबस्ट, जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम तथा जिले के चारों विकासखंडों के खंड शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालयों के प्रभारी स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट-गाइड प्रार्थना, दीप प्रज्वलन तथा माँ दंतेश्वरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. यादव ने दंतेवाड़ा जिले में स्काउटिंग एवं गाइडिंग के संचालन, पदाधिकारियों की नियुक्ति, वार्षिक आय-व्यय, पंजीयन नवीनीकरण तथा नवीन दलों के गठन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए चयनित गाइड्स और रेंजर्स को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित कर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी ने स्काउट-गाइड के माध्यम से संचालित सेवा कार्यों—जैसे स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता, यातायात सुरक्षा तथा वृक्षारोपण—की सराहना की। श्रीमती ओजस्वी मण्डावी ने स्काउट-गाइड के सतत विकास हेतु हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# स्वस्थ तन में बसता है स्वस्थ मन

**तिल्दा नेवरा,** 22 जून (देशबन्धु)। आयुष्मान आरोग्य मंदिर ग्राम दामाखेड़ा के प्राइमरी स्कूल के प्रांगण में प्रभारी डॉक्टर अनीता चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय योग शिविर आयोजन 17 जून से 21 जून ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा कर किया गया आयुष्मान आरोग्य मंदिर दामाखेड़ा के योग प्रशिक्षक पुरुषोत्तम निषाद के द्वारा योगाभ्यास में अंतरराष्ट्रीय दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार अभ्यास करते हुए कहा योग हर आयु वर्ग के लिए बेहद महत्वपूर्ण अभ्यास है जो शरीर मन और आत्मा को संतुलित रखने में मदद करता है स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन बसता है। योग को अपने जीवन में दैनिक अंग बनाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रमुख सरपंच कमलेश साहू ने कहा की योग हमारे भारत की दुनिया को एक बहुमूल्य विरासत है इसको हमें सहेज कर रखना है। हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य श्री संजय कुमार श्रीवास्तव के द्वारा योग के संबंध में विचार व्यक्त कर योग दिवस की बधाई दी एवं औषधि पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संकुल दामाखेड़ा के प्रधान पाठक संतोष कुमार सोनी, परमानंद ठाकुर सहित अधिकारी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अधिक संख्या में छात्र-छात्राओं एवं गांव के सम्माननीय वरिष्ठ नागरिकों का सराहणीय उपस्थित रहा।



## निधन

### श्रीमती शकुंतला कुशवाहा



महासमुंद 22 जून (देशबंधु)। स्थानीय क्लब पारा वार्ड नंबर 26 निवासी श्रीमती शकुंतला कुशवाहा 59 वर्ष का आकस्मिक निधन 22 जून को हो गया। अंतिम संस्कार 23 जून को सुबह 10 बजे भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे जिला आबकारी विभाग में कार्यरत लिपिक राजकुमार कुशवाहा, लालू कुशवाहा, नीतू कुशवाहा, माला कुशवाहा की मां थी।

### शिवबती सेन



अर्जुनी/बलौदाबाजार, 22 जून। अर्जुनी निवासी श्यामलाल सेन(सेवानिवृत्त पोस्टमेन) के धर्मपत्नी शिवबती सेन का आकस्मिक निधन 22 जून को हो गया है। उनका अंत्येष्टि कार्यक्रम स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे टिकेश्वर सेन की मां एवं अरुण सेन, मिथलेश सेन पत्रकार की भाभी थी।

## प्रादेशिकी का शेष...

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर...**

आंतरिक शांति और आत्म-साक्षात्कार का अनुभव कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तनाव कम करने, बेहतर स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन जीने में मदद करना था। कार्यक्रम में भाग लेने वालों ने शांति, सद्भाव और आंतरिक आनंद का अनुभव किया। वहीं सहजियों ने बताए कि सहज योग ध्यान संस्था से जुड़ने के लिए आपको कुछ भी नहीं देना है, यह सभी के लिए पूर्णतः निशुल्क।

**वन क्षेत्र से अतिक्रमणकारियों...**

संरक्षक जगदलपुर वृत्त आर. सी. दुग्गा एवं वनमण्डलाधिकारी सुकमा अक्षय दिनकर भोसले के निर्देश पर वन परिक्षेत्र अधिकारी सुकमा एवं परिक्षेत्र कर्मचारियों के द्वारा अतिक्रमणकारियों को समझाइश देकर अतिक्रमण हटाया गया।

# कवि के निधन के 48 साल बाद उनकी प्रतिमा का अनावरण



**पिथौरा**, 22 जून (देशबन्धु)। हिन्दी और छत्तीसगढ़ी भाषाओं के सुमधुर कवि स्वर्गीय मधु धांधी के जन्म दिन पर कल 21जून को उनकी प्रतिमा का अनावरण पिथौरा विकासखंड में स्थित उनके गृह ग्राम खुटेरी में किया गया. उनका जन्म 21जून 1951 को ग्राम -पिसीद (विकासखंड - कसडोल)में और निधन तीन अप्रैल 1977 को खुटेरी में हुआ था. उनके जन्म दिन पर आयोजित प्रतिमा अनावरण समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार, दैनिकज्ज हरिभूमिज्ज और टीव्ही समाचार चैनल आई. एन. एच. न्यूज रायपुर के प्रधान सम्पादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी थे. अध्यक्षता महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद श्री चुन्नीलाल साहू ने की. विशेष अतिथि के रूप में रायपुर से आए वरिष्ठ साहित्यकार और छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री जी. आर. राना. वरिष्ठ भाषविज्ञानी डॉ. चित्तरंजन कर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. धीरेन्द्र साव, पिथौरा के वरिष्ठ उपन्यासकार श्री शिवशंकर पटनायक, साहित्यकार और पत्रकार श्री स्वराज्य करुण तथा श्रृंखला साहित्य मंच पिथौरा के अध्यक्ष श्री प्रवीण प्रवाह उपस्थित थे.अनावरण समारोह के बाद, दूसरे सत्र में स्वर्गीय कवि मधु धांधी को समर्पित आंचलिक कवि गोष्ठी भी आयोजित की गयी, जिसमें महासमुन्द, बागबाहरा, बसना और पिथौरा के कवियों ने काव्य -पाठ किया.

# बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट के वाहनों पर लगेगा जुर्माना

**गरियाबंद**, 22 जून (देशबन्धु)। शासन द्वारा 01 अप्रेल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया है। लोगों को पूर्व में भी नए नंबर प्लेट बनवाने के लिए जागरूक किया गया था। साथ ही अभियान चला कर शिविर भी लगाया गया था। शासन के निर्देशानुसार बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट के वाहनों पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसी तारतम्य में लोगों को नंबर प्लेट बनवाने का और सहूलियत देते हुए परिवहन कार्यालय गरियाबंद द्वारा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 23 जून 2025 से 27 जून तक जिले के 7 जगहों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर पंचायत भवन कोपरा, जनपद पंचायत भवन गरियाबंद, जनपद पंचायत भवन फिंगेश्वर, जनपद पंचायत भवन छुरा, जनपद पंचायत भवन देवभोग, जनपद पंचायत भवन मैनपुर एवं नगर पंचायत भवन राजिम में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आवेदक को अपने साथ आवश्यक दस्तावेज के रूप में अपना आधार कार्ड, वाहन की आर.सी. बुक एवं मोबाईल नंबर के साथ पंजीयन करा सकते है। इसके अतिरिक्त एक हेल्पलाईन नंबर 9981329779 जारी किया गया है, जिसके माध्यम से एचएसआरपी हेतु आवेदन से संबंधित अथवा मोबाईल नंबर अपडेशन की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। —

# उरंदाबेड़ा पुलिस ने कोनगुड़ में लगाया चलित थाना, लोगों को किया जागरूक

## गांव में कोई बाहरी व्यक्ति आकर रहने पर थाना में सूचना देने दिया, हिदायत

**कोण्डागांव** 22 जून (देशबन्धु)। थाना उरंदाबेड़ा पुलिस ने सरहदी ग्राम कोनगुड़ साप्ताहिक बाजार थाना धनोरा में चलित थाना लगाकर लोगों को जागरूक किया, जहां गांव में कोई बाहरी व्यक्ति आकर रहने पर थाना में सूचना देने की हिदायत देने के साथ ही नशा मुक्ति अभियान पर जोर दिया गया।

उरंदाबेड़ा के सरहदी ग्राम पंचायत कोनगुड़ में गुरुवार 19 जून को पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय.अक्षय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के निर्देश, एसडीओपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में गांव में चलित थाना का आयोजन करके नशामुक्ति अभियान, संवैधानिक अधिकार, कानूनी अधिकार के बारे में जागरूक करने और कुछ महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराने का निर्देश दिया था। निर्देष का पालन करने के क्रम में थाना उरंदाबेड़ा की पुलिस सरहदी ग्राम कोनगुड़ पहुंच कर थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने नशा



मुक्ति अभियान के तहत नशा से होने वाले हानि को अवगत कराते हुए लोगों को नषा से दूर रहने का सलाह दिया। साथ ही सड़क दुर्घटना के समय जीवन बचाने में हेलमेट पहनने के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताया तथा अपना मोबाइल नंबर देकर थाना से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना देने की अपील की। वहीं लोगों को यातायात नियमों, सायबर फ्रॉड होने पर 1930 पर फोन कर सूचित करने, एटीएम फ्राड, फर्जी बैंक के कॉल, पाक्सो एक्ट, अवैध गांजा, नशीली दवाओं का बिक्री करने पर 1933 में कॉल कर सूचना देने, बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित अपराध, अभिव्यक्ति एप, बाल विवाह के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान गांव के ग्रामीणजन थाना उरंदाबेड़ा के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**थाना विश्रामपुरी में भी हुआ आयोजन**

12 जून से 26 जून 2025 तक नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ 'नशा मुक्त भारत' पखवाड़ा कार्यक्रम मनाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक वाय.अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अरूण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक भुनेश्वर नाग हमराह स्टाफ के 19 जून को विश्रामपुरी आई.टी.आई. परिसर में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को 'नशा मुक्त भारत' अभियान चलाया गया और नशा से होने वाले दुष्प्रभाव, बिमारी आदि के बारे में एवं नशा सेवन कर वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय हेलमेट लगाकर चलाने, नाबालिक बच्चों को वाहन नहीं चलाने देने, वैध लायसेंस तथा आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखने आदि के बारे में बताया गया। सम्पूर्ण अभियान में थाना प्रभारी एवं समस्त थाना स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# ग्राम पंचायत कमेला में कार्य निर्माण में अनियमितता

**कोण्डागांव** 22 जून (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत कमेला में हो रहे सीसी सड़क निर्माण में रेत की जगह मिट्टी का उपयोग करके निर्माण कार्य में अनियमितता किए जाने का मामला सामने आया है। अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि के अंतर्गत जिला व जनपद पंचायत कोण्डागांव के ग्राम पंचायत कमेला में 6 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य में कई अनियमिताएं सामने आई है। सीसी सड़क निर्माण के दौरान वाइब्रेटर का उपयोग नहीं किया जा रहा है और ना ही निर्धारित अनुपात में निर्माण सामग्री को मिलाकर सीसी सड़क बनाया जा रहा है। उक्त षिकायत निर्माण कार्य में लगे मजदूरों एवं अन्य ग्रामीणजनों ने नाम उजागर न करने की षर्त पर बताया। निर्माण में जिस अनुपात में सीमेंट, रेत एवं गिट्टी मिलाकर सीसी सड़क



का निर्माण किया जाना होता है, उसमें रेत की जगह मिट्टी जैसे रेत का उपयोग किया जा रहा है, कुछ लोगों ने यह जरूर कहा कि, इस इलाके में रेत नहीं मिल रहा है और जो मिलता है, वह ऐसा ही है, इसलिए हम मिट्टी वाले (काप) रेत का ही उपयोग निर्माण के लिए कर रहे हैं।

**जिम्मेदारों को पता ही नहीं-**

जिम्मेदारों को पता ही नहीं है और निर्माण कार्य में गड़बड़ी की जा रही है। जब गड़बड़ी की बात जिम्मेदार अधिकारी को बताई गई, तो उन्होंने कहा कि इसे देख लेता हूं। अब क्या पता सूचना के बाद वे फील्ड पर जाएं या फिर मिट्टी वाली रेत से ही सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाए। एक तो बड़े इंतजार के बाद ग्रामीणों को यह सड़क मिल रहा है, उसमें भी यदि इस तरह की गड़बड़ी सामने आए तो सड़क के निर्माण पर सवाल खड़ा होना लाजीम है। देखने वाली बात होगी कि इस मामले में उच्च अधिकारी किस तरह की जांच करवाते हैं।

# नन्हें छात्र छात्राओं ने योगाभ्यास कर स्वस्थ तन, स्वस्थ मन का संदेश दिया



**कोण्डागांव** 22 जून (देशबन्धु)। नन्हे छात्र छात्राओं ने योगाभ्यास कर स्वस्थ तन, स्वस्थ मन का संदेश दिया।

पूरे विश्व के साथ साथ कोंडागांव जिला अंतर्गत संकुल केंद्र करंजी के शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा करंजी मे भी ग्यारहवां अंतरराष्टीय योग दिवस बड़े उत्साह एवं जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था मे अध्ययनरत नन्हे छात्र छात्राओं ने योग की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य पर विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास कर योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर के साथ साथ पूरे समाज को एक दूसरे से जोड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था में अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने शिक्षिका सारिका वैष्णव के मार्गदर्शन में 'आओ अपनाएं दोस्तों योगा, मन की अशांति दमन ये करता रोगों का उपचार करता योगा गीत पर नृत्य कर योग के विभिन्न मुद्राओं को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम संयोजक टी.ऐंकट राव ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन अनमोल परंपरा है। योग हमारे शरीर, मन और आत्मा को जोड़ती है, क्योंकि हमारे जीवन मे संतुलन बहुत जरूरी है। चाहे वो शरीर का हो, मन का हो या आत्मा का। साथ ही योग पूरे समाज को एक दूसरे से जोड़ने की ताकत रखता है। जैसे हम योग में सांसों पर ध्यान देते हैं, वैसे ही शुद्ध ऑक्सीजन के लिए हमें पर्यावरण संरक्षण कर इस धरती को भी स्वस्थ रखना होगा, ताकि हम ओर हमारी आने वाली नई पीढ़ी शुद्ध हवा मे अपनी सासें ले सकें। कार्यक्रम के अंत में संस्था में अध्ययनरत सभी छात्र छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं तन मन को स्वस्थ रखने की प्रतिज्ञा ली।

# सशक्त समाज निर्माण के लिए नालसा ने शुरू की नई योजनाएं

**कोण्डागांव** 22 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और सशक्त समाज के निर्माण हेतु नई योजनाएं शुरू करने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने भारत में न्याय तक पहुंच को मजबूत करने और समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण नई याजनाओं की घोषणा की है। ये पहल कानूनी जागरूकता बढ़ाने, नशीली दवाओं के दुरूपयोग से निपटने और कानूनी सहायता प्रणाली को और अधिक सुलभ बनाने पर केंन्द्रित है। इसके साथ ही छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव किरण चतुर्वेदी के निर्देशन पर जागृति, डॉन, आवाज उठाओ, साथी एवं संवाद का जिला एवं तालुका स्तर पर यूनिट गठित किया गया है, जो कि इन योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। नालसा द्वारा शुरू किया गया साथी अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उददेश्य बेसहारा बच्चों को कानूनी पहचान प्रदान करना और सामाजिक कल्याण




तक उनकी पहुंच को आसान बनाना है। यह अभियान विशेष रूप से उन बच्चों पर केंद्रित है जिनके पास आधार कार्ड नहीं, जो विभिन्न सरकारी योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य अधिकरों तक उनकी पहुंच में बाधा बनता है। जिला साथी इकाई संबंधित सरकारी एजेंसियों, नगर निगमों पंचायती राज संस्थओं, अस्पतालों, स्कुलों शैक्षणिक संस्थानों से बेसहारा बच्चों की जन्म प्रविष्टियों को एकत्र करने का अनुरोध करती है।

नालसा की जागृति योजना 2025 एक दूरदर्शी कदम है जिसका उद्देश्य एक सूचित और सशक्त नागरिक समाज का निर्माण करना है। यह योजना लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जानने, अन्याय को पहचानने और ज्ञान-समर्थित आत्मविश्वास के साथ कार्य करने के लिए सशक्त बनाएगी, यह योजना जिला और तालुका जागृति इकाइयों की स्थापना करके नवीन और सांस्कृति रूप से प्रासंगिक तरीकों जैसे नुक्कड नाटक, सामुदायिक स्क्रीनिंग, मोबाईल कानूनी सहायता वैन और स्थानीय भाषाओं में सार्वजनिक जुडाव के माध्यम से आउटरीच और जागरूकता गतिविधियों का संचालन करेगी। नशीली दवाओं के दुरूपयोग के बढते खतरे को पहचानते हुए, नालसा ने डॉन योजना 2025 को अंतिम रूप दिया है। यह योजना नशीली दवाओं के दुरूपयोग से प्रभावी ढंग से निपटाने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाती है। इस योजना का उददेश्य कानूनी सेवाओं के ढांचे को मजबूत करके, जागरूकता बढाकर और प्रभावित व्यक्तियों के कानूनी सशक्तिकरण और पुनर्वास की सुविधा प्रदान करके नशीली दवाओं के दुरूपयोग को संबोधित करना है। योजना के मूल में ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन डीएडब्लूएन- यूनिट की स्थापना है, जिसमें विभिन्न हितधारक शामिल होंगे जो नशीली दवाओं से संबंधित मुद्दों पर एका केंद्रित और समन्वित प्रतिक्रिया देने के लिए सहयोग करेंगे।

नालसा संवाद योजना- 2025 का उद्देश्य न्यायपालिका और आम जनता के बीच अधिक प्रभावी संचार और जुडाव को बढावा देना है। यह योजना कानूनी सहायता के बारे में जानकारी के आदान-प्रदान, कानूनी जागरूकता बढाने और कानूनी सहायता चाहने वालों के लिए एक अधिक सहभागी और प्रतिक्रियाशील प्रणाली बनाने पर केंन्द्रि होगी। यह संभवत: इंटरैक्टिव सत्रों, सामुदायिक बैठकों और डिजिटल प्लेटफार्मों के उपयोग के माध्यम से कानूनी सेवा अधिकारियों, पैरालीगल स्वयंसेवकों और समुदाय के सदस्यों के बीच संवाद और बातचीत को बढ़ावा देगी।

**सार-संक्षेप**

## प्राथमिक एवं उच्च प्राशा पाटला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**फरसगांव** 22 जून (देशबन्धु)। विकासखंड फरसगांव के अंतर्गत प्राशा एवं उच्च प्राशा पाटला, संकुल केंद्र चिचाडी में 11वें अंतर्राष्टीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के समस्त कर्मचारी, गांव के गणमान्य नागरिक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनो को योग प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न योग, आसन प्राणायाम आदि का योगाभ्यास करवाया गया। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया और सभी ने योग के महत्व और इसके लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## राज्य महिला आयोग कोण्डागांव में 24 जून को करेगी सुनवाई

**कोण्डागांव** 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई मंगलवार 24 जून को कोण्डागांव में करेगी। आयोग द्वारा कोण्डागांव स्थित जिला कार्यालय के सभा कक्ष में मंगलवार को सुबह 11 बजे से कोण्डागांव और नारायणपुर जिले के महिला उत्पीड़ से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक, संभाग प्रभारी दीपिका शोरी एवं सह प्रभारी ओजस्वी मंडावी उपस्थित रहेंगी।

# किसान खरीफ सीजन की तैयारी में जुटे

**फरसगांव/विश्रामपुरी** 22 जून (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर सहित सभी क्षेत्रों में मानसुन के शुरू होने से पहले किसान इन दिनों खेतों में खरीफ सीजन की तैयारी में जुटे हुए नजर आ रहे हैं। अंचल में इन दिनों मौसम के बदलाव के कारण रूक-रूक बारिश हो रही है सुबह-शाम किसान अपने खेतों में काम करते हुए आसानी से देखा जा सकता है। इसी तरह ब्लाक बडेराजपुर के ग्राम पंचायत हरवेल स्थित प्लाट पारा में कुछ किसान खेतों में अपने ट्रैक्टर से हल जोतते हुए मक्का मक्का लगाने की तैयारी में है। ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से मॉनसून का इंतजार कर रहे किसानों के लिए शनिवार रविवार का दिन की सुबह खुशी की लहर लेकर आई। इस बारिश ने धान की बोआई और मक्का लगाने के लिए अनुकूल मौसम आया, जिससे किसानों में उत्साह पूर्वक खेती किसानी काम समय पर करने की कोशिश में लगे हुए हैं। बारिश की



पहली बूंदों के साथ ही क्षेत्र के सभी इलाकों में ट्रैक्टर और अन्य कृषि उपकरणों के साथ खेतों की जुताई का कार्य जोर-शोर से शुरू हो गया है। किसानों का मानना है कि यह बारिश धान की बोआई मक्का लगाने एवं धान का थरहा डालने के लिए अनुकूल समय है। हरवेल निवासी सहादेव नेताम का कहना है कि आज कल सभी खेती किसानी में व्यस्त हैं और बारिश आने का भी इंतजार कर रहे हैं।

इसी तरह ब्लाक बडेराजपुर से लगे ग्राम हरवेल, बालेंगा, पिढ़ापाल गम्हरी धामनपुरी पिटीसपाल तितरवंड किबड़ा डिहीपारा, तराईबेड़ा में भी किसान खेतों में काम करते व्यस्त नजर आ रहे हैं।

# बीजापुर में आत्म समर्पित नक्सलियों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बीजापुर** 22 जून (देशबन्धु)। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) बीजापुर में शुक्रवार को अंतर्राष्टीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर एलडीएम महोदय श्री विनोद कुमार खलको, विकास झा , फैकल्टी संजय दुलम, दीप्ति लिंगम प्रशिक्षक एवं संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सब्जी नर्सरी में आत्मसमर्पित नक्सली एवं ब्यूटी पार्लर के सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: योग अभ्यास से हुई, जिसमें प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की तकनीकों का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास का संचालन प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें स्वास्थ्य लाभ, मानसिक शांति और एकाग्रता को बढ़ावा देने वाले आसनों पर विशेष ध्यान दिया गया।



एलडीएम महोदय विनोद खलखो ने अपने संबोधन में योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को भी कम करता है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।

# छात्रावास-आश्रमों में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एमबीबीएस और बीएएमएस डिग्री धारियों को आवेदन आमंत्रित

## ◆ 30 जून तक कर सकते है आवेदन

**कोण्डागांव** 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा कोंडागांव जिले में संचालित छात्रावास-आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मान्यता प्राप्त चिकित्सा एमबीबीएस एवं बीएएमएस डिग्री धारियों को 30 जून तक अनुबंधित हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पंजीबद्ध डाक अथवा सीधे कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए आदिवासी विकास शाखा के सहायक आयुक्त कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# सीपीआई जिला परिषद् कोंडागांव के सचिव बने शैलेष

**कोण्डागांव** 22 जून (देशबन्धु)। सीपीआई जिला परिशद् कोंडागांव का जिला सम्मेलन 21 जून को अध्यक्ष मण्डल में मंचासीन छत्तीसगढ़ राज्य महिला फेडरेषन की प्रदेष अध्यक्ष का.तृश्या झाड़ी के मुख्य आतिथ्य, राज्य सचिव मण्डल के सदस्य व सीपीआई जिला परिशद् बस्तर के जिला सचिव का.रामुराम मौर्य, का.भक्तूराम, का.लक्षमण महावीर की अध्यक्षता में और सीपीआई जिला परिशद् कोण्डागांव के सदस्यों की उपस्थिति में सफलतापुर्वक सम्पन्न हुआ। इस जिला सम्मेलन सम्पन्न करने गठित अध्यक्ष मण्डल में षामिल अतिथियों के द्वारा कोण्डागांव जिला सहित पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में कम्युनिश्ट पार्टी ऑफ इंडिया के संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के सम्बन्ध में अपने-अपने विचार मंच से उपस्थित कम्युनिश्ट साथियों से



साझा किया और सभी में उत्साह का संचार किया गया। सीपीआई के संविधान में दिए गए प्रावधान अनुसार प्रत्येक तीन वर्श में आयोजित होने वाले इस जिला सम्मेलन में सीपीआई जिला परिशद् कोंडागांव के संगठन को मजबूत करने के साथ ही विस्तार देने की जिम्मेदारी के निर्वहन हेतु नए पदाधिकारी बनाए जाने के लिए सीपीआई जिला परिशद् कोण्डागांव के जिला सचिव तिलक पाण्डे द्वारा नए नामों का प्रस्ताव रखा गया गया, रखे गए प्रस्ताव को जिले के सभी सदस्यों द्वारा सहमति दी गई और कोण्डागांव जिला परिशद् के जिला सचिव की जिम्मेदारी षैलेष को देने के साथ ही उनके सहयोग हेतु जयप्रकाष एवं दिनेष को सहायक सचिव की जिम्मेदारी दी गई।

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) का नगर के ऑडिटोरियम में आयोजित जिला सम्मेलन कार्यक्रम के मुख्य अथिति महिला फेडरेशन प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती त्रश्या झाड़ी ने कहा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ती है। उन्होंने भाजपा, कांग्रेस को आड़े हाथ लेते कहा दोनों ही पार्टियां स्वयं को जनहितैषी होने का दावा करती है, जबकि उनका लक्ष्य जनता का सेवा करना नहीं, बल्कि उनका एकमात्र उद्देश्य अपनी तिजोरी को भरना है। एक ओर जहां केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में मंहगाई चरम पर है, तो वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार की गलत नीतियों से राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है।

सीपीआई राज्य परिषद सदस्य एवं अध्यक्ष कंट्रोल कमिषन तिलक पांडे ने कहा संगठनात्मक चर्चा हेतु जिला सम्मेलन किया जा रहा है, इस सम्मेलन में पार्टी की आगामी रणनीति और पार्टी की ओर से जिले में किए गए कार्यों तथा आगे जिन मुद्दों पर पार्टी कार्य करेगी जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किए जाने के साथ ही संगठन विस्तार की कड़ी में जिले के सभी षाखाओं में नए पदाधिकारियों को नियुक्त किया जाकर जिला परिषद् में लगभग 50 सदस्यों को सम्मिलित करके संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपा गया है।

# वनवासी विकास समिति को डॉ.जयमती कश्यप ने दिए एक लाख

## आदिवासियों की अस्मिता, अस्तित्व व विकास के लिए

**कोण्डागांव** 22 जून (देशबन्धु)। वनवासी विकास समिति छत्तीसगढ़ जिला कोंडागांव महिला समिति के नेतृत्व में 21 एवं 22 जून को दो दिवसीय संभाग स्तरीय महिला कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग सम्मलेन माता कस्तूरबा बालिका छात्रावास कोंडागांव में आयोजित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वनवासी विकास समिति के प्रांतीय संगठन मंत्री रामनाथ कश्यप की उपस्थिति में भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्प अर्पित करके 21 जून को संध्या 5 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बस्तर संभाग से बड़ी संख्या में माताएं-बहने अभ्यास वर्ग में शामिल




हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामनाथ कश्यप प्रांतीय संगठन मंत्री ने कहा कि वनवासी विकास समिति छत्तीसगढ़ आदिवासियों के अस्मिता, अस्तित्व एवं विकास के लिए कार्य करने के साथ ही महिला उत्थान, नारी शिक्षा एवं जागरण, बालिका शिक्षा, समाज सेवा एवं राष्ट सेवा के लिए वनवासी विकास समिति समर्पित होकर कार्य कर रही हैं। अभ्यास वर्ग के दौरान 22 जून को अहिल्यादेवी होलकर राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित डॉक्टर जयमती कश्यप ने वनवासी विकास समिति कोंडागांव को आदिवासियों की अस्मिता, अस्तित्व एवं विकास के लिए मुख्य अतिथि डॉक्टर रामनाथ कश्यप को चेक के माध्यम से एक लाख रुपए का दान प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि डॉक्टर जयमती कश्यप महिला एवं बाल विकास विभाग कोंडागांव में सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ है। जो कि महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के साथ-साथ लोक एवं पारंपरिक कलाओं के क्षेत्र में गहरी समर्पण सुदीर्घ साधना और आंचलिक पृष्ठभूमि के दस्तावेजी करण के उत्कृष्ट एवं अभिनव प्रतिमानों के लिए राष्ट्रीय देवी अहिल्या होलकर सम्मान 2024 मध्य प्रदेश भोपाल में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से सम्मानित किया गया।

उल्टा पुल्टा

जीजाजी- लड़कियां लव मैरिज क्यों करती हैं?
साली- ताकि अनजाना नमूना मिलने से बेहतर है कि जाना हुआ ही मिल जाए।

संपादकीय

## नियमित हो योगाभ्यास

*पिछले कुछ वर्षों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस दिन देश-दुनिया में व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से बड़ी तादाद में लोग योगाभ्यास करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर प्रारम्भ किये इस दिवस को मनाने की परम्परा लगभग एक दशक पुरानी हो चली है। हर राज्य में शासकीय स्तर पर भी यह दिवस मनाया जाता है। इसमें राज्य के मुख्यमंत्रियों से लेकर मंत्री, अफसर, पार्टी कार्यकर्ता-नेता, छात्र, युवा आदि सभी भाग लेते हैं।*

*इस साल भी यह दिवस शनिवार को राज्य भर में मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न परिसरों, प्रांगणों, सभागारों, खुले मैदानों, पार्क, बाग-बगीचों में लाखों की संख्या में लोग इकट्ठे हुए थे जिन्होंने या तो किसी योग गुरु के मार्गदर्शन में अथवा स्वतःस्फूर्त योगाभ्यास किया था। इस मौके पर हुए मुख्य अतिथियों के भाषणों में योग को स्वस्थ जीवन की कुंजी बतलाया गया जो है भी। निरोगी रहने की सैकड़ों साल पुरानी भारतीय परम्परा को लोकप्रिय बनाने का श्रेय तो पीएम को जाता है लेकिन यह पाया जाता है कि आज भी यह दैनिक जीवन का हिस्सा बहुत कम लोगों के लिये है। ज्यादातर लोग योग दिवस के ही अवसर पर यानी साल में एक ही दिन इसका अभ्यास करते हैं।*

*ऐसा इसलिये कहा जा सकता है क्योंकि जब इस दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास होता है तो साफ पता चलता है कि बहुत से लोग या तो केवल इसी दिन दिखावे के तौर पर कहें अथवा देखादेखी या दबाव में योग मुद्राएं करते हैं। यदि वे साल भर नियमित तौर पर करते रहते तो उन्हें योग करने में जो कठिनाई होती दिखती है वह न होती। बहुतों के शरीरों को देखकर भी इस बात का अंदाजा लग जाता है कि वे इसके आदी नहीं है। हालांकि ऐसे लोगों को चाहिये कि वे उतने ही आसन आदि करें जितना वे कर सकते हैं। शरीर को ऐसा कष्ट न दें जो वे सहन न कर सकें।*

*छत्तीसगढ़ सहित देश भर से इस मौके पर होने वाले सामूहिक योगासनों के आयोजनों को देखें तो इस बात की ज़रूरत महसूस होती है कि अधिकतम लोगों द्वारा अब तक इसे दैनंदिन का हिस्सा नहीं बनाया गया है। प्रदेश में बड़े पैमाने पर लोग अनियमित रक्तचाप, हृदय रोगों, मधुमेह, थायराइड जैसी तकलीफों को झेल रहे हैं। इतना ही नहीं, ऐसे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। साफ है कि ऐसा इसीलिये है कि वे नियमित योगासनों, प्राणायाम आदि से अभी भी दूर ही हैं।*

*सरकार को चाहिये कि वर्ष में केवल एक दिन की बजाय इसे नियमित रूप से करने हेतु वह लोगों को प्रेरित करे। यह तभी सम्भव है जब सभी शहरों, कस्बों, गांवों में रोजाना योग करने के लिये सुविधाजनक स्थान उपलब्ध हों। समाज के प्रमुख लोग यदि नियमित योगाभ्यास करें तो अन्य प्रेरित होंगे।*

# आयुष्मान योजना में मरीजों से मनमानी वसूली कर रहे निजी अस्पताल संचालक

## निजी अस्पतालों की जांच में खुलासा



**रायपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर समेत राज्य के कई प्राईवेट अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज कराने आ रहे मरीजों से इलाज के नाम पर एक्सट्रा पैसे वसूल रहे हैं।

यह शुल्क दवाइयों, इम्प्लांट या क्लालिटी मेडिकल सामान के नाम पर वसूला जा रहा है और खास बात यह है कि मरीजों को कोई बिल नहीं दिया जा रहा है ताकि कोई सबूत न रहे।

**10 अस्पतालों की जांच में खुलासा**

शहर के 10 प्राईवेट अस्पतालों में भर्ती आयुष्मान मरीजों की शिकायतों की पड़ताल में सामने आया कि अस्पताल इलाज के पैकेज से बाहर जाकर भी मोटी रकम वसूल रहे हैं।

मरीजों से 10 हजार रुपये से लेकर 1.5 लाख रुपये तक लिए गए, वो भी बिना बिल के। इसका मुख्य कारण यह है कि अस्पताल हेल्पलाइन पर शिकायत होने पर कार्रवाई से बचना चाहते हैं। अस्पतालों में कहीं भी ऐसा नंबर नहीं दिया गया है जहां मरीज या उनके परिजन इस तरह की वसूली की शिकायत कर सकें। जबकि योजना के तहत हर एक बीमारी का एक निर्धारित पैकेज होता है, और प्राईवेट अस्पताल एम ओ यू के तहत ही इसमें शामिल होते हैं।

**100 से ज्यादा शिकायतें दर्ज**

स्वास्थ्य विभाग की आयुष्मान हेल्पलाइन नंबर 104 पर 100 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं। मरीजों और उनके परिजनों ने बताया कि दवा, उपकरण और इंप्लांट के नाम पर पैकेज के बाहर से मनमर्जी की रकम वसूली गई।

# कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट आज से प्रदेश के दौरे पर

## 23-24 को लेंगे नेताओं से फीडबैक, विधायकों से भी होगी चर्चा

**रायपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को फिर से संगठित करने और आगामी चुनावों की रणनीति पर मंथन करने के उद्देश्य से प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट 23 और 24 जून को राज्य के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे वरिष्ठ नेताओं, कार्यकारिणी सदस्यों, जिला और ब्लॉक अध्यक्षों से मुलाकात कर जमीनी फीडबैक लेंगे और संगठन को मजबूत करने की दिशा में अहम बातचीत करेंगे।



**बैठक दर बैठक तय होगी रणनीति**

सचिन पायलट 23 जून की सुबह 11:30 बजे पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की शुरुआत करेंगे। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे वे प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होंगे।दोपहर 3 बजे जिला और शहर कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों ( ) से अलग से बातचीत होगी। जिसमें जिला स्तर पर संगठन की स्थिति, स्थानीय समस्याएं और कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर फीडबैक लिया जाएगा।

**मोर्चा संगठनों और विधायकों से भी चर्चा**

शाम 4:30 बजे पायलट प्रदेश के मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ और विभाग अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान संगठनात्मक ढांचे, कार्यों की समीक्षा और सक्रियता बढ़ाने पर फोकस होगा।रात 8 बजे कांग्रेस विधायकों के साथ एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक प्रस्तावित है। जिसमें आने वाले समय में पार्टी की दिशा, भाजपा से मुकाबले की तैयारी और जनसंपर्क अभियानों पर चर्चा की जाएगी।

**मीडिया से करेंगे संवाद**

अपने दौरे के दूसरे दिन 24 जून की सुबह 11.30 बजे सचिन पायलट रायपुर में पत्रकरो से चर्चा करेंगे। माना जा रहा है कि वे पार्टी की आगामी रणनीति, बैठक के नतीजे और केंद्र सरकार की नीतियों पर प्रतिक्रिया देंगे।

# महंगाई भत्ता पर मोदी की गारंटी को लागू कराए गृह मंत्री अमित शाह

पेंशनर्स महासंघ ने की मांग

**रायपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सोशल मीडिया एक्स में ट्वीट कर उनसे छत्तीसगढ़ राज्य प्रवास पर महंगाई भत्ता को लेकर मोदी की गारंटी को लागू कराने की मांग की है।

विधानसभा चुनाव के दौरान संकल्प पत्र में च्मोदी के गारंटीज्में किए गए वायदे छत्तीसगढ़ में विधान सभा चुनाव में भाजपा शासित सरकार के सत्तारूढ़ होने पर राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों को केन्द्र के देय तिथि से केन्द्र के समान डीए डीआर (महंगाई भत्ता) दिया जाएगा। संज्ञान में लेकर कार्यवाही करने और छत्तीसगढ़ सरकार से जनवरी 24 और जुलाई 24 का बकाया डीए डीआर का पूरा पूरा एरियर भुगतान कराने के साथ साथ जनवरी 25 से बकाया 2त्न प्रतिशत डीए डीआर कर्मचारियों और पेंशनरों, परिवार पेंशनरों को एरियर सहित भुगतान के आदेश जारी कराने की मांग की है।

जारी बयान में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार मोदी की गारंटी को अनदेखा कर रही है और डीए डीआर देने में कोताही बरत रही है। एरियर की राशि हजम कर कांग्रेस सरकार की अनुशरण कर रही है। जबकि मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़ के अलावा सभी भाजपा शासित राज्य सरकार में कर्मचारियों और पेंशनरों को केन्द्र सरकार के समान डीए डीआर दिया जा रहा है। अत: केंद्रीय गृह मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख लीडर के हैसियत से छत्तीसगढ़ राज्य में विष्णु देव साय सरकार को नसीहत देकर राज्य में कर्मचारियों और पेंशनरों को डीए डीआर का भुगतान करने हेतु जरूरी निर्देश देने का आग्रह किया है।

# सह प्रभारी के सामने जिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने निकाली भड़ास




- पार्टी जब सत्ता में थी तब कार्यकर्ताओं का काम नहीं होता था

**रायपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। लंबे समय के बाद रविवार को प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ की उपस्थिति में हुई शहर जिला कांग्रेस रायपुर के पदाधिकारियों का आक्रोश फूट पड़ा। पदाधिकारियों ने अपनी भड़ास निकालते हुए कहा पार्टी जब सत्ता में थी तब कार्यकर्ताओं का काम नहीं होता था।जिसके चलते आज कार्यकर्ताओं में उत्साह नहीं है।वहीं दूसरी ओर सता के दौरान मलाई खाने वाले लोग भी बैठकों में नहीं आते है।

कांग्रेस भवन गाँधी मैदान में हुई बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करना एवं आगामी रणनीतियों को तय करना रहा।

विजय जांगिड़ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का आधार कार्यकर्ता हैं,और मजबूत संगठन ही जनहित के मुद्दों को प्रभावी रूप से उठा सकता है। उन्होंने पदाधिकारियों से नियमित जनसंपर्क, बूथ स्तर पर सक्रियता और युवाओं को संगठन से जोड़ने की अपील की। इसके अलावा बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की योजना सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष,गिरीश दुबे पूर्व विधायक विकास उपाध्याय पंकज शर्मा प्रमोद दुबे ऐजाज ढेबर शिव सिह ठाकुर श्रीकुमार मेनन सुमित दास अरुण जांघेल अशोक ठाकुर संदीप साहू सतनाम पनाग देवेंद्र यादव देव कुमार साहू आकाश तिवारी बंशी कन्नौजे अनुराम साहू प्रकाश जगत मनीराम साहू दिनेश ठाकुर अविनय दुबे कामरान अंसारी राकेश धोत्रे संजय सोनी सहित अन्य पदाधिकारि उपस्थित थे।

# केंद्रीय मंत्री ने की सात राज्यों के डीडीपी-एडीजीपी के साथ समीक्षा बैठक

**रायपुर**, 22 जून (देशबन्धु)।केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद पर छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड और ओडिशा के डीजीपी/एडीजीपी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रायपुर में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में श्री विष्णुदेव जी की सरकार और उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा जी की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि उन्होंने एक रुके हुए नक्सल विरोधी अभियान को द्रुत गति से चलाया और राज्य को नक्सलवाद से मुक्त करने की दिशा में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि श्री विष्णुदेव जी और श्री विजय शर्मा जी ने नक्सलविरोधी अभियानों को न सिर्फ धार दी, बल्कि समय-समय पर इस अभियान का मार्गदर्शन किया, सुरक्षाबलों का हौंसला भी बढ़ाया और संपूर्णता के साथ इस लड़ाई में बहुत बड़ा योगदान दिया है।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने विश्वास के साथ दोहराया कि 31 मार्च, 2026 तक देश नक्सलवाद से पूरी तरह से मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमारे सुरक्षाबलों ने पराक्रम दिखाया है और सूचना एजेंसियों ने सटीक रणनीति बनाई है, उसके आधार पर हम इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर लेंगे। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बारिश के मौसम में आराम करने वाले नक्सली इस बरसात में चैन की नींद नहीं सो पाएँगे क्योंकि हमारे सुरक्षाबलों का ऑपरेशन जारी रहेगा। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने नक्सलवाद के रास्ते पर भटक कर गए सभी युवाओं से हथियार डालकर राज्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि उन्हें विकास यात्रा में जुड़ने का इससे अच्छा मौका नहीं मिलेगा। श्री शाह ने कहा कि हिंसा के रास्ते पर चल रहे युवा सरकार पर भरोसा करें और समाज की मुख्यधारा में शामिल हों। इस तरह वे अपने आप देश की विकास यात्रा के साथ जुड़ जाएंगे। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने सरेंडर करने वाले नक्सलियों से जो वायदा किया है, उसे पूरा किया जाएगा और उससे अधिक सहायता करने का प्रयास भी किया जाएगा।

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह का नारायणपुर दौरा निरस्त

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का प्रस्तावित नारायणपुर दौरा रद्द कर दिया गया है। अब वे सुरक्षा बलों के कमांडर्स से रायपुर में ही मुलाकात करेंगे। अमित शाह आज से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। वे नारायणपुर दौरे पर जाने वाले थे लेकिन अपरिहार्य कारणों के चलते उनका दौरान अचानक रद्द कर दिया गया है।

युक्तिकरण का कहर

# सैकड़ों हेडमास्टर का डिमोशन

## संचालक कार्यालय का घेराव करने की तैयारी




**रायपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक आज स्वास्थ कर्मचारी संघ रायपुर के कार्यालय रायपुर में प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । पदाधिकारियों ने युक्तिकरण के कारण डिमोशन का कहर झेलने वाले शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की।प्रांतीय सचिव रोहित साहू ने बताया कि पूर्व में रमन सिंह की सरकार ने व्याख्याता शिक्षाकर्मी की परीक्षा ले कर प्रधान पाठक प्राथमिक बनाया था अब युक्तिकरण के बाद श्री साय की युक्तिकरण नीति से ये सहायक शिक्षक बनने को मजबूर है,मसलन मृदुला शुक्ला व्याख्याता शिक्षाकर्मी अंग्रेजी थी उनकी परीक्षा ले कर उन्हें हेडमास्टर प्राथमिक बनाया गया तथा संजयनगर प्राथमिक विद्यालय के हाई स्कूल में युक्तिकरण के बाद अब सहायक शिक्षक अर्थात तीन पदक्रम पीछे हो गई।प्रदेश में इस तरह के 78 व्याख्याता है

इसी तरह लगभग 3850 प्रधान पाठक प्राथमिक स्कूलों के मिडिल स्कूलों में युक्तिकृत या मर्ज होने के बाद सहायक शिक्षक बन रहे है वहीं लगभग 350 से अधिक माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक भी शिक्षक पद पर डिमोट हो रहे है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि उससे शिक्षकों में आक्रोश है वरिष्ठ जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न यादव ने बताया कि अकेले बलौदा बाजार में 74 प्रधान पाठक डिमोशन के शिकार हो रहे।प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने राज्य शासन से ऐसे सभा शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता के अनुसार माध्यमिक विद्यालय प्रधान पाठक एवं , व्याख्याता पदों पर अनिवार्य पदोन्नति देने की मांग की है। संघ ने इस मुद्दे जुलाई माह में संचालक कार्यालय का घेराव करने की भी तैयारी प्रारंभ कर दी है। बैठक में संजय तिवारी,संगठन मंत्री जावेद कुरैशी डोमार सिन्हा ,प्रवीण साहू,गिरीश वर्मा ,नदकुमार सिन्हा,धनेश वर्मा ,नरेंद्र वर्मा , डी एस ध्रुव, प्रकाश साहू, पंकज दुबे आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# प्रदेश में अब तक 55 मिमी औसत वर्षा

**रायपुर**, 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 55.0 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक जशपुर जिले में सर्वाधिक 188.4 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। नारायणपुर जिले में सबसे कम 13.5 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 74.4 मि.मी., सूरजपुर में 86.4 मि.मी., बलरामपुर में 187.7 मि.मी., कोरिया में 127.0 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 55.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।


रायपुर जिले में 38.6 मि.मी. बलौदाबाजार में 41.9 मि.मी., गरियाबंद में 47.5 मि.मी., महासमुंद में 30.4 मि.मी. और धमतरी में 24.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बिलासपुर में 23.1 मि.मी., मुंगेली में 14.8 मि.मी. रायगढ़ में 112.7 मि.मी., सारंगढ़ बिलाईगढ़ में 40.6 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 42.5 मि.मी., सक्ती में 47.6 मि.मी. कोरबा में 63.9 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 49.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है।

दुर्ग जिले में 42.0 मि.मी., कबीरधाम में 32.9 मि.मी., राजनांदगांव में 25.9 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 21.5 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 42.9 मि.मी., बालोद में 38.7 मि.मी. और बेमेतरा में 14.6 मि.मी. वर्षा रिकार्ड हुई है।

बस्तर जिले में 63.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। कोंडागांव में 26.9 मि.मी., कांकेर में 35.8 मि.मी., दंतेवाड़ा में 73.8 मि.मी., सुकमा में 20.8 मि.मी. और बीजापुर में 67.3 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

आज द्वितीय पुण्यतिथि
विनम्र श्रध्दांजलि



स्व. सरदार भजन सिंघ होरा जी
स्वर्गवास - 23.06.2023
सरलता, सहजता से, जीवन जिया आपने, सहकर तकलीफे
हमें सुख दिया आपने। पद चिन्हों पर आपके, चलते ही रहेंगे,
सजल नयनों से याद आपको करते ही रहेंगे...
आपको शत्-शत् नमन...
आपकी स्मृति में श्रद्धासुमन
सरदारनी हरमीत कौर होरा (पत्नी)
स. भुपिन्दर सिंघ होरा (पारस) (पुत्र), स. रघुबीर सिंघ होरा (भाई),
स. तरनजीत सिंघ होरा (रिन्कू), स. परमीत सिंघ होरा (रिशू) (भतीजा)
स. चीनू होरा, स. जयदीप सिंघ चावला, स. राजदीप सिंघ होरा (दामाद),
स. लक्की छाबड़ा (भांजा) एवं समस्त होरा परिवार
भारत किराया भंडार, रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क - 9425208181, 9826808181

# पॉक्सो का झूठा केस कराने वालों की अब खैर नहीं

## कोर्ट के आदेश पर मास्टरमाइंड सहित 4 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

रायपुर- रायपुर में नाबालिग से छेड़छाड़ की झूठी शिकायत कराकर दूसरे की सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। साजिश करने वाले मास्टरमाइंड सहित चार के खिलाफ बीएनएस की अलग.अलग कुल 13 धाराओं में अपराध दर्ज किया है। इनमें संगठित अपराध की धारा भी शामिल हैं। आरोपियों ने साजिश के तहत मोतीबाग के दरगाह के खादिम के खिलाफ नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज कराया था। इसमें खादिम के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज था। इस मामले में जिला न्यायालय और हाईकोर्ट ने खादिम को बड़ी राहत दी। करीब 5 साल के भीतर उन पर दर्ज एफआईआर को खारिज कर दिया। साथ ही झूठी एफआईआर कराने पर आरोपियों के खिलाफ सिविल लाइन पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन इलाके के दरगाह के खादिम मोहम्मद नईम रिजवी पर 20 सितंबर 2020 को अब्दुल कय्यूम ने 12 साल की बालिका से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। इसकी लिखित शिकायत सिविल लाइन थाने में की। इस आधार पर पुलिस ने खादिम के खिलाफ धारा 354 आईपीसी और 8 पॉक्सो क एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। अपराध दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की निष्पक्ष और बारीकी से जांच की। जांच के दौरान जिस जगह पर घटना होना बताया गया उस जगह सीसीटीवी कैमरे लगे थे। सीसीटीवी में छेड़छाड़ से जुड़ा कोई फुटेज पुलिस को नहीं मिला। इसके अलावा कई अन्य साक्ष्य भी नहीं मिले। जांच में छेड़छाड़ का अपराध नहीं पाया गया। इसके बाद पुलिस ने एफआईआर खारिज करने के लिए जिला न्यायालय में भेज दिया। दूसरी ओर से पीड़ित नईम ने हाईकोर्ट में एफ आईआर को शून्य करने आवेदन लगाया। बाद में जिला न्यायालय के आदेश पर पूरे मामले की फिर जांच की गई। पीड़िता उसके परिजनों और अन्य लोगों के बयान दर्ज हुए।



### नाबालिग ने किया साजिश का खुलासा

कोर्ट के आदेश पर मामले की जांच के दौरान नाबालिग लड़की ने खुलासा कि अब्दुल कय्यूम के कहने पर खादिम के खिलाफझूठी शिकायत की थी। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने अब्दुल कय्यूम के अलावा खैरूनिशा हमीद महेसर के खिलाफधारा 212 216 217 229 230 231 232 233 237 308;1 308;6 308 ;7 111 बीएनएस का अपराध दर्ज किया गया। पूरी घटना का मास्टरमाइंड अब्दुल कय्यूम है। उसने ही साजिश के तहत झूठी एफआईआर कराई है। इनमें आरोपी महिलाएं भी शामिल थी। आरोपियों के खिलाफ संगठित अपराध की धारा भी लगी। बताया जाता है कि अब्दुल के खिलाफ सट्टेबाजी और अवैध रूप से हथियार रखने का मामला भी दर्ज है।

**राजधानी में इस तरह का पहला मामला**

रायपुर में छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के झूठे मामले में पहली बार ऐसी कार्रवाई हो रही है। वर्तमान में कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग करते हुए छेड़छाड़ और दुष्कर्म के कई मामले सामने आने लगे हैं। राजधानी में इस तरह का पहला मामला है।

# शाह बताए डबल इंजिन की सरकार में छग को क्या फायदा हुआ?:दीपक बैज



**रायपुर** 22 जून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सवाल किया है चुनाव के पहले आप खुद राज्य की जनता से डबल इंजिन की सरकार की दुहाई दे कर वोट देने की अपील करते थे। अब राज्य मे डबल इंजन की सरकार है फिर राज्य का क्या भला हुआ। मानसून आने के बाद भी किसानो को खाद बीज नहीं मिल रहा केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के कोटे का डीए पी, और अन्य उर्वरक उपलब्ध नहीं करवा रहा किसान परेशान है ऐसे डबल इंजिन का क्या भरोसा ज़ब राज्य के किसान अपनी प्रमुख फ़सल ही नहीं ले पा रहे श्री बैज ने कहा राज्य मे समर्थन मूल्य पर खरीदा गया 35 लाख मिट्रिक टन धान आज भी खुले मे पड़ा है। राज्य सरकार के पास इस धान के निपटान की कोई योजना नहीं है इससे राज्य के किसानो के द्वारा पैदा किया गया हजारों करोड़ के धान के सड़ कर खराब होने की पूरी संभावना है. ।केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के सेन्ट्रल पुल के कोटे को क्यों नहीं बढ़ाती है यदि केंद्र राज्य के चावल के कोटे को बढ़ा दे तो यह स्थित सुधर जाय ।इस पर आप कोई निर्णय क्यों नहीं लेते ।उन्होंने अमित शाह से पूछा की आज भी बस्तर मे आदिवासी असुरक्षित है रोज उनकी हत्या हो रही इस पर उनकी सरकार क्या करेगी? आदिवासियों की सुरक्षा की गारंटी डबल इंजन की सरकार क्यों नहीं लेती? बस्तर के खनिज संसाधनों को डबल इंजिन की सरकार क्यों बेच रही?। एन एम डीसी का मुख्यालय बस्तर क्यों नहीं ला रहे? बस्तर के युवाओं को एनमडीसी की भर्ती मे प्रथमिकता क्यों नहीं दी जा रही? शाह बताए डबल इंजिन की सरकार का छत्तीसगढ़ को क्या फायदा हुआ?

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर दो दिवसीय भव्य योग महोत्सव का समापन



**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। 11 वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय योग संस्थान,रायपुर द्वारा दो दिवसीय भव्य योग महोत्सव का आज गुजराती स्कूल देवेंद्र नगर में लगभग 800 योग प्रेमियों ने योग के साथ विभिन्न आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ समापन किया गया।

प्रथम दिवस 21 जून को समस्त योग प्रशिक्षको, कार्यकर्ताओ,और साधकों ने अपने अपने 65 केंद्रों के अतिरिक्त लगभग 175 नए स्थानों में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर नए लोगों को योग हेतु प्रेरित करने आसान,प्राणायाम की प्रस्तुतियां दी ।

इसके अतिरिक्त विभिन्न संस्थानों,प्रतिष्ठानों में भी योग प्रशिक्षक पहुंचकर सेवाएं दी मुख्य रूप से केंद्रीय संचार ब्यूरो,एम्स मेडिकल हॉस्पिटल,पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल हॉस्पिटल में आर्थोपेडिक डॉक्टरों को,बिगमिंट फर्म,दुर्गा कॉलेज,आशादीप हॉस्पिटल,राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग,मोतीबाग,22यार्ड अकादमिक बिलासपुर,रेयान इंटरनेशनल स्कूल आदि स्थानों में पहुंचकर योग साधना कराया और निरंतर 365 दिन योग करने प्रेरित किया गया इसमें भारतीय योग संस्थान,रायपुर के मुख्य प्रशिक्षक राजेश डागा,राजेश अग्रवाल,मुकेश सोनी,के आर साहू, ए एस राव,सुदेशना मेने,पिंकी जैन,वंदना आहूजा,रिया फतनानी,लक्ष्मी जेठानी,प्रभा शर्मा,कंवलजीत,सपना,लता चौधरी,किरण प्रसाद, गीताजंली बाग द्वारा निष्काम सेवाएं दी ।

आज द्वितीय दिवस 22 जून रविवार को भव्य योग महोत्सव गुजराती स्कूल देवेंद्र नगर में मनाया गया मुख्य आकर्षण में स्वर्णभूमि योग केंद्र के ए एस राव की टीम द्वारा योग गीत की प्रस्तुति,एवं आकर्षक योग नृत्य एस एस डी धाम अमलीडीह और डब्लू आर एस कॉलोनी योग केंद्र की प्रस्तुति रही और एक शुभ संकल्प अपने कुटुंब,राष्ट्र और विश्व के सुख,शांति और सौहार्द्र बनाए रखने हेतु संकल्प, पिंकी जैन द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ के आर साहू द्वारा राष्ट्रगान कराकर भव्य योग महोत्सव का समापन किया गया हितवाद प्रेस योग केंद्र की टीम ने सुंदर सेल्फी जोन की व्यवस्था की और महाराष्ट्र योग केंद्र द्वारा प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई ।

# रेलवे के 51 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आयोजित 51 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह दिनांक 21 जून 2025 को गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे श्री मनोज गुरुमुखी मुख्य अतिथि के रूप में एवं उप महाप्रबंधक (सामान्य) श्री समीरकांत माथुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।




प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पहले 1 मई से 15 जून तक निर्धारित किया गया था, किंतु बच्चों के उत्साह और जोश को देखते हुए इसे एक सप्ताह बढ़ाकर 21 जून तक किया गया। इस शिविर में कुल 235 बच्चों ने सक्रिय सहभागिता की, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसमें क्रिकेट में 170, बॉक्सिंग में 40 तथा आर्चरी में 25 बच्चों ने हिस्सा लिया।

बच्चों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु रेलवे के वरिष्ठ प्रशिक्षकों के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ियों को कोच के रूप में नियुक्त किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को सभी आवश्यक खेल उपकरण, प्रशिक्षण किट एवं जर्सी भी उपलब्ध कराए गए। उल्लेखनीय है कि बच्चों ने गर्मी, उमस और बारिश के बावजूद 100त्न उपस्थिति के साथ अपना समर्पण एवं अनुशासन दिखाया। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और स्पोर्ट्स स्टाफ को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज गुरुमुखी ने कहा कि बच्चों की ऊर्जा और अनुशासन सराहनीय है, और भविष्य में ये खिलाड़ी रेलवे एवं देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर आयोजकों ने जानकारी दी कि अगले वर्ष समर कैंप में और भी खेलों को शामिल करने तथा पूरे वर्ष भर प्रशिक्षण जारी रखने की योजना बनाई जा रही है।

समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागी बच्चों, उनके अभिभावकों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सभी कर्मियों को इस शिविर को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रामगढ़िया सेवक सभा महिला विंग ने योग दिवस मनाया गया



रायपुर, 22 जून (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर, रामगढ़िया सेवक सभा महिला विंग के द्वारा रविवार 22.6 की सुबह को ऑक्सीजोन पंडरी में योग कोच पूर्वी गुम्बर और भारतीय योग संस्थान से रीना सीरे व विश्वकर्मा सर ने योगा और सूर्य नमस्कार कराते हुए इसके महत्व को समझाया कि स्वस्थ जीवन, मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा को योग से अपनाया जा सकता है।

इस अवसर पर महिला विंग की BODs जसबीर कौर भूई, हरशरण कौर, अध्यक्ष प्रदीप कौर, अंशु राणा, नीतू भूई, कवलजीत कौर, सिमरन कौर, मंजू भामरा, रूबी भूई, हरशरण गुम्बर, सोनिया राणा, नवनीत कौर और रश्मित छाबड़ा उपस्थित थी।

# विस सत्र में सामाजिकबहिष्कार जैसी कुरीति के खिलाफ सक्षम कानून बनाया जाये : डॉ. मिश्र

रायपुर, 22 जून (देशबन्धु)। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा कि,हमारे यहाँ सामाजिकऔर जातिगत स्तर पर सक्रिय पंचायतों द्वारा सामाजिक बहिष्कार के मामले लगातार सामने आते रहते हैं। पिछले दिनों जशपुर में 1 परिवार ,कोंडागांव में 1परिवार,तथा केशकाल में10 परिवारों ,सरायपाली में 5 परिवारों, बगीचा कांसाबेल में 1 परिवार का सामाजिक बहिष्कार करने की घटना सामने आई है ग्रामीण अँचल में ऐसी घटनाएँ बहुतायत से होती है जिसमें जाति व समाज से बाहर विवाह करने, समाज के मुखिया का क्कहना न मानने, पंचायतों के मनमाने फरमान व फैसलों को सिर झुकाकर न पालन करने पर किसी व्यक्ति या उसके पूरे परिवार को समाज व जाति से बहिष्कार कर दिया जाता है व उसका समाज में हुक्का पानी बंद कर दिया जाता है। क्कुछ मामलों में तो स्वच्छता मित्र बनने पर, तो क्कहीं आर.टी.आई. लगाने पर भी समाज से बहिष्कृत कर दिया गया है। पूरे प्रदेश में 30 हजार से अधिक व्यक्ति सामाजिक बहिष्कार जैसी क्कुरीति के शिकार हैं। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति सामाजिक बहिष्कारजैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ जनजागरण एवं प्रताड़ित लोगों की मदद के लिए पिछले कुछ वर्षों से लगातार कार्य कर रही है। समिति सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर आगामी विधानसभा सत्र में सामाजिक बहिष्कार के खिलाफ कानून बनाने की मांग कर रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में महाराष्ट्र विधानसभा में सभी सदस्यो ने सामाजिक बहिष्कार प्रतिषेध अधिनियम के संबंध में महत्वपूर्ण कानून को बिना किसी विरोध के सर्वसम्मति से11 अप्रैल 2016 को पारित कर दिया तथा 20 जून 2017 को माननीय राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी मिलने के बाद 3 जुलाई 2017 से पूरे महाराष्ट्र में लागू कर दिया गया ।इसी प्रकार हमारे प्रदेश में भी सामाजिक बहिष्कार प्रतिषेध अधिनियम की महती आवश्यकता महसूस की जा रही है। डॉ. मिश्र ने आगे क्कहा कि सामाजिक बहिष्कार के कारण विभिन्न स्थानों से आत्महत्या, हत्या, प्रताडऩा व पलायन की खबरें लगातार समाचार पत्रों में आती रहती है। इस संबंध में अब तक कोई सक्षम कानून नहीं बन पाया है इसलिए ऐसे मामलों में कोई उचित कार्यवाही नहीं हो पाती है न ही रोकथाम का कोई प्रयास होता है। सामाजिक बहिष्कार के मामलों के आँकड़े क्को लेकर नेशनलक्राइम रिकार्ड ब्यूरो, राज्य सरकार, पुलिस विभाग के पास कोई अब तक रिक्कार्ड जानकारी नहीं है ऐसी जानकारी सूचना केअधिकार के अंतर्गत प्राप्त हुई है। जबकि ऐसी घटनाएँ लगातार होती है। इस संबंध में सामाजिकक बहिष्कार प्रतिषेध अधिनियम को आगामी विधानसभा सत्र में सामाजिक बहिष्कार केसंबंध में सक्षम क्कानून बनाने के लिए पहल करें ताकि अनेक प्रताड़ितों को न्याय मिल सके।



# छत्तीसगढ़ बिजली कंपनी के नए कर्मचारी संगठन का गठन, तिवारी बने अध्यक्ष

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारियों का रविवार को प्रथम सम्मेलन गुढियारी रायपुर में सम्पन्न हुआ। प्रथम कार्यक्रम में ही लगभग 150 से अधिक सेवानिवृत्त साथी शामिल। अभूतपूर्व उत्साह के वातावरण में सम्पन्न कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण गौतम ने किया, मुख्य अतिथि के तौर पर कंस्ट्रक्शन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मोहन एंटी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ के संस्थापक जौहरी लाल शर्मा, सेवानिवृत्त महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण देवांगन, राष्ट्रीय मंत्री चंद्रशेखर दुबे, प्रदेश महासंघ के अध्यक्ष बीएस राजपूत, पूर्व अध्यक्ष जगजीत सिंह वालिया, ठेका कर्मी प्रदेश प्रभारी एसके मजूमदार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक अश्वनी तिवारी और हरीश चौहान ने किया।



**राष्ट्रीय महामंत्री ने बताई संगठन की रुपरेखा**

कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए श्री देवांगन ने कहा कि हम सब लंबी अवधि तक विद्युत विभाग की सेवा की है अब सेवानिवृत्त होने के बाद मिले समय का उपयोग न केवल अपने घर परिवार के लिए करना है साथ ही देश और समाज हित में भी कार्य करने को तत्पर रहना है इसी उद्देश्य से संगठन बनाने की रूपरेखा बनाई गई है हमे एकजुट होकर अपने लक्ष्य की पूर्ति करने जीवंत संगठन के रूप में पहचान बनानी है । श्री एंटी ने कहा कि इस संगठन की कल्पना हम बहुत पहले से कर रहे थे लेकिन आज इसे मूर्त होते देख अच्छा महसूस कर रहे है इस संगठन को मजबूत बनाने और आप सबके हित में कार्य करने के लिए हमेशा साथ रहूंगा। जौहरी लाल शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ का निर्माण 1968 में विपरीत परिस्थितियों में हुआ था जिसे आज इतना बढ़ने के साथ सेवानिवृत्त का संगठन बनते देखना अत्यंत सुखद है। अध्यक्षीय उद्बोधन में अरुण गौतम ने कार्यक्रम में अच्छी उपस्थिति के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को श्री वालिया, श्री दुबे और श्री मजूमदार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को पंछा भेंट कर चंदन टीका लगाकर स्वागत किया गया। महिला प्रतिनिधि के रूप में लीना एंटी औरसुनीता जोशी उपस्थित रहीं।

मुख्य अतिथि मोहन एंटी ने जौहरी लाल शर्मा, अरुण गौतम और महासमुंद से पधारे देवी सिंह साहू शाल भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया ।संघ का पंजीयन कराने का प्रस्ताव पारित राष्ट्रीय महामंत्री अरुण देवांगन के प्रस्ताव पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों के अनुमोदन से सेवानिवृत्त संघ का पंजीयन कराने का निर्णय लिया गया तथा अस्थाई समिति का गठन भी किया गया।

# नक्सलियों के कायराना हमले में शहीद एएसपी रायपुर निवासी आकाश राव गिरपुंजे को 13वीं पर सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने दी श्रद्धांजलि

### कहा शहीद आकाश राव गिरपुंजे समूचे राष्ट्र के गौरव पुरुष

रायपुर, 22 जून (देशबन्धु)। नक्सलियों द्वारा आईआईडी से किये गए कायराना हमले में शहीद एएसपी जिला सुकमा रायपुर निवासी आकाश राव गिरपुंजे को आज उनकी 13वीं पर रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़ ने सरोना में ठाकुर देव मन्दिर परिसर में हुए कार्यक्रम में पहुंचकर सादर नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की. सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़ ने कहा कि नक्सलियों के कायराना हमले में शहीद एएसपी जिला सुकमा आकाश राव गिरपुंजे की शहादत को प्रत्येक नागरिक द्वारा सदैव सादर स्मरण किया जाता रहेगा. शहीद आकाश राव गिरपुंजे ना सिर्फ रायपुर शहर और छत्तीसगढ़ राज्य के, बल्कि राष्ट्र के गौरव पुरुष हैँ. सभापति सूर्यकान्त राठौड़ 13वीं के आयोजन में शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के परिजनों से मिले.

# प्रदेश में दिवंगत शासकीय सेवकों के लिए अनुकंपा नियुक्ति को मजाक बनाया गया

### शीघ्र तृतीय श्रेणी के लिए सीमाबंधन समाप्त हो

रायपुर, 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को योग्यता के अनुरूप अनुकंपा नियुक्ति देने के नियम के बाद प्रदेश के तृतीय श्रेणी के दिवंगत शासकीय कर्मचारियों के आश्रितों को तृतीय श्रेणी के पदों पर अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिल पा रहा है। उन्हें पटवारी बनने के लिए विवश किया जा रहा है। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने कहा है कि गृह मंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा आज सद्भावनापूर्ण एवं साहसिक निर्णय लेकर शहीद परिजनों को विभाग एवं पद, स्थान चयन करने की सुविधा दी गई है। जो नि:संदेह छत्तीसगढ़ की माटी में स्वागत योग्य है। श्री झा ने कहा है कि प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को भी तृतीय श्रेणी के पदों पर 10 प्रतिशत का सीमा बंधन तत्काल हटाया जाना चाहिए, क्योंकि दिवंगत शासकीय सेवकों के कार्यालय में आज भी हजारों की संख्या में तृतीय श्रेणी का पद रिक्त है। राज्य सरकार न तो रिक्त पदों पर भर्ती की ओर रुचि ले रही है और न ही अनियमित कर्मचारियों को नियमितिकरण किया जा रहा है। श्री झा ने तृतीय श्रेणी के बदले पटवारी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने की निंदा करते हुए कहा है कि पटवारी का पद भी जिलों में रिक्त न होने के कारण नियुक्ति नहीं मिल रही है। जिन्हें मिल रही है उन्हें साल डेढ़ साल प्रशिक्षण तथा अन्य दूरस्थ जिलों में पदस्थापना का मार झेलना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय व गृह मंत्री श्री विजय शर्मा से तृतीय श्रेणी के पदों पर सीमा बंधन हटाए जाने की मांग की है।

# वक्ता मंच को युवा संस्था ने 'शिखर सम्मान ' से अभिनंदित किया

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। रायपुर प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक व साहित्यिक संस्था 'वक्ता मंच' को उसके द्वारा जारी उत्कृष्ट कार्यों हेतु आज रात्रि 'युवा संस्था' की रजत जयंती के उपलक्ष्य में संपन्न एक भव्य समारोह में सम्मानित किया गया द्य रायपुर उत्तर के विधायक आदरणीय पुरंदर मिश्रा, छ ग दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष माननीय लोकेश कावड़िया एवं छ ग कबीर पंथ के प्रमुख संत सम्माननीय रविकर साहेब ने अपने कर कमलों से वक्ता मंच के पदाधिकारियों को यह गौरवशाली सम्मान प्रदान किया द्य वक्ता मंच की ओर से संयोजक शुभम साहू, संरक्षिका श्रीमती ज्योति शुक्ला, उपाध्यक्ष दुष्यंत साहू एवं सहसचिव हेमलाल पटेल द्वारा इस गरिमापूर्ण सम्मान को ग्रहण किया गया द्य उल्लेखनीय है कि वक्ता मंच विगत 3 दशक से भी अधिक समय से प्रदेश में अपनी सशक्त व दिशासूचक रचनात्मक गतिविधियों को जारी रखे हुए है द्य समाज सेवा, साहित्यिक कार्यक्रमों एवं छात्र - युवा पीढ़ी के मध्य रचनात्मक कार्यकलापों के माध्यम से उनकी प्रतिभा को बहुमुखी बनाने का कार्य इस मंच की प्रमुख विशेषता है द्य यह मंच प्रमुख भारतीय पर्वों को बाल आश्रमों, वृद्धाश्रमों, निराश्रित गृहों एवं कमजोर तबकों के मध्य पहुंचकर उत्सवित करता है द्य यातायात, मतदान, वृक्षारोपण,कोरोना, स्वच्छता जैसे मुद्दों पर मंच द्वारा नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते है द्य विभिन्न विधाओं की प्रतिभाओं को दूर - दराज से चिन्हित कर उनको सम्मानित व प्रोत्साहित करने का कार्य भी वक्ता मंच द्वारा सफलतापूर्वक जारी है ।इसके अलावा निर्धन प्रतिभावान छात्रवृत्ति, गर्मियों में सकोरा वितरण, ठंड में कंबल वितरण, रक्तदान, अस्पताल परिसरों में नि:शुल्क भोजन वितरण जैसे समाज सापेक्ष कार्य भी समय - समय पर किये जाते है द्य वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने इस सम्मान हेतु युवा संस्था के प्रमुख श्री एम राजीव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि इस सम्मान से अब संस्था की जिम्मेदारी और बढ़ गई है द्य उन्होंने इस सम्मान को टीम वक्ता मंच के प्रत्येक कार्यकर्ता को समर्पित करते हुए कहा है कि इससे हमारी टीम के प्रत्येक साथी का उत्साहवर्धन हुआ है जिससे आगामी दिनों संस्था की सेवाभावी गतिविधियों का और अधिक विस्तार करने हेतु प्रेरणा प्राप्त हुई है।



# दूसरे की जमीन को अपना बताकर बिल्डर ने करा ली रजिस्ट्री

## एसडीएम की रिपोर्ट में शिकायत की पुष्टि, एसएसपी को कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के डंगनिया स्थित कृष्णसखा गृह निर्माण समिति मर्यादित के अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा एवं सदस्य अनिमेष मिश्रा के खिलाफजनदर्शन में शिकायत हुई है इस पर अपर कलेक्टर ने रायपुर एसएसपी से न्यायालय में दस्तावेजों में कूटरचना कर नामांतरण कराए जाने के आरोप की जांच कर कार्रवाई करते हुए अवगत कराने को कहा है दरअसल सुंदर नगर निवासी शिकायतकर्ता शैलेष धुरंधर रायपुर ने अनिमेष मिश्रा और अरुण वर्मा पर कूटरचित दस्तावेजों तथ्यों को छुपाते हुए शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यायालय को गुमराह कर धुरंधर बिल्डर्स एवं डेव्हलपर्स की भूमि खसरा नंबर 173 1 एवं 173 3 में



स्थित भूखंड क्रमांक 47 क्षेत्रफल 3000 वर्गफुट को समिति की भूमि खसरा नंबर 161 2 का भाग होना बताते हुए धोखाधड़ी कर भूमि को हड़पने का अपराधिक षड़यंत्र का आरोप लगाया है इसके साथ न्यायालयीन कार्यवाहियों में झूठे कथन कर पुन: नामांतरण कराये जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी मामले में अपर कलेक्टर ने रायपुर राजस्व अनुविभागीय अधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर को वाद भूमि के संबंध में पूर्व में हुए नामांतरण प्रकरण एवं व्यवहार न्यायालय में प्रचलित प्रकरण के संबंध में जानकारी नहीं थी इसके साथ आवेदक ने इस जानकारी को छुपाकर नामांतरण करने के लिए आवेदन पेश किया था एसएसपी को दिए गए पत्र में एसडीएम द्वारा प्रस्तुत पत्र को संलग्न कर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही है

# पति की मौत पर नहीं मिला क्लेम फोरम ने दिलाए पचास लाख

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। पति की मृत्यु के बाद पत्नी को बीमा नहीं देने पर राज्य उपभोक्ता फोरम ने एसबीआई जीवन बीमा कंपनी पर जुर्माना लगाया है फोरम ने आदेश दिया है कि कंपनी पीड़िता को 50 लाख रुपए 7 फीसदी ब्याज के साथ द साथ ही मानसिक कष्ट के लिए उसे 10 हजार रुपए भी देने का आदेश दिया है बीमा कंपनी ने ये कहकर क्लेम रिजेक्ट किया था कि बीमा के समय बीपी और शुगर की बीमारी छिपाई गई थी फोरम ने कंपनी के इस तर्क को खारिज कर दिया सुरडोंगर केशकाल निवासी सावित्री सलाम ने बताया कि 16 जून 2021 को उनके पति की मृत्यु हो गई थी उन्होंने एसबीआई जीवन बीमा कंपनी से एक पॉलिसी ली थी सावित्री ने बीमा कंपनी में क्लेम किया लेकिन कंपनी ने यह कहकर दावा खारिज कर दिया कि सावित्री के पति को पहले से शुगर और दिल की बीमारी थी उन्होंने इसकी जानकारी नहीं दी थी बीमा कंपनी के कई चक्कर काटने के बाद सावित्री ने जिला उपभोक्ता आयोग कांकेर में परिवाद दायर किया आयोग ने आदेश दिया कि कंपनी परिवादी को बीमा की पूरी रकम भुगतान करे कंपनी ने इस आदेश से असंतुष्ट होकर राज्य उपभोक्ता फोरम में अपील की अपील की सुनवाई के दौरान राज्य उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष न्यायधीश गौतम चौरड़िया और सदस्य प्रमोद कुमार वर्मा की पीठ ने यह कहा कि मात्र एम्स रायपुर के मेडिकल रिकॉर्ड में की गई टीप को आधार बनाकर बीमा दावा खारिज किया गया था उसके समर्थन में किसी प्रकार का मेडिकल रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किया गया है जिससे यह प्रमाणित हो सके कि बीमित व्यक्ति बीमा प्रस्ताव करने के पहले शुगर और दिल की बीमारी से पीड़ित थे ना तो उस समय उन्हें इस बीमारी की कोई जानकारी थी ना ही वह इसके लिए कोई दवाई खा रहे थे



# रेलवे स्टेशन में पकड़ाया 2 लाख रुपए का गांजा

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर निवासी 26 वर्षीय आदित्य जाटव को रायपुर रेलवे स्टेशन से गांजा तस्करी के आरोप में जीआरपी ने गिरफ्तार किया है यह कार्रवाई 21 जून को रात 9.30 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर की गई जब पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली पुलिस अधीक्षक रेल रायपुर श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा और उप पुलिस अधीक्षक एस.एन अख्तर के निर्देश पर ट्रेनों में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए यह अभियान चलाया गया पुलिस ने आरोपी आदित्य जाटव पिता जगदम्मा उर्फ महेश जाटव पता शकरपुर जामा मस्जिद के पास थाना बहोड़ापुर जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश के कब्जे से 10 पैकेट में 10 किलो 560 ग्राम गांजा बरामद किया जिसकी अनुमानित कीमत 2,11,200 रुपये है, साथ ही, आरोपी का मोबाइल भी जब्त किया गया, उसे एनडीपीएस एक्ट की धारा 20;बी, के तहत गिरफ्तार कर लिया गया, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने उड़ीसा के नुवापाड़ा से गांजा खरीदा था और उसे ट्रेन के जरिए ग्वालियर ले जा रहा था



# मकान और क्लीनिक में चोरी, 4 गिरफ्तार

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। राजधानी में चोरी की अलग अलग घटनाओं में पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है बताया गया कि प्रार्थी हर्ष शर्मा ने थाना खम्हारडीह में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह एमआईजी.13 सेक्टर.03 शंकर नगर में रहता है तथा सी ए है। 19 जून को प्रार्थी अपने परिवार के साथ चम्पारण गया था। दूसरे दिन को प्रार्थी घर वापस आया तो देखा कि मेन गेट से पहले लगे लोहे का चैनल गेट बंद था वहीं नीचे पर गमछा पडा था जिसके बाद घर की साईड वाली खिडकी तरफ गया तो देखा कि खिडकी में लगा कांच एवं लोहे का ग्रील टूटा हुआ था जिसके बाद प्रार्थी घर का मेन दरवाजा खोलकर अंदर गया तो देखा कि घर में रखा सामान बिखरा हुआ था घर में रखे सामानो को चेक किया तो पता चला कि घर मे रखे एक लैपटॉप डीएसएलआर कैमरा दो नग हाथ घडी एवं अन्य सामान नही था। कोई अज्ञात व्यक्ति मेन गेट में लगे चैनल गेट को बंद कर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना खम्हारडीह में अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस प्रकार शिकायत सुजाता सिंधी ने थाना खम्हारडीह में रिपोर्ट दर्ज कराया सुबह प्रार्थिया की स्टाफने फोन कर बताई कि वह क्लीनिक का दरवाजा खोलकर अंदर गई देखा तो पाया कि क्लीनिक के दरवाजा मे लगा कुण्डी टूटा हुआ था तथा क्लीनिक के केबिन में दराज में रखा नगदी रकम नही था। चोरीकी घटनाओं में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खम्हारडीह पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थीयों सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाकर भी अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे।

इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त पंडरी लोधीपारा निवासी विवेक दुबे की पतासाजी कर पकडा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कडाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की उक्त घटनाओं को अपने तीन साथी जो विधि के साथ संघर्षरत बालक है के साथ मिलकर अंजाम देना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त विधि के साथ संघर्षरत तीनों बालकों की पतासाजी कर पकडा गया।



# चेंबर ने आईजी को यातायात सुधारने, आपराधिक घटनाओं को रोकने ज्ञापन सौंपा

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा जी से मुलाकात कर यातायात व्यवस्था सुधारने एवं अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में विशेष रूप से इन बिंदुओं पर जोर दिया गया है। कमल विहार के चौक चौराहों पर यातायात सिग्नलों की समय-सारणी को वाहनों के घनत्व के अनुसार समायोजित किया जाए। ताकि लोगों को लगातार लग रहे ट्राफिक जाम से राहत मिल सके।

शहर का व्यस्ततम कपडा मार्केट पंडरी में ट्राफिक जाम से व्यापारियों की दुकाने बंद पड़ी है जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक ह्रास उठाना पड़ रहा है। उक्त क्षेत्र में नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए और पर्याप्त पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की जाए जिससे ट्राफिक जाम रोका जा सके। आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए शहर के सभी प्रमुख चौराहों मालवीय रोड, गोलबाजार, एम जी रोड आदि सार्वजनिक स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और उनकी चौबीसों घंटे निगरानी की जाए। साथ ही रात्रि में पुलिस गश्त (पेट्रोलिंग) और ज्यादा बढ़ाई जाए। ताकि अपराधिक घटनाओं को उसके होने से पहले ही रोका जा सके।

पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने चेंबर प्रतिनिधिमंडल की चिंताओं को ध्यान से सुना और आश्वस्त किया कि पुलिस विभाग इन मुद्दों को गंभीरता से लेगा। उन्होंने कहा, च्हम चेंबर के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। व्यापारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और हम शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

चेंबर ने पुलिस प्रशासन के साथ निरंतर संवाद स्थापित रखने और सुरक्षा व यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए रचनात्मक सहयोग देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, प्रमुख सलाहकार अमर गिदवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, विकास आहूजा, राजकुमार तारवानी, दिलीप इसरानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# एसीबी ईओडब्लू का अधिकारी बनकर महिला पटवारी के पति से लाखों की ठगी

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। एसीबीईओडब्ल्यू का अधिकारी बताकर महिला पटवारी के पति से लाखों रुपए की ठगी करने के आरोपी हसन आबिदी का डीएसपी रैंक के अधिकारी के साथ वाट्सएप चैट सामने आया है जिसमें पटवारी के पति से उगाही में दोनों में आपसी साठ.गांठ नजर आ रहा ह इस बीच हसन आबिदी की पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## आरोपी हसन आबिदी का डीएसपी के साथ वाट्सएप चैट वायरल

बताया जा रहा है कि वायरल हो रहा वाट्सएप चैट आरोपी हसन और डीएसपी रैंक के अधिकारी के बीच 15 अक्टूबर 2024 की चैट और 22 दिसंबर 2024 के बीच का है इसमें आरोपी डीएसपी से महिला पटवारी से जुड़े केस को देखनअकी बात कहता हैँ जिस पर डीएसपी ओके का जवाब देते नजर आ रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार जिस पुलिस अफसर के साथ आरोपी की चैटिंग सामने आई है वह विभाग के एक महत्वपूर्ण विंग में पदस्थ रह चुके हैं बताया जा रहा है कि उक्त अधिकारी की तत्कालीन शासन. प्रशासन में अच्छी पहुंच रही है वायरल चैट में डीएसपी खुद अपने ही विभाग को लेकर आपत्तिजनक बातें लिखते हैं।

जिस पर आरोपी तंज कसते हुए कहता है कि कोई बात नहीं जब आप एसएसपी बन जाएंगे तब सबको डांटना कहते है, जिस पर डीएसपी ओके लखकर जवाब देते है।

# प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सिविल लाईन क्षेत्रांतर्गत ऑक्सिजोन गार्डन पास एक व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। थाना प्रभारी सिविल लाईन को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ रंगे हाथ पक ?ने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना सिविल लाईन पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिए के व्यक्ति चिन्हांकित कर पकडा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम चेतन बेहरा निवासी महासमुंद का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसकी तलाशी लेने पर उसके पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट नाईट्रोसन.10 रखा होना पाया गया। चेतन बेहरा से उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 180 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट नाईट्रोसन.10 जिसका खुदरा मुल्य लगभग 10 000 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त 01 मोबाईल फोन जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।



# शराब से भरी बोतल में तैरता मिला कीड़ा

## वापस करने गए ग्राहक से दुकानदार ने की बदसलूकी

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के छेरीखेड़ी स्थित सरकारी शराब दुकान में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक ग्राहक ने खरीदी गई शराब की बोतल में कीड़ा तैरता देखा इस घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जानकारी के मुताबिक युवक छेरीखेड़ी शराब दुकान से गोवा ब्रांड की देशी शराब की बोतल खरीदकर ले गया जब उसने बोतल को ध्यान से देखा तो उसमें कीड़ा तैरता मिला युवक ने नाराज होकर शराब की बोतल वापस करने की कोशिश कीए लेकिन दुकान कर्मियों ने न सिर्फबोतल बदलने से इनकार कर दिया बल्कि उससे बदसलूकी भी की ग्राहक का आरोप है कि शराब की पैकिंग में लापरवाही या मिलावट के चलते बोतल में कीड़ा पहुंचा होगा बताया जा रहा है कि सरकारी दुकानों में बीआईएस ठेका कंपनी के प्राइवेट कर्मचारी शराब बेच रहे हैं गौरतलब है कि हाल ही में राजधानी में मिलावटी और बिना होलोग्राम वाली शराब का जखीरा भी बरामद किया गया था अब शराब की बोतल में कीड़ा मिलने की घटना से शराब प्रेमियों में डर और असमंजस की स्थिति बन गई है मामले की जानकारी मिलने के बाद लोग शराब दुकानों पर निगरानी बढ़ाने और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



# तापस वेश बिसेष उदासी, चौदह बरिस रामु बनवासी : राजेश्री महंत

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। जैतू साव मठ के गांधी भवन में भरत मिलाप नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज तथा अध्यक्ष के रूप में विधायक सुनील सोनी सम्मिलित हुए। अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला पहनकर आयोजकों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित दर्शकों को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने कहा कि. जब भगवान श्री रामचंद्र जी को तपस्वी के वेश में चौदह बरस का बनवास हुआ तब कहीं जाकर भरत चरित्र इस संसार में प्रकट हुआ। तापस वेश बिसेष उदासी। चौदह बरस रामु बनवासी।। आज हम सभी का सौभाग्य है कि भगवान राम और भरत जी के चरित्र का दर्शन भरत मिलाप नाट्य मंचन के द्वारा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने भरत जी के चरित्र का उल्लेख करते हुए कहा कि. सिर भर जाऊं उचित अस मोरा। सबते सेवक धरमु कठोरा।। विधायक सोनी जी ने कहा कि. भारत अनेक भाषाए अनेक विद्या अनेक धर्म अनेक जातियों का गुलदस्ता है। उसके बावजूद यह अखंड और एक क्यों है उसके पीछे केवल एक ही कारण है संस्कार संस्कृति और अध्यात्म। यही हमारे देश की पहचान है। सभी अतिथियों ने नाट्य मंचन देख कर उसकी सराहना की। इस अवसर पर विशेष रूप से दाऊ महेंद्र अग्रवाल अजय तिवारी सुरेश शुक्ला भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर महन्त राजीव नयन शरण जी महाराज अंबर अग्रवाल कार्यक्रम के आयोजक राकेश सिंह प्रकाश ठाकुर राहुल उपाध्याय राजेश अग्रवाल राजकुमार पांडे किशोर वैभव जायसवाल मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।



## जैतू साव मठ में भरत मिलाप नाटक का मंचन

# सिंघानिया की डायरी खोल रही राज

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। झारखंड शराब घोटाले की साजिश रायपुर के एक बड़े होटल में सिंडिकेट के साथ मिलकर कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया व साथियों ने रची थी। झारखंड एसीबी की जांच में राजफाश हुआ है कि छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले में जिन नामचीन लोगों का हाथ रहा है और आज जो जेल में बंद उन्ही के साथ मिलकर इस घोटाले को अंजाम देने का काम सिद्धार्थ ने किया था। छापेमारी में मिली डायरी से सिंडिकेट के गठजोड़ का खुलासा हुआ है। एसीबी ने सिद्धार्थ को गिरफ्तार कर रांची के एसीबी कोर्ट में पेश किया जहां से उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में भेज दिया गया। जांच में सामने आया है कि मई 2022 में झारखंड में नई उत्पाद नीति लागू होने पर तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे के कार्यकाल में शराब दुकानों के मैनपॉवर टेंडर की शर्तें सिंडिकेट के निर्देश पर सिंघानिया ने अपने अनुसार तय करवाई थी। छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले में भी सिद्धार्थ समेत 16 रसूखदार कारोबारियों की संलिप्तता पाई जाने पर पूछताछ करने छत्तीसगढ़ की एसीबी सभी को नोटिस जारी करने जा रहा है। वहीं झारखंड एसीबी जल्द ही उसे पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। शराब की खुदरा बिक्री का 450 करोड़ रुपये झारखंड सरकार के खाते में जमा नहीं करने का आरोप है जिसका मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

# दो लड़कियों के बीच विवाद के बाद एफआईआर

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। रायपुर में दो लड़कियों के बीच विवाद के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। एक लड़की का आरोप है कि उस पर दूसरी लड़की पाबंदी लगाकर रोक.टोक करती है। बात नहीं मानने पर वह उससे गाली.गलौज कर मारपीट करती है। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। यह पूरा मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है। मांशी नाम की युवती ने थाने में शिकायत दी जिसमें बताया कि वह कॉलेज स्टूडेंट है। 2 साल पहले मोहल्ले में रहने वाली मुस्कान नाम की युवती के साथ उसकी दोस्ती हुई थी। दोनों सहेली आपस में बाजार और दुकान आना.जाना करती थी। 1 साल बीतने के बाद मुस्कान ने रोक.टोक शुरू कर दी। आरोप है कि वह मांशी को कहती कि केवल उससे ही बातचीत करें। धीरे.धीरे वह युवती को धमकी देने लगी। उसने रास्ते में अश्लील गाली.गलौज कर मारपीट भी की। लंबे समय तक जान से मारने की धमकी मिलने के बाद इस मामले में मांशी ने पुलिस थाने में शिकायत दी। फिलहाल पुलिस मामले में पूछताछ कर आगे की जांच पड़ताल कर रही है।

# पति ने पत्नी पर हंसिया से किया ताबड़तोड़ वार

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर से पति की हैवानियत आई सामने है पति से अलग रहने वाली पत्नी पर हंसिया से जानलेवा हमला का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है गोद में बच्चे को पकड़कर खड़ी महिला पर आरोपी पति ने हंसिया से अंधाधुंध वार कर दिया घटना में पत्नी को पीठ और पैर में आई गंभीर चोट साथ ही बच्चे को भी जख्म आए है पूरा मामला सिविल लाइन थाना इलाके का है जानकारी के मुताबिक पीड़िता चेतनी परमार माता गैरेज के पीछे अग्रवाल सायकल शोरुम में आजिविका के लिए झाड़ू.पोंछा का काम करती है सुबह वह काम के दौरान किसी वजह से शोरुम के बाहर निकली इसी बीच उसका पति युगांधर परमार ने उसे देख लिया और चेतनी को अपने साथ मंदिर हसौद चलने कहने लगा जब पीड़िता ने मना कर दिया तो आरोपी पति ने कपड़े में छिपाकर रखा हंसिया निकालकर हमला कर दिया इस दौरान बचने के लिए महिला दौड़ते हुए कांप्लेक्स में घुस गई बीच.बचाव के लिए कुछ मौके पर पहुंचे तब आरोपी पति वहां से भाग गया पीड़िता चेतनी ने सीविल लाइन थाने पहुंचकर अपने पति के खिलाफजानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई महिला ने पुलिस को बताया कि वह तीन साल से पत्नी पति से अलग रह रही थी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।

## बच्चे को भी आई चोट

उल्टा पुल्टा

जीजाजी- लड़कियां लव मैरिज क्यों करती हैं?
साली- ताकि अनजाना नमूना मिलने से बेहतर है कि जाना हुआ ही मिल जाए।

## संपादकीय

## नियमित हो योगाभ्यास

*पिछले कुछ वर्षों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस दिन देश-दुनिया में व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से बड़ी तादाद में लोग योगाभ्यास करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर प्रारम्भ किये इस दिवस को मनाने की परम्परा लगभग एक दशक पुरानी हो चली है। हर राज्य में शासकीय स्तर पर भी यह दिवस मनाया जाता है। इसमें राज्य के मुख्यमंत्रियों से लेकर मंत्री, अफसर, पार्टी कार्यकर्ता-नेता, छात्र, युवा आदि सभी भाग लेते हैं।*

*इस साल भी यह दिवस शनिवार को राज्य भर में मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न परिसरों, प्रांगणों, सभागारों, खुले मैदानों, पार्क, बाग-बगीचों में लाखों की संख्या में लोग इकट्ठे हुए थे जिन्होंने या तो किसी योग गुरु के मार्गदर्शन में अथवा स्वत:स्फूर्त योगाभ्यास किया था। इस मौके पर हुए मुख्य अतिथियों के भाषणों में योग को स्वस्थ जीवन की कुंजी बतलाया गया जो है भी। निरोगी रहने की सैकड़ों साल पुरानी भारतीय परम्परा को लोकप्रिय बनाने का श्रेय तो पीएम को जाता है लेकिन यह पाया जाता है कि आज भी यह दैनिक जीवन का हिस्सा बहुत कम लोगों के लिये है। ज्यादातर लोग योग दिवस के ही अवसर पर यानी साल में एक ही दिन इसका अभ्यास करते हैं।*

*ऐसा इसलिये कहा जा सकता है क्योंकि जब इस दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास होता है तो साफ पता चलता है कि बहुत से लोग या तो केवल इसी दिन दिखावे के तौर पर कहें अथवा देखादेखी या दबाव में योग मुद्राएं करते हैं। यदि वे साल भर नियमित तौर पर करते रहते तो उन्हें योग करने में जो कठिनाई होती दिखती है वह न होती। बहुतों के शरीरों को देखकर भी इस बात का अंदाजा लग जाता है कि वे इसके आदी नहीं है। हालांकि ऐसे लोगों को चाहिये कि वे उतने ही आसन आदि करें जितना वे कर सकते हैं। शरीर को ऐसा कष्ट न दें जो वे सहन न कर सकें।*

*छत्तीसगढ़ सहित देश भर से इस मौके पर होने वाले सामूहिक योगासनों के आयोजनों को देखें तो इस बात की ज़रूरत महसूस होती है कि अधिकतम लोगों द्वारा अब तक इसे दैनंदिन का हिस्सा नहीं बनाया गया है। प्रदेश में बड़े पैमाने पर लोग अनियमित रक्तचाप, हृदय रोगों, मधुमेह, थायराइड जैसी तकलीफों को झेल रहे हैं। इतना ही नहीं, ऐसे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। साफ है कि ऐसा इसीलिये है कि वे नियमित योगासनों, प्राणायाम आदि से अभी भी दूर ही हैं।*

*सरकार को चाहिये कि वर्ष में केवल एक दिन की बजाय इसे नियमित रूप से करने हेतु वह लोगों को प्रेरित करे। यह तभी सम्भव है जब सभी शहरों, कस्बों, गांवों में रोजाना योग करने के लिये सुविधाजनक स्थान उपलब्ध हों। समाज के प्रमुख लोग यदि नियमित योगाभ्यास करें तो अन्य प्रेरित होंगे।*

# शिक्षा संस्थानों के साथ ही अनेक संस्थाओं ने किया योगाभ्यास

**दुर्ग,** 22 जून (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर की विभिन्न संस्थाओं धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं ने योगाभ्यास व अन्य कार्यक्रम आयोजित किये। योग शिक्षकों एवं विशेषज्ञों के साथ ही अन्य विद्वानों एवं अतिथि वक्ताओं ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला तथा प्रतिदिन की जीवन चर्चा में योगाभ्यास को शामिल करने की सीख दी।



**जिला भाजपा :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले में जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर तक योग शिविर का आयोजन किया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम दुर्ग शहर के शिक्षक नगर गार्डन में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय मंडल स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, दुर्ग सांसद विजय बघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, निवृत्तमान जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, सभापति श्याम शर्मा कार्यक्रम के निमित्त प्रभारी शिव चंद्राकर, प्रितपाल बेलचंदन उपस्थित रहे। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय पटरी पार मंडल के द्वारा हनुमान नगर में स्थित इंडोर स्टेडियम में योग शिविर में सम्मिलित हुई।

इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि हर साल योग दिवस की एक थीम रखी जाती है। इस साल यानी 2025 के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम है योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ यानी एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग। इस साल की थीम बताती है कि हमारी सेहत और धरती की सेहत एक.दूसरे से जुड़ी हुई है। यह भारतीय संस्कृति की वसुधैव कुटुंबकम की विचारधारा से जुड़ी है। जिसका मतलब है सारी दुनिया एक परिवार है। योग शरीर मन और आत्मा को संतुलित करता है योग न केवल व्यायाम बल्कि एक जीवन शैली है योग अपनाकर हम अब स्वस्थ शांत और कुशल जीवन जी सकते हैं।

दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि आज की अस्त.व्यस्त और जीवन शैली में योग हमारे लिए बेहद जरूरी हो चला है हमारी पारंपरिक विरासत तो को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। योग करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, विनायक नातू, अरविंदर खुराना, दिनेश देवांगन राजा महोबिया रजनीश श्रीवास्तव, अनूप गटागट सहित कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस उपस्थित थे।

**शासकीय विज्ञान महाविद्यालय :** योग एवं पर्यावरण का सीधा संबंध है। योग आसनों में वृक्षासन, तड़ासन आदि शब्दों का प्रयोग होता है। हमें अपने शरीर को स्वस्थ्य रखने के साथ-साथ पर्यावरण का संरक्षण भी करना चाहिए। ये उद्‌गार साईंस कालेज, दुर्ग के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने आज व्यक्त किये। डॉ. सिंह आज शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में पी.वी. सिंधू बैडमिंटन हॉल में आयोजित योग दिवस पर विचार व्यक्त कर रहे थे। ईश्वर की आराधना के साथ आरंभ हुये योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक महाविद्यालय की योग शिक्षिका डॉ. नीरा सिंह ने योग के महत्व को बताते हुये बड़ी संख्या में उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराया। बैडमिंटन हॉल में उपस्थित प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने निष्ठापूर्वक योगाभ्यास करते हुए संपूर्ण वर्षभर योगाभ्यास करने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है, कि साईंस कालेज, दुर्ग में पीजी डिप्लोमा इन योगा साईंस एण्ड फिलासॉफी का दो सेमेस्टर युक्त एक वर्षीय पाठ्यक्रम संचालित है, जिसमें 30 सीटें उपलब्ध है।

**शासकीय कन्या महाविद्यालय :** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में क्रीड़ा विभाग, योगा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्व योग दिवस का मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। तत्पश्चात् योग विभाग की सहायक प्राध्यापक कु. खुश्बू साहू ने महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्राओं को योग कराया। मुख्य रूप से उन्होनें प्राणायाम - भस्त्रिका, कपालभांति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, शीतली प्राणयाम कराया। प्राणायाम के पूर्व उन्होनें शरीर की अकड़न को दूर करने के लिए वार्म-अप योग कराया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई ने कार्यक्रम प्रभारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव के नेतृत्व में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई ने कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुषमा यादव के नेतृत्व में नेहरू एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खालसा पब्लिक स्कूल में आयोजित योग दिवस 21 जून को महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकगण डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा योग विभाग की छात्राएँ उपस्थित थी। विषेष रूप से कु. खुश्बू साहू, कु. सुमन साहनी, कु. नेहा ढीमर, कु. कविता मालेकर। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ाधिकारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी ने किया।

**हेमचंद यादव वि.वि. :** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसपर विश्वविद्यालय परिसर में योग महोत्सव का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति, प्रोफेसर संजय तिवारी ने कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक, जनेन्द्र कुमार दीवान ने बताया कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा से आए हुए योग शिक्षिकाओं ने योग का प्रशिक्षण दिया। जिसमें उन्होंने ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# ईरान-इजराइल युद्ध बंद करने की मांग, एसयूसीआई का प्रदर्शन




**दुर्ग,** 22 जून (देशबन्धु)। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) जिला दुर्ग समिति द्वारा आज गांधी मूर्ति के पास दुर्ग में दोपहर 3 बजे प्रदर्शन कर ईरान पर किए गए अकारण बर्बर सैन्य हमले की निंदा करते हुए का ईरान इसराइल युद्ध अविलंब बंद करने की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के कार्यकर्ताओं ने कहा कि हम ईरान पर अमेरिकी साम्राज्यवाद द्वारा किए गए बर्बर सैन्य हमले की कड़ी निंदा करते हैं, जिसमें सभी अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन किया गया है, यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की चेतावनियों को भी नजरअंदाज किया गया है और सभी शांतिप्रिय विश्व लोगों की राय की अवहेलना की गई है।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जनजाति वर्ग को मिला योजनाओं का लाभ



**दुर्ग,** 22 जून (देशबन्धु)। जनजाति वर्ग के व्यक्ति, समुदाय को शासन के महत्वपूर्ण योजनाओ से लाभान्वित करने के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिला दुर्ग में जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत् आज विकासखंड धमधा अंतर्गत ग्राम सिरनाभांठा में शिविर आयोजित किया गया।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी अनुसार शिविर में ग्राम के लगभग 500 ग्रामीण उपस्थित रहे। 17 विभाग के 25 योजनाओ जैसे आधार कार्ड आधार कार्ड अपडेट, नया आधार कार्ड बनाने, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड, सिकल सेल, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र, मनरेगा जाब कार्ड, श्रमकार्ड बनाया गया। धरती आबा शिविर के माध्यम से योजनाओं से वंचित व्यक्ति का आवेदन प्राप्त कर शिविर स्थल में लाभ प्रदाय किया जा रहा है। योजनाओं का लाभ लेकर ग्रामीणो में हर्ष का माहौल है।

शिविर में सांसद विजय बघेल, विधायक साजा ईश्वर साहू, पूर्व विधायक साजा लाभचंद बाफना, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास हेमन्त कुमार सिन्हाए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा एवं गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर किया गया रक्तदानियों का जिला अस्पताल में सम्मान




**दुर्ग,** 22 जून (देशबन्धु)। विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला अस्पताल के टेलीमेडिसिन हाल में ब्लड बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रक्तदान करने वाली समितियों व रक्तदाताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन ए.के.यादव, नोडल अधिकारी ब्लड बैंक डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. सी.बी.एस.बंजारे, जीवनदीप समिति के कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद वाद्य, आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर एवं मेट्रन सी.बोरकर के हाथों रक्तदाता संस्थाओं एवं रक्तदानियों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर जिन्हें सम्मानित किया गया उनमें संत निरंकारी चेरिटेबल फाउण्डेशन दुर्ग, जे.के.लक्ष्मी सीमेंट लिमि. अहिवारा, नवदृष्टि फाउण्डेशन रूंगटा कालेज, आर.वन दुर्ग, समर्पित परिश्रमी सामाजिक समिति दुर्ग, एसीसी अडानी सीमेंट जामुल, महामानव मल्टीपरपस सोसायटी दुर्ग भिलाई, जगतगुरु नरेन्द्र आचार्य महाराज भक्त सेवा मंडल दुर्ग, शदाणी युवा मंडल दुर्ग, साई कालेज सेक्टर 6 भिलाई ट्विनसिटी, मोबाईल मेडिट कापरेटिव, जिला दुर्ग, रक्तदान महादान जनकल्याण समिति मरोदा, श्री समता युवा संघ दुर्ग, श्री अग्रवाल समाज, बीएसएफ रिसाली भिलाई, समता सुरक्षा सेवा दुर्ग, इंडस्ट्री ट्रेनिंग संस्था पावरहाऊस भिलाई, आईटीआई भिलाई, नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग, 37 सीजी बटालियन दुर्ग, सोनू सूद चेरिटी क्लब दुर्ग, श्री सत्य साई सेवा समिति दुर्ग का सम्मान किया गया। सत्य सेवा साई समिति के प्रतिनिधि के रूप में जगदगुरू नरेन्द्र आचार्य, दिलीप ठाकुर एवं भक्त सेवा मंडल के प्रतिनिधि के रूप में प्रशांत डोंगांवकर को सम्मानित किया गया।

# बीएनआई क्रिएटर्स द्वारा आयोजित शिविर में 70 लोगों ने किया रक्तदान

- **120 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तदाताओं को किया गया हेलमेट वितरण**




**दुर्ग,** 22 जून (देशबन्धु)। बीएनआई क्रिएटर्स द्वारा रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन श्रीराम इंडोर स्टेडियम हनुमान नगर में रक्तदान और नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षम शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 70 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया तथा 120 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि बीएनआई विश्व का सबसे बड़ा और सबसे सरल बिजनेस रेफरल आर्गेनाइजेशन है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार एवं छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के महामंत्री अजय भसीन थे। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार के हाथों रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र के साथ ही हेलमेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व पार्षद अरूण सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम में एमआईसी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहें।

# 300 निगम कर्मचारियों के ग्रेच्यूटी प्रकरण तैयार, शीघ्र किया जायेगा भुगतान : बंजारे

**दुर्ग,** 22 जून (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा अतिशीघ्र ही 3 सौ से ज्यादा पात्रता प्राप्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लंबित बड़ी ग्रेच्यूटी व अन्य राशि का भुगतान किया जायेगा। प्रभारी महापौर नरेन्द्र बंजारे ने बताया कि सभी प्रकरणों पर विचार विमर्श कर उन्हें अंतिम रूप दिया जा चुका है। अब महापौर अलका बाघमार तथा आयुक्त सुमित अग्रवाल के प्रवास से लौटने के बाद 80 प्रतिशत कर्मचारियों को ग्रेच्यूटी राशि का चेक सौंप दिया जायेगा।



उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती बाघमार इन दिनों प्रवास पर है। उन्होंने वरिष्ठ पार्षद एवं एमआईसी प्रभारी नरेन्द्र बंजारे को प्रभार सौंपा है। प्रभारी महापौर बनते ही श्री बंजारे ने नगर निगम कर्मचारियों की ग्रेच्यूटी व अन्य देयकों के लंबित आवेदनों पर विचार विमर्श किया। संबंधित सभी फाइलों का अवलोकन व अध्ययन कर प्रकरणों को अंतिम रूप दिया।

श्री बंजारे ने बताया ये भुगतान के प्रकरण विगत 7-8 वर्षो से लंबित पड़े थे। इस सभी प्रकरणों को तैयार कर 3 सौ पात्र कर्मचारियों को 8 करोड़ रूपयों से ज्यादा भुगतान का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सूची तैयार जारी कर दी गई है। इससे पहले बीमार कर्मचारियों, कम राशि वाले कर्मचारियों को भुगतान किया जायेगा।

# संजय बैस के प्रयास से रात्रि में कुसुमकसा में फिर से होगी पुलिस बल की तैनाती

**डौण्डी/कुसुमकसा,** 21जून (देशबन्धु)। पूर्व जनपद सदस्य व भाजपा नेता संजय बैस ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ जिला पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल को पत्र सौंपकर कुसुमकसा क्षेत्र में रात्रि में हो रही चोरिया पर अंकुश लगाने और आसामाजिक तत्वों का क्षेत्र में विचरण से किसी अनहोनी को देखकर उचित कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि कुसुमकसा क्षेत्र में छोटी बड़ी चोरियां होती आ रही है लेकिन एक भी आरोपी पकड़ में नहीं आया है पिछले वर्ष एक साथ आठ दुकानों से सटर तोड़कर चोरी हुआ,



- पुलिस अधीक्षक का भाजपा नेता जताया आभार

जिसमें दुकान दारों को लाखों का नुकसान हुआ था। तब प्रशासन ने ग्रामीणों की मांग पर पुलिस बल रात्रि में तैनात किया था। पुलिस बल के द्वारा रात्रि में गस्ती के बाद ग्रामीण जन बिना डर के रह रहे थे। लेकिन पिछले कुछ दिनों से पुलिस बल को हटा दिया गया है। जिससे फिर से ग्रामीणों के बीच किसी अनहोनी को लेकर डर का माहौल उत्पन्न हो रहा है। भविष्य में ऐसी घटनाएं ना हो इसलिए पुलिस बल की ड्यूटी लगाना अति आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक ने संजय बैंस को बातों से गंभीरता से लेकर तुरंत कुसुमकसा बस स्टैंड चौक में रात्रि कालीन पुलिस तैनाती के आदेश दिए और दूसरे दिन से ही ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# नगपुरा में आरोग्यम् उत्सव, आरोग्यम रत्न अलंकरण एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का समापन

**दुर्ग,** 22 जून (देशबन्धु)। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में स्थित प्राकृतिक एवं योगोपचार संस्थान आरोग्यम नगपुरा में आरोग्यम उत्सव अंतर्गत आरोग्यमरत्न अलंकरण एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर थे। अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव विशेष अतिथिए जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर (राजू) यादव और सरपंच ग्राम पंचायत नगपुरा सरोज रिगरी सम्मिलित हुए।




कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रहे डॉक्टर ज्योति प्रकाश प्रधान, पुष्पा ध्रुव, अवन्तिका नंदा, लेकेश्वर प्रसाद साहू, मेघनाथ वर्मा, पुष्पांजलि ठाकुर, भारती यादव, हरेन्द्र शाही को आरोग्यम रत्न से अलंकृत किया गया और नवनिर्वाचित जनपद सदस्य एवं सरपंचों का सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के परिप्रेक्ष्य में श्री महावीर कालेज के विद्यार्थियों द्वारा संगीत एवं नृत्य के साथ योगासनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा डॉ और सरपंच आप लोगों के सम्मिलित प्रयासों से गांव स्वास्थ क्षेत्र में बेहतर काम हों सकता है अपने प्रयासों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, जिसके परिणाम स्वरूप 2015 से प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में विश्वभर में मनाया जा रहा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आज 175 से अधिक देशों में योग की गूंज सुनाई देती है।

दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने मानव सेवा कर रहे डॉ व गांव के विकास के लिए सेवा प्रदान करने वाले जनप्रतिनिधियों को हार्दिक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# शासकीय प्राथमिक शाला बोहारा को मर्ज करने के बाद बिगड़ा दो गांव का माहौल

◆ **प्रशासनिक अधिकारीयों द्वारा समझाईश के बाद हटाया समियाना**




**गुरुर,** 22 जून (देशबंधु)। बालोद जिले में एक विद्यालय को अन्य विद्यालय में मर्ज करने के बाद दो गांव का माहौल पूरी तरह से बिगड़ चुका है। शासकीय प्राथमिक शाला को मर्ज करने से एक ओर ग्रामीण धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, तो दूसरी ओर अन्य गांव के ग्रामीण अपनी जगह पर आंदोलन नहीं करने के लिए धरना प्रदर्शन शुरू करने वाले हैं। पूरा मामला गुरुर विकासखंड के ग्राम बोहारा और सनौद की है। दोनों गांव की सीमा क्षेत्र लगा हुआ है। जानकारी के मुताबिक सन 1962 से संचालित शासकीय प्राथमिक शाला बोहारा को शासकीय प्राथमिक शाला सनौद में मर्ज कर दिया गया है, जिसके चलते गांव में संचालित माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का आधार समाप्त हो गया है।

**अपनी जगह पर करें धरना प्रदर्शन**

उक्त विद्यालय को यथावत संचालित करने के लिए ग्राम बोहारा के ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला सनौद के पास धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। रविवार को तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन चलता रहा। वही ग्राम सनौद के ग्रामीण भी धरना प्रदर्शन शुरू करने वाले हैं। ग्रामीणों को कहना है कि ग्राम बोहारा के ग्रामीण जिस जगह पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं वह शैक्षणिक जगह और ग्राम सनौद की सीमा क्षेत्र में आता है, ऐसे में ग्राम बोहारा के ग्रामीण अपनी सीमा क्षेत्र पर जाकर धरना प्रदर्शन करें, ऐसा नहीं करने पर ग्राम सनौद के ग्रामीणों द्वारा भी धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान ग्राम सनौद सरपंच डिगेश्वर ठाकुर, केशवराम साहू, कल्याण सिंह, होरीलाल, ध्रुव राम, राधेश्याम, सुशील, आत्माराम, छगन, नितेश, संजय सहित ग्रामीण बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

**शैक्षणिक जगह पर बिना सूचना किया जा रहा था धरना प्रदर्शन**

दो गांव के बीच विवाद की स्थिति को देखते हुए गुरूर तहसीलदार हनुमंत श्याम अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे, जहां दोनों गांव के ग्रामीणों को समझाइए दी। अधिकारियों द्वारा समझाइश के बाद ग्राम बोहारा के ग्रामीण धरना प्रदर्शन स्थल से समियाना को निकाल कर चले गए तथा धरना प्रदर्शन की अलग से सूचना देकर आने वाले दिनों में पुनः धरना प्रदर्शन के लिए कहा। रविवार को धरना प्रदर्शन के तीसरे दिन अधिकारियों द्वारा समझाइश दिया गया कि यह धरना प्रदर्शन शैक्षणिक जगह पर होना अनुचित है, साथ ही इसके लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई है। सिर्फ एक आवेदन देकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

**अलग से सूचना देकर फिर से करेंगे धरना प्रदर्शन**

अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि विद्यालय को मर्ज करना और उसे स्थगित करना शासन स्तर का मामला है। ऐसे में ग्रामीण ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर न्याय दिलाने के लिए रणनीतिक तैयार किया। ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय प्राथमिक शाला बोहारा को अन्य विद्यालय में मर्ज ना किया जाए, ऐसे में ग्रामीण द्वारा पृथक से सूचना देकर आंदोलन करने कि बात कहि ।

समझाइश के दौरान गुरुर तहसीलदार हनुमंत श्याम के साथ मे आरआई रेवती वर्मा, एसडीओपी बोनीफास येक्का, सनौद थाना प्रभारी प्रदीप कंवर, पुरुर थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा, गुरुर थाना प्रभारी सुनील तिर्की, गुण्डरदेही थाना प्रभारी मनीष शेन्डे, कंवर चौकी प्रभारी लता तिवारी, सुरेगांव थाना प्रभारी इंदिरा वैष्णव सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे थे।

# पीएम मोदी के प्रयासों से विश्व ने अपनाया योग: डॉ वीरेन्द्र साहू



**कवर्धा,** 22 जून (देशबंधु)। प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शनिवार को जिले के सभी मण्डलों में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसके लिए बकायदा अलग-अलग प्रभारियों व योग प्रशिक्षकों की भी नियुक्ति की गई थी। भाजपा मण्डल इंदौरी में स्थानीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर में कार्यक्रम प्रभारी डॉ वीरेन्द्र साहू तथा योग प्रशिक्षण रवि चन्द्रवंशी, हजारी चन्द्रवंशी एवं रोहित चन्द्रवंशी की उपस्थिति में योग शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मण्डल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों, शिक्षकों व स्कूली विद्यार्थियों ने योग संगम एवं हरित योग थीम के साथ योगाभ्यास किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। प्रशिक्षकों ने लोगों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति आदि का अभ्यास कराया और इनके लाभों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा शिविर प्रभारी डॉ वीरेन्द्र साहू ने कहा कि योग की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है और इसकी उत्प त्ति हजारों वर्ष पहले हुई थी। ऐसा माना जाता है कि जब से सभ्य ता शुरू हुई है तभी से योग किया जा रहा है। अर्थात प्राचीनतम धर्मों या आस्थोओं के जन्म लेने से काफी पहले योग का जन्म हो चुका था। योग विद्या में शिव को आदि योगी तथा आदि गुरू माना जाता है। भगवान शंकर के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों से ही योग का प्रारम्भ माना जाता है। बाद में कृष्ण, महावीर और बुद्ध ने इसे अपनी तरह से विस्तार दिया। इसके पश्चात पतंजली ने इसे सुव्यवस्थित रूप दिया। लेकिन इन सब के बीच यह भी सत्य है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे विश्व पटल पर रखा और आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ही प्रयासों से पूरे विश्व में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है। डॉ वीरेन्द्र साहू ने बताया कि 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि द्वारा आंतरराष्ट्रीय योग दिवस संकल्प का मसौदा प्रस्तुत किया था। मसौदे को व्यापक समर्थन मिला जिसके अंतर्गत 177 देश इस मसौदे के प्रस्तावक बने जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतिहास में अभी तक हुए किसी भी संकल्प में सर्वाधिक प्रस्तावकों की संख्या रही। डॉ वीरेन्द्र साहू ने अपने उद्बोधन में सभी लोगों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने और प्रतिदिन योग करने का आव्हान किया।

# पौने तीन लाख के अवैध गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**खैरागढ़,** 22 जून (देशबंधु)। मादक पदार्थ परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए खैरागढ़ पुलिस ने 2.60 लाख के अवैध गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 22 जून 2025 को मुखबिर की सूचना पर धनेली वार्ड में नाला के आगे दुर्ग रोड में रेड कार्यवाही कर आरोपी तारण पिता अर्जुन साहू निवासी मदराकुही एवं कबीर बंजारे पिता कमलेश बंजारे उम्र 22 साल निवासी ग्राम रेंगाकठेरा थाना खैरागढ़ को गांजा बिक्री के लिए परिवहन करते 11 किलो 996 ग्राम कीमत 60 हजार रूपये एवं परिवहन मे प्रयुक्त बाइक यामाहा आर 15 सीजी 07 सीवी 3327 के साथ पकड़ा गया। आरोपियो के खिलाफ थाना खैरागढ़ में धारा 20(ख) के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी तारण साहू एवं कबीर बंजारे को 22 जून 2025 को गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

# श्री संघ और चेंबर ऑफकॉमर्स बालोद ने डायरिया प्रभावित ग्राम तरौद में 400 कैन ठंडा पानी का किया गया वितरण



**बालोद,** 22 जून (देशबंधु)। जिला मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर बालोद विकासखंड के ग्राम तरौद में पेयजल दुषित होने के कारण वहा के एक युवक मोहित निषाद की डायरिया से मौत हो गयी जिसके चलते वहा के ग्राम वासियो को पीने का पानी दूषित मिलने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ग्राम वासियों की परेशानी को देखते हुये आज डायरिया प्रभावित ग्राम तरौद में जैन श्री संघ के अध्यक्ष ताराचंद सांखला एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के नवनियुक्त अध्यक्ष हरीश सांखला के नेतृत्व में 15 युवाओं की टीम के साथ आज तरौद गांव में फिल्टर युक्त ठंडा 400 पानी केन वितरण रात 8 बजे किया गया पेयजल की समस्या को देखते हुए जैन श्रीसंघ एवं चेम्बर आफ कॉमर्स व्यबस्था सुचारू बनते तक 300 पानी कैन का वितरण प्रतिदिन करने का निर्णय लिया है जैन समाज के लोगो द्वारा ग्राम तरौद मे डायरिया के प्रकोप को देखते हुए स्वच्छ ठंडा फिल्टर पानी का वितरण कर लोगो की समस्याओं पर उनके साथ खड़े होने का एक भाव लेकर उनकी सेहत में सुधार हो सके तथा सभी स्वस्थ रहे इस ओर एक कदम बढ़ाया है आज पेयजल वितरण में ग्रामवासियो का भी सहयोग सराहनीय रहा ग्राम तरौद के शंभु राम साहू ने जैन श्रीसंघ एवं चेम्बर आफ कॉमर्स के सदस्यों का आभार जताते हुए इस विपदा में ग्रामीणजनों के साथ खड़े रहने एवं अपने धर्म के अनुसार कार्य करने पर उन्होंने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया वहीं ग्राम तरौद के सरपंच धर्मेंद्र रामटेके ने इस सहयोग के लिए सभी का कृतज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि व्यवस्था सुधरते तक सभी बोर या नल से आने वाले पानी को अच्छी तरह उबाल कर पिये एवं डॉक्टरों के सलाह अनुसार खानपान में ध्यान रखे शीतल पेयजल वितरण में जैन श्रीसंघ के सचिव मांगीलाल ढ़ेलडिया चेतन जैन मुकेश भंसाली प्रदीप चोरडिया संजय ढ़ेलडिया प्रकाश भंसाली नीलेश नाहटा लक्की लोढा विनोद श्रीश्रीमाल प्रवीण रतनबोहरा नवीन रतनबोहरा शुभम नाहटा शुभम श्रीश्रीमाल आदि का सहयोग रहा।

# गायत्री मंदिर में योग दिवस पर किया गया योगा अभ्यास

सहसपुर लोहारा, 22 जून (देशबंधु)। गायत्री मंदिर में महिलाओं के द्वारा योग दिवस के अवसर पर योगा अभ्यास किया गया। 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग-दिवस के रूप में महिला पंताजलि योग प्रभारी निर्मला शर्मा के द्वारा योग संचालन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में महिलाओ की उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्वा साहू, मंडली उपाध्यक्ष हेमलता नागराज, नीता तिवारी, नीरा डडसेना, लता वर्मा, कृष्णा वर्मा, तरुण माहू, गीता झारिया , सिंधु शुक्ला मीना दीक्षित, परिवाचक एवं अन्य महिलाए उपस्थित रही अंतिम में निर्मला शर्मा के द्वारा कहा गया कि योग भारत की प्राचीन परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर है यह केवल व्यायाम नही बल्कि शरीर मन और आत्मा को जोड़ने का कार्य-करती है। सबको योग करना चाहिए। इस अवसर पर सुश्री हेमलता नागराज के द्वारा कहा की योग मतलब जोड़ना होता है। जो शरीर के अंदर



जीर्ण, शीर्ण भाग को सुधार करता है। मन को शांत करने म मदद करता है योग आत्म विश्वास को बढ़ाता है। योग चयापचय को नियंत्रण में रखता है। हेमलता नागराज के द्वारा सभी महिलाओं को संकल्प करवाया गया कि सुबह 6 बजे रोज योग शाला नियमित अपनी उपस्थिति प्रदान करे किया।

## जुरलाकला में अवैध अतिक्रमण से ग्रामीण परेशान

खैरागढ़, 22 जून (देशबंधु)। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम जुरलाकला अतिक्रमण की चपेट में आ गया है। कुछ लोगों ने गांव के मुख्य गली को ही अतिक्रमण का शिकार बना लिया है जिससे अन्य लोगों को परेशानी हो रही है। मामले की शिकायत ग्रामीणों ने तहसीलदार खैरागढ़ सहित सुशासन तिहार के तहत लगे शिविर में भी किया है परंतु अब तक इस संबंध में कोई विशेष पहल नहीं की गई है जिससे ग्रामीण नाराज है और आक्रोशित भी है। पूर्व सरपंच संतोष बंजारे सहित ग्रामीण थानुराम, इंद्रजीत, शंकर लाल, योगी राम, कुलेश्वर, रंजीत, नंद कुमार, खेमचंद, विजय सहित अन्य का कहना है कि जिस गली में पहले चार पहिया वाहन का आवागमन होता था वहां अतिक्रमण होने के बाद चार पहिया वाहन प्रवेश नहीं कर पा रहा है ।

## निधन

### श्रीमती शकुंतला कुशवाहा


महासमुंद 22 जून (देशबंधु)। स्थानीय क्लब पारा वार्ड नंबर 26 निवासी श्रीमती शकुंतला कुशवाहा 59 वर्ष का आकस्मिक



निधन 22 जून को हो गया । अंतिम संस्कार 23 जून को सुबह 10 बजे भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे जिला आबकारी विभाग में कार्यरत लिपिक राजकुमार कुशवाहा, लालू कुशवाहा, नीतू कुशवाहा, माला कुशवाहा की मां थी।

### शिवबती सेन

अर्जुनी/बलौदाबाजार, 22 जून। अर्जुनी निवासी श्यामलाल सेन(सेवानिवृत्त पोस्टमेन) के धर्मपत्नी शिवबती सेन का आकस्मिक निधन 22 जून को हो गया है। उनका अंत्येष्टि कार्यक्रम



स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे टिकेश्वर सेन की मां एवं अरुण सेन, मिथलेश सेन पत्रकार की भाभी थी।

### श्रीमति बिमला बाई पांडेय

बेमेतरा,परपोड़ी 22 जून (देशबंधु)। (मुंगवाय)निवासी श्रीमति बिमला बाई पांडेय धर्म पत्नि स्व अम्बिका प्रसाद पाण्डेय (उम्र 90 )का आज सुबह



6:30 बजे एम्स हॉस्पिटल रायपुर में निधन हो गया। वो अश्वनी पाण्डेय पूर्व क्लर्ककर्मचारी की मां, उमेश,भारतेंदु की दादी एवं राजेश, ऋतुराज की बड़ी मां थी । उनकी अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्ति धाम दुर्ग में।

# प्रदीप कंवर पुरुर, शिशुपाल सिन्हा सिटी कोतवाली के बनाए गए नए थाना प्रभारी



**गुरुर,** 22 जून (देशबंधु)। बालोद पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने विभाग की फेरबदल सूची जारी की है जिसमें जिले के कई टीआई भी प्रभावित हुए हैं। आदेश के तहत निरीक्षक से लेकर सहायक उप निरीक्षक स्तर तक के अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पुलिस थाना पुरुर के प्रभारी शिशुपाल सिन्ह्य, अब थाना प्रभारी बालोद होंगे। वही रविशंकर पाण्डे को बालोद थाना से प्रभारी राजहरा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ कई पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। यह तबादले अस्थायी तौर पर आगामी आदेश तक प्रभावशील होगा।

दुलार सिंह यादव बने सनौद थाना के प्रभारी

इसी तरह उप निरीक्षक जोगेन्द्र साहू प्रभारी सायबर सेल को थाना प्रभारी अर्जुन्दा, प्रदीप कंवर थाना प्रभारी पुरूर, दुलार सिंह यादव को थाना प्रभारी सनौद, देव कुमार कोर्राम को थाना प्रभारी मंगचुवा, धरम सिंह भूआर्य को प्रभारी साइबर सेल बालोद, बीजू डेनियल को रक्षित केंद्र बालोद, अनिल सिंह राजपूत को थाना रनचिरई नई जिम्मेदारी दी गई है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे शीघ्र अपनी नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें।

# घोटिया में मनाया योग दिवस




डोंगरगढ़, 22 जून (देशबंधु)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के थीम पर आधारित योग कार्यशाला का आयोजन घोटिया स्कूल प्रांगण में किया गया जिसमे भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिंहा सरपंच संजय ऊइके गांव के अन्य नागरिक उपस्थित हुए।

## खमतराई में 29 को रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

खैरागढ़, 22 जून (देशबंधु)। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खमतराई में रविवार 29 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। छात्र युवा मंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित उक्त शिविर में क्षेत्रवासियों से रक्तदान करने की अपील की है। शिविर अयोजित करने बालाजी ब्लडबैंक को सहभागिता पत्र सौंपा गया है जिनके द्वारा शिविर संपन्न कराया जाएगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### शिक्षा संस्थानों के साथ ही ...

अनुलोम-विलोम, कपालभाति सहित विभिन्न योगासनों जैसे- ताड़ासन, उष्ट्रासन, वज्रासन, हास्यासन एवं सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया गया। योगासन के पश्चात् योग विभाग के विद्यार्थियों ने सुंदर योग नृत्य की प्रस्तुति दी । कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत भाषण कार्यक्रम समन्वयक, जनेंद्र कुमार दीवान ने प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी, विभिन्न महाविद्यालयों के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारियों में उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल, राजेन्द्र कुमार चौहान, सहायक कुलसचिव, हिमांशु शेखर मंडावी, दिग्विजय कुमार एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारी भी उपस्थित थें। धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा विभाग के डायरेक्टर डॉ. दिनेश नामदेव ने किया।

नवीन शासकीय संगीत महा. : नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ में विश्व संगीत दिवस और विश्व योग दिवस पर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के अंतर्गत योग और संगीत पर केन्द्रित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ऋचा ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा योग और संगीत दोनों ही मानव जीवन को समृद्ध करते हैं और प्रकृति के साथ हमारे संबंध को गहरा करते हैं। हरित योग, एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य और संगीत का योग से सम्बन्ध के माध्यम से हम न केवल व्यक्तिगत कल्याण को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूत कर रहे हैं। योग सत्र का संचालन योग इंस्ट्रक्टर नम्रता और अंशु ने किया, जिन्होंने प्रतिभागियों को आरंभिक प्राणायाम और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। हरित योग पहल के तहत प्राचार्य डॉ. ऋचा ठाकुर, विद्यार्थी सुरेश बारसागड़े, जगदीश बामनिया और सीमा ने घर से प्रकृति के बीच योगासनों का अभ्यास किया। इस आयोजन में प्रख्यात कलाकार माधव सिन्हा ने अपनी मधुर गजल गायकी और हारमोनियम पर संगत के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत के विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सुमन जोशी ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तपन कुमार ने एवं सुरेश ने गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वंदना ने और राजेश्वरी ने लोक गीत के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। वहीँ सुमन, वंदना , राजेश्वरी ने जस गीत प्रस्तुत किया । प्रकाश ने प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास की एक भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की। कलाकार गुलशन और त्रवीन ने अपनी उपस्थिति दी।

### संजय बैस के प्रयास से ...

पुलिस की तैनाती प्रारंभ कर दिया गया । पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस ने पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस की तैनाती से हमारे ग्रामवासी निश्चिंत रहेंगे और असामजिक तत्वों पर भी रोक लगेगा। साथ ही यह भी कहा कहा कि हमारी बातों को स्वीकार करने के लिए मैं पुलिस परिवार का हृदय से धन्यवाद देता हू। इस अवसर पर राम जानकी के अध्यक्ष संतोष जैन गौरी शंकर साहू पुष्पजीत बैंस अशोक धर्मगुड़ी उपस्थित रहे।

### नगपुरा में आरोग्यम् उत्सव...

शुभकामनाएं प्रेषित किया और नागरिकों से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु शुरू हो चुकी है, जो पौधरोपण के लिए उपयुक्त समय है। अधिक से अधिक वृक्षा रोपण करे ।आरोग्यम उत्सव और योग कार्यक्रम के आयोजन से लोगों में स्वास्थ्य और योग के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष गजराज पगारिया, मैनेजिंग ट्रस्टी पुखराज दुग्गड़, ट्रस्टी मूलचंद जैन, सुरेश बागमार, चेम्बर आफकामर्स दुर्ग अध्यक्ष अनूप गटागट, जितेन्द्र जैन बंटी सुखदेव देवांगन, नंदू निर्मलकरस विनोद साहू डा प्रेमलाल पटेल, डा प्रवेश जैनस डा दानेश्वर टंडनस आदित्य उपाध्यायस दिव्या रात्रे भूपेन्द्र रिगरी, जितेन्द्र गुप्ता, नारायण साहू सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं भी शामिल हुए।

# सफलता का कोई मंत्र नहीं, यह तो सिर्फ परिश्रम का फल है: दीपेश साहू विधायक

- नि:शुल्क कोचिंग श्रीराम एकेडमी, बेमेतरा में तृतीय एवं चतुर्थ बैच का भव्य शुभारंभ
- विधायक दीपेश साहू ने छात्रों को दिए सफलता के सूत्र
- छात्र छात्राओं ने अपने 6 माह के अनुभव को किया साझा




**बेमेतरा,** 22 जून (देशबन्धु)। विधायक दीपेश साहू के अथक प्रयासों से संचालित श्री राम एकेडमी सेंटर बेमेतरा में नव आरंभ होने वाले तृतीय एवं चतुर्थ बैच का भव्य शुभारंभ कार्यक्रम रखा गया था जिसमे विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए द्य अवसर पर छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह के साथ फटाके और पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत अभिनंदन किया।

इस दौरान विधायक श्री साहू ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा—सफलता का कोई मंत्र नहीं है, यह तो सिर्फ परिश्रम का फल है ज्ञ मैं स्वयं भी प्रतियोगी परीक्षा का हिस्सा रह चुका हूं। मुझे इस क्षेत्र में लगने वाली मेहनत और समर्पण का पूरा अनुभव है। आज आप सभी के अंदर जो दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और लगन देख रहा हूं, उससे मुझे आशा नहीं, अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप सभी आने वाले समय में निश्चित ही उच्च पदों पर आसीन होंगे।

विधायक साहू ने आगे कहा जो विचार मेरे अंदर पनपे थे, वही विचार आज श्री राम एकेडमी के माध्यम से आगे बढ़ रहे हैं। 6 माह से श्रीराम एकेडमी में सतत पढ़ाई कर रहे सभी विद्यार्थियों का मैं अभिनंदन करता हूं। इस संस्था की निगरानी व्यवस्था, नियमित उपस्थिति और अनुशासन देखकर मुझे गर्व होता है। आप सभी मेरे लिए परिवार के सदस्य समान हैं ज्ञ मुझे इस कोचिंग सेंटर की सोच और संकल्प का सम्मान है। आपमें से अनेक छात्र दूर-दराज़ गांवों से सुबह 9 बजे की कक्षाओं में पहुंचते हैं, यह समर्पण ही आपको सफलता दिलाएगा। जो कार्य कठिन लगता है, उसी में सफलता छिपी होती है।

मैं भी एक शिक्षक रहा हूं। मैंने भी गांव से निकलकर सपने देखे और उन्हें साकार करने के लिए संघर्ष किया। मैंने सरकारी नौकरी छोड़ी, राजनीति में प्रवेश किया, और आज आप सबके आशीर्वाद से विधायक बना हूं। इस क्षेत्र के बच्चे भी बड़े सपने देख सकते हैं और उन्हें पूरा कर सकते हैं बस मेहनत और सही दिशा की जरूरत है ज्ञ हमारे समाज में अभी भी शिक्षा की पहुँच और अवसरों की कमी है। इसी को ध्यान में रखकर मैंने नि:शुल्क कोचिंग सेंटर श्रीराम एकेडमी की शुरुआत की, ताकि गरीब, किसान, मजदूर और पिछड़े वर्ग के बच्चों को भी प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिल सके ज्ञ शिक्षा ही ऐसा साधन है जो सामाजिक भेदभाव मिटा सकता है। मैं डॉ. भीमराव अंबेडकर को अपना प्रेरणा स्त्रोत मानता हूं और मानता हूं कि डिग्री और ज्ञान ही किसी को ऊँचाई तक ले जा सकते हैं ज्ञ अंत में उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा आप सभी मेहनत करिए, समय का सही उपयोग करिए। आपके पास सब कुछ है, बस खुद पर विश्वास और निरंतर अभ्यास की आवश्यकता है। हार्ड वर्क के बिना सफलता संभव नहीं। स्वामी विवेकानंद ने भी असंभव को संभव कर दिखाया, और हम छत्तीसगढ़िया मेहनतकश लोग हैं ङ्क हम भी कर सकते हैं।

इस अवसर पर छात्रा वर्षा देवांगन, पल्लवी ठाकुर, छात्र हिमांशुराज ने अपने अपने अनुभव साझा किया और विधायक श्री दीपेश साहू का आभार व्यक्त करते हुए उनके इस जनकल्याणकारी पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और विश्वास दिलाया कि उनकी मेहनत निष्फल नहीं जाएगी।

इस अवसर पर प्रोफेसर वाई. डी साहू सर, दिलीप मंथन सर, भूषण साहू सर, लिकेश साहू सर, स्मिता सिंह मैम, टी. के साहू मैम, मनीष वर्मा, मोहित निषाद सहित श्री राम एकेडमी के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण करना एक महान परोपकार का कार्य: विजय सिन्हा

**बेमेतरा,** 22 जून (देशबन्धु)। आज नगर में स्थित आत्मानंद स्कूल में श्री गुरु हरिकिशन साहेब प्रकाश पर्व के अवसर पर सहयोग संस्था और सिख समाज के तत्वावधान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहयोग संस्था और समाज के द्वारा आत्मानंद विद्यालय परिसर में बहुत से पेड़ लगाए गए।



इस अवसर पर सहयोग संस्था अध्यक्ष सुभाष चौबे, सिख समाज के अध्यक्ष गुरुदयाल सिंह चावला सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।सहयोग संस्था के प्रमुख रमन काबरा और उनके टीम का सहयोग मिला उसके लिए उनको कोटि कोटि साधुवाद बधाई।

नगर पालिका अध्यक्ष बेमेतरा विजय सिंह ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर कहा की छत्तीसगढ़ सरकार और केंद्र में मोदी सरकार के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत वृहद कार्यक्रम कराया जा रहा है जिसका संदेश है एक पेड़ मां के नाम।

आज बेमेतरा नगर के प्रबुद्ध नागरिक और सिख समाज द्वारा अनुकरणीय पहल करते हुए आत्मानंद स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया जिसके लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं।इस अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद स्कूल में हम सबने पौधारोपण किया और इस दौरान बेमेतरा सहयोग संस्था ने भी वृक्षारोपण में हिस्सा लेकर सहयोग प्रदान किए साथ में संस्था अध्यक्ष डॉ सुभाष चौबे भी साथ रहे ।

सिन्हा ने कहा मैं इनके आशीर्वाद प्राप्त लेने हमेशा लालायित रहूंगा,आशा करता हूं मुझे आज सिख समाज, प्रबुद्ध नागरिकों का और सहयोग संस्था का जो सहयोग और आशीर्वाद मिला है वह हमेशा मुझे मिलता रहेगा।हम लोगों ने नगर की जनता से खास अपील किए कि पेड़ लगाना सौ पुण्यों के समान है।पेड़ लगाकर हम पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करते ही है ,उसके बदले में पेड़ हमें उत्तम और शीतल छाया लौटाते हैं।

विजय सिन्हा ने कहा वृक्षों से हम उच्च कोटि के परोपकार की भावना को सिखते हैं क्योंकि वृक्ष कभी अपना फल नहीं खाता और कभी अपने छाया में नहीं रहता ।

आज यहां उपस्थित सभी प्रबुद्ध नागरिक सिख समाज और सहयोग संस्था का मैं आभार प्रकट करता हूं।आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इंदर दत्ता, निलेश सलुजा, मंजित सलुजा ,जगजीत सलुजा, जोगेंद्रर छाबड़ा,नीलू छाबड़ा,अजय ठाकुर, पार्षद नीतू कोठारी, विकास तंबोली, रोशन दत्ता, विद्यालय के प्रोफ़ेसर बाजपेई,व्याख्याता, अध्यापिकागण, सहित समाज प्रमुख,स्कूल स्टॉफ,सहयोग संस्था सदस्य उपस्थित रहे ।

# जहां संतों की वाणी गूंजती है, भाग दौड़ की जिंदगी में वहीं पर मन को शांति मिल सकती है: सांसद विजय बघेल

**थान खम्हरिया,** 22 जून (देशबन्धु)। हम सब की जिंदगी में भाग दौड़ बेचता बहुत अधिक है. ऐसे में हमारे मन को कहीं शांति मिलती है तो वह संत कबीर साहब के आश्रम के जैसे स्थल पर आने से ही मिलती है. यह बातें दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने आज यहां कबीर स्मृति दिवस पर आयोजित समारोह में बोलते हुए कही है. उन्होंने कहा कि संतों का आशीर्वाद रहने से ही जिंदगी में कोई प्रगति हासिल कर सकता है.



यहां कोसा नगर में कबीर निर्णय मंदिर के द्वारा कबीर स्मृति दिवस का भव्य आयोजन किया गया. जिसमें समाज की संत श्री आमोही साहब,संत पूर्णेन्द्र साहब,शीतल साहब, पंकज साहब, पुराण साहब,रतन साहब,शांति साहब, निकटेश्वर साहब सहित सैकड़ो की संख्या में समाज के अनुयाई शामिल हुए. सांसद विजय बघेल ने अपने संबोधन में आगे कहा कि संत कबीर साहब के कार्यक्रम में उन्हें यहां पहले भी आने का सौभाग्य मिला है. जहां कबीर साहब की वाणी गूंजती है वह स्थल अत्यंत पवित्र हो जाता है. उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है वह संतों के आशीर्वाद और आप सभी के सहयोग से ही मिल सकी है. इस अवसर पर समाज की तरफ से कुछ मांगे भी रखी गई जिस पर सांसद विजय बघेल ने स्वीकृति देते हुए कहा कि कहा कि उनकी तरफ से स्वीकृति है। संत समागम में पहुंचने पर सांसद विजय बघेल ने सर्वप्रथम संत साहब जनों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

# नगर के 80 मकानों में 145 किरायेदारों की जॉच की गयी

**थान खम्हरिया,** 22 जून (देशबन्धु)। पुलिस द्वारा स्पेशल टास्क फोर्स ( एस टी एफ ) गठित कर अवैध, अप्रवासियों की तलाश हेतु चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। समाधान ऐप में किरायेदारों का मकान मालिक के माध्यम से डाटा अपलोड कर चेकिंग की जा रही है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में स्थानीय थाना प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे एवं पुलिस टीम ने 21 जून को नगर के विभिन्न वार्डो के 80 मकानों के 145 किरायेदारों की जॉच की जिसमें सभी सही पाया गया। पुलिस ने अपील की कि अवैध, अप्रवासी, बांग्लादेशी/ रोहिंग्या घुसपैठियों एवं संदिग्ध दिखने वाले बाहर से आये व्यक्ति दिखें तो तुरंत टोल फ्री नं. 18002331905 पर सूचना दें। पुलिस ने मकान मालिकों से अपील की है कि बाहरी व्यक्ति को मकान किराये में देने से पूर्व थाने में सूचना दें। पुलिस द्वारा किराया देने वाले मकान मालिक का नाम, किरायेदार का नाम, माता - पिता एवं परिवार के सदस्यों का नाम, वर्तमान पता, स्थायी पता, आधार कार्ड, वोटर आई डी कार्ड नं., पैन कार्ड नं., मोबाईल नं., शिक्षा संबंधी जानकारी, फोटो पहचानकर्ता का पूरा नाम पता मो. नं. की बारीकी से जॉच की जा रही है। वार्ड पार्षदों से भी कहा गया है कि वे वार्ड में अंजान लोगों को न ठहरने दें। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी चार दिन पहले नगर के नागरिकों से कहा कि अवैध बांग्लादेशी, रोहिंग्या की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। इन पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# कोपेडबरी स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन



**थान खम्हरिया,** 22 जून (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम कोपेडबरी के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शा. प्रा. शाला गातापार के प्रधानपाठक मानसिंह ध्रुवे के पिता फुसकू राम ध्रुवे के दशगात्र के अवसर पर स्कूली बच्चों को शांति भोज कराया गया। के रूप में शासन की महत्वाकांक्षी योजना पोषण शक्ति निर्माण के अंतर्गत पूर्ण रूप से पोषण आहार के रूप में न्योता भोज कराया गया भोजन में खीर, पूड़ी, पापड़ सलाद, छोले की सब्जी व मौसमी फल केला खिलाई गई, न्योता भोज कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य निर्मला राजपूत,प्रधानपाठिका नीना कोठरी,गिरजा साहू, बसंत टंडन,लोकेश टांडेकर, गीता कुर्रे, ओंकार सिंह बैंस, सुनील शर्मा, जोगेश्वर साहू, विदेशी राम उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे गड्ढों को लेकर विधायक के नेतृत्व अमलीपारा में हुआ धरना प्रदर्शन

- कांग्रेसियों ने ढोल नगाड़े बजाकर किया प्रदर्शन
- मौके पर नहीं पहुंचे लोक निर्माण विभाग के अधिकारी
- दो घंटे तक चले प्रदर्शन में आवागमन रहा बाधित



**खैरागढ़,** 22 जून (देशबन्धु)। खैरागढ़ से दुर्ग जाने वाली मुख्य मार्ग पर 22 जून रविवार को विधायक यशोदा वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने अमलीपारा पेट्रोल पंप के पास स्थित सड़क किनारे जान लेवा गड्ढों को लेकर आज धरना प्रदर्शन कर विरोध किया है। ढोल, नगाड़े व मंजीरा बजाकर धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य नगर के मुख्य मार्ग पर पुल के समीपस्थ जान लेवा गड्ढा रहा जिसके मरम्मत में जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे थे। दो घंटे तक चले इस प्रदर्शन में कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की और पुल में हुए गड्ढे को लेकर जिला प्रशासन की भी आलोचना की। कांग्रेसियों के इस प्रदर्शन से स्टेट हाइवे मुख्य मार्ग भी घण्टेभर तक जाम रहा जिसके चलते राहगीर परेशान रहे। बताया जा रहा है कि कांग्रेसियों के धरना प्रदर्शन की जानकारी होने के बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे जिसके बाद कांग्रेसियों ने इन अधिकारियों के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की।

**एक दिन पहले ज्ञापन सौंपा, आनन फानन में गड्ढे पाटकर की खानापूर्ति कर**

अमलीपारा पुल में गड्ढा होने की जानकारी मिलने के बाद मिशन संडे के सयोजक मनराखन देवांगन की अगुवाई में कांग्रेसियों ने ज्ञापन देकर जल्द गड्ढा मरम्मत कराने की बात कही थी। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग के द्वारा गड्ढे में मिट्टी व पत्थर डालकर मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति कर दी गई। मामले में जिला प्रशासन सहित सत्ता पक्ष के नेताओं को नींद से जगाने विधायक यशोदा वर्मा ने स्वयं नगाड़ा बजाकर धरना प्रदर्शन किया।

**मार्च माह में भी ज्ञापन देकर किया गया था सचेत, अधिकारी रहे नींद में**

बताया जा रहा है कि अमलीपारा में पेट्रोल पंप के पास दुर्ग मुख्य मार्ग में बने पुल में हुए गड्ढे के मरम्मत को लेकर मार्च माह में मिशन संडे की टीम ने अधिकारियों को अवगत कराया था परन्तु इसके बाद भी अधिकारी नींद में सोए रहे जिसके कारण आज स्थिति गंभीर बनी हुई है। कांग्रेसियों के धरना प्रदर्शन के दौरान लोक निर्माण विभाग से केवल दो सब इंजीनियर ही मौजूद थे, अधिकारी इस प्रदर्शन से कोसों दूर रहे।

**धरना प्रदर्शन के दौरान मौजूद कांग्रेसी नेता**

अमलीपारा में हुए सड़क के किनारे जान लेवा गड्ढों को लेकर विधायक यशोदा वर्मा खुद नगाड़ा बजाकर मौजूद रही इस दौरान मिशन संडे के सयोजक मनराखन देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेसी नीलांबर वर्मा, दीपक देवांगन, अरुण भारद्वाज, दिलीप लहरे, सूर्यकांत यादव, आरती यादव, रिंकू महोबिया, आरती महोबिया, महेश यादव, भूपेंद वर्मा, ईश्वरी वर्मा, श्री गहरवार, पुरन सारथी, भरत चंद्राकर, उमेश साहू, सूरज देवांगन, आकाश सारथी, मिलाप ढीमर, गोविंद देवांगन, लाला देवांगन, शेखर दास वैष्णव सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 2.60 लाख के अवैध गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

## 12 किलो मादक पदार्थ सहित मोटर साइकिल जप्त



**खैरागढ़,** 22 जून (देशबन्धु)। मादक पदार्थ परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए खैरागढ़ पुलिस ने 2.60 लाख के अवैध गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 22 जून 2025 को मुखबिर की सूचना पर धनेली वार्ड में नाला के आगे दुर्ग रोड में रेड कार्यवाही कर आरोपी तारण पिता अर्जुन साहू निवासी मदराकुही एवं कबीर बंजारे पिता कमलेश बंजारे उम्र 22 साल निवासी ग्राम रेंगाकठेरा थाना खैरागढ़ को गांजा बिक्री के लिए परिवहन करते 11 किलो 996 ग्राम कीमत 60 हजार रूपये एवं परिवहन मे प्रयुक्त बाइक यामाहा आर 15 सीजी 07 सीवी 3327 के साथ पकड़ा गया। आरोपियो के खिलाफ थाना खैरागढ़ में धारा 20(ख) के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी तारण साहू एवं कबीर बंजारे को 22 जून 2025 को गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

# चोरी के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, दो चैन माउण्टेन मशीन और स्वीप्टर को पुलिस ने किया बरामद

**बालोद,** 22 जून (देशबन्धु)। मामले में क्षेत्र में हो रही चोरी को रोकने व आरोपियों को पकड़ने हेतु छोटी बड़ी चोरी को गंभीरता पूर्वक लेते हुऐ आरोपी को पकड़ने हेतु पुलिस द्वारा एक विशेष टीम गठित किया गया था। मामले में 16 जून को संयुक्त जांच दल राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग एवं खनिज विभाग द्वारा ग्राम गोड़पाल ग्राम पंचायत मुल्लेगुड़ा जिला बालोद में स्थित सूखा नदी से अवैध रेत उत्खनन के संबंध में जांच किया गया। जांच टीम द्वारा नदी के सतह से अवैध रेत उत्खनन के पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध होने उत्खनन कार्य में संलग्न चैन माउण्टेन मशीन के निशान से उक्त जांच दल द्वारा चैन माउण्टेन मशीन के निशान का पीछा करते हुए नदी के उत्तर पूर्व दिशा में लगभग 230 मीटर जंगल में दो चैन माउण्टेन मशीन 01 जेसीबी 205 पीला रंग इंजन सीरियल नम्बर 84909178 क्ह्ह क्ह्छ्820श्च्य एवं टाटा हिवाची इंजन नम्बर 20015370 नारंगी रंग 200 लावारिश हालत में हुचकी पहाड़ी के नीचे पाया गया। जिसे संयुक्त जांच दल द्वारा दोनो चैन माउण्टेन मशीन को जप्त कर मौके पर शीलबंद कार्यवाही कर मशीन में नोटिस चस्पा किया गया। जप्त दोनो चैन माउण्टेन मशीन को वन विभाग के परिसर नारागांव कक्ष क्रमांक 46 आर.एफ. से कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है कि प्रार्थीया हेमलता उइके पति हरिसिंह उइके उम्र 48 वर्ष निवासी वनपरिक्षेत्राधिकारी गुरूर वन परिक्षेत्र गुरूर जिला बालोद की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी ओंकार साहु पिता जगतु राम साहु उम्र 30 वर्ष निवासी माहुद थाना अजुन जिला बालोद हाल नंदई चौक कोठार पारा वार्ड न.48 राजनांदगांव थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव, देव निषाद पिता गंगा राम निषाद उम्र 24 वर्ष निवासी सुभाष चौक दल्ली राजहरा वार्ड क्रमाक 19 थाना राजहरा जिला बालोद रवि राव पिता कृष्ण राव उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 07 कालेज रोड दल्लीराजहरा थाना दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.), मीन्टु कुमार पासवान पिता मोती लाल पासवान उम्र 25 वर्ष निवासी केवटलिया थाना बासडीह जिला बलिया (उ.प्र.) हाल नदई चौक चौखडिया पारा राजनांदगांव थाना बसंत पुर जिला राजनांदगांव को हिरासत मे लेकर कड़ाई से पुछताछ करने पर बताया कि दोनो चैन माउण्टेन मशीन को माइनिंग विभाग द्वारा नोटिस चस्पा कर जप्त किये है जानते हुए सिप्टर गाड़ी में लोड कर बारी बारी एक को दल्लीराजहरा झरन मंदिर के पास एवं दूसरे को राजनांदगांव ले जाना बताये। आरोपियों के बताये अनुसार चैन माउण्टेन मशीन जेसीबी 205 पीला रंग इंजन सीरियल नम्बर 84909178 क्ह्ह क्ह्छ्820श्च्य को राजनांदगांव से एवं टाटा हिवाची इंजन नम्बर 20015370 नारंगी रंग 200 को झरन मंदिर के पास दल्लीराजहरा से बरामद किया गया है।



वहीं धीरज कुमार ढीवर पिता प्रहलाद उम्र 40 साल सा. सेमर थाना रतनपुर जिला बिलासपुर वर्तमान बालोद 18 अगस्त 2023 को थाना उपस्थित होकर अपने मोटर सायकल हीरो स्प्लेण्डर क्रमांक सीजी 10 ए.एफ. 7477 का बालोद जियो मोबाईल कंपनी के ऑफिस के सामने से चोरी होने का रिपोर्ट दर्ज कराने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना मे लिया। विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था कि मुखबिर से पता चलने पर चोरी के मोटर सायकल नंबर प्लेट बदलकर बालोद नयापारा के आगे चौक पड़कीभाट बाईपास के पास ग्राहक का तलाश कर रहे है कि सूचना पर एक हीरो स्प्लेण्डर मोटर सायकल के सामने नंबर प्लेट मे सीजी 05 के 7500 लिखा था पीछे का नंबर नही था तब संदेहीयों से मोटर सायकल के कागजात पेश करने बोला गया जो पेश नही किया। जिसे सशक्त ऐप से चेक करने पर चोरी का मोटरसाइकिल होना जानकर आरोपियों से पुछताछ करने पर बताया कि घटना दिनांक समय को बालोद मधु चौक से पारास जाने का रोड जियो ऑफिस के सामने से प्रकरण के मशरूका को चोरी करना तथा मोटर सायकल को अपने गांव ले जाकर नंबर प्लेट को निकालकर गंगरेल बांध के बहती नाला मे फेंकना और उसके जगह पर सामने मे नंबर प्लेट मे सीजी 05 के 7500 लगाकर चलाना चोरी के मशरूका को बेचने दोनो साथी बालोद नयापारा के आगे चौक पड़कीभाट बाईपास मे आकर ग्राहक का तलाश करना बताने आरोपियों अभिजीत सूर्यवंशी उर्फ कुनाल पिता रघुवीर सुर्यवंशी उम्र 20 वर्ष साकिन बालोदगहन थाना पुरूर जिला बालोद (छ.ग.) और अभिषेक कुमार साहू पिता लोकेश कुमार साहू उम्र 20 वर्ष साकिन बालोदगहन थाना पुरूर थाना व जिला बालोद (छ.ग.) के कब्जे से प्रार्थी के चोरी गई मोटर सायकल हीरो स्प्लेण्डर क्रमांक सीजी 10 ए.एफ. 7477 को बरामद कर जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

आरोपियों को पकड़ने में निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, सउनि रामप्रसाद गजबिहे, सउनि धरम भुआर्य, सउनि सूरज राम साहू, प्र.आर. दुर्योधन यादव, आरक्षक मोहन कोकिला, आरक्षक बनवाली साहू, आर. नागेश्वर साहू का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

# भारत विकासशील देश से विकसित देश की ओर अग्रसरः डॉ रमन






**राजनंदगांव,** 22 जून (देशबन्धु)। जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के अंतर्गत किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रोफेशनल मीट प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन गौरव पथ स्थित पदमश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे विशेष रूप शामिल हुए।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा कि 11 वर्ष के मोदी शासनकाल की तुलना पूर्ववती कांग्रेस के 10 वर्षों से करें तो पाएंगे कि 2004 से 14 तक मनमोहन सरकार में कांग्रेस ने सबसे भ्रष्टतम सरकार की उपाधि हासिल की, उन्होंने कहा कि तब के समाचार पत्र उठा कर देखें तो पाठक पाएंगे कि ऐसा कोई दिन नहीं था जब पेपर में भ्रष्टाचार की खबरें ना हो, भ्रष्टाचार के घोटाले जिसमें 2त्र स्पेक्ट्रम में 175000 करोड़ का घोटाला, कोल में 90000 करोड़ का घोटाला कॉमनवेल्थ खेल घोटाले में 70000 करोड़ का घोटाला , ऐसे बहुत लंबी घोटालों की लिस्ट है, आज भी याद कर रूह कांप जाती है, और 2014 से 2025 तक मोदी सरकार ने देश की तस्वीर और तकदीर बदल दी आज मोदी सरकार के 11 वर्षों में अद्भुत विकास की गाथा लिखी गई है उन्होंने कहा कि कौन सा राजनीतिक दल है जो देश के सामने सांस्कृतिक बदलाव, वैचारिक बदलाव कर देश को सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए आगे बढ़ाने की चिंता करता हो। उन्होंने कहा कि भारतीय जन संघ के समय से धारा 370 हटाने की बात डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जन संघ की स्थापना के साथ ही यह तय किया गया था। 1951 में ही देश के सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए हमने अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के निर्माण का संकल्प लिया था,

जनसंघ द्वारा भाजपा की स्थापना के रूप में उस सोच का क्रियान्वयन और बेहतर व पारदर्शी सरकार देने का वादा, एक ईमानदार सरकार देने की संकल्प शक्ति आज जनता की नजरों में सही साबित हुई है। उन्होंने कहा कि 2047 में मोदी जी द्वारा भारत को विकसित राष्ट बनाने के संकल्प को हम अवश्य पूरा करेंगे, डॉ रमन सिंह ने बताया कि मोदी जी के विकसित भारत संकल्प को निर्मला सीतारमण ने अपने बजट में शामिल कर पूरा करने का प्रयास किया है उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का एक ही लक्ष्य है,चार आयाम का विशेष ध्यान रखना, जिसमें युवा, गरीब, महिला, एवं किसान का विकास हो ।

डॉ रमन सिंह ने कहा कि जाति-पाति की बुराइयों को छोड़कर हम सबका साथ सबका विश्वास के लक्ष्य को लेकर केंद्र की मोदी सरकार चल रही है, उन्होंने कहा कि आज सबसे युवा पीढ़ी हिंदुस्तान की है। डॉ रमन सिंह ने कहा कि हम विकासशील देश से विकसित देश की ओर अग्रसर हो रहे हैं जिस देश की आर्थिक स्थिति अच्छी और बेरोजगारी दर कम हो वह देश अपने स्वावलंबी विचारों से आगे बढ़ रहा हो जैसे कि अमेरिका जापान और जर्मन इसके विपरीत हम आज विकासशील अवस्था में खड़े हैं उन्होंने कहा कि विकासशील देश से 2047 में विकसित भारत बनने की संकल्पना के अनुसार ही भाजपा की सरकार कार्य कर रही है । आज भारत की इकोनामिक ग्रोथ तेजी से बढ़ रही है। बेहतर जीडीपी से भारत के नागरिकों का जीवन स्तर बढ़ रहा है, जिसके परिणाम स्वरुप हम जापान को पर चढ़ते हुए दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था में पहुंच चुके हैं उन्होंने कहा कि अगले दो-तीन वर्षों में हम तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो सकते हैं, जिसकी प्रमाणिक रिपोर्ट अंतर्राष्टीय मुद्रा कोष 2025 की रिपोर्ट में दी गई है।

डॉ रमन सिंह ने डबल इंजन की सरकार के कारण छत्तीसगढ़ के विकास को आंकड़ों के माध्यम से बताते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य में छत्तीसगढ़ की भी आर्थिक स्थिति मजबूत हो चुकी है, ऑटो सेक्टर हो या कोई भी सेक्टर सभी क्षेत्र में छत्तीसगढ़ अब विकास की ओर अग्रसर हो चुका है।

**■ ऑडिटोरियम में प्रोफेशनल मीट प्रबुद्धजन सम्मेलन का हुआ आयोजन**
**■ भारी भीड़ से लोगों में उत्साह दिखा**

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सम्मेलन की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई तत्पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने अपने स्वागत प्रतिवेदन में कहा कि हमारे पूर्वजों में जो देश के लिए सपना देखा था, उसे 11 वर्षों में मोदी जी ने पूरा किया है।

पदमश्री डॉ पुखराज बाफना ने भी शायराना अंदाज में कहा कि हमने पूरब मांगा था, आपने सूरज दे दिया । और उन्होंने कहा कि जो बीत गया उसे छोड़ दो हमें तो मिलो दूर जाना है।

## मोदी सरकार में चौमुखी विकास हुआः मधुसूदन यादव

सम्मेलन में महापौर मधुसूदन यादव ने अपने विशिष्ट अंदाज में मोदी जी के कार्यकाल को सभी अर्थों में सर्वश्रेष्ठ बताया, उन्होंने कहा कि एक और जहां भाजपा की दृढ़ इच्छा शक्ति से बस्तर में नक्सलवाद समाप्ति की ओर है, वहीं छत्तीसगढ़ में विकास के ऐतिहासिक कृतिमान स्थापित किया जा रहे हैं । यहां औद्योगिक क्षेत्र में सरकार ने लगातार कार्य कर लोगों को समृद्धि और खुशहाली की ओर अग्रसर किया है। महापौर ने कहा कि 11 वर्ष का कार्यकाल अनेक महीना में ऐतिहासिक रहा है उनकी दूरदर्शिता पूर्ण नेतृत्व ने देश में समावेशी विकास समृद्धि और अर्थव्यवस्था के दरवाजे खोल दिए हैं। मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार का हर दिन अंत्योदय की साधना को समर्पित रहा है। सबका साथ, सबका विकास और सब का विश्वास के साथ ही सबके प्रयास की भावना के साथ समाज के सभी वर्ग विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उनके कार्यकाल में स्वच्छता अभियान ने अपनी चरमोत्कर्ष स्थिति को छू लिया है, उनके कार्यकाल से देश और दुनिया में भारत का गौरव बड़ा है। यादव ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार के कारण 5 लाख 65000 भूमिहीन किसानों को हर साल 10000 रुपए की राशि राज्य सरकार दे रही है, किसान भाइयों के खाते में अब तक एक लाख करोड रुपए की राशि भेजी जा चुकी है। महतारी वंदन योजना के तहत हर बहनों माता को एक ?1000 की गारंटी पुरी की जा रही है।

गरीब कल्याण और उज्वला योजना से महिलाओं को लाभ मिला है किसने और तेंदूपत्ता संगहरकों को योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और पारदर्शी शासन प्रशासन के लिए कई बड़े निर्णय भी लिए गए हैं। रेल सुविधाओं के विस्तार के साथ नदियों को जोड़ने की परिकल्पना भी साकार हो रही है, यादव ने कहा कि एक्सप्रेस वे के माध्यम से जनजाति क्षेत्र के विकास में तेजी आ रही है ।

## यह सिंहालोकन का समय हैं : संतोष पांडे

प्रबुद्धजन सम्मेलन में संतोष पांडे ने कहा कि वर्तमान समय देश की आत्म समीक्षा कर सिंहावलोकन करने का है, भारत की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को फिर से संयोजन करने हेतु अपने वैचारिक एवं सांस्कृतिक विरासत को याद करने का सुनहरा समय हैं। पांडे जी ने कहा कि ग्रीस के एक शहर में भरी दोपहर में एक व्यक्ति जब कैंडल लेकर चलता है, लोगों को आश्चर्य होता है जब उसे पूछा जाता है तो वह कहते हैं कि मुझे मनुष्य चाहिए, ऐसा मन जो मन इंद्रियों को कंट्रोल करता है, बाद में रामकृष्ण परमहंस को नरेंद्र के रूप में स्वामी विवेकानंद प्राप्त होते है, इसी तरह से आज हमारे देश को ऐसा हीरा प्राप्त हुआ है, जिसका नाम भी नरेंद्र है। उन्होंने कहा कि महर्षि अरविंद ने जो कहा था कि शरीर का कोई अंग लंबे समय से पीड़ित है,अगर उसका इलाज नहीं किया गया तो वह शरीर से कट जाता है, इसलिए नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान का समुचित इलाज कर उस अंग को ठीक करने का प्रयास किया है। संतोष पांडे में कहा कि हमारी संस्कृति जहां नारियों की पूजा होती है, जहां देवता वास करते हैं, जहां जटायु के रूप में एक पक्षी रावण से लड़ पड़ता है, और एक वानर भी मां सीता के लिए लड़ पड़ता है, ऐसे देश में ऑपरेशन सिंदूर के तहत नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के नौ आतंकवादी ठिकानों पर एक साथ मिसाइल अटैक कर पाक पर इतना बड़ा प्रहार किया है कि 25 वर्षों तक इसे नहीं भूल सकता।

सांसद संतोष पांडे ने भारत ही स्वदेशी प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज देश की एसएससी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण स्वदेशी लड़ाकू विमान आई एन एस विक्रांत जो समुद्र में कार्यरत है, पूरी तरह से स्वदेशी है । सेना के जवानों के हाथों में आधुनिक स्वदेशी गन हैं। मैंने कहा कि एक समय में सोनिया मनमोहन के साथ आंतकवादी यासीन मलिक चाय पिया करते थे परंतु आज का समय बदल चुका है उन्होंने राहुल गांधी के द्वारा नरेंद्र मोदी को सरेंडर कहने पर पटवार करते हुए कहा कि सरेंडर करने की पुरानी परंपरा कांग्रेस की रही है नो ने कहा कि राहुल गांधी ने 3 बार सुप्रीम कोर्ट के सामने सरेंडर किया है अपना सरनेम भी सरेंडर किया है, सियाचिन के रूप में हजारों एकड़ भूमि चीन को सरेंडर की है,दादी ने 84 भारतीय सैनिकों को जीत के बाद भी सरेंडर कर दिया, उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से युद्ध में जितने के बाद भी 93000 पाक सैनिकों को सरेंडर कर दिया गया, और जीती हुई भूमि सरेंडर कर दी गई।

सांसद संतोष पांडे ने वैश्विक स्तर पर भारत की छवि को विश्व में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने और लगातार जिस विकास की ओर अग्रसर हो रहा है इस हेतु उन्होंने नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्व को करोना से मुक्ति दिलाने में भारत की वैक्सीन बहुत काम आई। सांसद पांडे ने कहा कि आज विरोधी दल के नेता भी स्वीकार करते हैं कि 1947 के बाद देश को ऐसा नेता मिला है, जो कठोर निर्णय लेने की क्षमता रखता है।

मीडिया प्रभारी अमर लालवानी ने बताया कि सम्मेलन को कमल किशोर साहू, एमडी ठाकुर, चार्टेड एकाउंटेंट राजेश जैन, शिव शंकर सिंहा ने भी संबोधित किया। बैठक का सफल संचालन महामंत्री रविंद्र वैष्णव एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के सह संयोजक मूलचंद लोधी ने किया।

प्रबुद्धजन सम्मलेन प्रोफेशनल मीट के आयोजन में मुख्य वक्ता पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष माननीय रमन सिंह जी, राजनांदगांव जिले के लोकप्रिय सांसद संतोष पांडेय, नगर निगम राजनांदगांव के महापौर जननेता मधुसूदन यादव ,खूबचंद पारख, पूर्व कलेक्टर जी एस मिश्रा, राज्य पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, पूर्व सांसद श्री प्रदीप गांधी, पदम श्री डॉ पुखराज बाफना, जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत रामजी भारती,सुरेश एच लाल,सचिन बघोल,रमेश पटेल,संतोष अग्रवाल,दिनेश गांधी,श्रीमती किरण वैष्णव,विनोद खांडेकर,राजेंद्र गोलछा,सौरभ कोठारी, बौद्ध समाज की क्रांति कुर्रे,सिंधी समाज से ब्रह्मानंद बजाज, सिन्हा समाज से मोती सिंहा, ओमकार लिलहारे,समाज प्रमुख डॉ इंजिनियर एवं डॉ रंगारी, डॉ मोहन पारख,डॉ मोतीरामानी, डॉ नरेंद्र गांधी, डॉ पवन जेठानी, चार्टेड एकाउंटेंट राजेश जैन,अधिवक्ताओ सहित कार्यक्रम के संयोजक श्री रविन्द्र वैष्णव जी सह प्रभारी श्री मूलचंद लोधी अमित जैन अनीता मंडावी जागृति यदु जी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक एवं कार्यकता उपस्थित थे।

# जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन ने ढाबा सोसाइटी धान खरीदी केंद्र में किया वृक्षारोपण

**■ ढाबा सोसाइटी अध्यक्ष कृष्णा देवी श्रोती कार्यक्रम में हुई शामिल**
**■ धान खरीदी केंद्रों को हरा भरा बनाने वृक्षारोपण अभियान से जुडने सचिन बघेल ने की अपील**



**राजनंदगांव,** 22 जून (देशबन्धु)। धान खरीदी केंद्रों को हरा भरा बनाने जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल के द्वारा वृक्षारोपण महा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल के द्वारा वृक्षा रोपण की अपील की है। इस अभियान के अंतर्गत आज ढाबा सोसाइटी के मोहारा स्थित धान खरीदी केंद्र में वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया गया है।

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल के आतिथ्य एवं ढाबा सोसाइटी की अध्यक्ष कृष्णा देवी श्रोती की उपस्थिति में समिति अंतर्गत कृषक सदस्यों के द्वारा 25 वृक्षों का रोपण किया गया गया

मोहारा धान खरीदी केंद्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ,ढाबा सोसाइटी की अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा देवी श्रोती , मोहारा वार्ड पार्षद आलोक श्रोती,किसान नेता अलख चंद्राकर,भाजपा नेता रोहित चंद्राकर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज साहू,रामकुमार देवांगन, परशु प्रजापति,मोहन तिवारी,लक्ष्मण प्रजापति,सोहन प्रजापति,लक्की देवांगन,रूपेंद्र शर्मा, लेखु सिंहा,खेलन सोनकर,राजेंद्र सिन्हा,भागबली सिन्हा,समिति प्रबंधक हुपेंद्र देशमुख सहित समिति कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



**राजनंदगांव,** 22 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर सरेश्वरी भूरे से सौजन्य भेंट वृक्षारोपण के लिए बधाई दी साथ ही जलवायु परिवर्तन संवर्धन पारिषद के बारे में विस्तृत चर्चा की,बता दे कि नीलेश श्रीवास्तव हाल ही में जलवायु परिवर्तन संवर्धन पारिषद के उपाध्यक्ष बनाए गए हैं ।

# शास. उच्च माध्यमिक विद्यालय भैंसबोड़ में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**■ विद्यालय गतिविधि से बच्चों को कराया अवगत,नशे से दूर रहने दी समझाइसः प्राचार्य**
**■ विद्यालय में योग कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन विद्यार्थी शिक्षकों ने लिया भाग**

**डौण्डी,**22 जून (देशबन्धु)। शिक्षा सत्र 2025-26 का शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पुजा अर्चना कर की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आर एस रायपुरिया ने किया इस अवसर पर कक्षा -9वी में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया साथ ही स्कैन किए गए नि- शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया इस अवसर पर शिक्षाविद भूषण देवांगन ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर लगन के साथ पढ़ाई करने की सलाह दी सरपंच चित्रांकन ने भी विद्यार्थियों को पूरे मन लगाकर पढ़ाई पर ध्यान देने और बेहतर अंक अर्जित करने पर जोर दिया वरिष्ठ व्याख्याता बीज़आरज़रामटेके ने अपने आशीर्वाद वचन के साथ नियमित स्कूल आने व अपना लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने की बात कही अंत में प्राचार्य महोदय ने विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया तथा बालकों को नशे से दूर रहने की समझाइश देते हुए सभी विद्यार्थियों को अपने पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने कहा गया। उन्होंने साथ ही यह भी कहा की शिक्षा ही मात्र एक ऐसा क्षेत्र है जिससे मुश्किल से मुश्किल कार्य आसानी से पुरा हो जाता है।साथ ही आज योगा दिवस पर विद्यालय में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समस्त विद्यार्थी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया एवं एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण का भी कार्य किया गया साथ ही नशामुक्ति पर उपस्थित ग्रामीण जन समुदाय एवं विद्यालय परिवार को पूर्व सरपंच टिकेन्द्री ठाकुर ने सभी को शपथ दिलाई की एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएंगे जिससे जिसे पर्यावरण सुरक्षित रहे।इस अवसर पर गणमान्य नागरिक परस भुआर्य जग्गू देवांगन खिलावन देवांगन दिलीप मसिया घनाराम ठाकुर गोविंद निर्मलकर माधवी ठाकुर एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाऐं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता श्री एम ज़ एल ज़ धनकर ने किया।

# सड़क चिरचारी में अंतरराष्ट्रीययोग दिवस का आयोजन



**डोंगरगढ़,** 22 जून (देशबन्धु)। ग्राम सड़क चिरचारी जिला राजनांदगांव में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित पाँच दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। यह आयोजन संचालनालय आयुष, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव के कुशल मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष), शासकीय आयुर्वेद औषधालय सड़क चिरचारी के द्वारा आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम शासकीय माध्यमिक स्कूल प्रांगण में सम्पन्न हुआ, जिसमें कुल 490 ग्रामीणजन, स्कूली छात्र एवं योग प्रेमियों ने मिलकर सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना से हुई। शिविर के प्रभारी डॉ.हेमलता वर्मा योग प्रशिक्षक श्री नितिन सहारे, फार्मासिस्ट भारत सूर्यवंशी, पीटीएस सतीश सलामें ने शिविर संचालन में विशेष भूमिका निभाई। पूरे कार्यक्रम में ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। इस शिविर के माध्यम से योग एवं आयुर्वेद के प्रति जनजागरूकता बढ़ाई गई और दैनिक जीवन में योग को अपनाने की अपील की गई।।

# चाकू के नोक पर ऑनलाईन लूट करने वाले आरोपीयो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**डोंगरगढ़,** 22 जून (देशबन्धु)। प्रार्थी असगर खान पिता लियाकत अली उम्र- 37 साल निवासी अम्बेडकर वार्ड न0- 09, आई रमा नगर डोंगरगढ़ ने दिनांक- 20.06.2025 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक- 19.06.2025 के रात्रि करीबन 20:45 बजे ग्राम करवारी के बांस डिपो मैदान के पास दो अज्ञात व्यक्ति मेरे एवं नकीब खान के गले में चाकू टिकाकर जान से मारने की धमकी देकर सोने की चैन, सोने की अंगुठी, चांदी का अंगुठी, चांदी का कड़ा, किमती करीबन 149500/-रू0 एवं नगदी रकम 8000/-रू0, एक वन प्लस मोबाईल किमती- 30000/-रू0 को लूट लिया है एवं फोन पे से जबरन 98000/-रू0 अपने फोन पे में ट्रांसफर कर लिये हैं कुल- 285500/-रू0 का लूट किये हैं कि रिपोर्ट पर अप0क्र0- 316/2025 धारा- 309(4) बी0एन0एस0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। घटना को वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एसडीओपी आशीष कुंजाम को अवगत कराकर विवेचना हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा द्वारा नकीब खान से सख्ती से पुछताछ करने पर बताया कि घटना दिनांक- 19.06.2025 के दो दिवस पूर्व आरोपी नकीब खान अपने दोस्त विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर प्रार्थी असगर खान को लूटने का योजना बनाया लूट के लिये और बदमाश लड़के की आवश्यकता होने से विधि से संघर्षरत बालक के पहचान वाले राजनांदगांव तुलसीपुर निवासी पिन्टु उर्फ हिरेन्द्र सिन्हा और भरत बन्सोड़ से दोनों राजनांदगांव में जाकर मिले और लूट करने का योजना बनाये। योजना बनाने के बाद योजना के अनुसार आरोपी नकीब खान प्रार्थी असगर खान के पास दो दिनों से काम करने जा रहा था। दिनांक- 19.06.2025 को आरोपी पिन्टु उर्फ हिरेन्द्र सिन्हा एवं भरत बन्सोड़ को राजनांदगांव से बुलाकर नकीब खान एवं विधि से संघर्षरत बालक घटना स्थल को दिखा दिया था। रात्रि करीबन 08:00 बजे के आसपास नकीब खान बीयर पीने के बहाने से प्रार्थी असगर खान को करवारी स्थित बांस डिपो के मैदान ले गया जहां पर कुछ देर बाद एक्टीवा वाहन में पिन्टु उर्फ हिरेन्द्र सिन्हा एवं भरत बन्सोड़ मुंह में गमछा बांधकर आये और चाकु निकालकर प्रार्थी असगर खान व नकीब खान के गले में चाकु रखकर जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थी के पहने सोने-चांदी के चैन, अंगुठी, कड़ा नगदी रकम 8000/-रू0, 01 नग मोबाईल को लूट लिये और प्लानिंग के अनुसार प्रार्थी के मोबाईल के फोन-पे एकाउन्ट का पासवर्ड पुछताछ कर पिन्टु उर्फ हिरेन्द्र सिन्हा एवं भरत बन्सोड़ ने आरोपी नकीब खान द्वारा पहले से दिये हुये पेमेन्ट स्कैनर पर 98000/-रू0 स्कैनर एकाउन्ट में ट्रांसफर कर लिये। घटना दौरान आरोपी नकीब खान प्रार्थी के सामने मासुम बनकर आरोपियों की पुरी सहायता कर रहा था। घटना के बाद आरोपीगण नगद रकम एवं सोने-चांदी के चैन, अंगुठी को आपस में बांट लिये। आरोपियों से प्रार्थी से लूटे हुये सोने चांदी के चैन, अंगुठी, कड़ा एवं नगदी रकम- 3010 को जप्त किया शेष नगदी को खाना-पीने में खर्च कर देना बताये। ऑनलाईन ट्रांसफर कराये गये रूपये को ट्रांजेक्शन खाता को फ्रिज कराया गया है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त 02 नग चाकू (खंजर), 01 मोटर सायकल, 01 एक्टीवा स्कूटी वाहन को जप्त कर कुल- 118780/-रू0 का वाजाप्त सुमार किया गया है। तीनों आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया है व विधि से संघर्षरत बालक के विधि पूर्ण कार्यवाही की जाती है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, उप निरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, सउनि विजय साहू, प्र0आर0- आखिल अम्बादे, आरक्षक वीर बहादुर, लीलाधर मण्डलोई, ऋषि मानिकपुरी ओ0पी0 मोहरा, अविनाश झा, आदित्य सिंह, प्रख्यात जैन सायबर सेल राजनांदगांव का विशेष योगदान रहा।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यशाला का आयोजन



**डोंगरगढ़,** 22 जून (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्थानीय छिरपानी परिसर में योग कार्यशाला का आयोजन किया गया इस दौरान योगाचार्य सी एच एडे, हेमंत साहू व रजनी भाटिया ने सभी को सूर्य नमस्कार ,प्राणायाम , कपालभारति सहित अन्य योग के गुण सिखाए । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग का होना बहुत जरूरी है हम सभी अपने दिनचर्या में एक घंटा समय योग के लिए निकले । भारतीय संस्कृति में ऋषि मुनियों के समय से योग करते आ रहे हैं योग को अंतरराष्टीय स्तर पर मान रहे हैं और योगा करने से शरीर के साथ-साथ मन को भी एकाग्रता करने में मदद मिलती है और जब तक हम मां को एकाग्रता करेंगे मदद मिलती है और जब तक हम मन को एकाग्रता करेंगे तो कोई उत्तेजना वाली बात नहीं आती और अपने दिनचर्या के काम भी पूरे मन से कर पाते हैं उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए रोज एक घंटा देकर योग करें और योग को जीवन में उतार कर अपने परिवार व अपने बच्चों को भी योग के प्रति जागरूक करें । नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि केंद्र देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग के प्रति देश की जनता को जागरूक किया है कई प्रमुख प्रकार की बीमारियों को दूर भगाने के लिए एक ही मूल मंत्र योग है सभी लोग योग की उपयोगिता को समझे। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल, मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने भी सभी से योग के प्रति जागरूक होने की अपील की । इस दौरान सभापति ड्रा रेखा राघवते पार्षद बबीता मालगार शिवानी साखरे ,भाजपा महामंत्री विनीत यादव ,विनय बंसल पप्पू नामदेव सहित अन्य ने उपस्थित होकर योग किया।

**उल्टा पुल्टा**

चंगू- गर्लफ्रेंड बनाने के लिए क्या-क्या चाहिए?
मंगू- मुझे तो यही पता है कि आधार कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड और एटीएम ही होता है।


शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार

प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं (साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...

लुभी साहू
कक्षा 12वीं
97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
|---|---|
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |




नि:शुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी
संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459


# विधायक रोहित साहू ने बुजुर्ग महिला को पहनाई चरण पादुका




**बुजुर्ग महिला ने विधायक को आशीर्वाद दिया**

**राजिम,** 22 जून (देशबन्धु)। जब विधायक रोहित साहू ने नीचे बैठकर एक बुजुर्ग महिला को अपने हाथों से चरण पादुका पहनाई फिर उस बुजुर्ग महिला ने विधायक को आशीर्वाद दिया। मौका था जिला स्तरीय चरण पादुका वितरण समारोह जब छुरा के सामुदायिक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे वैसे तो डब्बे में बंद चरण पादुका वितरित की जानी थी मगर एक बुजुर्ग महिला अमझर की 64 वर्षीय रुक्मिणी बाई को आते देख खुद विधायक उसके पास गए उनका हाल-चाल पूछ और नीचे जमीन पर बैठे कर अपने हाथों से उसे चरण पादुका पहनाई

विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में चरणपादुका वितरण समारोह

बुजुर्ग महिला रुक्मिणी बाई उस वक्त भाऊक हो गई और कहा कि उसे सपना में भी उम्मीद नहीं था कि कोई विधायक उसे इस तरह सम्मानित करेगा रोहित साहू के सरल स्वभाव से महिला काफी भावावेश में नजर आई। यहां उपस्थित महिलाओं से उक्त महिला ने कहा की बीते कुछ सालों से उसे चरण पादुका नहीं मिली थी अब उस जैसी कई महिलाओं को जंगल जाने में समस्या नहीं होगी। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, चरण पादुका योजना को पुन: प्रारंभ किया गया कार्यक्रम में डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने बताया कि जिले के 6200 से अधिक परिवार की महिलाओं को चरण पादुका दी जा रही है। लोगों के पैरों में कांटा न चुभे इसकी चिंता भी सरकार कर रही है यही कारण शासन वन विभाग के माध्यम से वन क्षेत्र के वनवासियों के हित में कई योजनाओं के माध्यम से कार्य कर रही है कार्यक्रम में 500 से अधिक ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम में पिछड़ी कमार भुजिया जनजाति के बच्चों को स्कूल बैग एवं अन्य सामग्री का वितरण महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया गया।

# रेत माफियाओं पर कलेक्टर का बड़ा एक्शन 245 ट्रिप रेत जप्त, 9 प्रकरण दर्ज



**राजिम,** 22 जून (देशबन्धु)। जिले के राजिम, चौबेबांधा एवं बकली ग्राम में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर नकेल कसने जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्टर बीएस उइके के निर्देश पर खनिज टॉस्क फोर्स खनिज, राजस्व, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बीते 48 घंटों में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। 19 और 20 जून को ग्राम राजिम, बकली और चौबेबांधा क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए टीम ने अवैध रेत भंडारण परिवहन उत्खनन के 4 मामलों में करीब 245 हाईवा ट्रिप रेत जप्त की।

**प्रशासन की चेतावनी:** प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण में लिप्त लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। आने वाले दिनों में निगरानी और भी सख्त होगी।

जानकारी मिली है कि कलेक्टर अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्तियों को भी जब्त कर सकती है।

रोहित कुमार साहू सहा. खनि अधिकारी, गरियाबंद ने हमारे प्रतिनिधी से चर्चा के दौरान बताया कि दू ष्अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों पर नियमों के तहत कठोर कार्रवाई जारी है। यह मुहिम लगातार जारी रहेगी। जनता से भी अपील है कि इस तरह की गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

# केंद्र से छग में डीएपी की सप्लाई ही नहीं हो रही तो खुले बाजार में कैसे : विनोद



**डीएपी खाद को समितियों तक ना पहुँचाकर खुले बाजार में बेचा जा रहा**

**महासमुंद,** 22 जून (देशबन्धु)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में कथित डबल इंजन की सरकार किसानों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गया है। पूरे प्रदेश में किसानों को भाजपा निर्मित कृत्रिम खाद संकट का सामना करना पड़ रहा है। सहकारी समितियों को डीएपी खाद की सप्लाई ना कर सरकार द्वारा खुले बाजार में अधिक दाम पर बेचने उपलब्ध करा दिया गया है। सरकार के दोहरे चरित्र के चलते उनके किसान विरोधी चेहरा उजागर हो गया है। डीएपी संकट को लेकर आए दिन प्रशासनिक अमले यह कह रहे हैं, कि केंद्र द्वारा प्रदेश को डीएपी की सप्लाई नहीं होने के कारण यह संकट उत्पन्न हुई है। यदि ऐसा है तो निजी दुकानों में डीएपी का स्टाक कहां से किया जा रहा है। यदि केंद्र से प्रदेश में डीएपी ही नहीं आता तो खुले बाजार में भी डीएपी संकट की स्थिति दिखाई देती। लेकिन, प्रदेश में केवल शासकीय दुकानों में ही किसानों को डीएपी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, जबकि खुले बाजार में भारी मात्रा में डीएपी उपलब्ध है। जिसे किसानों की विवशता का लाभ उठाकर ऊँचे दरों पर बेचा जा रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि शासन.प्रशासन केंद्र से पूरे प्रदेशभर में डीएपी खाद की सप्लाई नहीं होने की जानकारी दे रहा, ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि जब जिला सहित पूरे प्रदेश में केंद्र से डीएपी खाद की सप्लाई नहीं होने की बात कही जा रही है, तो निजी दुकान संचालकों के पास कहां से उपलब्ध हो रहा है। इसके अलावा जिला प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा किसानों को डीएपी खाद के विकल्प के रूप में अन्य खाद को थमाया जा रहा है। श्री >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भाजपा बलौदाबाजार शहर मंडल ने जारी की पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की सूची



- **मंडल में चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, चार मंत्री शामिल**
- **केबिनेट मंत्री, सांसद व पूर्व विधायको को भी स्थायी आमंत्रित सदस्य में लिया हैं**

**बलौदाबाजार,** 22 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह के निर्देशानुसार भाजपा संगठन महामंत्री पवन कुमार साय एवं बलौदाबाजार क्षेत्र के विधायक छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा की सहमति पश्चात बलौदाबाजार भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव के अनुशंसा से बलौदाबाजार शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव के द्वारा मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई है जिसमें चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, चार मंत्री शामिल है। वहीं स्थायी आमंत्रित सदस्य में केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा से लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं पूर्व विधायको सहित वरिष्ठ नेताओं को भी शामिल किया गया है।

जारी सूची के अनुसार भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार ध्रुव, उपाध्यक्ष सतीश पटेल, श्रीमती रीटा केसरवानी, श्रीमती सरिता मार्के, इंदल पैकरा, महामंत्री द्वय संजय श्रीवास, महेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष मनोजकांत पुरेना, मंत्री श्रीमती मंजू फेकर, श्रीमती रेखा पटेल, हरजीत सिंह सलूजा, मनीष कश्यप, मीडिया प्रभारी, हरिशंकर सेन, सह-मीडिया प्रभारी अनिश ताम्रकार, कार्याप्रभारी नीरज सोनी, सह-कार्यालय प्रभारी रवि यादव को लिया गया है। इसी प्रकार मंडल कार्यकारिणी सदस्य में नरसिंह वर्मा, अनिल बघेल, मणीकांत मिश्रा, नेतराम साहू, पुरूषोत्तम सोनी, आलोक अग्रवाल, रितेश श्रीवास्तव, विपत साहू, आशाराम ध्रुव, राहुल सोनी, रोमी साहू, प्रहलाद साय, इन्द्रकुमार पंजवानी, श्रीमती संध्या तिवारी, अजय गर्ग, पोषण पटेल, श्रीमती प्रिया शुक्ला, श्रीमती रजनी केसरवानी, आदित्य बाजपेयी, श्रीमती मंजू सोनी, ओमप्रकाश सेन, श्रीमती संतोष शर्मा, जितेन्द्र माहले, गौतम चौहान, जितेन्द्र डड़सेन, कन्हैया सेन, जगमोहन घृतलहरे, अमितेश नेताम, आदित्य गुप्ता, भुपेन्द्र मनहरे को शामिल किया गया है।

उल्लेखनीय है कि शहर मंडल के स्थायी आमंत्रित सदस्य में टंकराम वर्मा विधायक एवं केबिनेट मंत्री, बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर लोकसभा, आनंद यादव भाजपा जिला अध्यक्ष, श्रीमती लक्ष्मी बघेल पूर्व विधायक, श्रीमती आकांक्षा जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत, प्रमोद शर्मा पूर्व विधायक, विजय केसरवानी प्रदेश उपाध्यक्ष भारत स्काउड गाइड, टेसूलाल धुरंधर सदस्य प्रदेश कार्यसमिति, सुरेन्द्र टिकरिहा पूर्व जिला अध्यक्ष, अशोक जैन अध्यक्ष नगर पालिका, नंदकुमार साहू पूर्व न.प.अध्यक्ष, चित्तावर जायसवाल पूर्व न.प.अध्यक्ष, नरेश केसरवानी भाजपा जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती नीलम सोनी भाजपा जिला उपाध्यक्ष, उमेश बाजपेयी भाजपा जिला उपाध्यक्ष, संकेत शुक्ला पूर्व मंडल अध्यक्ष, अनिल गुप्ता वरिष्ठ भाजपा नेता, संतोष पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष को लिया गया है। जबकि विशेष आमंत्रित सदस्य में राजेन्द्र वर्मा, सोहन साहू, नरेश भट्टर, संजू पटेल, मयाराम पाल, नंदकुमार सोनवानी, केशव जोशी, धनीराम मार्के, तारचंद कन्नौजे, राजकुमार बंजारे, आशाराम ध्रुव, केश कुमार जायसवाल, पारस साहू, लोकनाथ जायसवाल, वेदांत रजक, धीरज साहू, रवि साहू, परवेश खान, श्रीमती सबाखान, श्रीमती मंजू ध्रुव, सौरभ ध्रुव, पवन जायसवाल, बालमुकुंद सेन, दिनेश यादव, अमित वर्मा, कामेश वर्मा, कमल टंडन, इन्द्रकुमार सोनवानी, श्रीमती किर्ती गोस्वामी, श्रीमती मंजीत कौर, श्रीमती मीना देवदास, श्रीमती मानकी साहू, कृष्णा द्विवेदी, किशन रजक, सत्यप्रकाश नेगी, चन्द्रविकाश पटेल, विकास गुप्ता, ध्यानू गुप्ता, शिव कुर्रे, श्रीमती सोनिया यादव, सत्यनारायण चेलक, दुलेश कोसरिया, विनय गुप्ता, श्रीमती सविता साहू, भीम कन्नौजे, संतनू भट्ट, श्रीमती रजनी बाजपेयी शामिल है। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को नये दायित्व मिलने पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बधाई दी है।

# होटल, ढाबा, ठेला आदि में शराब पिलाने एवं पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**कार्रवाई के बाद भी जारी है अवैध कारोबार**

**बलौदाबाजार,** 22 जून (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 21 जून को विशेष अभियान चलाकर शराब पीने, बैठने एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने वाले तथा सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वाले कुल 08 होटल, ढाबा, ठेला, चखना सेंटर संचालकों पर कार्यवाही की गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा 21 जून को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले तथा सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले कुल 8 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 8 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है।

आरोपियों में-सुरेश चेलक उम्र 23 साल निवासी ग्राम खिलोरा थाना हथबंद, योगेश पलिया उम्र 20 साल निवासी ग्राम चिचपोल थाना कसडोल, मुकेश वर्मा उम्र 25 साल निवासी ग्राम मोतीपुर थाना कसडोल, हेमलाल साहू उम्र 34 साल निवासी ग्राम मोतीपुर थाना कसडोल, सोमनाथ मारकण्डेय उम्र 58 साल निवासी ग्राम रोहांसी थाना पलारी, राजेंद्र सोनवानी उम्र 55 साल निवासी ग्राम वटगन थाना पलारी, गेंदराम टंडन उम्र 48 साल निवासी ग्राम वटगन थाना पलारी, तीजराम वर्मा उम्र 46 साल निवासी ग्राम टीला थाना पलारी शामिल है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस द्वारा उक्त कार्यवाही किये जाने के बाद भी चखना सेंटर चलाने वालों एवं शराब पीने वालों की कमी नही हो रही है। बल्कि शहर के अंदर रायपुर रोड एवं रिसदा रोड स्थित अंग्रेजी एवं देशी शराब दुकान के अगल बगल मुख्य मार्ग पर खुले आम चखना सेंटरों में शराब पिलाने की प्रक्रिया जारी है। जबकि रायपुर रोड स्थित शराब दुकान के सामने मुख्य मार्ग पर ही जिला के प्रमुख अधिकारियों के अलावा वीआईपी लोगों का भी आना जाना लगा रहता है। इसके बावजुद बेखौफउक्त कार्य धडल्ले से जारी रहता है। इससे लगता है कि अवैध रूप से चखना सेंटर चलाने एवं शराब पिलाने वालों का संबंध पुलिस एवं आबकारी विभाग से होना सिद्ध होता है। आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा खानापूर्ति करने के लिए ग्रामींण क्षेत्र में पहुंचकर कुछ लोगों के खिलाफकार्यवाही की जाती है। जबकि शहर के साथ साथ ग्रामींण क्षेत्र में भी व्यापक रूप से अवैध शराब का संचालन होने की जानकारी मिलती है। वहीं इन दिनों शहर में सट्टे का भी कारोबार धडल्ले से जारी है।

इसके पूर्व पुलिस अधीक्षक के रहते उक्त व्यवसाय पर अंकुश लगा हुआ था। लेकिन उनके स्थनांतरण होने के पश्चात पुन: नगर सहित जिले में कारोबार फलता फूलता दिखाई दे रहा है।

# अवैध बिक्री के लिए शराब का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**धमतरी,** 22 जून (देशबन्धु)। धमतरी पुलिस, अर्जुनी थाना को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति हरफतराई मुख्य नहर मार्ग की ओर से टीव्हीएस रेडियन मोटरसाइकिल में अवैध रूप से शराब लेकर बिक्री हेतु परिवहन कर रहे हैं। सूचना के आधार पर तत्काल घेराबंदी कर पुलिस ने संदिग्ध युवकों को रोका जिसने अपना नाम टिकेश्वर साहू पिता रामविलास साहू उम्र 37 वर्ष साकीन डोंडकी, थाना अर्जुनी, जिला धमतरी और दूसरे नेकृतराम उर्फ प्रित यादव पिता फिरता राम यादव उम्र 35 वर्ष साकीन, अर्जुनी, जिला धमतरी (छ.ग.) बताया, जांच के दौरान दोनों के पास से पौवा प्लेन देशी शराब क़ीमत 5,600, 10 पौवा मसाला देशी शराब-क़ीमत 1,000, जब्त कुल शराब की क़ीमत -6,600 रूपये, परिवहन में प्रयुक्त टीव्हीएस रेडियन मोटरसाइकिल क़ीमत 50,000 रूपये जब्त किया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह शराब की अवैध बिक्री हेतु परिवहन कर रहे थे। अर्जुनी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# ज्वेलरी शॉप से दिनदहाड़े युवक चैन लेकर भागा



**सीसीटीवी फुटेज में चेहरा क्लियर अब तक नहीं पकड़ा गया उठाईगिर**

**राजिम,** 22 जून (देशबन्धु)। नगर में शनिवार को दोपहर एक युवक ओम ज्वेलरी शॉप में खरीदारी करने आया था। दुकानदार उसे सोने के आभूषण दिखाने लगा। इसी बीच मौका पा कर युवक दुकान से दुकान से दिनदहाड़े आभूषण लेकर भाग निकला।

जानकारी के अनुसार राजिम के गोवर्धन चौक के पास प्रभात सोनी और उनके भाई की ज्वेलरी दुकान है। शनिवार की दोपहर करीब 3.20 बजे एक युवक दुकान पर सोना खरीदने पहुंचा। प्रभात सोनी दुकान पर मौजूद था। उसका भाई किसी काम से बाहर गया हुआ था। प्रभात शोकेस से एक चेन निकालकर उसे दिखाने लगता है, लेकिन युवक को चेन पसंद नहीं आती। इसके बाद वह दूसरी चेन निकालने के लिए झुकता है, तभी युवक चेन लेकर भाग जाता है। दुकानदार ने तुरंत उसका पीछा करना शुरू कर दिया, लेकिन चंद सेकंड में वह भाग गया। दुकानदार ने तुरंत उसका पीछा किया, लेकिन चंद सेकंड में चोर उसकी पकड़ से दूर हो गया।

**व्यवसायियों में दहशत का माहौल:** दुकानदार ने बताया कि चोरी हुई चेन सवा चार ग्राम के आसपास थी। आरोपी दुकान के बाहर अपनी बाइक पर चाबी लगाकर रखा था। चोरी के बाद उसने तुरंत बाइक स्टार्ट की और नवापारा की ओर भागने लगा, जिसके बाद दुकानदार ने बस स्टैंड तक उसका पीछा किया लेकिन चोर उनकी पहुंच से दूर हो गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस तरह दिनदहाड़े हुई घटना से ज्वेलरी व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। अभी तक चोर की पहचान >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने प्रशासन की टीम ने होटलों व ढाबो में दी दबिश



**बलौदाबाजार,** 22 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार बारिश के मौसम में खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों के होटल, ढाबों, होलसेलर, रिटेलर, मिठाई दुकानों में विधिक एवं सर्विलांस नमूना जांच की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को 5 प्रतिष्ठानों में दबिश देकर खाद्य पदार्थो की जांच की गई तथा सैम्पल लेकर जाँच हेतु राज्य प्रयोगशाला एवं अन्य लैब भेजा गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि जांच टीम के द्वारा रवान में शुभम किराना से कुकीज एवं आटा सहित 5 खाद्य पदार्थो की जांच व सैम्पल ली गई। इसी तरह लवन में कृष्णा स्वीट्स से 2 प्रकार का यूज्ड कुकिंग ऑयल, भाटापारा में हुसैनी सेल्स से चाय पत्ती, ओट्स, बिस्किट्स, कॉर्न फ्लैक्स, श्री गुरुनानक होटल से राइस कुक्ड, खाद्य तेल, चिकन करी, यूज्ड कुकिंग ऑयल, लाहौद में नॉन स्टॉप ढाबा से लाहौरी जीरा कोल्डड्रिंक, कॉपर वाटर, अरहर दाल, छोले चना सैंपल लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला एवं अन्य लैब भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

# बीटीआई रोड चौड़ीकरण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**महासमुंद,** 22 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बीटीआई रोड चौड़ीकरण सह नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त पाई गई। जिसे नपाध्यक्ष श्री साहू ने तत्काल संबंधित विभाग प्रभारी को निर्देशित कर मरम्मत करने कहा। श्री साहू के निर्देश पर पालिका द्वारा क्षतिग्रस्त पाइप लाइन कार्य का मरम्मत किया गया। इस अवसर उन्होंने निर्माण सामग्री गुणवत्ता पूर्ण लगाने के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# लापता बुजुर्ग को पुलिस ने सुरक्षित किया बरामद



**धमतरी,** 22 जून (देशबन्धु)। शहर के रामबाग, बैला बाजार के सामने निवासरत रामगोपाल प्रसाद शर्मा, उम्र लगभग 85 वर्ष, जो कि रिटायर्ड वेटनरी डॉक्टर हैं, जो तीन दिन पहले प्रात:काल मैरून रंग की जूपिटर स्कूटी से घर से निकले थे, जो लंबे समय तक घर वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा चिंता व्यक्त किए जाने के उपरांत, धमतरी पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए तलाश अभियान प्रारंभ किया गया। शहर के प्रमुख मार्गों, सीसीटीवी फुटेज व आम नागरिकों की मदद से जानकारी जुटाई गई। पुलिस की सतर्कता और >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सुनसुनिया के कस्तूरबा बालिका विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव



**बागबाहरा,** 22 जून (देशबन्धु)। नगर से लगे ग्राम पंचायत सुनसुनिया स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शुक्रवार को 'शाला प्रवेश उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं खल्लारी विधानसभा के विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने की।

विशेष अतिथि के रूप में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ताम्रध्वज बघेल तथा वार्ड पार्षद मंता राम यादव उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की पूजा-अर्चना कर किया गया। ततपश्चात कन्या आश्रम की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। और बालिकाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया।

इसके पश्चात शाला प्रवेश उत्सव का औपचारिक शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सहित मंचासीन अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक, पुष्प और मिष्ठान्न से स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। साथ ही छात्राओं को उपयोगी शिक्षण सामग्री भी वितरित की गई। विद्यालय की प्रतिभाशाली बालिकाओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। जिससे उनके आत्मविश्वास को बल मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि 'कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बालिकाओं के लिए शिक्षा और सुरक्षा का केंद्र है। यहां की बच्चियाँ आने वाले समय में समाज और देश को नई दिशा देंगी। यह विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है। राज्य सरकार की मंशा है कि हर बेटी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और उसके सपनों को उड़ान मिले।

उन्होंने कहा कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सरकार निरंतर कार्य कर रही है। और ऐसे विद्यालयों की भूमिका इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अध्यापकों एवं विद्यालय प्रशासन को भी धन्यवाद दिया। जिन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अपना सतत योगदान दिया है।

वहीं जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण अंचल की बालिकाओं के लिए यह विद्यालय किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे ऐसे शैक्षणिक संस्थानों को हरसंभव सहयोग प्रदान करें। अंत में आभार प्रदर्शन विद्यालय प्रभारी श्रीमती रक्षा भोई साहू द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहजान पाशा, दुर्गेश यादव, दुर्गा सागर, जनक पटेल सहित विद्यालय स्टाफ, पालकगण एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पीएमश्री स्कूल में विकासखण्ड स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर्व मनाया गया

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 22 जून (देशबन्धु)। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कसडोल में विकासखंड स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग उत्बोधन कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी देखा गया। योग दिवस के संबंध मे योग प्रशिक्षक अशोक वर्मा, रामेश्वर प्रसाद वर्मा, गंगा प्रसाद साहू, धर्मपाल साहू ने प्रमुख आसनों को कराते हुए जानकारी को साझा किया गया कि योग हमारे शरीर के लिए कितना महत्वपूर्ण है। उसके बाद प्रोटोकॉल द्वारा निर्धारित सभी प्रमुख योगों का अभ्यास कराया गया। साथ ही योग को अपने जीवन में भी अपनाने को कहा गया।



ज्ञात हो कि पीएमश्री स्कूल में सभी बच्चो के शारीरिक और मानसिक विकास हेतु तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 9 बजे योग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। योग शिक्षक धरमपाल साहू के द्वारा विभिन्न प्रकार के योग का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें सभी बच्चो ने उत्साह पूर्वक योग प्राणायाम सीखे। अंत में योग प्रशिक्षकों को एस डी एम द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया, एवं शपथ दिलाई गई। फल, काढ़ा, मूंग, चना, भी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राम रतन दुबे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, ईश्वर केवट नायब तहसीलदार, अरविंद ध्रुव विकासखंड शिक्षा अधिकारी, निधि नेताम आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, राजेश क्षीर सागर महिला बाल विकास अधिकारी, नीलमणि साहू बीआरआरसी, विजय लक्ष्मी साहू मंडी सचिव, समस्त विभागीय अधिकारी, कर्मचारी गण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षकगण, के आर केवर्ट पूर्व प्राचार्य तथा श्यामबाई साहू प्रदेश मंत्री भाजपा, गणेशशंकर साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पी एम श्री सेजेस स्कूल, तेजस्वी साहू सदस्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की तैयारी में मुख्य रूप से समस्त विभाग प्रमुखों के साथ पीएमश्री स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा और समस्त शिक्षकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पतेरापाली-सराईपाली में किया गया जागरूकता एवं लाभ परिपूर्णता शिविर का आयोजन



**बागबाहरा,** 22 जून (देशबन्धु)। शिविर के माध्यम से जनजातीय गौरव वर्ष उत्सव के रूप में 'धरती आबा जनभागीदारी अभियान' अंतर्गत 'जागरूकता एवं लाभ परिपूर्णता शिविर' खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पतेरापाली- सराईपाली कोमाखान में जिला प्रशासन एवं आदिवासी विकास विभाग महासमुंद के तत्वावधान में शिविर आयोजित किया गया।

इस आयोजित शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर के मुख्य आतिथ्य तथा जनपद सदस्य बागबाहरा नर्रा क्षेत्र लोचनराम पटेल सहित सागर चंद्राकर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कोमाखान, कलाराम नायक पूर्व महामंत्री भाजपा मंडल कोमाखान, डेविड नायक सरपंच पतेरापाली-सराईपाली, आनंद रात्रे उपसरपंच पतेरापाली, छत्तरसिंह ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत खैरटकला, श्रीमती कौशिल्या नूतन पटेल सरपंच ग्राम पंचायत झिटकी, नूतन पटेल, हलधर यादव, करण सिंह ठाकुर, तिजिया बाई निषाद, खिनेश्वरी बरिहा, पुनई बाई ठाकुर, ओमप्रकाश ध्रुव तथा बहूर देशकर समेत अधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पटपरपाली में योग शिविर का किया गया आयोजन

## सीखे विभिन्न आसन और प्राणायाम, स्वस्थ जीवन का लिया संकल्प

**बागबाहरा,** 22 जून (देशबन्धु)। आज शनिवार 21 जून को 11 वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस है। भारत सरकार एवं संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया गया। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत पटपरपाली, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पटपरपाली, प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं आंगनबाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में आज शनिवार को पूर्व माध्यमिक शाला पटपरपाली-बाम्हनडीह परिसर में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में सभी ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

योग प्रशिक्षक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक केवलराम टण्डन ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम और ध्यान की विधियां सिखाईं। उन्होंने योग के शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में जानकारी दी।



योग शिविर में सम्मिलित ग्राम पंचायत पटपरपाली की सरपंच श्रीमती लता कमलेश टाण्डेय ने सर्वप्रथम सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी। और कहा कि योग से शरीर ही नहीं मन भी स्वस्थ होता है। यह विश्व को भारत की एक अमूल्य देन है। आज विश्व भर में यह विभिन्न रूपों में प्रचलित है।

पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टाण्डेय ने कहा कि योग हमारी प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। योग मन और शरीर, विचार और क्रिया की एकता का प्रतीक है। नियमित योग के करने से शरीर निरोग रहता है। योग के करने से आपका शरीर स्वस्थ रहेगा योग से मन मस्तिष्क एकाग्र होता है, मन को शांति मिलती है। एवं आत्मबल मजबूत होता है। आप सभी भैया- बहन आज संकल्प ले कि हम प्रतिदिन योग करेंगे।

पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षिका सुलन चन्द्राकर ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। पंचायत सचिव बेदनाथ देवांगन, प्राथमिक शाला पटपरपाली शिक्षिका ज्योति मेश्राम, शिक्षक प्रतीक चन्द्राकर, पंचगण थलेश्वरी साहू, सुनीता साहू, कान्ति साहू, मुकेश गुप्ता, मनोज साहू, ललिता साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गमला यादव, मीना साहू, सोसायटी सहायक सुरेंद्र साहू, पंचायत सहायक मुकेश साहू, सक्रीय महिला समूह ललिता साहू, प्रेमलता साहू, कृषि सखी दीदी भुनेश्वरी गजभीम, छगनी निषाद, वासना साहू, भनत साहू आदि के सहयोग एवं सहभागिता से योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बहुतायत संख्या में छात्र छात्राएं और ग्रामीण जन सम्मिलित हुए।

# सुखरीडबरी संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**बागबाहरा,** 22 जून (देशबन्धु)। आयोजन शासकीय प्राथमिक विद्यालय अनवरपुर में हुआ जिसके मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष श्री केशव नायक रामचंद्राकार जी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य श्री के एस सबर ने की ।विशेष अतिथि के रूप में सरपंच ग्राम पंचायत अनवरपुर श्रीमती माहेश्वरी ठाकुर, श्री शहजान पाशा जी, कमल चक्रधारी जी, राजेश कुमार पटेल जी, कौशल्या ठाकुर एवं समस्त विद्यालयों के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष थे। कार्यक्रम में सुखरीडबरी संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत कर उनको पाठयपुस्तक एवं गणवेश प्रदान कर बड़े ही धूमधाम से यह उत्सव मनाया गया। श्री केशव नायक राम चंद्राकार जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के यह बच्चे कल के भविष्य होंगे। निश्चित तौर पर शिक्षा से ही हमारा भविष्य तय होता है। हमें क्या सीखना है, क्या बनना है यह हमें विद्यालय की पढ़ाई, विद्यालय के शिक्षक और विद्यालय के माहौल से ही प्राप्त होता है ।उन्होंने बच्चों के लिए कहा कि आप हमेशा संघर्षरत रहिए तभी आपको सफलता मिल सकती है साथ ही उन्होंने शिक्षक शिक्षिकाओं को कहा कि वे भी अपने कार्य के समर्पित व जागरूक रहें। कार्यक्रम में एकलव्य विद्यालय में चयनित बच्चों तथा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




इस कार्यक्रम में तुकाराम साहू, शेषनारायण साहू, श्रीमती नेमा चंद्राकर, श्रीमती जानकी साहू, श्रीमती जय श्री चंद्राकर ,श्रीमती मनीषा कुर्रे ,श्रीमती शोभा देवांगन ,श्रीमती अनिता दीवान, श्रीमती संध्या सिंह ठाकुर, श्री व्यास नारायण बंजारे, श्रीमती जयमाला तांडे ,श्रीमती कौशिल्या साहू, श्रीमती तारा साय , श्रीमती हेमलता चंद्राकर,श्री कृष्ण कुमार देवांगन ,श्री देव कुमार पटेल, श्री सुरेश दीवान, श्री थानेश्वर पटेल ,श्रीमती प्रिया काकडे, बरखा रानी मानिकपुरी श्रीमती सुलोचना प्रकाश ,श्रीमती गीता दीवान, श्रीमती उमिता दीवान, श्रीमती योगेश्वरी बंजारे, श्री टुकेश्वर प्रसाद चक्रधारी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन श्री मनोज कुमार चंद्राकर (संकुल समन्वयक सुखरीडबरी) एवं श्री देवेंद्र दीवान प्रधान पाठक प्राथमिक शाला अनवरपुर के द्वारा किया गया।

# पत्रकार सदन कसडोल में 23 से 28 जून तक 6 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ईकाई कसडोल के तत्वाधान में 23 जून सोमवार से 28 जून शनिवार तक 6 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पत्रकार सदन कसडोल में होगा। इस शिविर में एक्यूप्रेशर,मसाज एवं चुम्बकीय शिविर एक्युप्रेसर रिसर्च ट्रेनिग व ट्रीटमेंट संस्थान जोधपुर (राजस्थान) के विशेषज्ञ द्वारा किया जाएगा। जिसका ऑनलाइन पंजीयन शुल्क 100 (6 दिनों के लिए)निर्धारित है।

इस शिविर में डॉ.वी.आर.चौधरी जोधपुर (राजस्थान)व थेरेपिस्ट, डी.आर.जाखड़ जोधपुर (राजस्थान) अपनी सेवाऐं देंगे। शिविर का संचालन सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे और शाम 4 बजे से 8 बजे तक होगा। शिविर में ऑनलाइन पंजियन हेतु मोबाईल नं. 7976684915 में फोन पे पर पेमेंट कर अपना पेमेंट स्क्रीन शॉट, मरीज का नाम, उम्र प्रोब्लम व मोबईल नं. व्हाट्सअप पर भेंज सकते है। वहीं शिविर प्रारंभ के समय भी पंजीयन शुल्क शिविर स्थल पर जमा कर सकते है। इस दौरान प्रत्येक मरीज का प्रतिदिन 15-20 मिनट इलाज किया जायेगा। यह कार्यक्रम सर्व समाज एवं सभी लोगों के लिए है जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर शिविर का लाभ ले सकते हैं। इस 6 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में पुराना सरदर्द, साईटिका, ऑख, कान, नाक, गले का रोग, लम्बाई बढ़ाना, घुटनो का दर्द, मोटापा, ब्लड प्रेशर, शुगर, गैस, कब्ज, सरवाइकल दर्द, कमर दर्द, जोड़ो का दर्द, लकवा (पैरालायसिंस), ई, लकवा (पैरालायसिंस), मस्सा, बवासीर, मानसिक तनाव डिप्रेशन, हाथ पैरो में झुनझुनी आना, आदि अनेक रोगो का इलाज बिना दवाई के द्वारा एक्युप्रेशर सुजोक एवं वाइब्रेशन थैरेपी से किया जायेगा। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ईकाई कसडोल के अध्यक्ष साहेबलाल साहू ने जिले के सभी पत्रकारों को भी इस शिविर में सहभागिता निभाने की अपील भी की है।

# भरसेला स्कूल में मनाया गया योग दिवस



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 22 जून (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक विद्यालय भरसेला बड़ा में 21 जून 2025 को विश्व योग दिवस पर योग का अभ्यास किया गया। डॉ. कमलेश कुमार सेन योग प्रशिक्षक ने कहा कि योग एक शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी. 21 जून उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और दुनिया के कई हिस्सों में एक विशेष महत्व रखता है। इसीलिए इस दिन योग दिवस मनाया जाता है। स्वस्थ्य शरीर के लिए योग करना अनिवार्य है। इस अवसर पर फ्लेन वर्मा प्राचार्य, डॉ कमलेश कुमार सेन प्रधान पाठक,अमित अवस्थी समन्वयक, नीलकमल सोनवानी अध्यक्ष शाला प्रबंध समिति, सचिव बालाराम वर्मा, लक्ष्मी ध्रुव, कुसुमकांति टोप्पो, ज्वाला प्रसाद कौशिक, पप्पू गौतम, द्रोपती श्रीवास, माला साहू,सहित पालक व ग्रामीण उपस्थित थे।

# 'सरकारी अफसर' सीजीपीएससी पर आधारित छत्तीसगढ़ी वेब सीरीज का दूसरा एपिसोड हुआ रिलीज

**बलौदाबाजार,** 22 जून (देशबन्धु)। सीजीपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं की जिंदगी पर आधारित इस वेब सीरीज के पहले एपिसोड को 3 लाख 50 हजार से अधिक दर्शकों ने देखा और सराहा है। अब दूसरा एपिसोड भी तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे यह साफहै कि छत्तीसगढ़ी डिजिटल कंटेंट अब नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। दूसरे एपिसोड में चमके बलौदाबाजार के तीन सितारे। दूसरे एपिसोड में छत्तीसगढ़ के बलौदबाजार जिले से जुड़े तीन कलाकारों ने अपनी-अपनी भूमिकाओं से गहरी छाप छोड़ी है। अनिल बघेल (पति- पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल) एक 'किशान' की भूमिका अदा की। मिठी सिरमौर- विद्यार्थी की भूमिका में, आदित्य बघेल-संवेदनशील संवाद लेखन और सहायक निर्देशन के जरिए सीरीज को दिया गहराई और असलपन। इन तीनों प्रतिभाओं की प्रस्तुति बलौदाबाजार जिले के लिए गर्व की बात है।



■ दर्शकों से मिल रही जबरदस्त सराहना बलौदाबाजार के तीन सितारे हुए शामिल

कहानी, कलाकार और टीम-सभी प्रशंसा के पात्र मुख्य भूमिकाएं निभा रहे हैं। अनिल सिन्हा (फूफ़ु) चर्चित छत्तीसगढ़ी अभिनेता, वैष्णवी जैन, अमन सागर, हर्षवर्धन पटनायक, क्रांति दीक्षित, और सुरेश गोंडले और विक्रम राज सभी ने अपनी भूमिकाओं को जीवंत बनाया है। निर्देशन साई भरथ, निर्माण इनसाईड मी ओरिजनलर्स प्रस्तुतकर्ता-नीरा वर्मा है। गांधी चौक की पृष्ठभूमि और असली संघर्षों की सजीव झलक यह वेब सीरीज बिलासपुर के गांधी चौक जैसे स्थानों में तैयारी कर रहे सीजीपीएससी अभ्यर्थियों की जिंदगी को बखूबी दिखाती है। ग्राम करही (सुहेला), बलौदबाजार के निवासी आदित्य बघेल ने सीरीज के डायलॉग्स और सह निर्देशन से स्थानीय यथार्थ और भाषा को सटीकता से उकेरा है। हर हफ्ते एक नया एपिसोड कुल 5 एपिसोड्स वाली यह वेब सीरीज हर हफ्तेयूट्यूब चैनल पर प्रसारित हो रही है। यह वेब सीरीज सिर्फएक कहानी नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के युवाओं के संघर्ष, सपनों और संकल्प की असली तस्वीर है। च्चसरकारी अफ्सरज्ज बताती है कि मंजिल पाने से पहले, असली लड़ाई खुद से और हालात से लड़नी पड़ती है।

# निजी स्कूल के बच्चों को नहीं मिली पुस्तकें, सौंपेंगे ज्ञापन

**महासमुंद** 22 जून (देशबंधु)। प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लॉक महासमुंद की बैठक ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर में जिलाध्यक्ष डॉ जार्ज रावटे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विद्यालय को सत्र प्रारंभ होने के बाद ही नवीनीकरण का आदेश नहीं होने पर चर्चा की गई तथा बैठक में तय किया गया कि इस संदर्भ में एसोसिएशन के पदाधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर चर्चा करेंगे। साथ ही शासन द्वारा सरकारी स्कूलों को पाठ्य पुस्तकें बच्चों को वितरण की जा रही है। जबकि, निजी स्कूल के बच्चों के लिए पुस्तकें वितरण का आदेश जारी नहीं हुआ है। इस पर आक्रोश व्यक्त करते हुए शासन को ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया गया। ब्लॉक महासमुंद प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन की तरफ से महासमुंद ब्लॉक के सभी हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूलों के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के टॉपर रहे 1.1 विद्यार्थी को 13 जुलाई को कार्यक्रम आयोजित की सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इस संदर्भ में समिति के पदाधिकारियों को जवाबदारी सौंपी गयी है। अंत में सरस्वती शिशु मंदिर की सेवानिवृत्त प्राचार्य राजश्री ठाकुर के आकस्मिक देहावसान पर उन्हें दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में एसोसिएशन के पारस चोपड़ा, मनोहर महंती, आरके तिवारी, कुबेर गिरि गोस्वामी, श्री राव सर, राकेश श्रीवास्तव, श्रीमती सरिता शर्मा, संजय वासनिक, महेंद्र जैन आदि सदस्य गण उपस्थित थे। संचालन ब्लॉक अध्यक्ष माधव टांकसाले ने किया।

■ प्राइवेट स्कूल एसो. की बैठक में अनेक निर्णय

# रग्बी खिलाड़ियों को किया जर्सी वितरण



**महासमुंद** 22 जून (देशबंधु)। जिला मुख्यालय से लगे आदर्श ग्राम बेलसोंडा में हायर सेकंडरी में पढ़ने वाले रग्बी के खिलाड़ियों को जर्सी वितरण किया गया । प्रतिदिन सुबह से ही ये बच्चे मिनी स्टेडियम बेलसोंडा में निरन्तर अभ्यास करते है। इन बच्चों की मेहनत को देखकर बेल्सन क्रशर इंडस्ट्रीज के संचालक दीपक चन्द्राकर ने नियमित खेलने के लिए जो भी चीज की आवश्यकता होगी उसको पूरा करने का प्रयास करेंगे करके आश्वासन दिया गया। बच्चों से पूछने पर जर्सी की आवश्यकता बताई इस पर फिर दीपक ने सभी बच्चों के पसंद की जर्सी लाकर वितरण किया।

# नाली सफाई का नपा उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**महासमुंद** 22 जून (देशबंधु)। वार्ड क्र. 14 स्थित डा. अम्बेडकर चौक नेशनल हाइवे के बड़ी नाली के सफाई का निरिक्षण न.पा. उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंण्डल अध्यक्ष महेन्द्र शिका, एवं पार्षद भाऊराम साहू ने करते हुये सफाई प्रभारी को कहा कि नाली को जमीन से साफकरे बड़ी नाली की सफाई बहुत कम हो पाती है इसके अलावा नाली का स्लेब हटाने में भेदभाव न करे। सभी से सहयोग लेकर बरसात के पूर्व नाली में भरे मलमे को निकाला जावे। श्री राठी ने नाली से प्रभावित होने वाले व्यापारियों एवं नागरिकों से भी सहयोग की अपील की और कहा कि सफाई कर्मचारी नाली के अन्दर उतरकर सफाई कर रहे है इतना मलमा भरा हुआ है स्लेब हटाने में स्वस्फूर्त सभी सहयोग करें तथा थोड़ा अगर दो-चार घंटे व्यपार प्रभावित होता है में स्वंय व्यक्तिगत खेद, व्यक्त करने हुये सफाई में सहयोग की अपील कर रहा हुं। तथा अपने दुकानो में डस्टबिन पर कचरा इकट्ठा करें नालियों में न फेंके नाली जाम होने का बड़ा कारण अधिकांश लोग सीधें नालियों में कचरा डालते है। सफाई दीदी एवं मित्र रिक्शा लेकर आते है। उन्हे कचरा देकर सहयोग करें एवं साथ में माह का जो शुल्क निधारित है उसे प्रति माह देकर नगर पालिका को सहयोग करें ।



# स्वामी शिवानन्द योग भवन में हुआ योग महोत्सव, शहर के लोग हुए शामिल

**महासमुंद** 22 जून (देशबंधु)। दिव्य जीवन संघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को स्वामी शिवानन्द योग भवन में योग महोत्सव मनाया गया ।सर्वप्रथम योग के के बारे में जानकारी देते हुए स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने बताया कि योग विद्या का उद्भव हजारों वर्ष प्राचीन है। संतो और ऋषियों ने इस महत्त्वपूर्ण योग विद्या को एशिया, मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका एवं दक्षिण अमेरिका सहित विश्व के अलग.अलग भागों में प्रसारित किया। सिंधु,सरस्वती घाटी सभ्यता में योग साधना करती अनेक आकृतियों के साथ प्राप्त अवशेष इस बात के प्रमाण हैं कि प्राचीन भारत योग का अस्तित्व था। योग के फायदों के बारे में निश्चित रूप से सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति प्रदान करने का साधन है। वर्तमान समय में हुए चिकित्सा शोधों ने योग से होने वाले कई शारीरिक और मानसिक लाभों के रहस्य प्रकट किए हैं। यहीं नहीं लाखों योग अभ्यासियों के अनुभव के आधार पर इस बात की पुष्टि की जा सकती है कि योग किस प्रकार सहायता कर सकता है। योग शारीरिक स्वास्थ्य, स्नायुतंत्र एवं कंकाल तन्त्र को सुचारु रूप से कार्य करने और हृदय तथा नाड़ियों के स्वास्थ्य के लिए हितकर अभ्यास है। यह मधुमेह, श्वसन संबंधी विकार,उच्च रक्तचाप,निम्न रक्तचाप और जीवनशैली संबंधी कई प्रकार के विकारों के प्रबंधन में लाभकारी है। योग अवसाद,थकानएचिंता संबंधी विकार और तनाव को कम करने में सहायक है। योग शरीर एवं मन निर्माण की ऐसी प्रक्रिया है, जो समृद्ध और परिपूर्ण जीवन की उन्नति का मार्ग है। योग दिवस केअवसर पर दिव्य जीवन संघ सहित शहर के गणमान्य नागरिक महिलाएं ने भाग लेकर योग को अपने जीवन मे नियमित रखने का संकल्प लिया ।



# संचालक जितेन्द्र शुक्ला ने की जल जीवन मिशन के कार्यों का समीक्षा

◆ संचालक शुक्ला ने सभी ठेकेदारों को कहा, काम करो नहीं तो होगा जुर्माना



**बिलाईगढ़,** 22 जून(देशबंधु) जल जीवन मिशन के जिले में प्रभावी क्रियान्वयन हेतु रविवार को सारंगढ़ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जल जीवन मिशन संचालक जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने की। बैठक में कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, एसडीएम प्रखर चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी रमाशंकर कश्यप, लोक निर्माण विभाग पी एल पैकरा, विद्युत पीसी महानंदा, प्रभारी अधिकारी क्रेडा शिवेंद्र सिंह सहित सभी जनपद सीईओ, विभागीय उप अभियंता, सभी क्रियान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में रिट्रोफिटिंग, सोलर आधारित जल योजनाएं, जल स्रोत की उपलब्धता, खनन संबंधी मुद्दों और जल संरक्षण–स्रोत संवर्धन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई और ठेकेदार कावेरी तेलंगाना संस्था ने जानकारी दी कि पहले 90 प्रतिशत काम हुआ था, जो मार्च में बह गया। इस पर संचालक ने खूब डांटा और सख्त निर्देश दिए कि कोई बहाना नहीं चलेगा, कार्य गुणवत्ता के साथ दिसम्बर 2025 तक सभी ठेकेदारों को सभी कार्य पूर्ण करना होगा, नहीं तो जुर्माना देना होगा। कावेरी तेलंगाना फर्म के ठेकेदार ने 5 और 25 नवंबर तक कार्य पूर्ण करने की सहमति दी। जिले में चल रहे जेजेएम कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संचालक शुक्ला ने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके अंतर्गत हर ग्रामीण परिवार को नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना लक्ष्य है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन योजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करें और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने, पानी टंकी निर्माण, गृह संयोजन की स्थिति तथा परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तार से समीक्षा की

उन्होंने हर घर जल योजना अंतर्गत जितने ग्राम पंचायतों में जल प्रदाय का कार्य प्रारम्भ हो चुका है उसे पंचायतों को हैंड ओवर करने के निर्देश दिए। इसी तरह संचालक ने विद्युत संयोजन के लिए जिन ग्राम पंचायतों में डिमांड नोट प्राप्त नहीं हुआ है वहां तत्काल डिमांड नोट प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। जल जीवन मिशन अंतर्गत टंकी निर्माण अप्रारम्भ होने वाले ग्रामों में कारणों की समीक्षा करते हुए उनकी शीघ्र समाधान कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह जिले के 3 समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत , साराडीह, कलमा और मिरोनी बैराज से 255 गांवों में पानी पहुंचेगी जिसे दिसम्बर माह तक पूर्ण करने कहा गया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण हों और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि एजेंसियां गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए कार्य की निगरानी करें और आवश्यकतानुसार ठेकेदारों का मार्गदर्शन करें। बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिले में संचालक शुक्ला को उनके निर्देशन में कार्य पूर्ण कराने की बात कही।

# कन्या माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर को शासन ने दलगजन माध्यमिक विद्यालय में किया मर्ज ,नगर वासियों ने किया विरोध

◆जिला के अधिकारियों द्वारा तथ्यों को नजर अंदाज कर आदेश जारी किया गया

◆नगर वासियों की मांग आदेश तत्काल निरस्त किया जाए



**फिंगेश्वर ,** 22 जून(देशबंधु) ।शासन द्वारा युक्ति युक्ति कारण के तहत प्रदेश में शिक्षकों की कमी शासकीय संस्थाओं में बच्चों के दर्ज संख्या में कमी को देखते हुए शासकीय स्कूलों को मर्ज कर व्यवस्था सुधारने का प्रयास किया जा रहा है इस प्रयास में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा फिंगेश्वर की कन्या शाला को शासकीय बॉयस हाई स्कूल मैं मर्ज करने का आदेश बिना किसी जन भागीदारी समिति एवं नगर के वरिष्ठ शासन पक्ष के पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिए बिना कर दिया गए, का विरोध नगर विकास समिति के पदाधिकारी शासकीय कन्या स्कूल जनभागीदारी समिति नगर अध्यक्ष एवं पार्षद गन नगर के समस्त पत्रकार साथियों एवं संभ्रांत नागरिकों पलकगण द्वारा आदेश को लेकर आक्रोश और विरोध किया जा रहा है शिक्षा

विभाग के अधिकारियों को तत्काल आदेश निरस्त करने की मांग की जा रही है, इस संबंध में आज स्थानीय विश्राम ग्रीह में क्षेत्र के विधायक माननीय रोहित साहू जी को पूरे मामले से अवगत कराया गया विधायक श्री साहू ने सभी शिक्षकों पलकों एवं नगर वासियों को आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि पूर्ण रूप से प्रयास में लगा हूं आप लोग निश्चिंत रहें बच्चों के हित में नगर के हित में निर्णय करने का प्रयास करूंगा बैठक में आसपास क्षेत्र से शिक्षिकाओं ने भी युक्ति युक्ति कारण के तहत उनका हस्तांतरण देवभोग किए जाने से महिला होने के नाते पारिवारिक गतिविधियों एवं परेशानियों के चलते 200 किलोमीटर दूर स्थानांतरण पर रोक लगाने की विधायक महोदय से की गई जामगांव फिंगेश्वर, ज्ञात हो की फिंगेश्वर विकासखंड से लगभग 24 शिक्षिकाओं का स्थानांतरण देवभोग किया गया है शासकीय कन्या विद्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार छात्राओं की दर्ज संख्या 425 है एवं ठाकुर दलगजन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की दर्ज संख्या 215 है जहां छात्र अध्यनरत है दोनों ही विद्यालय में अध्यनरत छात्र–छात्राओं की संख्या अपने आप में पर्याप्त है ।

## करें योग रहे निरोग योग से सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार : योग गुरू पंचराम साहू



सिमगा , 22 जून (देशबन्धु)। अंतर्राष्टीय योग दिवस पर विभिन्न शासकीय संस्थानों सहित सार्वजनिक स्थानों पर योग के साथ ही पौधा रोपण किया गया ।आज अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर सिमगा के सांस्कृतिक भवन में प्रात: 7 बजे जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास योग गुरु पंचराम साहू के द्वारा योग विभिन्न आसन कराया गया तथा उसके लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं ।हमें प्रतिदिन प्रात: योगाभ्यास करना चाहिए ।

इस अवसर पर भाजपा मडंल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर पार्षद रूझून सोनकर परदेशी सोनकर विष्णु जायसवाल एसडीएम अंशुल वर्मा सीएमओ दुलेश्वर सार्वा सी ई ओ अमित दुबे परीक्षित चतुर्वेदी अभिजीत अवस्थी नीरज शर्मा योगेश ताम्रकार परस पाटकर माया सलूजा जितेंद्र भोसले सहित नगरपालिका के कर्मचारी उपस्थित थे ।

## प्रधान पाठक संघ की बैठक आयोजित

**बिलाईगढ़** 22जून(देशबंधु)। विकासखंड बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के नगर पंचायत भटगांव में प्रधान पाठक संघ ब्लाक बिलाईगढ़ की अति आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें युक्तियुक्तकरण सहित अन्य विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया गया।



प्राप्त जानकारी अनुसार संघ के ब्लाक अध्यक्ष यादराम हिरवानी के सामाजिक आंदोलन के चलते जेल यात्रा और पिछले पांच साल से ग्राम पंचायत छपोरा के सरपंच प्रतिनिधि की कार्य करने से संगठन की कार्य में तेजी नहीं आए थे। जिसके चलते ब्लाक से जिला तक विभिन्न मुद्दों को लेकर कोई ठोस और सार्थक पहल नहीं हो पा रहे थे। और अन्य संगठन ने अपने अपने स्तर से जो कार्य किए थे। उनसे हमारे टिम संतुष्ट नहीं थे। लेकिन अब पुन: संगठन एकजुट होकर कार्य करने के लिए हामी भरी है। आज की बैठक में युक्तियुक्तकरण में प्रधान पाठक के साथ साथ अन्य प्रभावित होने वाले शिक्षक साथियों के लिए काम करने तैयारी शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही सहायक शिक्षक साथियों की वेतन विसंगति,दस साल सेवा करने वाले को प्रथम क्रमोन्नति, लंबित महंगाई भत्ते, खुली स्थानांतरण नीति, माननीय उच्च न्यायालय में लंबित मामलों को शीघ्र निराकरण करने तथा अन्य मुद्दों को लेकर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं को अवगत कराने यदि जायज मांगे नहीं मानने पर अभ्यावेदन के बाद माननीय उच्च न्यायालय के शरण में जाकर अपनी मांग को पूर्ण करने पर विस्तार से चर्चा किया गया। आज को बैठक में प्रमुख रूप से, रामशरण केशरवानी, प्रसन्न चंद्रा, दिनेश कुमार डहरिया, चौथ राम केवट, संजीव कुमार जायसवाल, देवप्रसाद दुबे, केशव प्रसाद तांडेल, बूढ़ेश्वर प्रसाद साहू ,महेंद्र कुमार साहू , भारत भूषण साहू , नरेंद्र कुमार साहू , परमेश्वर वैश्णव , श्यामलाल सिदार , देवीचरण जायसवाल, खगेश यादव, राजकुमार वर्मा, जनकराम माझी ,चेतन चन्द्रा, संतोष सिंह सरदार, टीकाराम साहू, गेंदालाल अमलीवार, कपील नाथ केशरवानी,श्रीमती सुप्रिया यादव, कृष्णा जायसवाल, उमा केवट , श्रीमती सीमा पाण्डेय, श्रीमती पदमा तांडेल, शकुंतला जायसवाल सहित सैकडो की संख्या में प्रधान पाठक साथी उपस्थित थे।

## जनपद पंचायत पलारी का सभापति का चुनाव निर्विरोध संपन्न

पलारी 22 जून (देशबन्धु)जनपद पंचायत पलारी का सभापति का चुनाव निर्विरोध सपन्न हुआ जिनके पश्चात सभी सदस्य गण पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से भेंट करने पहुँचे जिसमे जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी यशवर्द्धन मोनू वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष संडी महेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष पलारी पवन वर्मा, अध्यक्ष रोहासी विजय कोसले सहित सेकड़ो की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे, चुनाव सम्पन्न करने के लिए पीठासीन अधिकारी के रूप मे एस डी एम पलारी दीपक निकुंज उपस्थित रहे, तहसीलदार पलारी लीलाधर कंवर, सी ई ओ जनपद पंचायत पलारी पन्नालाल ध्रुवे की उपस्थिति में निर्वाचन की प्रकिया संपन्न हुआ। जिसमे सभापति निर्वाचित हुए सामान्य प्रशासन जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, शिक्षा विभाग जनपद उपाध्यक्ष अघनी बाई (मनोज आडिल), कृषि विभाग मंजू हीरादास रात्रे , सूचना प्रधोगिकी नीलिमा चरण दास कोशले, खेल एवं युवा कल्याण विभाग चंद्रप्रभा (पुनाराम साहू), संचार तथा संकर्म



जनार्दन वर्मा, सहकारी और उद्योग विभाग उमेश यदु, स्वच्छता समिति जामवंती नीलकमल साहू, वन विभाग अश्वनी रजक, महिला बाल विकास टिकेश्वरी नरेश वर्मा, विद्युत समिति लालिमा डहरिया निर्वाचन हुए तथा समिती के सदस्य बने अनुसूईया मोकेश चंद्राकर, राम बाबू पटेल, कृष्णा आजाद, नम्रता राजेश ध्रुव टेकेश्वरी साहू, चन्द्रकुमार पैकरा सरोज विनय साहू, ईश्वरी बांधे बने।

## योग दिवस मनाया गया

**पलारी** 22 जून (देशबन्धु)आज 11वा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस च्शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला देवसुंद्रा में कराया गया ,जिसमें प्रोटोकॉल में विभिन्न योगाभ्यास, सूक्ष्म व्यायाम,ताड़ासन, वृक्षासन, कोणासन,त्रिकोणासन, पवनमुक्तासन, अनुलोम विलोम,भ्रामरी,शीतली प्राणायाम का अभ्यास श्री चतुर साहू के द्वारा ,कराया गया ,कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम के सरपंच अभिराम साहू उपसरपंच वरुण वर्मा शाला प्रबंधक अध्यक्ष बालमुकुंद यादव प्राधिकृत अधिकारी हुलास वर्मा आर के वर्मा देवचरण साहू टिकिशवरी वर्मा ,तीजमती धीवर,कुंती साहू ,ईश्वर साहू सचिव - पुरुषोत्तम वर्मा रोजगार सहायक - सत्यध्रुव,जनपद प्रतिनिधि कोमल साहू शाला परिवार एवं आंगन बाड़ी के समस्त शिक्षक,शिक्षिकाएं,एवं शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय के चिकित्सा अधिकारी श्री मति उत्तराखंडेल जी द्वारा 5 दिनों से योगाभ्यास ग्राम देवसुंद्रा में कराया गया।

## निधन

### श्रीमती शकुंतला कुशवाहा

महासमुंद 22 जून (देशबंधु)। स्थानीय क्लब पारा वार्ड नंबर 26 निवासी श्रीमती शकुंतला कुशवाहा 59 वर्ष का आकस्मिक



निधन 22 जून को हो गया । अंतिम संस्कार 23 जून को सुबह 10 बजे भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे जिला आबकारी विभाग में कार्यरत लिपिक राजकुमार कुशवाहा, लालू कुशवाहा, नीतू कुशवाहा, माला कुशवाहा की मां थी।

### शिवबती सेन

अर्जुनी/बलौदाबाजार, 22 जून। अर्जुनी निवासी श्यामलाल सेन(सेवानिवृत्त पोस्टमेन) के धर्मपत्नी शिवबती सेन का आकस्मिक निधन 22 जून को हो गया है। उनका अंत्येष्टि कार्यक्रम



स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे टिकेश्वर सेन की मां एवं अरुण सेन, मिथलेश सेन पत्रकार की भाभी थी।

### श्रीमति बिमला बाई पांडेय

बेमेतरा,परपोड़ी 22 जून (देशबंधु)। (मुंगवाय)निवासी श्रीमति बिमला



बाई पांडेय धर्म पत्नि स्व अम्बिका प्रसाद पाण्डेय (उम्र 90 )का आज सुबह 6–30 बजे एम्स हॉस्पिटल रायपुर में निधन हो गया। वो अश्वनी पाण्डेय पूर्व क्क्स्क्ककर्मचारी की मां, उमेश,भारतेंदु की दादी एवं राजेश, ऋतुराज की बड़ी मां थी ।उनकी अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्ति धाम दुर्ग में।

# आज भारत के प्रधानमंत्री के नाम पर कलेक्टर धमतरी को सौंपेंगे ज्ञापन

◆ पेंशन भोगियों को आठवीं केंद्रीय वेतन आयोग का लाभ दे सरकार



मगरलोड , 22 जून (देशबन्धु)। पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला धमतरी के अध्यक्ष होरीलाल साहू ने बताया कि पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला धमतरी तथा छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा नगरी एवं अन्य पेंशन संगठनों के द्वारा भारत के प्रधानमंत्री के नाम पर कलेक्टर धमतरी को ज्ञापन दिया जाएगा जिसमें पेंशन भोगियों को आठवीं केंद्रीय वेतन आयोग का लाभ नहीं मिलने के संबंध में जानकारी दिया कि केंद्र सरकार के द्वारा 25 मार्च 2025 को लोकसभा में केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन नियमों के सत्यापन के संबंध में एक विधेयक पारित किया गया है उपरोक्त सत्यापन विधयक के अनुसार पेंशन नियमों के प्रति पूर्वाग्रह के बिना भारत सरकार पेंशन भोगियों के बीच उनकी सेवा नियुक्त यों के आधार पर कुछ भेद स्थापित करने का अधिकार है यह नया कानून मौजूद ओ पी एस पेंशन भोगियों के हितों के विरुद्ध है पेंशन भोगियों को आठवीं केंद्रीय वेतनमान आयोग 2026 की सिफारिश का कोई लाभ नहीं मिल सकता इस प्रकार से केंद्र सरकार ने एक अधिनियम पास किया है 2026 के पूर्व जो अधिकारी कर्मचारी सेवानिवृत्ति हुए हैं उन्हें आठवीं वेतन आयोग का लाभ नहीं मिलने वाला इसलिए वेतन आयोग लागू होने के पूर्व इसकी विरोध कर दिनांक 23.6.2025 को पूरे भारत के सभी प्रदेश के जिलों में एक साथ भारत के प्रधानमंत्री के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा ।

## सिर्रीखुर्द मे विश्व योग दिवस पर बच्चों ने किया योगासन

**फिंगेश्वर,** 22 जून (देशबन्धु)। आज 21 जून को 11वां अंतर्राष्टीय योग दिवस मनाया जा रहा है, जिसका थीम है च्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगज्ज। देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें आम लोग, नेता और अधिकारी शामिल हो रहे हैं।

यह आयोजन योग को बढ़ावा देने और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।इसी तारतम्य मे प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला सिर्रीखुर्द के संयुक्त तत्वावधान मे योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम मे सरपंच उपसरपंच सचिव 150 छात्र छात्राएं 6 शिक्षक 30 ग्रामीण जन के साथ 190 लोगों ने एक साथ योगासन किया।

# स्वस्थ तन में बसता है स्वस्थ मन

**तिल्दा नेवरा,** 22 जून (देशबन्धु)। आयुष्मान आरोग्य मंदिर ग्राम दामाखेड़ा के प्राइमरी स्कूल के प्रांगण में प्रभारी डॉक्टर अनीता चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय योग शिविर आयोजन 17 जून से 21 जून ग्यारहवां अंतर्राष्टीय योग दिवस के दिन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा कर किया गया आयुष्मान आरोग्य मंदिर दामाखेड़ा के योग प्रशिक्षक पुरुषोत्तम निषाद के द्वारा योगाभ्यास में अंतरराष्टीय दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार अभ्यास करते हुए कहा योग हर आयु वर्ग के लिए बेहद महत्वपूर्ण अभ्यास है जो शरीर मन और आत्मा



को संतुलित रखने में मदद करता है स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन बसता है ।योग को अपने जीवन में दैनिक अंग बनाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रमुख सरपंच कमलेश साहू ने कहा की योग हमारे भारत की दुनिया को एक बहुमूल्य विरासत है इसको हमें सहेज कर रखना है। हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य श्री संजय कुमार श्रीवास्तव के द्वारा योग के संबंध में विचार व्यक्त कर योग दिवस की बधाई दी एवं औषधि पौधों का वितरण किया गया । कार्यक्रम में संकुल दामाखेड़ा के प्रधान पाठक संतोष कुमार सोनी, परमानंद ठाकुर सहित अधिकारी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अधिक संख्या में छात्र–छात्राओं एवं गांव के सम्माननीय वरिष्ठ नागरिकों का सराहणीय उपस्थित रहा।

## प्रादेशिकी का शेष...

**केंद्र से छग में डीएपी की सप्लाई...**

चंद्राकर ने कहा कि सोसायटी में नहीं मिलने वाले डीएपी खाद कृषि केंद्रों में महंगे दाम पर बिक रही है। कई दुकानों में किसानों को लादन थमाया जा रहा है। सोसाइटियों में डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके खाद उपलब्ध है, लेकिन यह खाद डीएपी की तुलना में काफी महंगी है। सवाल यह उठता है कि जब सहकारी समितियों में डीएपी खाद नहीं पहुँच रही तो निजी कृषि केंद्रों में डीएपी का भरपूर स्टाक कैसे पहुंच रहा है। समितियों में डीएपी का मूल्य 1350 रुपए निर्धारित है। यह खाद कृषि केंद्रों में 1700 से 1800 रूपए तक बिक रही है। इसके अलावा डीएपी लेने वाले किसानों को लादन थमाया जा रहा है। लादन नहीं लेने पर उन्हें डीएपी भी नहीं दिया जा रहा।

**ज्वेलरी शॉप से दिनदहाड...**

नहीं हो पाई है। दुकान मालिक ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई । पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। लेकिन चोर उनकी पहुंच से दूर हो गया।

**बीटीआई रोड चौड़ीकरण...**

निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य की गति काफी धीमी है। इसमें तीव्रता लाई जाए। उल्लेखनीय है कि बरोंडा चौक से कलेक्टर निवास तक मार्ग चौड़ीकरण व बड़ी नाली का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांचने नपाध्यक्ष श्री साहू समय समय पर निरीक्षण कर रहे है।

**लापता बुजुर्ग को पुलिस...**

सूझबूझ के चलते लापता बुजुर्ग श्री शर्मा को सकुशल खोज निकाला गया। उन्हें पुलिस टीम द्वारा परिजनों को सौंपा गया। परिजनों ने धमतरी पुलिस का आभार व्यक्त किया।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा आमजन से अपील की गई है कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने आस-पास किसी बुजुर्ग या मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति को अकेले भटकते हुए देखे तो तुरंत नजदीकी थाना या डायल 112 या 100 नंबर पर सूचना दें। धमतरी पुलिस नागरिकों की सुरक्षा हेतु हमेशा तत्पर है।

## दतान स्कूल में योगाभ्यास

**पलारी** 22 जून (देशबन्धु) विकास खंड पलारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास



किया गया व्याख्याता डॉ कोमल वैष्णव और श्रीमती पूजा जायसवाल ने उपस्थित छात्र छात्राओं और शिक्षकों को योग सिखाया और उनके महत्व को बताया उत्तम स्वास्थ्य के लिए भागदौड़ भरी जिंदगी में योग करना अत्यावश्यक है अनुलोम-विलोम प्राणायाम कपालभाति वृक्षासन ताड़ासन शशकासन शवासन वज्रासन आदि योग को विशेष रूप से बताया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद प्रतिनिधि नीलकमल साहू व्याख्याता डॉ कोमल वैष्णव अरविंद ध्रुव रविशंकर साहू रश्मि ठाकुर महेश्वरी वर्मा योगेश्वरी धुरंधर गीता श्रेय पूजा जायसवाल प्रकाशचंद धेनु सेवक आदि उपस्थित थे।

# बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट के वाहनों पर लगेगा जुर्माना

**गरियाबंद ,** 22 जून (देशबन्धु)। शासन द्वारा 01 अप्रेल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया है। लोगों को पूर्व में भी नए नंबर प्लेट बनवाने के लिए जागरूक किया गया था। साथ ही अभियान चला कर शिविर भी लगाया गया था। शासन के निर्देशानुसार बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट के वाहनों पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसी तारतम्य में लोगों को नंबर प्लेट बनवाने का और सहूलियत देते हुए परिवहन कार्यालय गरियाबंद द्वारा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 23 जून 2025 से 27 जून तक जिले के 7 जगहों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर पंचायत भवन कोपरा, जनपद पंचायत भवन गरियाबंद, जनपद पंचायत भवन फिंगेश्वर, जनपद पंचायत भवन छुरा, जनपद पंचायत भवन देवभोग, जनपद पंचायत भवन मैनपुर एवं नगर पंचायत भवन राजिम में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आवेदक को अपने साथ आवश्यक दस्तावेज के रूप में अपना आधार कार्ड, वाहन की आर.सी. बुक एवं मोबाईल नंबर के साथ पंजीयन करा सकते है। इसके अतिरिक्त एक हेल्पलाईन नंबर 9981329779 जारी किया गया है, जिसके माध्यम से एचएसआरपी हेतु आवेदन से संबंधित अथवा मोबाईल नंबर अपडेशन की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। —

# अरसी कन्हार एवं बुड़ेनी-हसदा में ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को दिलाई गई नशा से दूर रहने की शपथ

## 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' के तहत धमतरी पुलिस का जागरूकता अभियान लगातार जारी



**धमतरी,** 22 जून (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में धमतरी जिले में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 21 जून को थाना मेचका एवं पुलिस चौकी करेलीबड़ी की टीमों ने अलग-अलग ग्रामों में जाकर प्रभावी कार्यक्रम आयोजित किए।

सुदूर वनांचल ग्राम अरसी कन्हार में नशामुक्ति के संबंध में आयोजित इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी मेचका द्वारा ग्रामीणों को नशा के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए बताया कि नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की शक्ति को नष्ट कर देता है, यह स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है, जिससे हृदय, यकृत और मस्तिष्क जैसे महत्वपूर्ण अंग प्रभावित होते हैं, नशे की लत पारिवारिक और सामाजिक जीवन को नष्ट कर देती है, साथ ही अपराध व हिंसा की प्रवृत्ति को बढ़ावा देती है, युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बनाते हुए उन्हें बेरोजगारी, अपराध और आत्महत्या की ओर धकेलती है।

**साइबर अपराध से बचाव की भी दी गई महत्वपूर्ण जानकारी**

इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को नशे से हमेशा दूर रहने की सामूहिक शपथ दिलाई गई और उन्हें सकारात्मक जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। दूसरा कार्यक्रम ग्राम पंचायत बुडेनी एवं हसदा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ, जहां पुलिस चौकी करेलीबड़ी की टीम ने स्कूली छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित किया।

कार्यक्रम में छात्रों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही उन्हें साइबर अपराध जैसे-फेक कॉल, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग और फर्जी नौकरी/लॉटरी जैसे ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को नशा से दूर रहने और समाज में इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। धमतरी पुलिस का यह अभियान न केवल नशा मुक्ति की दिशा में एक सकारात्मक पहल है, बल्कि साइबर अपराधों से सतर्क रहने हेतु समाज को सजग करने का भी प्रयास है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम जिले के अन्य ग्रामों में भी सतत रूप से जारी रहेंगे। एक नशामुक्त, सुरक्षित और स्वस्थ समाज की दिशा में धमतरी पुलिस सदैव प्रतिबद्ध है।

# ग्राम रावन में 300 से अधिक ने किया सामूहिक योगाभ्यास



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 22 जून (देशबन्धु)। ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर अंचल में सभी गांवों के स्कूलों सहित शासकीय सेनानी उच्च माध्य विद्यालय गौरव ग्राम रावन के प्रॉंगण में विशेष तैयारी के साथ सामुहिक योगाभ्यास आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ.रितु रानी वर्मा के मार्गदर्शन में योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा द्वारा अभ्यास कराते हुए कहा कि योग करने से कई बीमारियों को दूर किया जा सकता है। जिनमें तनाव, चिंता, अवसाद, हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया, और पाचन संबंधी समस्याएं शामिल हैं। योग मांसपेशियों को मजबूत और लचीला बनाता है, शरीर को संतुलित करता है, और रक्त परिसंचरण में सुधार करता है।

कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच अमर सिंह नेताम, उपसरपंच टाकेश्वर वर्मा, पंच चंद्रदेव वर्मा सचिव नरसिंह वर्मा, प्रभारी प्राचार्य योगेंद्र वर्मा, मनराखन ध्रुव, कल्याणी वर्मा, कुलेश्वर वर्मा, त्रिलोचन वर्मा, नरेश धुरंधर विजय वर्मा, प्रीतम यादव, ललित रूसिया, रिम्पी स्वर्णाकार, निलेश्वर वर्मा, रामगोपल, देवलाल चेलक, चंचल, श्रवण, पंच पुरुषोत्तम, डागेश्वरी वर्मा, कीर्ति लहरी, ममता वर्मा, गायत्री ध्रुव, टिकेश्वर नेताम कोटवार, त्रिलोक दास मानिकपुरी, शत्रुघ्न यादव, राधेश्याम वर्मा, प्रधानाचार्य दंतेश्वरी बघेल, के आर बघेल, उमा वर्मा दुर्गा वर्मा, नीमा वर्मा, अनिता, दुलेश्वरी, पुष्पा, हर्षिता, सरिता, केंवरा वर्मा, दशोदा वर्मा और चांदनी सहित तीन सौ से अधिक लोगों ने योगाभ्यास किया। सभी ने एक साथ ताड़ासान, भद्रासान, दंडासान, भुजंगासन, उष्ट्रासन, कटि चक्रासन, हास्यासन, शीतली नाड़ी शोधन, भ्रामरी, प्राणायाम, शवासन सहित आसनों का अभ्यास बारिकियों से किया तत्पश्चात प्रतिदिन अभ्यास करने का शपथ ली। स्कूली छात्र, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, मितानिन, विहान योजना, मध्यान्ह भोजन समिति, स्वास्थ्य विभाग और सरस्वती शिशु मंदिर, ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिवार सहित सभी ने योगाभ्यास किया।

# राशन दुकान के बाहर हितग्राहियों का हंगामा, पुलिस के आने के बाद हुए शांत



**गरियाबंद,** 22 जून (देशबन्धु)। नगर के वॉर्ड क्रमांक तीन में स्थित राशन दुकान में रविवार सुबह हितग्राहियों ने अचानक हंगामा कर दिया। शासन द्वारा मानसून को देखते हुए एक साथ तीन माह का राशन देने के निर्देश जारी किए है। इसके चलते यहां सुबह से ही हितग्राहियों की कतार लगी थी। लेकिन राशन वितरण के लिए बनाए गए नए मशीनी सिस्टम के चलते वितरण व्यवस्था ठप्प हो गई है। घंटो इंतजार करने के बाद हितग्राहियों का गुस्सा भड़क उठा और नाराज हितग्राहियों जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। सेल्समेन ने गेट पहले से ही गेट बंद कर रखा था। नारेबाजी शुरू होने के बाद आनन फानन जैसे गेट खुला तो हितग्राहियों ने राशन दुकान को घेर दिया। गेट खोलते ही ऐसे दौड़ लगाई जैसे बहुत बड़ी घटना या हमला हो गया हो। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने हितग्राहियों को शांत कराया।

मामले में सेल्समेन रमेश निर्मलकर ने बताया कि राशन वितरन के उपयोग में लाए नए मशीन सिस्टम के कारण वितरण में विलम्ब हो रहा है। एक हितग्राही को राशन देने के लिए 2 से 3 बार ओटीपी दर्ज करना पड़ रहा है, जिससे आधे घंटे से अधिक का समय लग जाता है। दिन में केवल 20 से 22 कार्डधारियों को ही राशन से पा रहे है। शासन प्रशासन को जल्द निराकरण करना चाहिए। हितग्राहियों का कहना है कि वे गरीब परिवार से है। रोजी रोटी में जाना होता है। घंटो राशन दूकान में लाइन लगने से समय बर्बाद होता है। जल्द से व्यवस्था में सुधार करना चाहिए।

# सुपर 40 नि:शुल्क कोचिंग संस्था बागबाहरा ने फिर किया धमाल



**बागबाहरा,** 22 जून (देशबन्धु)। सुपर 40 संस्था बागबाहरा, जो नि:शुल्क कोचिंग के माध्यम से विकासखंड बागबाहरा के ग्रामीण प्रतिभाओं जिनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के नवोदय एवं प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को तैयार करती है, ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। वर्ष 2018-19 से अब तक 300 से अधिक बच्चों का चयन संस्था द्वारा प्रत्यक्ष करवाया गया है। इस वर्ष 34 होनहार छात्रों ने प्रयास विद्यालय और 11 छात्रों ने इस वर्ष नवोदय की प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के बदौलत अपना स्थान बनाया है

इस वर्ष चयनित छात्रों की सूची-प्रियंका साहू, राजीव साहू, आयुष कुर्रे, ईशांत साहू, ओमकार सेन, तनिष्ठा साहू, डी. स्वास्तिक, देवेंद्र पटेल, यामेश पटेल, फ़नीष साहू, , तुषार साहू, राहुल शबर, भूमिका दीवान, मनीष दीवान, कुमकुम घृतलहरे, शौभाग्या पांडे, रूखमणी ठाकुर, निवेश तांडे, गौरव कुमार दीवान, काजल दीवान, टोमिन साहू, गरिमा दीवान, चेमेश दीवान, तन्मय ठाकुर, भावना तांडी, चिराग साहू, खिलेश सुरमनी, आलिया भारद्वाज, भूमिका पटेल, खुशी साहू, प्रियमराज पटेल, वेदप्रकाश साहू, छाया बघेल, नीलम ध्रुव। नवोदय में प्रतीक्षा सूची से दिव्या चंद्राकर और जीवेश साहू का चयन हुआ है।सेवा, समर्पण और त्याग से अपनी बलवती इरादों को अंजाम दे रहे सेवाभावी शिक्षकों का समर्पण परिणाम दे रहा है।

**प्रयास परीक्षा में 34 बच्चों ने मारी बाज़ी, नवोदय में 11 बच्चों का इस साल हुआ है चयन**

संस्था का सामुदायिक योगदान और प्रशासनिक समर्थन भी उल्लेखनीय रहा। बच्चो की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, रेखराज शर्मा डी एम सी महासमुंद, विकासखंड शिक्षा अधिकारी के के वर्मा, रामता मन्नाडे एबीईओ व भूपेश्वरी साहू बीआरसी, संकुल समन्वयको ने निरंतर सफलता को सराहा और कहा कि यह पहल विकासखंड व जिले के लिए प्रेरणास्पद है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि संस्था इसी तरह अपनी गुणवत्ता बनाए रखेगी, उन्होंने इस पुनीत कार्य की प्रशंसा करते हुए सभी शिक्षकों एवं संयोजकों को धन्यवाद दिया और इस कार्यक्रम को नियमित रूप से जारी रखने की प्रेरणा दी। इस तरह की गतिविधियाँ स्थानीय छात्रों को प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए बेहतर तरीके से तैयार करती हैं।

बच्चों की इस उपलब्धि पर संयोजक हीरासिंग नायक प्राचार्य सेजेस कोमाखान सहित शिक्षण टीम — कुलदीप साहू, अनिल कुमार चक्रधारी, केदारनाथ साहू, धीरज तिवारी, रश्मि शर्मा, जगदेव साहू, धनेश्वर साहू, सुभाष चंद्राकर, योगेंद्र चंद्राकर, महादेव देवांगन, छोटू निषाद, अश्वनी दीवान, लोकनाथ रैदास, राजेंद्र साहू, दौलत दीवान, रहमान खान और अन्य सहयोगी शिक्षकों ने विद्यार्थियों और उनके पालकों को शुभकामनाएं देते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सुपर 40 संस्था बागबाहरा की रविवार की निश्शुल्क कक्षाएँ और समर्पित प्रयास शिक्षा को प्रतिस्पर्धात्मक तैयारी में उत्कृष्ट सहायता देते रहे हैं। यह निरंतर प्राप्त होती सफलता संस्था, छात्रों और पूरे समुदाय के लिए गर्व का विषय है।

# पटना में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय बैठक संपन्न




**नवापारा राजिम,** 22 जून (देशबन्धु)। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा (नई दिल्ली) की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक एवं आमसभा का भव्य आयोजन बिहार की राजधानी पटना में संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेशभर से साहू समाज के पदाधिकारी एवं समाज के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता महाराष्ट्र सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री जयदत्त क्षीरसागर जी ने की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीसाहू ने कहा कि अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक प्रगति का सशक्त मंच है। उन्होंने सामाजिक एकता पर बल देते हुए आगामी जातिगत जनगणना पर जाति के कालम में तेली लिखने के लिए प्रदेश के समस्त अध्यक्षों को सामाजिक जनों के बीच जागरूक करने का आह्वान किया। बैठक में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक समावेशिता, संगठन की रणनीतियाँ और राजनीतिक सहभागिता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का समापन एकता, समानता और प्रगति के संकल्प के साथ हुआ, जो समाज के लिए संवाद और दिशा दोनों का संकेत बना।

**छग प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल साहू सहित पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू भी हुए शामिल**

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव रामलाल गुप्ता, छग प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ एवं कसडोल विधायक संदीप साहू, अरुण भाष्मे, पूर्व सांसद संगम साहू, राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं डीन डॉ. नारायण साहू, पूर्व विधायक डा सियाराम साहू, प्रीतम साहू, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ममता साहू, रामगोपाल साहू, प्रदेश कार्यकारी संयोजक विष्णु राम साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक पवन साहू, स्वाति साहू सहित विभिन्न प्रदेश से आए साहू समाज के प्रदेश अध्यक्षगण, राष्ट्रीय पदाधिकारी सहित समाज के वरिष्ठ जन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ रामधुनी महासंघ के जिला अध्यक्ष गुहा राम साहू नवागांव, उपाध्यक्ष राम चंद्र ध्रुव आलेखूंटा चुने गए



**नवापारा राजिम,** 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रामधुनि महासंघ के निर्देशानुशार जिला स्तर पर जिला रामधुनि महासंघ का वार्षिक अधिवेशन एवं समस्त पदाधिकारियों का मनोनयन एवं छत्तीसगढ़ रामधुनि महासंघ के लिए प्रत्येक जिला से उपाध्यक्ष एवं सलाहकार के पद के लिए राम भक्तो का नाम प्रेषित किया जाना था जिसमें जिला रामधुनि संघ रायपुर का दिनांक - 21/06/2025 दिन - शनिवार को एक दिवसीय बैठक ग्राम संकरी (अभनपुर) में सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष - गुहा राम साहू, नवागाँव, उपाध्यक्ष राम चंद्र ध्रुव, आलेखुटा, कोषाध्यक्ष आशा राम साहू, चंपारण, सचिव मोहन साहू (सोना), सोनेसिली, सह सचिव भरत साहू, बिरोदा, संचालक विनोद कुमार साहू, धरमपुरा. संयोजक उमेंद् निर्मलकर, डोंगीतराई, सलाहकार कुमारु राम साहू, डोंगीतराई, उत्तम कुमार साहू, हसदा - 2. संरक्षक रूपलाल निर्मलकर, उरकुरा लोकनाथ धिवर, बेलर, हिरू राम साहू, संकरी कार्यकारिणी सदस्य के रुप मे विनोद कुमार साहू, बिरोदा अश्वनी साहू, चंदनपुर बेलर गौतम चौबे, सरोना, तुलसीराम साहू, चिपरीडीह, घनश्याम साहू, सोनेसिली, प्रदीप साहू, सोनेसिली, महिला प्रकोष्ठ श्रीमति भूमिका साहू, डोंगीतराई समस्त राम भक्तो का जिला स्तर पर उक्त पदों से सुसोभित (मनोनीत) किया गया। एवं छत्तीसगढ़ रामधुनि महासंघ के लिए रायपुर जिला से उपाध्यक्ष एवं सलाहकार के पद के लिए उपाध्यक्ष रू- कुमारु राम साहू, डोंगीतराई उत्तम कुमार साहू, हसदा-2 उक्त राम भक्तो का नाम प्रेषित किया गया। समस्त नव निर्वाचित पदाधिकारीयों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# भाजपा कार्यालय में हुआ योगाभ्यास




**महासमुंद,** 22 जून (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला भाजपा कार्यालय में शहर मण्डल में निवासरत भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ ने योगाचार्य और योग कार्यक्रम के प्रभारी तिलक साव, सह प्रभारी एम आर विश्वनाथन के मार्गदर्शन में योग की विभिन्न विधाओं से सम्बंधित योगाभ्यास किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपस्थित जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2014 में जब केंद्र की सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की सरकार सत्ता में आई तब से मानव समाज के स्वास्थ्य और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति केंद्र की सरकार ने ऐतहासिक जनजागरण की योजनाएं बनाकर कार्य किया है। मोदी जी की पहल पर स्वच्छ भारत अभियान और विश्वपटल पर योग के महत्व को पूरे विश्व ने स्वीकार किया और अपनाया है। प्रदीप ने सभी से अपील करते हुए कहा कि योगाभ्यास का दिन साल में एक बार हो ऐसा नही है, स्वस्थ जीवन और निरोगी काया के लिए हम सभी को योग की विधाओं को प्रतिदिन अपने दैनिक दिनचर्या में अपनाना होगा। योग शिक्षक तिलक साव ने योगासन के आवश्यक विधाओं और उससे होने वाले लाभ के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए विभिन्न आसनों के माध्यम से योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका क्षेत्र वासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का बधाई दिए हर व्यक्ति हर दिन कम से कम आधा घंटा योग करना चाहिए। संचालन एम आर विश्वनाथन और आभार प्रदर्शन पूर्व महामंत्री प्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर, मण्डल पदाधिकारी मुन्ना साहू, राजू चंद्राकर, मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, अरविंद प्रहरे, पार्षद गण. सीता डोंडेकर, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, सोनाधर सोनवानी, शरद मदनकार, पांडुरंग मदनकार, परमानन्द साहू आदि उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर धमतरी पुलिस ने कराया सामूहिक योगाभ्यास



**एसपी के निर्देश पर एएसपी की उपस्थिति में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने किया योगाभ्यास**

**धमतरी,** 22 जून (देशबन्धु)। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा की उपस्थिति में पुलिस लाइन परिसर, धमतरी में योगाभ्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 6 बजे योग प्रशिक्षकों के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान रक्षित निरीक्षक, थाना प्रभारी, उप निरीक्षकगण, प्रधान आरक्षक, आरक्षक सहित पुलिस बल के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को सामूहिक योग अभ्यास कराते हुए विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया।

इस योगाभ्यास सत्र में ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, शवासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, ध्यान योग जैसे अभ्यास शामिल किए गए। योगाभ्यास के दौरान पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन का वातावरण दिखाई दिया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा ने अपने उद्बोधन में कहा योग हमारे जीवन में मानसिक संतुलन, आत्मिक शांति और शारीरिक स्फूर्ति प्रदान करता है। यह न केवल हमारे कार्यक्षमता को बढ़ाता है बल्कि तनाव प्रबंधन में भी अत्यंत सहायक है। पुलिस बल के लिए योग एक जरूरी अभ्यास है जिसे हम सभी को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि पुलिस विभाग में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी अत्यधिक मानसिक और शारीरिक दबाव में कार्य करते हैं, ऐसे में योग उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार हरदिहा साहू समाज के भवन में 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' में आयोजित जिलास्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने के कारण उन्होंने वहीं से संदेश प्रेषित कर सभी पुलिसकर्मियों को विश्व योग दिवस की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि योग हमारी भारतीय परंपरा का अभिन्न अंग है, जिसे अपनाकर हम स्वस्थ शरीर और मजबूत मन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन और भी बेहतर ढंग से कर सकते हैं। इस अवसर पर धमतरी पुलिस के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने योग को अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ एवं सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

धमतरी पुलिस द्वारा आयोजित यह आयोजन 'सामूहिक स्वास्थ्य, मानसिक सुदृढ़ता और आत्मिक संतुलन' की दिशा में एक प्रेरणास्पद पहल के रूप में समाज में एक सकारात्मक संदेश देने वाला साबित हुआ। विदित हो की धमतरी पुलिस लाईन में पूर्व में भी नियमित योगा अभ्यास होता रहा है, आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाईन धमतरी में भव्य योगाभ्यास का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा, उप पुलिस अधीक्षक भावेश साव, रागिनी मिश्रा, मोनिका मरावी, रक्षित निरी दीपक शर्मा, थाना प्रभारी भखारा निरीक्षक लेख राम ठाकुर, निरी(एम) अखिलेश शुक्ला, लक्ष्मी ध्रुव, उनि. उमाकांत तिवारी, बी.आर. सिन्हा सहित जिले के अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी अधिक संख्या में उपस्थित थे।

## वंदे मातरम स्कूल द्वारा लिया गया 'प्रतिदिन योगशाला' का प्रण

21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में वंदे मातरम स्कूल प्रबंधन द्वारा योग शिक्षा ऑनलाइन व ऑफलाइन क्लासेस के माध्यम से अनिवार्य कर दी गई है। इस संदर्भ में वंदे मातरम स्कूल के संचालक सुबोध राठी द्वारा वक्तव्य दिया गया कि हम विद्यार्थियों के शैक्षणिक, मानसिक, शारीरिक एवं व्यवहारिक ज्ञान के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि हम अपने विद्यार्थियों को चहुमुखी प्रतिभा की ओर अग्रसर कर सके द्य इस योग शिक्षा के क्रियान्वयन के लिए वंदेमातरम विद्यालय द्वारा वर्ष भर प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से 6.30 बजे तक की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन योग की कक्षाएं प्रारंभ की जा रही है द्य जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थी अनिवार्य रूप से भाग लेंगे।

आज योग दिवस में विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह के साथ योग दिवस मनाया और इसके साथ ही विश्व शांति और वसुदेव कुटुंबकम की प्रार्थना के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया।

# शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय को शा. ठाकुर दलगजन सिंह उ.मा. विद्यालय मैं मर्ज किए जाने पर नगर वासियों का सख्त विरोध

- जिला के अधिकारियों द्वारा तथ्यों को नजर अंदाज कर आदेश जारी किया गया
- नगर वासियों की मांग आदेश तत्काल निरस्त किया जाए



**फिंगेश्वर,** 22 जून (देशबन्धु)। शासन द्वारा युक्ति युक्ति कारण के तहत प्रदेश में शिक्षकों की कमी शासकीय संस्थाओं में बच्चों के दर्ज संख्या में कमी को देखते हुए शासकीय स्कूलों को मर्ज कर व्यवस्था सुधारने का प्रयास किया जा रहा है इस प्रयास में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा फिंगेश्वर की कन्या शाला को शासकीय बॉयस हाई स्कूल मैं मर्ज करने का आदेश बिना किसी जन भागीदारी समिति एवं नगर के वरिष्ठ शासन पक्ष के पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिए बिना कर दिया गए, का विरोध नगर विकास समिति के पदाधिकारी शासकीय कन्या स्कूल जनभागीदारी समिति नगर अध्यक्ष एवं पार्षद गन नगर के समस्त पत्रकार साथियों एवं संभ्रांत नागरिकों पलक्गण द्वारा आदेश को लेकर आक्रोश और विरोध किया जा रहा है शिक्षा

विभाग के अधिकारियों को तत्काल आदेश निरस्त करने की मांग की जा रही है, इस संबंध में आज स्थानीय विश्राम ग्रीह में क्षेत्र के विधायक माननीय रोहित साहू जी को पूरे मामले से अवगत कराया गया विधायक श्री साहू ने सभी शिक्षकों पलकों एवं नगर वासियों को आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि पूर्ण रूप से प्रयास में लगा हूं आप लोग निश्चिंत रहें बच्चों के हित में नगर के हित में निर्णय करने का प्रयास करूंगा बैठक में आसपास क्षेत्र से शिक्षिकाओं ने भी युक्ति युक्ति कारण के तहत उनका हस्तांतरण देवभोग किए जाने से महिला होने के नाते पारिवारिक गतिविधियों एवं परेशानियों के चलते 200 किलोमीटर दूर स्थानांतरण पर रोक लगाने की विधायक महोदय से की गई जामगांव फिंगेश्वर, ज्ञात हो की फिंगेश्वर विकासखंड से लगभग 24 शिक्षिकाओं का स्थानांतरण देवभोग किया गया है

शासकीय कन्या विद्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार छात्राओं की दर्ज संख्या 425 है एवं ठाकुर दलगजन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की दर्ज संख्या 215 है जहां छात्र अध्यनरत है दोनों ही विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की संख्या अपने आप में पर्याप्त है जो की मर्ज किए जाने के दायरे में नहीं आते विकासखंड स्तरीय समिति द्वारा नियमतह सही आकलन नहीं किए जाने एवं गलत जानकारी उच्च स्तरीय समिति व अधिकारियों को दिए जाने के कारण नियम विपरीत संलग्नीकरण कर दिया गया इस गलत एवं त्रुटि पूर्ण आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाने की मांग नगर वासियों के द्वारा की गई है नगर की ओर से लिए गए निर्णय के अनुसार दोनों ही विद्यालय को यथा स्थिति संचालित करने का आदेश शाशन द्वारा किया जाए ऐसा नहीं किए जाने पर नगर की ओर से छात्राओं के भविष्य को देखते हुए शासन के अधिकारियों के खिलाफ कड़े कदम भी उठाया जा सकेंगे बैठक में विशेष रूप से वरिष्ठ नेता भागवत हरित बिसौहा हरित दीपक श्रीवास मनीष हरित हरिशंकर श्रीवास्तव राजू साहू उपस्थित थे सरपंच संघ अध्यक्ष पत्रकारगण अरेंद्र पहाड़िया जितेंद्र शर्मा महिला मोर्चा से संतोषी श्रीवास्तव खिलेश्वरी साहू पदमा यदु सीमा ठाकुर उपस्थित थे।

# जन सहयोग से कसहीबाहरा मिडिल स्कूल में जूते-मोजे का वितरण

## सामुदायिक सहभागिता से बेहतर विद्यालय बनाना हमारा उद्देश्यः हेमंत



**पिथौरा,** 22 जून (देशबन्धु)। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में जूता वितरण का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत सभी 38 बच्चों को जूता एवं मोजा अतिथियों के करकमलों से प्रदाय किया गया।

उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत कसहीबाहरा के सरपंच खेदूराम पटेल थे। अध्यक्षता संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप सरपंच रेवाराम पटेल तथा जनपद सदस्य प्रतिनिधि विष्णु पुन्नी बाई साहू ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दी।

मुख्य अतिथि खेदूराम पटेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वे केवल अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें।नियमित स्कूल आएं। विद्यालय की जो भी जरूरतें है उसकी पूर्ति ग्राम पंचायत व सामुदायिक सहभागिता से पूर्ति की जाएगी।

संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने कहा कि कसहीबहारा विद्यालय का नाम रचनात्मक कार्यों के कारण न सिर्फ विकासखंड बल्कि जिला व प्रदेश स्तर पर रोशन हुआ है। चेस इन स्कूल्स के तहत ऑल इंडिया चेस फेडरेशन से पंजीकृत होकर इस विद्यालय ने शतरंज के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। हेमंत ने आगे कहा कि उनका एकमात्र ध्येय शिक्षा में गुणवत्ता के साथ - साथ विद्यालय को सामुदायिक सहभागिता से बेहतर बनाना है। उनकी इस पहल को लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। विद्यालय परिसर का समतलीकरण का कार्य भी ग्रामपंचायत व समुदाय के सहयोग से यथाशीघ्र किया जायेगा। विद्यालय में संपन्न शाला गणवेश वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी जाम सिंह दीवान ने भी गत वर्ष के टॉपर छात्र कुलदीप पटेल को शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में 500 की राशि इनाम स्वरूप देने की घोषणा विद्यालय में की है। बच्चों को विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रेवाराम पटेल व विष्णु साहू ने भी शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका तबस्सुम व शिक्षक दिलीप कुमार पटेल भी मनचस्थ थे।

# जनपद पंचायत पलारी सभापति का चुनाव निर्विरोध संपन्न

**पलारी** 22 जून (देशबन्धु)जनपद पंचायत पलारी का सभापति का चुनाव निर्विरोध सपन्न हुआ जिनके पश्चात सभी सदस्य गण पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से भेंट करने पहुँचे जिसमे जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी यशवर्द्धन मोनू वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष संडी महेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष पलारी पवन वर्मा, अध्यक्ष रोहासी विजय कोसले सहित सेकड़ो की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे, चुनाव सम्पन्न करने के लिए पीठासीन अधिकारी के रूप मे एस डी एम पलारी दीपक निकुंज उपस्थित रहे, तहसीलदार पलारी लीलाधर कंवर, सी ई ओ जनपद पंचायत पलारी पन्नालाल ध्रुवे की उपस्थिति में निर्वाचन की प्रकिया संपन्न हुआ। जिसमे सभापति निर्वाचित हुए सामान्य प्रशासन जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, शिक्षा विभाग जनपद उपाध्यक्ष अघनी बाई (मनोज आडिल), कृषि विभाग मंजू हीरादास रात्रे, सूचना प्रधोगिकी नीलिमा चरण दास कोशले, खेल एवं युवा कल्याण विभाग चंद्रप्रभा (पुनाराम साहू), संचार तथा संकर्म जनार्दन वर्मा, सहकारी और उद्योग विभाग उमेश यदु, स्वच्छता समिति जामवंती नीलकमल साहू, वन विभाग अश्वनी रजक, महिला बाल विकास टिकेश्वरी नरेश वर्मा, विद्युत समिति लालिमा डहरिया निर्वाचन हुए तथा समिती के सदस्य बने अनुसूईया मोकेश चंद्राकर, राम बाबू पटेल, कृष्णा आजाद, नम्रता राजेश ध्रुव टेकेश्वरी साहू, चन्द्रकुमार पैकरा सरोज विनय साहू, ईश्वरी बांधे बने।



# योग जीवन में सकारात्मक उर्जावान बनाए रखने की महत्वपूर्ण भूमिका

**मगरलोड,** 22 जून (देशबन्धु)। गुरुकुल महाविद्यालय मगररोड में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया इस अवसर महाविद्यालय के प्रांगण में योग दिवस के बारे पर योगशिक्षक सुखचंद कश्यप ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की शुरुआत भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ के अंतर्राष्ट्रीय महासभा में योग दिवस का प्रस्ताव रखा जिस पर कुल 177 देशों ने समर्थन किया जिस पर संयुक्त राष्ट्र संघ के 69 सत्र के दौरान 11 दिसंबर 2014 को 21जून को योग दिवस मनाने घोषणा कर दी तब से विश्व स्तर पर सर्वप्रथम 21जून 2015 को अंतर्राष्ट्रीय योग मनाने का आयोजन किया रहा है जो आज योग दिवस मनाने जा रहे हैं 11संस्करण का थीम है ,,एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग,, योग प्राचीन भारतीय कला का प्रतीक के रुप देखा, माना जाता है योग जीवन में सकारात्मक उर्जावान बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है प्राचार्य खिलेशवर कुमार साहू ने बताया कि योग स्वास्थ्य शरीर लिए योग को अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा में शामिल करने के लिए प्रेरित किया, इस दौरान महाविद्यालय प्रांगण में सूर्य-नमस्कार, प्राणायाम, कोणासन ,ताड़ासन, भुजंगासन, दंडासन वज्रासन , सिंहासन,आदि योग प्राणायाम किया गया जिसका विधि लाभ बताया गया, इस अवसर पर प्राचार्य खिलेशवर कुमार साहू,सहा प्राध्यापक याद राम साहू, विष्णु दास मानिकपुरी, सुरेन्द्र कुमार निषाद,गेवेन्द सिन्हा, निरूपा चक्रधारी भुपेंद्र साहू, एवं नंदकुमार ,छात्र छात्राओं की उपस्थित रहे।



# योग दिवस मनाया गया



**पलारी** 22 जून (देशबन्धु)आज 11वा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस च्ञ शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला देवसुंद्रा में कराया गया ,जिसमें प्रोटोकॉल में विभिन्न योगाभ्यास, सूक्ष्म व्यायाम,ताड़ासन, वृक्षासन, कोणासन,त्रिकोणासन, पवनमुक्तासन,अनुलोम विलोम,भ्रामरी,शीतली प्राणायाम का अभ्यास श्री चतुर साहू के द्वारा ,कराया गया ,कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम के सरपंच अभिराम साहू उपसरपंच वरुण वर्मा शाला प्रबंधक अध्यक्ष बालमुकुंद यादव प्राधिकृत अधिकारी हुलास वर्मा आर के वर्मा देवचरण साहू टिकिशवरी वर्मा ,तीजमती धीवर,कुंती साहू ,ईश्वर साहू सचिव - पुरुषोत्तम वर्मा रोजगार सहायक - सत्यध्रुव,जनपद प्रतिनिधि कोमल साहू शाला परिवार एवं आंगन बाड़ी के समस्त शिक्षक,शिक्षिकाएं,एवं शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय के चिकित्सा अधिकारी श्री मति उत्तराखंडेल जी द्वारा 5 दिनों से योगाभ्यास ग्राम देवसुंद्रा में कराया गया।

# छुरा में चरण पादुका योजना का शुभारंभ

- 70 वर्षीय रूखमणी बाई को पहनाकर विधायक रोहित साहू ने की योजना की शुरुआत
- 62 हजार से ज्यादा तेंदूपत्ता श्रमिक महिलाओं को मिलेगा लाभ



**गरियाबंद (छुरा),** 22 जून (देशबन्धु)। राज्य सरकार की बहुप्रतीक्षित चरण पादुका योजना की शुरुआत शनिवार को गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड से हुई। राजिम विधायक रोहित साहू ने ग्राम जरगांव की 70 वर्षीय वृद्ध महिला रूखमणी बाई को अपने हाथों से चरण पादुका पहनाकर योजना का औपचारिक शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 2023 के विधानसभा चुनाव में जो वादा किया था, उसे आज पूरा किया जा रहा है। कांग्रेस सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया था, जिसे अब भाजपा सरकार ने पुन: प्रारंभ किया है। इस योजना के शुरू होने से जिले जिले की कुल 62,146 तेंदूपत्ता श्रमिक महिलाओं को चरण पादुका दी जाएगी। इससे जंगल में तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान महिलाओं को पैरों की सुरक्षा मिलेगी।

समारोह का आयोजन जिला वनोपज सहकारी संघ द्वारा ब्लाक मुख्यालय छुरा के सामुदायिक भवन में किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने की। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, वन समिति सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, जिला पंचायत सदस्य लेखराम ध्रुवा और नंदनी ओंकार साहू, वनोपज सहकारी संघ अध्यक्ष कल्याण सिंह कपिल व उपाध्यक्ष हरचंद ध्रुव सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि हमारी संस्कृति में चरण का विशेष महत्व है, चरण से ही प्रणाम आरंभ होता है, इसलिए यह योजना महिलाओं के सम्मान से जुड़ी है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की और कहा कि सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं और श्रमिकों के हित में लगातार कार्य कर रही है।

जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार हर व्यक्ति की चिंता करती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पारदर्शिता के साथ विकास हो रहा है। जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि डॉ. रमन सिंह ने तेंदूपत्ता संग्रहण की शुरुआत कर वनवासी समाज को आर्थिक रूप से मजबूत किया, भाजपा हमेशा गरीबों और दूरस्थ क्षेत्र के लोगों के लिए काम करती है। वन समिति सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल चरण पादुका वितरण नहीं बल्कि महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है।

वनोपज सहकारी संघ अध्यक्ष कल्याण सिंह कपिल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि निचले स्तर पर काम कर रहे श्रमिकों को सीधा लाभ मिले, इसके लिए तेंदूपत्ता लाभांश में भी बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ तेंदूपत्ता संग्रहण में फिलहाल देश में चौथे स्थान पर है, लेकिन अगर गुणवत्ता में सुधार हो तो हम पहले स्थान पर आ सकते हैं। कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई और बड़ी संख्या में तेंदूपत्ता संग्रहक महिलाएं व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# प्रधान पाठक संघ की बैठक सम्पन्न



**बिलाईगढ़** 22जून(देशबंधु)। विकासखंड बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के नगर पंचायत भटगांव में प्रधान पाठक संघ ब्लाक बिलाईगढ़ की अति आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें युक्तियुक्तकरण सहित अन्य विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार संघ के ब्लाक अध्यक्ष यादराम हिरवानी के सामाजिक आंदोलन के चलते जेल यात्रा और पिछले पांच साल से ग्राम पंचायत छपोरा के सरपंच प्रतिनिधि की कार्य करने से संगठन की कार्य में तेजी नहीं आए थे। जिसके चलते ब्लाक से जिला तक विभिन्न मुद्दों को लेकर कोई ठोस और सार्थक पहल नहीं हो पा रहे थे। और अन्य संगठन ने अपने अपने स्तर से जो कार्य किए थे। उनसे हमारे टिम संतुष्ट नहीं थे। लेकिन अब पुनः संगठन एकजुट होकर कार्य करने के लिए हामी भरी है। आज की बैठक में युक्तियुक्तकरण में प्रधान पाठक के साथ साथ अन्य प्रभावित होने वाले शिक्षक साथियों के लिए काम करने तैयारी शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही सहायक शिक्षक साथियों की वेतन विसंगति,दस साल सेवा करने वाले को प्रथम क्रमोन्नति, लंबित महंगाई भत्ते, खुली स्थानांतरण नीति, माननीय उच्च न्यायालय में लंबित मामलों को शीघ्र निराकरण करने तथा अन्य मुद्दों को लेकर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं को अवगत कराने यदि जायज मांगे नहीं मानने पर अभ्यावेदन के बाद माननीय उच्च न्यायालय के शरण में जाकर अपनी मांग को पूर्ण करने पर विस्तार से चर्चा किया गया। आज को बैठक में प्रमुख रूप से, रामशरण केशरवानी, प्रसन्न चंद्रा, दिनेश कुमार डहरिया, चौथ राम केवट, संजीव कुमार जायसवाल, देवप्रसाद दुबे, केशव प्रसाद तांडेल, बूढ़ेश्वर प्रसाद साहू ,महेंद्र कुमार साहू , भारत भूषण साहू , नरेंद्र कुमार साहू , परमेश्वर वैश्णव , श्यामलाल सिदार , देवीचरण जायसवाल, खगेश यादव, राजकुमार वर्मा, जनकराम माझी ,चेतन चन्द्रा, संतोष सिंह सरदार, टीकाराम साहू, गेंदालाल अमलीवार, कपील नाथ केशरवानी,श्रीमती सुप्रिया यादव, कृष्णा जायसवाल, उमा केवट , श्रीमती सीमा पाण्डेय, श्रीमती पदमा तांडेल, शकुंतला जायसवाल सहित सैकडो की संख्या में प्रधान पाठक साथी उपस्थित थे।

# रेत के अवैध भण्डारण के 4 प्रकरणों में 245 हाईवा रेत ढेरी जप्त

## जिला प्रशासन द्वारा की जा रही लगातार कार्यवाही



**गरियाबंद,** 22 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर बीएस उइके के निर्देश पर जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर टास्क फोर्स की टीम लगातार कार्यवाही कर रही है। खनिज अधिकारी रोहित साहू ने बताया कि खनिज विभाग के अमले द्वारा 19 एवं 20 जून को राजिम, बकली, चौबेबांधा क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध भण्डारण के 04 प्रकरणों में 245 हाईवा रेत ढेरी जप्त किया गया। इसी प्रकार से खनिज रेत के अवैध परिवहन के 01 हाईवा एवं 04 ट्रेक्टर कुल 09 प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सभी अवैध भण्डारणों पर छत्तीगसढ खनिज नियम 2009 के तहत् एवं वाहनों पर खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 एवं छ0ग0 गौण खनिज नियम 2015 के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही की जावेगी। उपरोक्त कार्यवाही में सहायक खनि अधिकारी रोहित कुमार साहू, खनि सिपाही श्री खिलेश्वर ध्रुव, नगर सैनिक भुवनेश्वर वर्मा एवं लाकेश साहू सहित पुलिस विभाग का विशेष योगदान रहा।

# गैल इंडिया कंपनी के द्वारा बिछाई जा रही गैस पाईप लाईन से क्षेत्र के सैकड़ों किसान परेशान

## पाईपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढे कई महीनों से पड़े हैं खुले



**सिमगा,** 22 जून (देशबन्धु)। मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के नागपुर से लेकर ओड़िशा के झाड़सुगुडा तक गैस पाईपलाइन बिछाने का कार्य गैल इंडिया कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। पाईपलाईन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे कई महीनो से खुले पड़े हैं। जिससे क्षेत्र के किसानों को कृषि कार्य करने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के साथ ही ग्रामीणों के मन में हमेशा भय बना रहता है कि ग्राम के छोटे-छोटे बच्चें खेलते हुए कहीं उन गड्ढों में न गिर जाए और कहीं कोई बड़ी घटना न घट जाए। ग्राम कामता के ग्रामीणों ने बताया कि हमनें भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के समक्ष अपने इस समस्या को रख चुके हैं। जिस पर उन्होंने कंपनी प्रबंधन से बातकर खोदे गए गड्ढों को शीघ्र भरने की बात की थी। लेकिन महीनों बीत चुका है उसके बावजूद भी गड्ढों को भरा नहीं जा रहा है। ग्राम कामता के प्रभावित किसानों जिनमें महेंद्र साहू सीताराम साहू रोहित साहू खोरबाहरा ध्रुव भूखन ध्रुव दौलत साहू रघुनंदन साहू भुखऊ ध्रुव वेदराम वर्मा ताकेश्वर ध्रुव अहिल्याबाई महेंद्र वर्मा ने कहा कि कृषि कार्य हमारे सिर पर है और हमारे खेतों में खोदे गए गड्ढों के मिट्टी मलमा ऐसे ही पड़े हुए हैं। जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

इस संबंध में गेल इंडिया कंपनी के सुपरवाइजर संजय शर्मा से दूरभाष से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि कार्य प्रगति पर है। जल्द ही गड्ढों को भरा जायेगा।

# जिला यूनियन धमतरी के 27 समितियों में योग संगम उत्सव संपन्न



**नगरी,** 22 जून (देशबन्धु)। 21 जून को ग्यारहवीं अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर योग संगम उत्सव, जिला यूनियन धमतरी प्रबंध संचालक श्री कृष्ण जाधव के निर्देशन, उप प्रबंधसंचालक बीके लकड़ा के मार्गदर्शन में 27 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में मनाया गया। जहां स्कूली बच्चों सहित महिला, युवा और उम्रदराज के लोगों ने उत्साह पूर्वक बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी प्राथमिक वनोपज समिति के प्रबंधकों के द्वारा योग उत्सव को सफल बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।

इस तारतम्य में प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति नगरी के वन धन विकास केंद्र कल्लेमेटा, के ग्रामपंचायत भवन में योग संगम उत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें ग्रामीणों के साथ साथ विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

निर्धारित समयावधि में भारत माता की जयकारों के साथ उत्सव की शुरुआत की गई, प्रशिक्षित योग शिक्षक सुश्री शकुन कश्यप नगरी ने ग्रामीणों को योग कराया, योग से होने वाले फायदे, विभिन्न आसनों और प्राणायाम की जानकारी लोगो से साझा की जिससे लोग हर्षित हुए।

इस अवसर पर उपसरपंच श्यामा बाई, पंच कौशल्या बाई, गंगा बाई, दिलीप ध्रुव, देवक निर्मलकर, धनेश यादव, किशन यादव, वन धन विकास केंद्र अध्यक्ष रंजीता बाई, सचिव रामबाई, ग्रामीण गंगा बाई, धनेश्वरी बाई, पूनम यादव, अनीता ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। योग उत्सव को सफल बनाने में सरपंच रूपेंद्र मरकाम, ग्राम पटेल सियाराम ध्रुव, फड़मुंशी सुकालू निर्मलकर, रोजगार सहायक सुभाष ध्रुव, कोटवार हेमंत सहायक प्रबंधक सुश्री ज्ञानेश्वरी टंडन का योगदान रहा।

# करें योग रहे निरोग योग से सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार: योग गुरु पंचराम साहू

**सिमगा,** 22 जून (देशबन्धु)। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न शासकीय संस्थानों सहित सार्वजनिक स्थानों पर योग के साथ ही पौधा रोपण किया गया।

आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिमगा के सांस्कृतिक भवन में प्रात: 7 बजे जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास योग गुरु पंचराम साहू के द्वारा योग विभिन्न आसन कराया गया तथा उसके लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। हमें प्रतिदिन प्रात: योगाभ्यास करना चाहिए

इस अवसर पर भाजपा मडंल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर पार्षद रूझून सोनकर परदेशी सोनकर विष्णु जायसवाल एसडीएम अंशुल वर्मा सीएमओ दुलेश्वर सार्वा सी ई ओ अमित दुबे परीक्षित चतुर्वेदी अभिजीत अवस्थी नीरज शर्मा योगेश ताम्रकार परस पाटकर माया सलूजा जितेंद्र भोसले सहित नगरपालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

